बैशाख कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 30 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक-249, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





पहली बार हुई दुर्लभ मैग्नेटार विस्फोट की खोज 18

इरफान... जिनकी आंखे भी करती थी अभिनय 2


## लखनऊ में राजनाथ और अमेठी से स्मृति ईरानी ने दाखिल किया नामांकन





**लखनऊ।** भाजपा उम्मीदवार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ संसदीय सीट और केंद्रीय नगर विकास राज्य मंत्री कौशल किशोर ने मोहनलालगंज संसदीय सीट से पर्चा दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी मौजूद रहे। वहीं, केन्द्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने अमेठी से नामांकन दाखिल किया। मप्र. के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद रहे।

## नीट पीजी : इंटर्नशिप कटऑफ विस्तारित की याचिका खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने इस साल 23 जून को प्रस्तावित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पीजी में बैठने वाले अभ्यर्थियों के लिए इंटर्नशिप कटऑफ विस्तारित करने संबंधी याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कुछ समय तक दलीलें सुनने के बाद कहा कि इस पर विचार नहीं किया जा सकता। सीजेआई ने कहा कि मेरा मतलब है कि जब कोई कटऑफ होता है तो लोग एक विशेष रेखा के पक्ष में जाने के लिए बाध्य होते हैं।

### यूजीसी नेट की परीक्षा होगी 18 जून को

**नई दिल्ली।** यूजीसी ने नेट की परीक्षा 16 जून के स्थान पर अब 18 जून 2024 को किये जाने की घोषणा की है। परीक्षा की तिथि को 18 जून को इसलिए किया गया है क्योंकि यूजीसी नेट और सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तिथि 16 जून को पड़ गयी थी। यूजीसी के अध्यक्ष एम जगदीश ने कहा अभ्यर्थियों से जानकारी प्राप्त होने के बाद आयोग ने तारीख बढ़ाने का फैसला किया।

## सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल से कहा ट्रायल कोर्ट में क्यों नहीं दी अर्जी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- धनशोधन के एक मामले में जामानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद अरविंद केजरीवाल से सोमवार को पूछा कि उन्होंने अपनी जमानत के लिए निचली अदालत में याचिका क्यों नहीं दायर की।

केजरीवाल ने ईडी द्वारा की गई अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। पीठ ने केजरीवाल की ओर से कोर्ट में पेश अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा आपने ट्रायल कोर्ट के समक्ष जमानत के लिए कोई आवेदन नहीं दिया? डॉ. सिंघवी ने जवाब दिया कि हमने याचिका दायर कर ईडी द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती दी है। इस पर पीठ ने आश्चर्य प्रकट किया और कहा तो फिर कोई जमानत याचिका नहीं? सिंघवी ने जवाब दिया हां, इस अदालत का क्षेत्राधिकार व्यापक है। पीठ ने आगे कहा हम यह नहीं पूछ रहे हैं कि क्यों... हम सिर्फ तथ्य की बता रहे हैं। सिंघवी ने कहा मैंने एक प्रत्युत्तर नोट और एक प्रारंभिक नोट भी भर दिया है। पीठ ने पूछा आपने जमानत के लिए कोई अर्जी क्यों नहीं दायर की? सिंघवी ने कहा कि सबसे पहले तो इसलिए कि गिरफ्तारी गैरकानूनी है।

## एक नजर

### प्रोफेसर पर छात्रा का यौन उत्पीड़न करने का आरोप

**नयी दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ ने सोमवार को आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय परिसर में एक शिक्षक द्वारा एक छात्रा का यौन उत्पीड़न किया गया। छात्र संघ ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने पीड़िता की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण मजबूर होकर छात्रा ने परिसर छोड़ दिया। छात्र संघ ने कहा कि पीड़िता की महिला साथियों ने भी उसी शिक्षक पर यौन और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है, लेकिन इसके बावजूद छात्राओं की एक अन्य शिकायत पर भी जेएनयू की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) ने कोई कार्रवाई नहीं की।

### उत्तराखंड बोर्ड की 10वीं व 12वीं के नतीजे आज

**रामनगर।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं कक्षा का परीक्षाफल मंगलवार (आज) को घोषित किया जाएगा। इसके साथ सुधार परीक्षा (द्वितीय) 2023 का परीक्षाफल भी घोषित किया जाएगा। जानकारी देते हुए बोर्ड के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि बोर्ड मुख्यालय में मंगलवार को सभापति महावीर सिंह बिष्ट पूर्वाह्न 11.30 बजे परीक्षाफल की घोषणा करेंगे। इसके बाद बोर्ड की वेबसाइट पर परीक्षाफल अपलोड कर दिया जाएगा। इस बार 10वीं कक्षा में 1,16379 परीक्षार्थी और 12वीं में 94,768 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। 30 अप्रैल को ही वर्ष 2022-23 की द्वितीय सुधार परीक्षा का भी परिणाम जारी किया जाएगा। इस बार परीक्षाफल पिछले वर्षों के मुकाबले पहले जारी किया जा रहा है।

### ओला मोबिलिटी के सीईओ हेमंत बख्शी का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन कैब बुकिंग की सुविधा देने वाली कंपनी ओला मोबिलिटी के सीईओ हेमंत बख्शी ने नियुक्ति के चार महीने के भीतर ही इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने कहा कि कंपनी 10-15 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रही है। बख्शी जनवरी, 2024 में कंपनी में शामिल हुए थे। एक अन्य सूत्र ने कहा कि कंपनी के ओला कैब्स डिवीजन में जनवरी में करीब 900 लोग थे और छंटनी से 90-140 लोग प्रभावित हो सकते हैं। संपर्क करने पर ओला ने इस सूचना पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

# अल्पसंख्यकों के लिए कांग्रेस कर रही धर्म आधारित आरक्षण की बात

## प्रधानमंत्री ने कहा- किसी सूरत में सफल नहीं होने देंगे उसके मंसूबे

**बागलकोट (कर्नाटक), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति के लिए देश में धर्म आधारित आरक्षण की योजना बनाने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि वह किसी भी सूरत में ऐसा नहीं होने देंगे।

यहां जिला मुख्यालय में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह प्रस्ताव अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए है क्योंकि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और ओबीसी समुदाय अब भाजपा के साथ हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस ने संविधान बदलने और एससी/एसटी और ओबीसी के अधिकार छीनने का अभियान शुरू किया है।

हमारा संविधान धर्म आधारित आरक्षण को स्वीकार नहीं करता है। लेकिन कर्नाटक सरकार ने ओबीसी आरक्षण का एक हिस्सा मुसलमानों को दिया है। उन्होंने कहा वे (कांग्रेस) इससे संतुष्ट नहीं होंगे। उन्होंने पहले भी अपने घोषणापत्र में धर्म आधारित आरक्षण प्रदान करने के लिए एक कानून लाने की बात कही थी। इस बार भी उनके घोषणापत्र में ऐसा ही संकेत है।



कर्नाटक में एक जनसभा में लोगों का अभिवादन करते नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

मोदी ने कहा कि वह अपने दलित, एससी/एसटी और ओबीसी भाई-बहनों को कांग्रेस के इरादों से अवगत कराना चाहते हैं। ये लोग धर्म के आधार पर, अपने वोट बैंक को सुरक्षित रखने के लिए, आपके उस अधिकार को लूटने की योजना बना रहे हैं जो बाबा साहेब आंबेडकर और संविधान ने आपको दिया है। संसद में एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकतर सांसदों के भाजपा के साथ होने का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि इसलिए वे महसूस करते हैं कि चूंकि एससी, एसटी और ओबीसी भाजपा के साथ हैं...तो अल्पसंख्यकों का विश्वास जीतने के लिए वे एससी, एसटी और ओबीसी से लूटकर अल्पसंख्यकों को देना चाहते हैं।

### इंडी गठबंधन पांच साल में पांच प्रधानमंत्री बनाएगी : मोदी

**सोलापुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इंडी समूह पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि अगर वह सत्ता में आए, तो पांच साल में पांच प्रधानमंत्री देश को मिलेंगे। पश्चिमी महाराष्ट्र में एक चुनावी रैली में उन्होंने कहा एक तरफ मोदी है, जिसको 10 साल से जांच-परखा जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर इंडी समूह है, जिसमें अपने नेता के नाम पर जमकर लड़ाई चल रही है। अब ये लोग पांच साल, पांच प्रधानमंत्री का फॉर्मूला लेकर आए हैं। उन्होंने सवाल किया आपने नकली शिव सेना को यह कहते हुए सुना होगा कि प्रधानमंत्री पद किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है, हर पार्टी में कई दावेदार होते हैं। क्या आप मुझे बता सकते हैं कि क्या देश पांच साल, पांच प्रधानमंत्री जैसे फॉर्मूले से चल सकता है।

## नास्तिक मुस्लिम महिला की याचिका पर सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक नास्तिक मुस्लिम महिला की उस याचिका पर केंद्र और केरल सरकार से जवाब मांगा, जिसमें उसने अपने पैतृक संपत्ति अधिकार के मामले में शरीयत के बजाय धर्मनिरपेक्ष भारतीय उत्तराधिकार कानून को लागू करने का अनुरोध किया है।

अलप्पुझा की रहने वाली और 'एक्स-मुस्लिम्स ऑफ केरल' की महासचिव सफिया पी.एम. ने कहा कि हालांकि उन्होंने आधिकारिक तौर पर इस्लाम नहीं छोड़ा है, लेकिन वह इसमें विश्वास नहीं रखती हैं और अनुच्छेद 25 के तहत धर्म के अपने मौलिक अधिकार का उपयोग करना चाहती हैं। उन्होंने यह भी घोषित करने की मांग की है कि जो व्यक्ति वसीयत और वसीयतनामा उत्तराधिकार के मामले में मुस्लिम पर्सनल लॉ द्वारा शासित नहीं होना चाहते हैं, उन्हें देश के धर्मनिरपेक्ष कानून यानी भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 द्वारा शासित होने की अनुमति दी जानी चाहिए। पीठ ने सुनवाई की शुरुआत में कहा कि अदालत पर्सनल लॉ के मामले में यह घोषणा नहीं कर सकती है कि नास्तिक व्यक्ति भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम द्वारा शासित होगा।

## राम मंदिर में दर्शन करने आए दो श्रद्धालु की मौत

**अयोध्या कार्यालय**

- हार्ट अटैक से मौत की जताई जा रही है आशंका
- एक की पहचान राजस्थान निवासी, दूसरी की पहचान नहीं

**अमृत विचार :** राम मंदिर में दर्शन करने आए दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान बनवारी लाल (70) निवासी राजस्थान के रूप में हुई, जबकि दूसरी मृत महिला श्रद्धालु (50) की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

हालांकि घटना का कारण तेज धूप गर्मी के साथ-साथ श्रद्धालु के द्वारा पानी न पीए जाने का कारण बताया जा रहा है। फिलहाल मृत महिला श्रद्धालुओं का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

सोमवार को राम मंदिर में रामलला का दर्शन करने के लिए परिवार के साथ आये बनवारी लाल मंदिर परिसर से बाहर निकलने के दौरान मौत हो गई। दूसरी घटना मन्दिर में दर्शन कर प्रसाद काउंटर पर पहुंची एक महिला श्रद्धालु बेहोश होकर गिर गई। इसके बाद वहां पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें परिसर के निकट स्थित श्रीराम चिकित्सालय पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी परिसर के अधिकारियों को दी गई। राम जन्मभूमि थानाध्यक्ष देवेंद्र पांडेय ने बताया कि महिला श्रद्धालु की पहचान नहीं हो पाई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है

> बहुत से श्रद्धालु संकल्प लेकर आते हैं कि दर्शन के बाद ही पानी पीयेंगे। ऐसी स्थिति में आने वाले श्रद्धालुओं से अपील है कि बढ़ती गर्मी का ध्यान रखते हुए श्रद्धालु पानी जरूर पीएं। अगर वह स्वस्थ रहेंगे तो उनका परिवार भी खुश रहेगा। - **डॉ. अनिल मिश्र**, सदस्य, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट

> जानकारी कराई जा रही है। मौत का स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा। - **डॉ. संजय जैन**, सीएमओ

## इंदौर में कांग्रेस को झटका, अंतिम दिन अक्षय ने की नामांकन वापसी

**इंदौर, एजेंसी**



- कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय बम हो सकते है भाजपा में शामिल

पिछले 35 साल से इंदौर लोकसभा सीट पर जीत की बाट जोह रही कांग्रेस के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए सोमवार को नामांकन वापसी के आखिरी दिन पर्चा वापस ले लिया। वह जल्द ही भाजपा में औपचारिक रूप से शामिल हो सकते हैं।

अक्षय बम, स्थानीय भाजपा विधायक रमेश मेंदोला के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और उन्होंने अपना पर्चा वापस लिया। लौटते वक्त वह मेंदोला के साथ गाड़ी में बैठकर रवाना हो गए। जिलाधिकारी आशीष सिंह ने ने बताया कि कांग्रेस उम्मीदवार बम समेत तीन उम्मीदवारों ने सोमवार को तय प्रक्रिया के तहत अपना नामांकन वापस लिया। इस प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। इस बीच, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने एक्स खाते पर एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें बम उनके साथ कार में बैठे नजर आ रहे हैं। मेंदोला को विजयवर्गीय का विश्वस्त माना जाता है। विजयवर्गीय ने तस्वीर के साथ लिखा इंदौर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अक्षय कांति बम का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा में स्वागत है।

## मोदी को चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को छह साल के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में प्रधानमंत्री मोदी पर देवी-देवताओं के नाम पर वोट मांगने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ यह कार्रवाई की मांग की गयी थी।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है और यह पूरी तरह से एक गलत धारणा पर आधारित थी। याचिकाकर्ता एवं अधिवक्ता आनंद एस जोंधले ने अपनी याचिका में अदालत से देवी-देवताओं और पूजा स्थलों के नाम पर कथित तौर पर वोट मांगने के लिए मोदी के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया था। आनंद एस जोंधले ने तर्क दिया कि मोदी ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है और यह भारतीय दंड संहिता तथा जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अपराध है। देश में इस समय लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि याचिका कई कारणों से पूरी तरह से गलत है।

## उत्तराखंड में आग की 47 घटनाएं

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में वनाग्नि की घटनाओं को लेकर सरकार की सख्ती पिछले कुछ दिनों में काम आयी है। वन विभाग ने आग लगाने वालों के खिलाफ सैकड़ों अभियोग पंजीकृत किये हैं जबकि 39 लोगों को पकड़ा है।

पूरे प्रदेश में आग की अभी तक 653 घटनाएं प्रकाश में आयी हैं। इनमें लगभग 814 हेक्टेअर जगंल खाक हो चुका है। इसमें से 480 हेक्टेअर से अधिक जगंल अकेले कुमाऊं परिक्षेत्र में है।

खास बात यह है कि सरकार के सख्त रुख के बाद वन विभाग ने आग लगाने वालों के खिलाफ सख्ती से पेश आना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ दिनों में आग लगाने वालों के खिलाफ 227 मामले दर्ज हुए हैं और 31 मामलों में 39 लोगों को पकड़ा गया है। अधिकांश मुकदमे अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किये गये हैं।



- वनों में आग लगाने वालों के खिलाफ सख्ती, 39 पकड़े

विभागीय सूत्रों के अनुसार आरोपियों का पता लगाया जा रहा है। यही नहीं आने वाले दिनों में और सख्ती की जाएगी। प्रदेश में इन सब के बावजूद आग की घटनाओं में कमी नहीं आयी है। पिछले चौबीस घंटे में प्रदेश में आग की 47 घटनायें प्रकाश में आयी हैं। इनमें से 30 घटनायें कुमाऊं और 16 गढ़वाल मंडल में हैं। एक घटना वन्य जीव रिजर्व में है।

वनाग्नि की घटनाओं में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सख्त तेवर दिखाये और गढ़वाल और कुमाऊं मंडल में उच्च अधिकारियों के साथ पृथक पृथक बैठक की। मुख्यमंत्री ने जगंलों में आग लगाने वालों के खिलाफ सख्ती से पेश आने के निर्देश दिये। साथ ही ग्रामीणों, नव युवक मंगल दलों के साथ महिला स्वयं सहायता समूहों के साथ सामंजस्य कायम करने को कहा था।

## मां ने दो बेटों के साथ कुएं में कूदकर जान दी

**कार्यालय, चित्रकूट**

- मानिकपुर थानांतर्गत ऊंचाडीह गांव के मजरे का मामला
- घटना के पीछे गृह कलह की बात सामने आई है

**अमृत विचार :** मानिकपुर थानांतर्गत ऊंचाडीह गांव के मजरे झलमल में मां ने सोमवार को अपने दो बेटों के साथ कुएं में छलांग लगाकर जान दे दी। मामले के पीछे गृह कलह की बात सामने आई है। पुलिस ने जांच शुरू की है।

झलमल निवासी सबित लाल कोल की पत्नी अंजू (28) ने सोमवार सुबह लगभग 11 बजे अपने दो बेटों सुदीप (1) और सुधीर (3) को एक-एक कर कुएं में फेंका और फिर वह भी कूद गई। घटना के समय पति घर पर नहीं था। लौटने पर पत्नी-बच्चों को घर में न पाकर ढूंढने निकला तो किसी ग्रामीण ने बताया कि कुएं में तीनों के शव पड़े हैं। इसके बाद गांव में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को बाहर निकलवाया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया पता चला है कि गृहकलह की वजह से विवाहिता ने अपने बेटों के साथ जान दे दी है। मामले की जांच और पति से पूछताछ की जा रही है।

## गुलदार का वन क्षेत्राधिकारी पर हमला, हालत गंभीर

**नगीना (बिजनौर)।** क्षेत्र में पिंजरा व जाल लगा रही वन विभाग की टीम में शामिल वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप शर्मा पर गुलदार ने हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। नगीना-नहटौर मार्ग स्थित गांव ज्ञानपुर बघाला स्थित के आश्रम के संचालक महात्मा सुनील कुमार ने वन विभाग से आश्रम के चारों ओर जाल और पिंजरा लगाने की मांग की थी। सोमवार दोपहर एक बजे वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में वन दरोगा जगत सिंह राणा, वन रक्षक अनिल कुमार, पौधमाली मोहम्मद अब्बास, मुजीब, लाल सिंह, ऋषिपाल की टीम आश्रम के चारों ओर जाल व पिंजरा लगाने के लिए गई थी।

## 46 प्रत्याशी करोड़पति, 25 पर आपराधिक मामले

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**तीसरा चरण : भाजपा, सपा और बसपा के प्रत्याशी करोड़पति, बरेली के सपा प्रत्याशी सबसे अधिक धनवान**

**अमृत विचार :** उप्र. की 10 सीटों पर हो रहे तीसरे चरण के चुनाव में सपा, भाजपा और कांग्रेस के सभी प्रत्याशी करोड़पति हैं। चुनाव लड़ रहे 100 प्रत्याशियों में 46 उम्मीदवार करोड़पति हैं। सपा के प्रत्याशी सबसे ज्यादा धनवान हैं, इनकी औसत संपत्ति 47.67 करोड़ रुपये है। लगभग 182 करोड़ रुपये संपत्ति के साथ बरेली के सपा प्रत्याशी प्रवीन सिंह एरन सबसे ज्यादा धनवान हैं। वहीं, सबसे कम संपत्ति वाले उम्मीदवारों में आगरा सीट के निर्दल प्रत्याशी हसनुराम के पास मात्र 12 हजार की संपत्ति ही बताई गई है।

तीसरे चरण में उम्मीदवारों के शपथपत्रों की पड़ताल करने के बाद उप्र. इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के संजय सिंह ने सोमवार को बताया कि भाजपा के सभी 10 उम्मीदवार, सपा व बसपा के सभी नौ-नौ प्रत्याशी, पीस पार्टी के तीन में से एक प्रत्याशी, स्वराज भारतीय न्याय पार्टी के दो में से एक प्रत्याशी और जन शक्ति एकता पार्टी का इकलौता उम्मीदवार करोड़पति हैं।

उन्होंने बताया कि तीसरे चरण के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 6.94 करोड़ है। दलों की बात करें तो सपा के बाद दूसरे नंबर पर भाजपा के 10 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति लगभग 11.74 करोड़ है। जबकि, बसपा के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 9.45 करोड़ है। वहीं, पीस पार्टी के तीन उम्मीदवारों के पास 1.13 करोड़ रुपये औसत संपत्ति है।

तीसरे चरण में चुनाव लड़ रहे 100 प्रत्याशियों में 25 पर आपराधिक मामले घोषित हैं। इनमें भाजपा व बसपा के चार-चार प्रत्याशी शामिल हैं। वहीं, सपा के पांच प्रत्याशी, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से एक उम्मीदवार ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इनमें गंभीर मामलों की बात करें तो 20 उम्मीदवारों ने बताया कि उन पर गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं।

### सपा प्रत्याशी ज्यादा धनवान

यूपी इलेक्शन वॉच के राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि सपा के धनवान उम्मीदवारों में प्रवीन सिंह एरन के बाद दूसरे नंबर पर फिरोजाबाद के अक्षय यादव हैं। जिनकी संपत्ति 136 करोड़ रुपये के करीब है। वहीं, मैनपुरी से चुनाव लड़ रही अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव के पास करीब 42 करोड़ की संपत्ति है।

### मात्र 12 हजार की संपत्ति लेकर उतरे हसनुराम

सबसे कम संपत्ति वाले उम्मीदवारों में आगरा सीट के निर्दल प्रत्याशी हसनुराम अम्बेडकरी के पास मात्र 12 हज़ार की संपत्ति हैं। दूसरे नंबर पर एटा से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे कैलाश कुमार हैं जिनकी संपत्ति 19 हज़ार बताई गई है। तीसरे नंबर पर निर्दल प्रत्याशी रवि कुमार की कुल संपत्ति 21 हज़ार रुपये है।

### कांग्रेस उम्मीदवार पर सबसे अधिक 17 मामले

फतेहपुर सीकरी से कांग्रेस के उम्मीदवार रामनाथ सिंह सिकरवार पर सबसे ज्यादा 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं। दूसरे नम्बर पर बसपा के फिरोजाबाद प्रत्याशी चौधरी बशीर हैं, इनके खिलाफ नौ मामले हैं। वहीं, तीन आपराधिक मामलों के साथ संभल सीट के उम्मीदवार पवन कुमार तीसरे नंबर पर हैं।



**आज का मुकाबला**

लखनऊ सुपर जाइंट्स
बनाम
मुंबई इंडियंस
दोपहर 7:30 बजे

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 09 | 447 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 09 | 14 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 09 | 14 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 09 | 14 |

# एशियाई अंडर 22 मुक्केबाजी में बृजेश, सागर, सुमित के पदक पक्के

अस्ताना (कजाखस्तान), एजेंसी



भारत के बृजेश तामता, सागर जाखड़ और सुमित ने एशियाई अंडर 22 और युवा मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश करके पदक पक्के कर लिए।

बृजेश (48 किलो) ने उजबेकिस्तान के साबिरोव सैफिद्दीन को हराया। दोनों मुक्केबाजों ने एक एक दौर जीता लेकिन तीसरे दौर में भारतीय मुक्केबाज ने 4-3 से जीत दर्ज की। सागर (60 किलो) और सुमित (67 किलो) ने क्रमशः थाईलैंड के कलासीरम टी और कोरिया के होंग सियो जिन को 5-0 से हराया। जितेश को 54 किलोवर्ग में कजाखस्तान के टी नूरासिल ने 5-0 से मात दी। भारत के अब युवा वर्ग में आठ पदक पक्के हो गए हैं चूंकि पांच महिला मुक्केबाज अन्नु (48 किलो), पार्थवी ग्रेवाल (66 किलो), निकिता चंद (60 किलो), खुशी पूनिया (81 किलो) और निर्झरा बाना (प्लस 81 किलो) सेमीफाइनल से अपने अभियान का आगाज करेंगी। पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर चुकी एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति (54 किलो) कल उजबेकिस्तान की उक्तामोवा निगिना से खेलेगी।

# पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेंगे सात बैडमिंटन खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू सहित सात भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने अपनी ओलंपिक खेल क्वालीफिकेशन रैंकिंग के आधार पर चार वर्ग में पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई किया।

इसकी औपचारिकता सोमवार को पूरी हुई जो बीडब्ल्यूएफ द्वारा निर्धारित कट ऑफ तारीख थी। सिंधू 12वें स्थान पर रहीं जबकि पुरुष एकल में प्रणय और लक्ष्य क्रमशः नौवें और 13वें स्थान पर रहे। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ओलंपिक क्वालीफिकेशन चक्र के अंत में तीसरे स्थान पर रही और बैडमिंटन में देश के लिए सर्वश्रेष्ठ पदक उम्मीदों में से एक के रूप में ओलंपिक में जाएगी।



# भारतीय टीम के चयन से पहले लखनऊ और मुंबई मुकाबले में नजर राहुल पर

लखनऊ, एजेंसी

टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन से पहले केएल राहुल के लिये दूसरे विकेटकीपर के रूप में चयन का दावा पुख्ता करने का एक और मौका होगा जब उनकी कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स मंगलवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी। टी20 क्रिकेट में राहुल का स्ट्राइक रेट चिंता का सबब रहा है। पावरप्ले में फील्डिंग पाबंदियों के बावजूद राहुल आईपीएल में धीमी शुरूआत करते आए हैं। उन्होंने हालांकि इस सत्र में इसमें बदलाव किया। अभी तक वह 2024 सत्र में 144.27 की औसत से 378 रन बना चुके हैं । वैसे ऋषभ पंत का स्ट्राइक रेट 160.60 और संजू सैमसन का 161.08 रहा है।

पंत की जगह टी20 विश्व कप टीम में लगभग पक्की है चूंकि विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं राजस्थान रॉयल्स के लिये आक्रामक पारियां खेलकर संजू ने भी अपना दावा मजबूती से रखा है। ऐसे में राहुल को अधिक आक्रामक खेलना होगा ताकि उनकी टीम बड़ा स्कोर बना सके और वह भी अपना दावा मजबूत कर सके। अब क्विंटोन डिकॉक, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन पर तेजी से रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। युवा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के स्ट्रोक्स का मुंबई के गेंदबाजों के पास कोई जवाब नहीं था।

जसप्रीत बुमराह जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाज ने भी 19 रन पहले ओवर में दे डाले। ल्यूक वुड और हार्दिक पंड्या तो महंगे साबित हुए। मुंबई की टीम अंकतालिका में नौवे स्थान पर है और प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए उसे सारे मैच जीतने होंगे। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और टी20 में नंबर एक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव से उम्दा पारियों की उम्मीद होगी। इस सत्र में बल्ले और गेंद दोनों से नाकाम रहे हार्दिक को विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिये अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# वरुण के आगे नतमस्तक हुई दिल्ली कैपिटल्स

## वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा ने चटकाए दो-दो विकेट, कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली को 153 पर रोका



**वरुण चक्रवर्ती**
3 विकेट
4 ओवर
16 रन

कोलकाता, एजेंसी

वरुण चक्रवर्ती की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को नौ विकेट पर 153 रन के स्कोर पर रोक दिया।

चक्रवर्ती (16 रन पर तीन विकेट), हर्षित राणा (28 रन पर दो विकेट) और वैभव अरोड़ा (29 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने दिल्ली की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम की ओर से कोई बड़ी साझेदारी नहीं हुई। सुनील नारायण (24 रन पर एक विकेट) और मिशेल स्टार्क (43 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कुलदीप यादव (26 गेंद में नाबाद 35, पांच चौके, एक छक्का) दिल्ली की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे जबकि उनके अलावा कप्तान ऋषभ पंत (20 गेंद में 27 रन, दो चौके एक छक्का) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। पंत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन टीम की शुरुआत खराब रही। पृथ्वी साव (13) ने मिशेल स्टार्क के पहले ओवर में तीन चौके मारे लेकिन अगले ओवर में अरोड़ा की गेंद पर विकेटकीपर फिल सॉल्ट को कैच दे बैठे। सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क (12) ने स्टार्क की लगातार गेंदों पर कैच थमा दिया। शाई होप (06) ने अरोड़ा पर छक्के के साथ खाता खोला लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड को गए जिससे दिल्ली का स्कोर तीन विकेट पर 36 रन हो गया।

पंत ने अरोड़ा पर चौका मारा जबकि अभिषेक पोरेल ने हर्षित राणा का स्वागत लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्के के साथ किया। दिल्ली ने पावर प्ले में तीन विकेट पर 67 रन बनाए। राणा ने पोरेल (18) को बोल्ड करके दिल्ली को चौथा झटका दिया। पंत 18 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब चक्रवर्ती की पहली ही गेंद पर शॉर्ट फाइन लेग पर राणा ने उनका कैच टपका दिया। पंत हालांकि इस जीवनदान का फायदा नहीं उठा पाए और चक्रवर्ती की गेंद पर कैच दे बैठे। चक्रवर्ती ने अगले ओवर में अच्छी फॉर्म में चल रहे ट्रिस्टन स्टब्स (04) को सॉल्ट के हाथों कैच कराया। दिल्ली के रनों का शतक 13वें ओवर में पूरा हुआ। अक्षर पटेल (15) को सुनील नारायण ने बोल्ड कर दिया। चक्रवर्ती ने कुमार कुशाग्र (01) को सॉल्ट के हाथों कैच कराके तीसरी सफलता हासिल की। कुलदीप ने मिशेल स्टार्क पर छक्के और चौके के साथ रन गति में इजाफा किया। उन्होंने पारी के अंतिम ओवर में टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया।



**दिल्ली 153/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी साव का सॉल्ट बो अरोड़ा | 13 | 7 | 3/0 |
| मैकगुर्क का वेंकटेश अय्यर बो स्टार्क | 12 | 7 | 1/1 |
| अभिषेक पोरेल बो राणा | 18 | 15 | 2/1 |
| शाई होप बो अरोड़ा | 6 | 3 | 0/1 |
| ऋषभ पंत का श्रेयस अय्यर बो चक्रवर्ती | 27 | 20 | 2/1 |
| अक्षर पटेल बो नारायण | 15 | 21 | 2/0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का सॉल्ट को चक्रवर्ती | 4 | 7 | 0/0 |
| कुमार कुशाग्र का सॉल्ट बो चक्रवर्ती | 1 | 3 | 0/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 35 | 26 | 5/1 |
| रसिक सलाम का श्रेयस अय्यर बो राणा | 8 | 10 | 1/0 |
| लिजाड विलियम्स नाबाद | 1 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 3-0-43-1, अरोड़ा 4-0-29-2, राणा 4-0-28-2, नारायण 4-0-24-1, चक्रवर्ती 4-0-16-3, रसेल 1-0-10-0

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.972 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.810 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.075 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.059 |
| दिल्ली | 10 | 5 | 5 | 10 | -0.276 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.261 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

**खेल डायरी**

### तीरंदाज दीपिका कुमारी टॉप्स में फिर शामिल

**नई दिल्ली।** शंघाई में हाल ही में हुए विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी को पेरिस ओलंपिक से पहले टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) में फिर शामिल किया गया है। दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद पिछले साल पूरे सत्र में बाहर रही दीपिका ने हाल ही में वापसी की है और घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा खेल रही है। तीन बार की ओलंपियन रिकर्व तीरंदाज दीपिका ने इस साल एशिया कप में भी पदक जीता। अभी तक पुरूषों के व्यक्तिगत वर्ग में सिर्फ धीरज बोम्मादेवरा ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर सके हैं। आखिरी क्वालीफाइंग टूर्नामेंट तुर्की के अंताल्या में 15 और 16 जून को होगा। खेल मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार तीरंदाज मृणाल चौहान को भी टॉप्स विकास ग्रुप में शामिल किया गया है जबकि प्रवीण जाधव को विकास से कोर ग्रुप में डाला गया है।

### दीक्षा एलईटी ऑर्डर ऑफ मेरिट के शीर्ष 10 में

**केपटाउन।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर इन्वेस्टेक दक्षिण अफ्रीका महिला ओपन में एक और अच्छे प्रदर्शन के बाद लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) के ऑर्डर ऑफ मेरिट के शीर्ष -10 में पहुंच गईं। दीक्षा अब 455 अंकों के साथ एलईटी में नौवें स्थान पर है। इंग्लैंड के ब्रोंटे लॉ शीर्ष पर हैं। प्रणवी उर्स अपने पहले वर्ष में 25वें स्थान के साथ अगली सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं। दीक्षा का आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों में भाग लेना लगभग तय है जो तोक्या में पहली बार ओलंपिक में भाग लेने के बाद उनका दूसरा ओलंपिक होगा। वह अदिति अशोक के साथ खेलेंगी, जो अपने तीसरे ओलंपिक में खेलेंगी।

### वेलावन सेंथिल कुमार ने बाश ओपन स्क्वाश जीता

**पेरिस।** भारत के वेलावन सेंथिल कुमार ने बाश ओपन चैलेंजर टूर्नामेंट जीत लिया है जो प्रोफेशनल स्क्वाश एसोसिएशन टूर पर उनका आठवां खिताब है। दुनिया के 58वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिल कुमार ने फ्रांस के मेलविल स्कियानिमानिको को 11-6, 11-9, 11-6 से हराया। सेंथिल ने जीत के बाद कहा मेलविल ने बेहतरीन खेल दिखाया। मुझे शुरू ही से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करन पड़ा और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा कर सका।



### आर्सनल-मैनचेस्टर सिटी जीते, खिताब की दौड़ कड़ी

**लंदन।** आर्सनल ने टोटेनहम हॉट्सपर को 3-2 से हरा दिया जबकि गत चैम्पियन मैनचेस्टर सिटी ने नॉटिंघम फोरेस्ट को 2-0 से शिकस्त देकर प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब की दौड़ को रोचक बना दिया है। आर्सनल ने एक बार 3-0 से बढ़त बना ली थी लेकिन आखिरी 20 मिनट में दो गोल गंवा दिए। पियरे एमिली एच के आत्मघाती गोल और साका तथा केइ हेवटर्ज के गोल के दम पर आर्सनल को बढ़त मिली लेकिन दूसरे हाफ में क्रिस्टियन रोमेरो और सोन हियुंग मिन ने टोटेनहम के लिये गोल कर दिए। आर्सनल ने आखिरी क्षणों में संयम बनाये रखकर बराबरी का गोल नहीं होने दिया। आर्सनल के अब दूसरे स्थान पर काबिज सिटी से एक अंक अधिक हैं लेकिन उसने एक मैच भी अधिक खेला है। एक अन्य मैच में बोर्नमाउथ ने ब्राइटन को 3-0 से हरा दिया।

### स्याही लगी उंगली दिखाने पर मिलेगी 25 प्रतिशत छूट

**जालंधर।** खेल उद्योग संघ ने आगामी लोकसभा चुनावों में मतदान करने वालों को खेल सामानों की खरीद पर 25 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की है। जिला निर्वाचन अधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ हिमांशु अग्रवाल ने आज व्यापारी संघों, स्पोर्ट्स गुड्स एसोसिएशन के सदस्यों से एक जून को लोकसभा चुनाव में अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता का हिस्सा बनने का आग्रह किया। इस दौरान खेल उद्योग से जुड़े व्यापारियों/ उद्योगपतियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने उनसे कहा कि वे अपनी-अपनी औद्योगिक इकाइयों पर मतदाता जागरूकता के संबंध में साइन बोर्ड/बैनर आदि लगाकर मतदाता जागरूकता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें ताकि कर्मचारी/श्रमिक अपने मतदान के अधिकार के प्रति संवेदनशील बनें।

# ऐसे मत बनो जैसे तुम नहीं हो : गिलेस्पी

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के नए मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी जेसन गिलेस्पी चाहते हैं कि उनके 'प्रतिभाशाली' खिलाड़ी 'वास्तविक' बने रहें और किसी विशिष्ट पद्धति के अनुरूप अपने खेल में बदलाव नहीं करें। उनका कहना है कि टेस्ट क्रिकेट में आगे बढ़ने के लिए उन्हें केवल सकारात्मक और आक्रामक रहने की जरूरत है। पाकिस्तान ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी को पुरुष टेस्ट टीम का कोच नियुक्त किया जबकि सफेद गेंद के प्रारूप में कोच की भूमिका दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को सौंपी गई है।

वर्ष 2014 और 2015 में यॉर्कशर को काउंटी चैंपियनशिप खिताब दिलाने वाले



- पाकिस्तान टेस्ट क्रिकेट के नवनियुक्त मुख्य जेसन ने पढ़ाया दिग्गज टीम को पाठ

49 वर्षीय गिलेस्पी ने पीसीबी के साथ दो साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। गिलेस्पी ने कहा, मैं बस इतना चाहता हूं कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम उस शैली की क्रिकेट खेले जो उनके अनुकूल हो, मेरे लिए, यह महत्वपूर्ण है। मेरा मानना है कि कुछ ऐसा बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो! उन्होंने कहा आप इसे कैसे करते हैं इसे लेकर आपको वास्तविक होने की जरूरत है।

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए लाहौर कराची, रावलपिंडी को चुना

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कराची, लाहौर और रावलपिंडी को चुना है। भारत की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये हाइब्रिड मॉडल की अटकलों के बीच पीसीबी ने कहा है कि टूर्नामेंट पाकिस्तान में ही होगा। भारत ने अभी तक अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है और ऐसी अटकलें हैं कि आईसीसी हाइब्रिड मॉडल का उपयोग करके भारत के मैच तटस्थ स्थान पर करा सकता है, अगर भारतीय टीम को सरकार से यात्रा की मंजूरी नहीं मिलती है। आईसीसी ने साफ तौर पर कहा है कि वह किसी सदस्य देश को उसकी सरकारी नीति का उल्लंघन करने को नहीं कहेगा।

# भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम थॉमस कप के क्वार्टर फाइनल में

चेंगदू, एजेंसी

भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने सोमवार को दूसरे ग्रुप सी मुकाबले में इंग्लैंड को 5-0 से हराकर थॉमस और उबेर कप क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की कर ली। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने इंग्लैंड के हैरी हुआंग को सीधे गेम में हराकर भारत की राह आसान कर दी। 42 मिनट चले मुकाबले में प्रणय ने हैरी को 21-15, 21-15 से हराया।

सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने युगल मुकाबले में इंग्लैंड के बेन लेन और सीन वेंडी की जोड़ी को 21-17, 19-21, 21-15 से हराया। पूर्व विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत ने 30 मिनट से अधिक समय तक चले मुकाबले में नदीम दलवी को 21-16, 21-11 से हराकर



- किदांबी श्रीकांत और सात्विक और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने भी प्रतिद्वंद्वियों को हराया

भारत के लिए बराबरी पक्की कर ली। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने चौथे मुकाबले में रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन को 21-17, 21-19 से हराया। किरण जॉर्ज ने इंग्लैंड के चोलन कायान को 21-18, 21-12 से हराया। भारतीय पुरुष टीम ने शुरुआती ग्रुप-स्टेज मुकाबले में थाईलैंड को 4-1 से हराया और अब भारतीय टीम बुधवार को अंतिम ग्रुप मैच में रिकॉर्ड 14 बार के थॉमस कप चैंपियन इंडोनेशिया से मुकाबला करेगी।

# ओलंपिक क्वालीफायर टीम में कोई बदलाव नहीं : डब्ल्यूएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने नए ट्रायल के लिए समय की कमी के कारण अगले महीने इस्तांबुल में अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए लगभग उसी टीम का चयन किया है जिसने बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर में भाग लिया था। इस्तांबुल में नौ से 13 मई तक होने वाले विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर में एशियाई क्वालीफायर की टीम में शामिल तीन पहलवानों 2018 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा) और अंडर 23 विश्व चैंपियन रितिका (76 किग्रा) को शामिल नहीं किया गया है क्योंकि इन्होंने पिछले महीने बिश्केक में कोटा स्थान पक्का कर लिया था।

डब्ल्यूएफआई बिश्केक में भारतीय पुरुष टीम के खराब प्रदर्शन से नाखुश था और अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रतियोगिता की टीम का चयन करने के लिए नए सिरे से ट्रायल आयोजित करने की योजना बना रहा था, लेकिन डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने कहा कि बिश्केक



- इस्तांबुल में नौ से 13 मई तक होने वाले हैं विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर

में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर और इस्तांबुल प्रतियोगिता के बीच 'बहुत सीमित समय' के कारण उसे नए सिरे से ट्रायल आयोजित करने के विचार को टालने के लिए मजबूर होना पड़ा। सूत्र ने कहा कि अगर महासंघ के पास एशियाई प्रतियोगिता और इस्तांबुल में आगामी विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर के बीच एक महीने का समय होता तो भी वह पेरिस खेलों के आखिरी क्वालीफायर के लिए नए सिरे से ट्रायल आयोजित कराता। नए सिरे से ट्रायल आयोजित करने के लिए शायद ही कोई समय था। इसलिए विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर के लिए वही प्रविष्टियां भेजने का निर्णय लिया गया। पहलवानों के लिए अपने संबंधित भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए कम समय में दो बार वजन घटाना बहुत मुश्किल होता।

# टी20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ता आज करेंगे बैठक

**नई दिल्ली।** अजीत अगरकर की अगुवाई वाली राष्ट्रीय चयन समिति अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप की 15 सदस्यीय भारतीय टीम को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार को अहमदाबाद में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह से मुलाकात करेगी लेकिन टीम की आधिकारिक घोषणा एक दिन बाद हो सकती है।

बीसीसीआई सचिव सीनियर चयन समिति (पुरुष) के संयोजक हैं और उनके अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धताओं में व्यस्त होने के कारण यह समझा जाता है कि बैठक अहमदाबाद में होगी। दूसरे विकेटकीपर का स्थान और टीम में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का स्थान चयन बैठक में चर्चा के दो महत्वपूर्ण बिंदू होंगे। ऐसा समझा जाता है कि लोकेश राहुल (आईपीएल में अब तक 144 के स्ट्राइक रेट और 378 रन) और संजू सैमसन (161 के स्ट्राइक रेट से 385 रन) के बीच दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए अब भी संघर्ष चल रहा है।

**बॉलीवुड हलचल**

# इरफान... जिनकी आंखे भी करती थी अभिनय

**मुंबई।** बॉलीवुड में इरफान खान को ऐसे दमदार अभिनेता के तौर पर याद किया जाता है, जिनकी आंखें भी अभिनय करती थीं। गहरी नशीली आंखे, ठहरी आवाज, वह बॉलीवुड के हीरो की तरह नहीं था लेकिन उसके चुंबकीय व्यक्तित्व में कुछ ऐसा था जो लोगों को बरबस जोड़ लेता सम्मोहित कर लेता। इरफान खान का नाम जेहन में आते ही सबसे पहले उनकी आंखें याद आती हैं। वह एक ऐसे अभिनेता थे, जो बड़ी ही संजीदगी से अपनी आंखों से अभिनय करते थे। इरफान के पिता भी कहते थे कि ये आंखें हैं या प्याला हैं। राजस्थान के जयपुर में इरफान खान का जन्म एक मुस्लिम पठान परिवार में 07 जनवरी 1967 को हुआ था। इरफान खान उन दिनों क्रिकेटर बनना चाह रहे थे। इस बात का खुलासा इरफान ने खुद ही एक इंटरव्यू के दौरान किया था। इरफान खान ने कहा था, एक वक्त था जब मैं क्रिकेट खेलता था। मेरा सेलेक्शन सीके नायडू टूर्नामेंट के लिए हुआ था। उसमें मेरे 26 साथी चुने गए थे जिन्हें एक कैंप में जाना था, लेकिन मैं नहीं जा पाया, क्योंकि कैंप में जाने के लिए मैं पैसे का इंतजाम नहीं कर पाया। मैंने डिसीजन लिया कि क्रिकेट छोड़ देना चाहिए। इरफान खान अभिनेता बनना चाहते थे तो नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में दाखिला ले लिया था। इरफान खान ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत वर्ष 1987 में दूरदर्शन के सीरियल ''श्रीकांत'' से की। कहा जाता था कि इरफान की आंखें दमदार अभिनय करती हैं। हाल ही में हॉलीवुड एक्टर टॉम हैंक्स ने इरफान खान की सराहना करते हुए कहा था कि इरफान की आंखें भी अभिनय करती हैं। 'बीहड़ में तो बागी होते हैं, डकैत मिलते हैं पार्लियामेंट में' इरफान की फिल्म पान सिंह तोमर का ये डायलॉग आज भी लोगों की जुबां पर रहता है। इरफान खान ने अपने करियर के दौरान मकबूल, लंच बॉक्स, हासिल, लाइफ ऑफ पाइ, हिंदी मीडियम, हैदर, पीकू जैसी कई कामयाब फिल्मों में काम किया। 'अंग्रेजी मीडियम' इरफान खान की आखिरी फिल्म थी, जो 2017 में आई उनकी सुपरहिट फिल्म हिंदी मीडियम का सीक्वल थी। इरफान खान ने अपने सिने करियर में ऐसी कई फिल्में की हैं, जो मील का पत्थर साबित हुई। तिग्मांशु धूलिया की फिल्म ''हासिल'' के लिए उन्हें ''बेस्ट विलेन'' का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था। इरफान खान को फिल्म ''पान सिंह तोमर'' के लिए नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। वर्ष 2011 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता इरफान आज ही के दिन 29 अप्रैल को इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह गए।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।


Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919


## एक नजर

### आत्महत्या दुष्प्रेरण का आरोपी गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** देवराहट थाना पुलिस टीम ने आत्महत्या दुष्प्रेरण में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी मोनू शाक्या ने बताया कि आत्महत्या दुष्प्रेरण के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त विपिन सैनी उर्फ गौरव निवासी जल्लापुर थाना देवराहट को मुखबिर की सूचना पर ग्राम बरौली में बंबा के पास रोड के किनारे से गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### प्रेक्षक के समक्ष दर्ज कराएं शिकायत व सुझाव

**कानपुर देहात।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष रूप में संपन्न कराए जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अकबरपुर लोकसभा के लिए डॉक्टर कादंबरी बालकवाडे को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। वह आईआईटी कानपुर में आवासित हैं। उनसे मिलने का समय सुबह 10 बजे से 11 बजे तक पायनियर वैज लाबी विजिटर्स हॉस्टल आईआईटी कानपुर है। प्रेक्षक का मोबाइल नंबर 9335278986 है। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित स्थान व मोबाइल नंबर पर संपर्क स्थापित कर अपनी शिकायतें व सुझाव दर्ज करा सकते हैं।

### वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, तीन घायल

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली के चौरा गांव के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में पलट गया। पुखरायां कस्बा के खलवा मोहल्ला निवासी दीपक ने बताया कि सोमवार को ई-रिक्शा से डाला चढ़ाने कालपी के बनखण्डी देवी मंदिर जा रहे थे। तभी चौरा के निकट अज्ञात वाहन ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गया। जिससे वह, ई-रिक्शा चालक विक्की, रिश्तेदार नाथुआपुर निवासी पिंटू की पत्नी रूबी घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पुखरायां में भर्ती कराया गया है।

### पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी दबोचा गया

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। तिस्ती चौकी प्रभारी कृपाल सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति ने नाबालिग से अश्लीलता व पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसपर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी अरविंद यादव उर्फ लक्खा निवासी पलिया बांसखेड़ा थाना रसूलाबाद को गांव के पास ककवन बार्डर मुख्य मार्ग पर गिरफ्तार कर लिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।

### प्रधान के घर पर हमला

**मंगलपुर-कानपुर देहात।** प्रधानी चुनाव की रंजिश में एक पक्ष के चार लोगों ने प्रधान के घर पर हमला कर दिया। थाना मंगलपुर के गांव कठरा निवासी प्रधान के छोटे भाई गजेन्द्र सविता ने बताया कि गांव के चार लोगों ने घर पर चढ़कर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। उनकी पत्नी नीतू व पड़ोसन मंजू बचाने आई तो उनके साथ भी मारपीट कर दी।

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई बालक की मौत, चार घायल

## बच्चों के साथ बहन को कानपुर नगर छोड़ने जाते समय हादसा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** कुरारी गांव से बहन, भांजा व भांजी को छोड़ने जाते समय कार त्रिवेदिनपुरवा गांव के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। जिससे कार सवार युवक, महिला, किशोरी व दो बच्चे घायल हो गए। सीएचसी से सभी को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां ईएमओ ने बालक को मृत घोषित कर दिया।


पेड़ से भिड़ी कार। अमृत विचार

कानपुर नगर के कल्याणपुर निवासी निवासी काजल (25), अपनी पुत्री अनुष्का (15), स्वेता (5) व पुत्र कृष्णा (11) के साथी पिछले दिनों गजनेर थाना क्षेत्र के कुरारी गांव अपने भाई के यहां आई थी। सोमवार की सुबह धर्मेंद्र कार से बहन, भांजी व भांजे को कल्याणपुर छोड़ने जा रहे थे। तभी गजनेर क्षेत्र के त्रिवेदिनपुरवा गांव के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। जिससे कार सवार सभी लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को कार से बाहर निकालकर गजनेर सीएचसी भेजा और सूचना परिजनों को दी। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद काजल, अनुष्का, स्वेता व कृष्णा को गंभीर हालत में जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया। यहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने बालक कृष्णा को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य का उपचार किया गया।

मौत की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। इस बावत गजनेर एसओ दिलीप कुमार ने बताया कि अस्पताल से मिले मेमो पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### हाईवे पार करते समय वाहन की टक्कर से मौत

**कानपुर देहात।** बल्हरामऊ गांव निवासी एक बुजुर्ग की सोमवार भोर हाईवे पार करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। डेरापुर थाना क्षेत्र के बल्हारामऊ गांव निवासी अवधेश बाबू कटियार (55) सोमवार की भोर पहर हाईवे पार अपने खेत पर मवेशियों से फसल की रखवाली कर वापस अपने घर जा रहे थे। तभी कानपुर-इटावा हाईवे को पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी पर मृतक की मां प्रेमा देवी, पत्नी विनीता देवी, पुत्र हिमांशू, भाई निर्मल, सुरेश समेत अन्य परिजन रोते बिलखते रहे।


अवधेश बाबू।

## पति समेत छह पर दहेज हत्या का केस

**राजपुर।** अमराहट थाना क्षेत्र के डेरा स्थित यूकेलिप्टस के बाग में रविवार को बोरे में मिले महिला के रक्तरंजित शव के मामले में मृतका की मां ने दामाद सहित छह लोगों के खिलाफ दहेज की मांग पूरी न करने पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर आरोपियों की तलाश शुरू की है।

जनपद औरैया के पढ़ीन दरवाजा निवासी शांति देवी ने शव की शिनाख्त बेटी पूजा बाथम (30) के रूप में की थी। शांति देवी ने पुलिस को बताया कि पूजा ने चार वर्ष पहले मोहल्ले के राहुल से अंतरजातीय प्रेम विवाह किया था। उसकी दो बेटियां भी है। शादी के बाद बेटी को ससुरालियों ने दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर रविवार को दामाद राहुल, ससुर वीरेंद्र, सास शीला, देवर बादल समेत दामाद ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पूजा की हत्या कर शव अमराहट डेरा स्थित यूकेलिप्टस के बाग में फेंक दिया।

# शिक्षकों को विभाग से सिम व डाटा की सुविधा मिलेगी

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- **दीक्षा पोर्टल पर रोजाना टैबलेट से छात्रों की दर्ज होगी उपस्थिति**

**अमृत विचार।** जिले के 1925 शिक्षकों को टैबलेट तो मिले, लेकिन पोर्टल से वह सूचनाओं को भेजने में लाचारी दिखा रहे हैं। इससे छात्रों की उपस्थिति और दीक्षा पोर्टल पर शैक्षिक गुणवत्ता आदि व्यवस्थाएं शिक्षकों की हीलाहवाली से गड़बड़ा रही हैं लेकिन अब बेसिक शिक्षा विभाग फोन पर डाटा कंपनी के साथ एक प्रपोजल तैयार कर रहा है। जिससे शिक्षकों को डाटा के साथ सिम उपलब्ध कराई जाएगी और वह पोर्टल पर सभी सूचनाओं को टैबलेट के माध्यम से आदान-प्रदान करेंगे।

प्रत्येक विद्यालय के शिक्षकों को पिछले शैक्षिक सत्र में टैबलेट उपलब्ध कराए गए थे। टैबलेट से शिक्षकों को छात्रों की उपस्थिति, दीक्षा पोर्टल, स्विफ्ट चेट बोर्ड से बच्चों को ऑनलाइन शिक्षण देना और निपुण लक्ष्य का आकलन करना था, लेकिन टैबलेट मिलने के बाद भी अभी तक जिले के शिक्षक पोर्टल से सूचनाओं के आदान-प्रदान में लापरवाही बरत रहे हैं। विद्यालय के कंपोजिट बजट से शिक्षकों को डाटा और सिम उपलब्ध कराने के लिए पहले 500 रुपये निर्धारित था, लेकिन अब इसको संशोधित कर अनलिमिटेड वैलिडिटी एंड अनलिमिटेड डाटा के लिए बेसिक शिक्षा विभाग को प्रपोजल उपलब्ध कराया गया है। जिसमें शिक्षकों को अच्छे नेटवर्क के साथ सस्ते दरों पर डाटा उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद सभी शिक्षक दीक्षा पोर्टल के साथ रोजाना टेबलेट से छात्रों की उपस्थिति मध्यांह भोजन में छात्रों की उपस्थिति आदि का विवरण अपडेट करेंगे। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए स्कूलों के शिक्षकों को विभाग की ओर से सिम व अनलिमिटेड डाटा पैक मिलेगा।

# इंटरलॉकिंग में प्रयोग की जा रही घटिया सामग्री

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** भटौली गांव में घटिया सामग्री से इंटरलॉकिंग का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

विकासखंड अकबरपुर की ग्राम पंचायत में भटौली में सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल वाली गली में इंटरलाकिंग का कार्य कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कार्य में घटिया प्रकार की सामग्री लगाई जा रही है। जहां एक तरफ मानक के अनुसार छह इंच मोटा रोड़ा व अव्वल ईंट से एजिंग बननी चाहिए। वहीं जिम्मेदारों की मिलीभगत से पीली ईंट से एजिंग लगा कर रोड़ा की जगह पर मिट्टी वा मकान का टूटा हुआ मलबे डाल कर निर्माण कराया जा रहा है। इससे इंटरलॉकिंग जल्द ही खराब हो जाएगी।


निर्माण के लिए डाला गया मलबा।

- **भटौली गांव में पीली ईंट व मलबे से कराया जा रहा काम**

# खेल सामग्री पर हुए खर्च की जांच होगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- **प्राथमिक स्कूलों को पांच व उच्च प्राथमिक व कंपोजिट को मिले थे दस-दस हजार रुपये**

**अमृत विचार।** जिले के परिषदीय विद्यालयों में खेलकूद सामग्री की जांच होगी। पता लगाया जाएगा कि महीने भर में स्कूल प्रशासन ने कितनी खेल सामग्री खरीदी। साथ ही किस कंपनी का सामान क्रय किया गया। खेलकूद सामग्री के नाम पर खानापूर्ति करने वाले स्कूलों के प्रधानाध्यापकों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारियों और जिला समन्वयक की टीम बनाई गई है। मई आखिरी से टीम विद्यालयों में पहुंचना शुरू करेगी।

जिले में 1925 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालय संचालित हैं। बेसिक शिक्षा विभाग एक ओर जहां परिषदीय विद्यालयों में पठन-पाठन की गुणवत्ता को लेकर गंभीर है। इसके तहत बच्चों को रोचक तरीके से पढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं शारीरिक और मानसिक विकास पर भी नजर है। इसी क्रम में शासन ने मार्च में परिषदीय स्कूलों में खेलकूद सामग्री के लिए धनराशि जारी की है। प्राथमिक विद्यालयों को पांच हजार रुपये व उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों को दस-दस हजार रुपये खेल सामग्री खरीदने के लिए जारी किए गए हैं। प्राथमिक स्कूलों को 11 व जूनियर स्तर पर 16 प्रकार की खेल सामग्री खरीदी जानी थी। इससे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को पारंपरिक खेलों खो-खो, कबड्डी, फुटबाल, वॉलीबॉल, हैंडबॉल के साथ ही एथलेटिक्स, बैडमिंटन, शतरंज व कैरम आदि में दक्ष बनाया जाएगा। जानकारी के अनुसार करीब महीने भर बाद भी बड़ी संख्या में विद्यालयों ने खेल सामग्री नहीं खरीदी गई है। जबकि कई विद्यालयों ने चुनिंदा सामान खरीदकर कोरम पूरा कर लिया। शिकायत मिलने पर विभाग ने अब एक-एक विद्यालय का भौतिक सत्यापन करने की योजना बनाई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय ने कहा कि स्कूल के एसएमसी खाते में पैसा भेजा गया था।

# शार्ट सर्किट से लगी आग, गेहूं के 150 गट्ठर जले

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** रनियां थाना क्षेत्र के विसायकपुर में सीएनजी पंप के पास हाईवे किनारे खेतो में शार्ट सर्किट से आग लग गई। खेत में पड़े गेंहू के 150 गट्ठर धू-धूकर जलने लगे। किसानों ने आग बुझाने का प्रयास किया परंतु काबू न कर पाने पर दमकल को बुलाया। मौके पार पहुंची दमकल ने आग बुझाई। ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

विसायकपुर स्थित हाईवे किनारे लगभग 10 बीघे पूर्व विधायक विक्रम सिंह के खेत है। उन खेतो में आर्यनगर प्रथम के शिव सिंह बटाई पर लिए है। किसान शिव सिंह ने बताया कि उन्होंने हार्वेस्टर से गेहूं की कटिंग कर ली थी। घर में जानवर होने के चलते भूसा के लिए लगभग 150 गट्ठर जमा थे। खेतो के ऊपर से निकली हाईस्टेशन लाइन से शार्ट सर्किट होने के कारण पहले खरपतवार में आग लगी थी। इसके बाद गट्ठर में आग लगने के बाद उसने रफ्तार पकड़ ली।

अधिकांश गट्ठर जलकर राख हो गए। इधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकल को सूचना दी। मौके पर पहुंची एक दमकल ने ढाई घंटे के बाद आग पर काबू पाया। इस संबध में मुख्य अग्निशमन अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि कोई जनहानि नही हुई है।

लेखपाल विकास मिश्रा ने बताया की जानकारी मिली है नुकसान का अनुमान लगा कर रिपोर्ट शासन को भेजी जायेगी खेत के लगभग 150 गेहूं के गट्ठर पड़े थे।

### आग लगने से दो बीघा फसल अवशेष जलकर राख

**मूसानगर।** थाना क्षेत्र के पुलंदर गांव के खेतों में लगी आग से फसल के अवशेष जल गए। सोमवार दोपहर पुलंदर गांव के सुशील तिवारी के खेतों में संदिग्ध अवस्था में आग लग गई। जिससे गेहूं की कटी फसल का बचा अवशेष धूं-धूं कर जलने लगा। आग की लपटें देखकर आसपास मौजूद लोग दौड़ पड़े। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों ने मिलकर आग पर काबू पाया। लेखपाल शिवम निगम ने बताया कि हार्वेस्टर से कटी गेहूं की फसल के बचे अवशेष में आग लगी थी। जिससे लगभग दो बीघा खेत जल गया है। फसल का कोई नुकसान नहीं है।


आग से जला खेत।

## युवक हुआ साइबर ठगी का शिकार

**रूरा।** थाना क्षेत्र के बेनीगांव निवासी युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है।

बेनीगांव के हामिद ने पुलिस को बताया कि बीते बुधवार की रात करीब 11 बजे उसके फोन में बारह हजार रुपये कटने का संदेश प्राप्त हुआ। लेकिन उसके द्वारा रुपये नहीं निकाले गए थे। वहीं गुरुवार की दोपहर फिर उसके फोन में बारह हजार रुपये कटने का संदेश प्राप्त हुआ। उसने बैंक जाकर इसकी जानकारी की तो बैंक कर्मचारियों ने रुपये कटने की बात कही, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

## सार-संक्षेप


प्रतिभा अलंकरण समारोह में सम्मान पाकर खिले मेधावियों के चेहरे। अमृत विचार

### प्रतिभा अलंकरण समारोह में सम्मानित हुए मेधावी

**मूसानगर।** कस्बे के बीआरडी इंटर कालेज में प्रतिभा अंलकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मेधावी विद्यार्थियों को शील्ड और रिजल्ट कार्ड देकर सम्मानित किया गया। सोमवार को कार्यक्रम के दौरान कालेज के प्रबंधक विजय सोनी ने कहा कि सभी बच्चों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करनी चाहिए। ताकि शिक्षा के क्षेत्र में सफल होकर अपने गांव, जिले व प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। उन्होने जिले में तीसरा स्थान पाने वाली कक्षा दस की छात्रा अनोखी साहू को शील्ड देकर सम्मानित किया। मेधावी छात्र-छात्राओं में कार्तिक, शिवेंद्र, गुनगुन, अक्शा, आरज़ू, शिफा, नीशू, आरुषी, अंश तिवारी, प्रांजल तिवारी, दीपा, दीक्षा, सुजल तिवारी आदि को सम्मानित किया गया। वहीं शील्ड पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेश तिवारी ने मौजूद अभिभावकों का अभिवादन कर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कहा कि शिक्षकों के सही मार्गदर्शन के परिणाम स्वरुप छात्रा अनोखी साहू जिले में तीसरा स्थान पाकर विद्यालय को गौरांवित किया है। कार्यक्रम में राजीव सोनी, कमलेश गुप्ता, नंदनी सोनी समेत अभिभावक मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशील कुमार पांडेय व संचालन मुनींद्र ने किया।


हज यात्रियों का टीकाकरण करते स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

### हज यात्रियों का किया गया टीकाकरण

**कानपुर देहात।** सोमवार को प्रशिक्षण केंद्र अंजुमन मदरसा जीनतुल इस्लाम अमरौधा में हज की यात्रा पर जाने वाले 33 यात्रियों के सापेक्ष 30 को क्वाड्रीवेलेंट मेनिनगोकोंकल मेनिनजाइटिस वैक्सीन एवं 65 वर्ष से अधिक उम्र के दो यात्रियों को सीजनल इन्फलूएंजा वैक्सीन के साथ ओरल पोलियो की खुराक देकर प्रतिरक्षित किया गया। इस दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. आशीष बाजपेई, डीवीएसएम अवधेश कुमार, वीसीसीएम राकेश कुमार, कंप्यूटर सहायक सुशील कुशवाहा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित निरंजन, बीपीएम आराधना आदि मौजूद रहे।


ई रिक्शा में सरिया लादकर ले जाता चालक। अमृत विचार

### नियम दरकिनार कर फर्राटा भरते ऑटो व ई-रिक्शा

**रूरा।** क्षेत्र की सड़कों पर बेतरतीब दौड़ रहे ऑटो व ई-रिक्शा हादसे का सवब बने हुए हैं। साथ ही आए दिन जाम की स्थिति रहती है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह से अंजान बने हुए हैं। ऑटो व ई-रिक्शा में अधिकतम चार सवारियां बैठना मान्य हैं, लेकिन इनमें क्षमता से दोगुनी सवारियां और भारी सामान भरकर ढोया जा रहा है। जिससे इन वाहनों के असंतुलित होकर हादसे का खतरा बना रहता है। वहीं आगे व पीछे चलने वाले दो पहिया वाहनों को खतरा रहता है। इनके व्यवस्थित संचालन की जिम्मेदारी निभाने वाली ट्रैफिक पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। साथ ही परिवहन विभाग भी इस ओर ध्यान नहीं देता है। केंद्र सरकार की ओर से नया मोटर व्हीकल एक्ट लागू किए जाने के बाद पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा दोपहिया व चौपहिया वाहनों की चेकिंग के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन सड़कों पर दौड़ रहे ऑटो व ई-रिक्शा चालकों पर इसका कोई असर नहीं है। प्रमुख मार्गों और चौराहों पर हर जगह ई-रिक्शा व ऑटो का कब्जा नजर आता है। जिसके कारण दिन भर जगह-जगह जाम लगा रहता है। कार्रवाई न होने से ऑटो व ई-रिक्शा को किशोर भी चलाते हैं।

दी गई सुविधा | फार्म 12 डी भरकर डीएफओ कार्यालय भेजे जाएंगे

# सरकारी कर्मी पोस्टल बैलेट से करेंगे मतदान

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर आवश्यक सेवाओं से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों को पोस्टल बैलट से मतदान की सुविधा के लिए डीएम की अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में बैठक हुई।

सोमवार को बैठक में जिलाधिकारी आलोक सिंह ने कहा कि अधिसूचित आवश्यक सेवाओं में कार्यरत कार्मिकों को पोस्टल बैलेट फार्म 12 डी के माध्यम से मतदान की सुविधा आयोग द्वारा दी गई है। उन्होंने सभी आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभागाध्यक्षों से कहा कि वह अपने कार्यालय के अंतर्गत आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों का फार्म 12 डी भरवाकर डीएफओ कार्यालय में शीघ्र प्रेषित करें। जिन अधिकारियों व कर्मचारियों का फॉर्म 12 डी प्राप्त होगा। उन्हें ट्रेनिंग स्थल पर व संबंधित विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी के यहां पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा प्राप्त होगी। डीएम ने कहा कि ट्रेनिंग स्थल पर 4 मई से 7 मई तक विधानसभावार सुविधा केंद्र बनाया जाएगा। वहीं रिटर्निंग अधिकारी के यहां मतदान दिवस से तीन दिन पूर्व से मतदान दिवस के एक दिन पहले तक यह सुविधा प्राप्त होगी। इस मौके पर डीएफओ अनिल कुमार, सीएमओ डॉ. एके सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी अजीत पांडेय आदि रहे।

### प्रेक्षक की उपस्थिति में मतदान कार्मिकों का हुआ द्वितीय रेंडमाइजेशन

**कानपुर देहात।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता, सामान्य प्रेक्षक कादंबरी बालकवाडे, सीडीओ लक्ष्मी एन व उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार की उपस्थिति में निर्वाचन कार्य में संलग्न मतदान कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेशन जिला सूचना विज्ञान कार्यालय कलेक्ट्रेट में संपन्न हुआ। इसके बाद मतदान कार्मिकों का ड्यूटी पत्र जारी किया जाएगा। इस मौके पर डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी विकास गुप्ता, एसडीएम सदर अवनीश कुमार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



द्वितीय रेंडमाइजेशन में मौजूद डीएम, प्रेक्षक, सीडीओ व अन्य अधिकारी।

# गौशाला में खामियों पर ग्राम पंचायत अधिकारी निलंबित

कायालय संवाददाता, कानपुर देहात

- **पशु चिकित्साधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का आदेश सीडीओ ने दिया**

**अमृत विचार।** रैपालपुर गौशाला के निरीक्षण में खामियां व वित्तीय अनियमितता पर सीडीओ के निर्देश पर ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित कर दिया गया। वहीं पशु चिकित्साधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि व बीडीओ व प्रधान को नोटिस जारी करने के निर्देश के साथ ही केयरटेकर को हटा दिया गया।

सोमवार को सीडीओ लक्ष्मीं एन ने मैथा विकासखंड की ग्राम पंचायत रैपालपुर स्थित गौशाला में पाया कि भूसा गुणवत्ता पूर्वक नहीं दिया जा रहा है। खाते में धनराशि जमा न करके नकद दी जा रही है। ग्राम विकास अधिकारी ने पिछले दस दिन से गौशाला का भ्रमण भी नहीं किया गया था। गोवंशों को हरा चारा नहीं दिया जा रहा था। सीडीओ ने ग्राम विकास अधिकारी आकाश कुमार को निलंबित करने के निर्देश दिए। जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। वहीं सीडीओ ने ग्राम प्रधान को नोटिस दिए जाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार मेडिकल के पेपर की लापरवाही पर पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दिव्या को प्रतिकूल प्रविष्टि व खंड विकास अधिकारी महिमा विद्यार्थी को पर्यवेक्षण में शिथिलता के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा। केयरटेकर को हटाने के निर्देश दिए गए।

## एक नजर

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र के तिवारीपुर के रहने वाले 45 वर्षीय सरवन ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। पत्नी के फोन करने पर स्विच ऑफ होने पर जब परिजन देखने गए तो दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो उसका शव फांसी के फंदे से लटक रहा था। भाई रोहित और गोविंद ने बताया कि किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां हैंगिंग की पुष्टि हुई है।

### युवक की जलकर मौत

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां गांव का रहने वाला 26 वर्षीय मोहम्मद अकरम चाय बनाते समय शनिवार को झुलस गया था। जिससे परिजनों ने उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### तमंचा व कारतूस के साथ शातिर गिरफ्तार

**कानपुर।** सीसामऊ पुलिस ने तमंचा व कारतूस के साथ शातिर को गिरफ्तार किया है। सीसामऊ थाना प्रभारी हिमांशु चौधरी ने बताया कि मोहम्मद नदीम निवासी मछरिया को गिरफ्तार किया गया है। उसके ऊपर कई थानों में मुकदमे पंजीकृत हैं।

# पीआरपी थेरेपी से अब निसंतान दंपति बन सकेंगे मम्मी-पापा

## जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के जच्चा-बच्चा अस्पताल में शुरू हुई नई थेरेपी

एक्सक्लूसिव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भागदौड़ भरी जिंदगी, अनियमित खानपान, आरामदायक व तनाव पूर्ण जीवनशैली की वजह से लोगों को कई प्रकार की तकलीफों से गुजरना पड़ रहा है, जिनमें निसंतानता भी शामिल है। निसंतान दंपति के चेहरे पर खुशी लाने के लिए जीएसवीएम मेडिकल कालेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में पीआरपी थेरेपी की शुरुआत की गई है।

मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की प्रो. उरूज जहां ने प्लेटलेट रिच प्लाज्मा (पीआरपी) थेरेपी की शुरुआत की है। प्रो. उरूज जहां ने बताया कि बांझपन का कारण केवल अंडे कम होने या ना बनना नहीं होता है। बल्कि उनका निषेचन के बाद सही प्रकार से बच्चे दानी में न पनपना भी शामिल होता है। अधिक सफाई कराना, इंफेक्शन, टीबी संक्रमण, गुप्त रोग समेत आदि वजहों बच्चेदानी का स्वास्थ्य खराब हो जाता है। बच्चेदानी की परत में पतलापन और प्रजनन संबंधी समस्याओं का समाधान प्लेटलेट्स रिच प्लाज्मा (पीआरपी) थेरेपी हो सकती है। पीआरपी से महिला में प्रजनन संबंधी समस्याओं का भी समाधान हो सकता है।

यह प्रक्रिया गर्भधारण के अवसरों को भी बढ़ाती है। पीआरपी एडोमेट्रियम की ग्रोथ को बढाती है। अगर गर्भाशय की सबसे अंदरूनी परत पतली है तो भ्रूण को स्थानांतरण करने से पहले पीआरपी के इंजेक्शन दिए जा सकते हैं, जिससे बांझपन की समस्या महिला में दूर हो सकती है।

- पीआरपी थेरेपी से महिला में इंड्रोमेट्रियम व ओवरी की बढ़ाई जाएगी ग्रोथ

### 20 महिलाओं को दी जा रही पीआरपी थेरेपी



प्रो. उरूज जहां।

प्रो. उरूज जहां ने बताया कि उच्चाधिकारियों की अनुमति पर अस्पताल में बीते चार माह पहले पीआरपी थेरेपी शुरू की गई है। अभी 20 महिलाओं पर केस स्टडी की जा रही है। 12 महिलाओं को इंडोमेट्रियम (गर्भाशय की अंदर की परत) और आठ महिलाओं को ओवरी (अंडाशय) में पीआरपी थेरेपी दी गई है। इनमे शामिल महिलाओं की उम्र 25 से 40 तक है। दूरबीन के माध्यम से पीआरपी महिलाओं के अंडाशय या गर्भाशय के अंदर डाली जाती है। पीआरपी थेरेपी से समय पूर्व मेनोपॉज को रोकने, अंडाणुओं की संख्या को बढ़ाने और बढ़ी हुई उम्र में मां बनने में सहायता मिलती है।

### ऐसे तैयार की जाती है पीआरपी

- प्रो. उरूज जहां ने बताया कि हमारा रक्त चार घटकों से मिलकर बना होता है। लाल रक्त कणिकाएं, श्वेत रक्त कणिकाएं, प्लेटलेट्स और प्लाज्मा। प्लाज्मा रक्त का फ्ल्यूड या तरल भाग है। प्लेटलेट रिच प्लाज्मा को रक्त में से लाल रक्त कणिकाएं और श्वेत रक्त कणिकाएं निकालकर तैयार किया जाता है। पीआरपी मरीज के खुद के रक्त से ही तैयार किया जाता है। इसमे रक्त को विशेष तरीके से प्राप्त किया जाता है, जिसमें केवल प्लेटलेट्स और प्लाज्मा शामिल होते हैं। पीआरपी तैयार करने की प्रक्रिया के बाद एक पीले रंग का गाढ़ा द्रव प्राप्त होता है, जिसमें ग्रोथ फैक्टर्स काफी मात्रा में होते हैं। इसे गर्भाशय में डाला जाता है ताकि नई और स्वस्थ कोशिकाएं व टिश्यूज विकसित हो सकें।

# चोरी व चरस तस्करी में दो को सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विजय नगर स्थित रिचा इलेक्ट्रानिक्स में मोबाइल चोरी व चरस तस्करी के मामले में एडीजे आठ की कोर्ट ने दो दोषियों को तीन साल की सजा सुनाई।

रिचा इलेक्ट्रानिक में एकाउंटेंट शिवकुमार कनौजिया ने बताया था कि 16 सितंबर 2020 की सुबह वह दुकान पहुंचे तो मोबाइल सेक्शन की अलमारियां खुली थीं, जिनसे 15 मोबाइल चोरों ने पार कर दिए थे। फजलगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। 20 सितंबर की रात पुलिस ने दादा नगर कंटेनर यार्ड की तरफ छापेमारी कर चार चोर काकादेव, कच्ची मड़ैया निवासी विनोद कुमार, गोविंद नगर, लेबर कॉलोनी निवासी दीपक सोनी, अर्मापुर निवासी राजकुमार, दादा नगर कच्ची बस्ती निवासी मोहित कुमार को गिरफ्तार किया था और डेढ़ किलो चरस भी बरामद की थी। मामला एडीजे आठ राम अवतार प्रसाद की कोर्ट में विचाराधीन था। एडीजीसी अरविंद ढिमरी ने बताया कि पुलिस ने मोहित कुमार व विनोद के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किए थे। कोर्ट ने दोनों को तीन साल कैद व सात-सात हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

# अभियोजन व बचाव पक्ष ने मांगा समय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आरोपी शौकत के अधिवक्ता ने सौंपी लिखित बहस
- सपा विधायक इरफान सोलंकी का चर्चित आगजनी मामला



**अमृत विचार।** आगजनी मामले में एमपीएमएलए सेशन कोर्ट की ओर से दोनों पक्षों से मांगी गई लिखित बहस सोमवार को भी दाखिल नहीं हो सकी। लिखित बहस तैयार न होने पर दोनों पक्षों ने कोर्ट से समय मांगा, जिस पर एक मई की तिथि निर्धारित की गई।

डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा ने आठ नंवबर 2022 को जाजमऊ थाने में सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी समेत आठ लोगों के खिलाफ झोपड़ी फूंकने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था सात नंवबर 2022 को रात आठ बजे परिवार भाई की शादी में शामिल होने गया था। इस दौरान सपा विधायक, उनके भाई व अन्य लोगों ने झोपड़ी में आग लगा दी। पुलिस की जांच में शौकत पहलवान, मो. शरीफ, इजरायल आटेवाला, अनूप यादव, महबूब आलम, शमशुद्दीन, एजाजुद्दीन, मो. एजाज, मुरसलीन भोलू, शकील चिकना को भी आरोपी बनाया गया था। इरफान, रिजवान, शौकत, शरीफ व इजरायाल आटेवाले के खिलाफ ट्रायल पूरा हो चुका है। एडीजीसी भास्कर मिश्रा ने बताया कि सोमवार को बचाव व अभियोजन की लिखित बहस तैयार न होने के कारण समय मांगा गया, जिस पर कोर्ट ने एक मई की तिथि निर्धारित की।

इस मामले में आरोपी शरीफ के अधिवक्ता ने बहस दाखिल करने के लिए समय मांगा है। वहीं शौकत पहलवान के अधिवक्ता पहले ही लिखित बहस दाखिल कर चुके हैं, जिसे उन्होंने अभियोजन पक्ष को सौंपा।

# दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार किए, 30 किलो गांजा बरामद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एक तस्कर पर 18 मुकदमे दर्ज हैं

**अमृत विचार।** फजलगंज पुलिस ने अंतराज्जीय गिरोह के दो गांजा तस्करों को दादा नगर ढाल के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 29.836 किलो गांजा बरामद किया है। पकड़े गए तस्करों में एक आरोपी बिधूना थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि तस्करों की पहचान औरैया के बिधूना गपचरियापुर निवासी देवेंद्र सिंह और कन्नौज के ठठिया रहमतपुर निवासी चंदन यादव के रूप में हुई है। देवेंद्र मूलरूप से कन्नौज के सुखसेनपुर बनगंवा का निवासी है। यह औरैया के बिधूना थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ औरैया और कन्नौज में 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की भी कार्रवाई की गई है। ये पिट्ठू बैग और ट्रॉली बैग में लेकर गांजा सप्लाई करने जा रहे थे। पकड़े गए लोगों ने बताया कि वह दोनों अलग-अलग राज्यों से सस्ते में लगभग एक हजार रुपये किलो में खरीदते हैं व वहां फुटकर में 10 से 12 हजार रुपये किलो में बेच देते थे। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। डीसीपी ने बताया कि पकड़े वाली टीम में निरीक्षक फजलगंज सुनील कुमार सिंह, उपनि लोकेंद्र सिंह, गौरव कुमार, हेड कां बृजपाल सिंह, सर्विलांस सेल से सुनीत शर्मा, लवकुश मिश्रा, राकेश कुमार व कां शिवकुमार शामिल रहे। उक्त टीम को 25 हजार का इनाम देने की घोषणा की गई है।



गांजा तस्करों के बारे में जानकारी देते डीसीपी सेंट्रल आर एस गौतम।

# पत्नी से झगड़ने के बाद की थी आत्महत्या

**कानपुर।** शनिवार को रामादेवी फ्लाईओवर के नीचे रेलवे ट्रैक पर मिले युवक के शव की शिनाख्त भाई गोलू ने लालबंगला निवासी 24 वर्षीय सूरज पासवान के रूप में की है। उसकी पत्नी चांदनी और दो बच्चे पवन और दुधमुंहा बच्चा छोटू हैं। उसने बताया कि भाई से विवाद करने के बाद उसकी पत्नी तीन माह पहले छोटू को लेकर मायके चली गई थी। वह अकेले बच्चे के साथ रह रहा था। दो दिन पहले पत्नी दुधमुंहे बच्चों को भी उठा ले गई। जिसके बाद फोन पर दोनों का विवाद हुआ था, इसके बाद उसने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। भाई के अनुसार पत्नी को शिनाख्त के बारे में जानकारी दी लेकिन वह नहीं आई। वीडियो कॉल कर शव दिखाने की बात कही।

# घर के अंदर लहूलुहान पड़ी मिली महिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सचेंडी थाना क्षेत्र का मामला नहीं मिला फोन
- अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में घर में अकेली एक महिला खून से लथपथ पड़ी मिली। जब बेटा घर पर पहुंचा तो पता चला। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अस्पताल में महिला की हालत गंभीर बताई गई है।

सचेंडी की रहने वाली प्रियांशी ने पुलिस को बताया कि 26 अप्रैल को मां अनीता घर पर अकेली थीं। करीब 2.30 बजे जब भाई ऋषिकेश घर पर पहुंचा तो काफी देर तक घंटी बजाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। किसी तरह अंदर गया तोदेखा कि मां खून से लथपथ बेहोश हालत में जमीन पर पड़ी हुईं थीं। तत्काल सचेंडी के एक प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि उन लोगों को अंदेशा है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी मां को जान से मारने की नीयत से सिर पर हमला किया है। बताया कि मां का मोबाइल अब तक नहीं मिला है। इस संबंध में सचेंडी एसीपी डॉ अमोल मुर्कुट ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### शिखर गुप्ता को मिले 99.94 परसेंटाइल

**कानपुर।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने उन्नाव से अपने स्टूडेंट शिखर गुप्ता की उपलब्धि की घोषणा की है। बताया गया कि छात्र शिखर गुप्ता ने जेईई मेन 2024 में 99.94 फीसदी परसेंटाइल के साथ उन्नव से सिटी टॉपर बने हैं। बताया गया कि दूसरे सत्र में 99.94 फीसदी के साथ ही छात्र ने फिजिक्स में 100 परसेंटाइल हासिल किया है। छात्र की एआईआर 966 है। इसी तरह उत्कर्ष प्रताप सिंह ने 99.77 और ऐश्वर्य द्विवेदी ने 99.76 परसेंटाइल हासिल किए हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर डॉ. एचआर राव ने कहा कि उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन छात्रों को व्यापक कोचिंग और नवीन शिक्षण समाधान प्रदान करने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए एईएसएल की प्रतिबद्धता और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उनके दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। हम कामना करते हैं कि वे अपने भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता प्राप्त करें।

### धक्का देकर महिला के गले से पार की चेन

**कानपुर।** पति के साथ पनकी धाम दर्शन करने गई पत्नी को दो महिलाओं ने धक्का देकर गले में पड़ी सोने की चेन पार कर दी। पीड़ित ने पनकी थाने में मामला दर्ज कराया है। काकादेव निवासी उदयराज सिंह ने पुलिस को बताया कि 16 अप्रैल को वह अपनी पत्नी कमलेश सिंह के साथ पनकी धाम मंदिर दर्शन करने गए थे। प्रसाद चढ़ाने के बाद पत्नी को देखा तो उनके गले में चेन नहीं दिखाई दी। पत्नी ने बताया कि जब वह फूल चढ़ा रही थीं तो दो महिलाओं ने उन्हें धक्का दिया था, उसी समय चेन पार ली होगी। इस संबंध में पनकी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि दो अज्ञात महिलाओं के विरुद्ध चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं।

### आग से 9 बकरियों की मौत, चार झुलसीं

**रसूलाबाद, कानपुर देहात।** तहसील क्षेत्र के सजावारपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में टीनसेट के आसपास जमा फूस में आग लग गई। जिससे आग की चपेट में आने से 9 बकरियां की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य चार बकरियां बुरी तरह झुलस कर घायल हो गई। सजावारपुर गांव निवासी पुत्तीलाल के टीनसेट की झोपड़ी में बकरियां बंधी हुई थी। टीनसेट आसपास जमा फूस में बीती रात्रि अचानक आग लग गई। आग लगने हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना देकर आग बुझाने में जुट गए। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक आग की चपेट में आने से नौ बकरियों की मौके पर मौत हो गई। अन्य चार बकरियां बुरी तरह झुलस कर घायल हो गई।

### दो घरों से लाखों की चोरी

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के कस्बा झींझक में चोरो ने बीती रात जमकर तांडव मचाया है। यहां बीती रात एक हीं मोहल्ले के दो घरों को चोरों ने निशाना बनाया और नकदी-जेवर समेत लाखों के सामान पार कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक थाना मंगलपुर क्षेत्र के कस्बा झींझक के मोहल्ला सुनाथा रोड द्वारीकागंज निवासी राहुल पुत्र रामबाबू अहमदाबाद में किसी कंपनी में नौकरी करता है। राहुल की पत्नी कल्पना उसके बेटे आर्यन व महेश झींझक में रहते हैं। बीती रात्रि कल्पना व उसके बेटे खाना खाकर गर्मी होने के चलते छत पर लेटे हुए थे। बीती रात्रि चोर मेन गेट के ऊपर से घर के अन्दर प्रवेश कर अलमारी मे रखे सोने के झाला, अंगूठी, मंगलसूत्र, सोने की चेन, 35 हज़ार रुपए की नकदी चोरी कर भाग गए। वहीं मोहल्ले में श्याम पुत्र छोटेलाल के घर का ताला तोड़कर घर में रखे 70 हज़ार की नकदी, झाला बेसर, अंगूठी, हाफ पेटी, पायल, माला, चेन पोस्ट ऑफिस की 5 फिक्स्ड डिपॉज़िट कागजात अन्य चीजे चोरी कर लीं। घटना के बारे में झींझक चौकी इंचार्ज अनुज अवस्थी से संपर्क करना चाहा तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### घर पर मृत मिले सुपरवाइजर

**कानपुर।** जिला सुल्तानपुर थाना करौंधी ग्राम रावनिया निवासी 47 वर्षीय संतोष कुमार एक कंपनी में सुपरवाइजर थे। बड़े भाई शैलेश सिंह ने बताया कि वह कंपनी के कार्य से डिपो के कमरे सचेंडी थानाक्षेत्र के रुद्रपुर में रुककर आगे के टूर पर बढ़ जाते थे। कुछ दिनों से तबियत ठीक नहीं चल रही थी। सोमवार सुबह जब वह काफी देर तक नहीं उठे तो उन्हें अन्य कर्मचारियों ने जगाया। जिस पर उनका शरीर ठंडा पड़ चुका था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद पत्नी रीना सिंह व बच्चे कार्तिक व अखंड का रो-रोकर बुरा हाल है।

# हॉट कुक्ड के लिए सिलिंडर-बर्तन देंगे

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- केंद्रीय वित्त एवं अन्य वित्त से भुगतान कर सकेंगे निकाय

**अमृत विचार।** आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को हॉट कुक्ड (पका भोजन) उपलब्ध कराया जाएगा। इसे तैयार करने के लिए उपयोग में आने वाले बर्तन, सिलिंडर, चूल्हा सहित अन्य व्यवस्थाएं नगर निकाय जुटाएंगे। निकाय केंद्रीय वित्त एवं अन्य वित्त से इसका भुगतान कर सकेंगे।

आंगनबाड़ी केंद्र पर तीन से छह वर्ष के बच्चों के लिए अब विद्यालयों की रसोईया या फिर वहां तैनात सहायिका हॉट कुक्ड तैयार कर बच्चों को भोजन कराएंगी। हॉट कुक्ड तैयार करने के लिए नगरीय क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों पर सुविधा उपलब्ध नहीं है। इन सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए जिले की दो नगर पालिका और 13 नगर पंचायतों को आंगनबाड़ी विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने पत्र जारी किया है। उन्होंने प्रमुख सचिव का हवाला देते हुए बताया कि सभी निकाय आंगनबाड़ी केंद्र पर हॉट कुक्ड तैयार करने के लिए गैस सिलिंडर, चूल्हा, भोजन तैयार करने और बच्चों को परोसे जाने के लिए बर्तन नगर निकाय उपलब्ध कराएंगे। इसके लिए सभी निकायों को केंद्रीय वित्त, राज्य वित्त सहित अन्य वित्त से इसका भुगतान करने का अधिकार होगा।

### एक ही सेट से कई केंद्रों पर तैयार होगा भोजन

आंगनबाड़ी केंद्रों पर हॉट कुक्ड तेयार किया जाएगा। विभाग ने प्रबंध किया है कि आसपास के आंगनबाड़ी केंद्रों पर एक ही सिलिंडर और चूल्हे के उपयोग से भोजन तैयार होगा। भोजन तैयार करने वाले बर्तन के एक सेट ही कई केंद्रों पर उपयोग किया जा सकता है।

### ये बर्तन देंगे निकाय

जो बर्तन उपलब्ध कराए जाएंगे उनमें कुकर, भगोना, ढक्कन, चमचा, परात, चकला, बेलन, तवा, चिमटा, बाल्टी, जग, 25 भोजन थाल, 25 चम्मच, 25 गिलास और सिलिंडर, चूल्हा रहेगा।

> प्रमुख सचिव के निर्देश पर निकायों को पत्र जारी किया है। हॉट कुक्ड योजना के तहत केंद्रों पर पकने वाले भोजन के लिए बर्तन सहित अन्य व्यवस्थाएं निकाय ही जुटाएंगे।
>
> -राकेश यादव जिला कार्यक्रम अधिकारी

# मूंग की बोआई कर बढ़ाएं आमदनी

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- मूंग बोआई से गर्मी भर खाली रहने वाले खेत की बढ़ती उपयोगिता

**अमृत विचार।** गर्मी में बोई जाने वाली मूंग की फसल किसानों के लिए आर्थिक खेती के साथ कई मायनों में लाभकारी साबित होगी।

खाली हुए खेतों में जायद की इस फसल की बोआई से गर्मी भर खाली रहने वाले खेत की उपयोगिता बढ़ जाती है। पैदावार से अतिरिक्त फसल का लाभ तो मिलता ही है। साथ ही खेत की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने में भी मदद मिलती है। क्योंकि फलियों की तोड़ाई के बाद इसके अवशेष को जोताई कराकर मिट्टी में मिला देने से बेहतर जैविक उर्वरक मिल जाता है। इस समय बोआई का माकूल समय चल रहा है। किसान बीजों के चयन से लेकर उर्वरका प्रबंधन बीज शोधन जैसे तमाम बिंदुओं को ध्यान में रखकर बेहतर पैदावार हासिल कर सकते हैं। जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार गुप्ता का कहना है कि मूंग की बोआई हर हाल में अप्रैल तक कर दी जानी चाहिए। हालांकि दस अप्रैल तक बोआई कर देना ज्यादा लाभप्रद होता है। मूंग की बोआई के लिए प्रति हेक्टेयर 25 किलो बीज प्र्याप्त है। क्षेत्र की मिट्टी के अनुरूप नरेंद्र मूंग-1, सम्राट, पूसा विशाल, शिखा, विराट, आईपीएम 2-3 आदि प्रजाति के बीज की बोआई करना सबसे उत्तम होगा। खेत की अच्छी तरह जोताई करने के बाद पंक्ति से पंक्ति की 20 से 25 सेमी व पौध से पौध की दूरी 6 से 8 सेमी होनी चाहिए।

### उर्वरक प्रबंधन

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि प्रति हेक्टेयर मूंग की बोआई में 20 से 25 टन गोबर की खाद के साथ 80 किलो डीएपी व 20 किलो सल्फर की जरूरत होती है। सल्फर व नत्रजन की पूरी मात्रा बोआई के समय नाईट्रोजन की आधी मात्रा बोआई के बाद तथा आधी सिंचाई के बाद उपयोग करना चाहिए। बोआई के दो दिन पहले बीज को कार्बेडाजिम 2.5 ग्राम अथवा ट्राइकोडर्मा 10 ग्राम दवा से प्रति किलो बीज को शोधित करने के बाद विशिष्ट राइजोबियम कल्चर तथा पीएसबी (फास्फेटिका) कल्चर से उपचारित करने के बाद बोना चाहिए।

फसल में खर पतवार न होने पाए इसके लिए किसान बोआई के 36 घंटे के भीतर 3.3 लीटर पेंडीमेथालीन 30 ईसी दवा को छह सौ लीटर पानी में घोल तैयार कर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव कर सकते हैं।

सफलता — स्वास्थ्य मानकों को पूरा करने पर एनक्यूएएस से मिले 78.86 प्रतिशत अंक

# जिले का पहला आयुष्मान आरोग्य मंदिर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** घर के पास ही गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में कल्याणपुर ब्लॉक के बगदौधी कछार स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर ने बाजी मारी है। भारत सरकार की ओर से आयुष्मान आरोग्य मंदिर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) का दर्जा प्राप्त हुआ है। इस लिहाज से यह जिले का पहला केंद्र बना। केंद्र ने निर्धारित सभी स्वास्थ्य मानकों को पूरा कर 78.86 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

सीएमओ डॉ. आलोक रंजन ने बताया कि कानपुर के जिला चिकित्सालयों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर को एनक्यूएएस अवार्ड मिल चुका है, लेकिन जिले में किसी भी आयुष्मान आरोग्य मंदिर को यह अवार्ड नहीं मिला था। बगदौधी कछार आयुष्मान आरोग्य मंदिर ने 'एनक्वास' के अंतिम मूल्यांकन में 78.86 प्रतिशत अंक हासिल किया है।

एसीएमओ व नोडल डॉ.रमित रस्तोगी ने बताया कि बगदौधी कछार आयुष्मान आरोग्य मंदिर जिले के लिए एक मॉडल आयुष्मान आरोग्य मंदिर बन गया है। अब ब्लॉक घाटमपुर के बेंदा आयुष्मान आरोग्य मंदिर को एनक्वास दिलाने का प्रयास किया जाएगा। जिला क्वालिटी एश्योरेंस सलाहकार डॉ.आरिफ़ बेग ने बताया कि निर्धारित सात मानकों पर बेहतर अंक मिले हैं, जिनमें प्रति मानक 18 हजार रुपये तीन साल तक प्राप्त होगा।



जानकारी करती एनक्यूएएस की टीम। अमृत विचार

- आयुष्मान आरोग्य मंदिर में होती जांच, मिलती चिकित्सा व स्वास्थ्य सुविधाएं

### आरोग्य मंदिर में मिलती है यह सुविधाएं

सीएचओ आकांक्षा पाल ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्देश्य घर के पास ही लोगों को मातृत्व एवं बाल स्वास्थ्य सेवाओं समेत सभी प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, मुफ्त जरूरी दवा और जांच की सुविधाएं प्रदान करना है। केंद्र में सामान्य टेस्ट के साथ डायबिटीज, सर्वाइकल व ब्रेस्ट कैंसर जैसी बीमारियों की शुरुआती जांच होती है। कई जांच पानी में मल प्रदूषण व क्लोरिनेशन की जांच, हेपेटाइटिस बी की जांच, फाइलेरिया, बलगम आदि जांच के साथ ही 58 प्रकार की दवा भी निशुल्क उपलब्ध करायी जा रहीं है। निशुल्क नियमित योग क्लास भी शुरू किए गए हैं।

# बेटे को केस से बचाना है तो 70 हजार दो...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- साइबर ठगों ने बुजुर्ग को झांसा देकर 30 हजार ठगे

**अमृत विचार।** बेटे को रेप केस से बचाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने सिंचाई विभाग ने सेवानिवृत बुजुर्ग से 70 हजार रुपये की मांग की। हड़बड़ाहट में आकर बुजुर्ग ने ठगों के खाते में 30 हजार रुपये भेज दिए। इसके बाद ठगी की जानकारी हुई। पीड़ित का आरोप है कि साइबर सेल में शिकायत के बावजूद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

बर्रा आठ निवासी प्राइवेटकर्मी सुमित त्रिवेदी ने बताया कि उनके पिता उमाशंकर त्रिवेदी सिंचाई विभाग से रिटायर्ड हैं। बीते 23 मार्च को पिता अमियापुर गांव गए हुए थे। इस दौरान उनके मोबाइल पर वाट्सएप कॉल आई, जिसमें पुलिस की वर्दी पहने हुए युवक की फोटो लगी थी। फोन करने वाले को खुद को दरोगा बताते हुए कहा कि बेटा चार दोस्तों के साथ रेप केस में फंस गया है, बचाना चाहते हो तो 70 हजार रुपये दो। उमाशंकर ने अपने परिचित से 30 हजार रुपये बताए गए खाते में ट्रांसफर कर परिजनों को जानकारी दी। जिसके बाद उन्हें ठगी का अहसास हुआ। सुमित ने बताया कि मामले की शिकायत साउथ जोन के साइबर सेल में की, लेकिन पुलिस ने अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की।



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैनें अपना नाम इन्द्रसेन से बदलकर इन्द्रसेन गौतम रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम जाना-पहचाना जाय। **इन्द्रसेन गौतम पुत्र राकेश कुमार, पता- बैरी, पो0-खखेरू, फतेहपुर, उ0प्र0-212656**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे भवन सं0 सी 35 आजाद नगर योजना सेक्टर सी लखनऊ का मूल आवंटन पत्र 4/ JS (A) 89 दिनांक 10/03/89 एवं मूल कब्जा प्रमाण पत्र न0-2094/JS (A) दिनांक 05/04/1989 जो लखनऊ विकास प्रधिकरण लखनऊ द्वारा रामचन्द्र कनौजिया पुत्र कुलंची कनौजिया के नाम से जारी किया गया था। मूलरूप से खो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा। **-रामचन्द्र कनौजिया, निवासी- सी-35 आजाद नगर योजना सेक्टर सी लखनऊ**

**तलाश गुमशुदा**



नाम - **गुमशुदा मोहनलाल**
**पुत्र**- जित्ता
**हुलिया**-लम्बा चेहरा, रंग सांवला ऊंचाई करीब 05 फुट
**उम्र**- 60 साल
**पहनावा** - लाइनदार सफेद शर्ट, चॉकलेटी रंग का लोवर, चॉकलेटी रंग के जूते हांथ मे लाठी

गुमशुदा मोहनलाल पुत्र जित्ता, ग्राम- रामसिंह खेड़ा, मजरा- थाना, पो0- थाना, जनपद- उन्नाव का निवासी है जो कि दिनांक 20 अप्रैल 2024 दिन शनिवार को प्रातः 9: 30 बजे से अपने गांव से यह कहकर निकले की दवा लेने जा रहा हूँ दोपहर 12 बजे तक कोई खोज खबर नही मिलने पर घर वाले ढूंढने के लिये निकले हैं। नजदीकी पुलिस स्टेशन माखी थाना में गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। यदि किसी थानें में इस हुलिया/पहिचान का गुमशुदगी/लापता का कोई व्यक्ति किसी की जानकारी में हो तो निम्न पते पर सूचित करने की कृपा करें। सूचना देने वाले को उचित इनाम दिया जायेंगा।

**क्षेत्राधिकारी** उन्नाव मो. 9454401528
**(प्रभारी निरीक्षक)** माखी-उन्नाव मो. 8081211202 8960871819

रामबिलास - 8009226388
धर्मेश- 7607047430

# अधिग्रहीत वाहनों पर 40 फीसद दिया जाएगा अतिरिक्त किराया

## 15 सौ हल्के व भारी वाहनों के सापेक्ष 96 सौ को थानावार भेजा जा रहा है नोटिस

लोकसभा चुनाव 2024

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर



**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान कर्मियों को लाने ले जाने के लिए वाहनों के अधिग्रहण की कवायद शुरू की जा चुकी है। कुल 15 सौ वाहनों के सापेक्ष 96 सौ को नोटिस तामीला कराए जाने के लिए थानावार पुलिस की मदद ली जा रही है। इस बार चुनाव के दौरान अधिग्रहित किए जाने वाले वाहनों के किराए में भी वृद्धि गई है।

दोआबा में 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए इस बार सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट सहित पुलिस बल के लिए बोलेरो, स्कार्पियो, टाटा सूमो सहित अन्य छोटे 700 वाहनों को लगाए जाने की तैयारी है। जबकि बस, डीसीएम, डिलीवरी वैन, ओमनी, टाटा मैजिक आदि 550 वाहनों को लगाया जाएगा। एआरटीओ प्रशासन पुष्पांजलि मित्रा गौतम ने बताया कि कुल 15 सौ वाहनों का अधिग्रहण किया जाना है। जिसके लिए थाना वार हल्के वाहनों के साथ बसों आदि का अधिग्रहण कराए जाने के लिए करीब 96 सौ नोटिस दी गई है, जिनका जल्द तामीला कराए जाने के निर्देश दिए गए है। जिसके सापेक्ष अब तक 65 प्रतिशत तामीला कराया जा चुका है। बताया कि अधिग्रहित वाहनों को 17 मई तक विज्ञान भवन के मैदान में पहुंचाया जाना है अगर इसमें हीलाहवाली की जाती है तो सम्बंधित कि खिलाफ कार्रवाही की जाएगी।

### बसों का भी बढ़ाया गया किराया

लोकसभा चुनाव के दौरान बसों सहित अन्य वाहनों का किराए में करीब 40 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। एआरटीओ ने बताया कि 15 से 24 सीटर बसों का प्रतिदिन 1697 रुपये, 25 से 34 सीटर 1912 रुपये, 35 से 40 सीटर 2139 रुपये, 41 से 45 सीटर 2213 रुपये और 46 सीटर या इससे अधिक क्षमता की बसों को प्रतिदिन 2510 रुपये की धनराशि अदा की जाएगी। वहीं डीजल भी प्रतिदिन होने वाले संचालन के मुताबिक दिया जाएगा।

### हल्के यात्री और मालवाहक वाहन भी शामिल

बढ़े किराए की दर में हल्के यात्री वाहनों के साथ ही मालवाकक वाहनों को भी शामिल किया गया है। बताया कि माल वाहक वाहनों में 75 सौ किग्रा तक 1572 रुपये, 75 सौ से 12 हजार किग्रा 1677 रुपये, 12 हजार से 16,200 किग्रा तक 1944 रुपये तथा इससे अधिक मल्टी एक्सल वाहनों को 2140 रुपये प्रतिदिन अदा किया जाएगा। जबकि पेट्रोल चलित 12 सौ सीसी इंजन तथा अधिक क्षमता वाले हल्के वाहनों को 1264 रुपये तथा डीजल चलित 1450 सीसी में 1460 रुपये जबकि इससे अधिक क्षमता वाले वाहनों को प्रतिदिन 2140 रुपये की अदायगी के साथ संचालन के मुताबिक डीजल उपलब्ध कराया जाएगा।

### 250 ने किया तामीला लेने से इंकार

एआरटीओ विभाग द्वारा पुलिस के माध्यम से करीब 750 वाहन स्वामियों को अधिग्रहण के लिए तामीला कराया जा चुका है। जिसके सापेक्ष 250 ने तामीला लेने से इंकार कर दिया। जिन्हें विभाग द्वारा नोटिस जारी की गई है जिसकी प्राप्ति के तीन दिनों में ऐसे वाहन स्वामियों द्वारा यदि तामीला नहीं लिया जाता तो उन पर कार्यवाही की भी तैयारी की जा रही है। जबकि कई का पता न मिलने व दोआबा के बाहर की रिपोर्ट लगाकर वापस की जा चुकी है।

# तीन बार बताने होंगे खुद पर दर्ज मुकदमे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- चुनाव में पारदर्शिता के लिए आयोग ने जारी किए दिशा-निर्देश
- नामांकन से मतदान तक प्रत्याशियों को अखबार में छपवाना होगा अपना ब्योरा

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग के फैसले के तहत लोकसभा प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना तीन बार सार्वजनिक करना अनिवार्य होगा। नामांकन से मतदान के पहले तक तीन बार इस सूचना का प्रकाशन समाचार पत्रों व टीवी के माध्यम से किया जाएगा।

आयोग ने निर्वाचन प्रक्रिया के सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। चुनाव प्रचार के दौरान समय-समय पर मतदाताओं की जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना को सार्वजनिक करने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है, जो नाम वापसी के अंतिम दिन के बाद से प्रारम्भ होकर मतदान के 48 घंटे पूर्व तक तीन चरणों में प्रकाशित, प्रसारित कराया जाना है। प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना को तीन बार सार्वजनिक करना होगा।

पहला प्रकाशन नाम वापसी की तिथि के बाद 04 दिनों के भीतर कराना होगा। दूसरा प्रकाशन नाम वापसी की तिथि के बाद 05 से 08 दिनों में कराना होगा और तीसरा प्रकाशन नाम वापसी की तिथि के बाद 9वें दिन से चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक कराना होगा।

### आयोग से निर्धारित फांट का ही होगा इस्तेमाल

सूचना का प्रकाशन आयोग द्वारा निर्धारित किये गये फॉण्ट साइज के अनुसार अपने निर्वाचन क्षेत्रों में सर्वाधिक प्रसार वाले समाचार पत्रों में स्थानीय भाषा या अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित कराया जाए, जो किसी एक राष्ट्रीय और एक स्थानीय समाचार पत्रों में हो। इसी प्रकार संबंधित क्षेत्र में उपलब्ध एवं लोकप्रिय टीवी चैनलों में भी इस सूचना का प्रसारण करवाना होगा।

## सार-संक्षेप

### प्रेमिका के साथ मिलकर पति ने पत्नी को मारने का प्रयास किया

**फतेहपुर।** प्रयागराज में घरेलू हिंसा और महिला को जान से मारने की कोशिश की गई। एएसपी के आदेश पर पुलिस ने पति समेत पांच ससुराली व प्रेमिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। औंग थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव की शिव कुमार तिवारी की पुत्री पुनीता तिवारी की शादी ने 12 मई 2011 को प्रयागराज के नैनी थाना के चाका गांव के शशांक से हुई थी। पुनीता का आरोप है कि शादी के बाद सास, ससुर, पति, देवर दहेज में दो लाख रुपये और बाइक की मांग करते हुए उससे मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। उसने 13 फरवरी 2012 को एक पुत्री व 15 फरवरी 2015 को एक पुत्र को जन्म दिया। उसे पता चला कि उसके पति के एक विधवा महिला वंदना से अनैतिक संबंध हैं, जब उसने इसका विरोध किया तो पति प्रेमिका के साथ रहने लगा। पति के कहने पर ससुर सुशील तिवारी, सास मिथलेश तिवारी, देवर प्रशांत तिवारी, देवरानी दिव्या उसे मारपीट कर घर छोड़कर जाने का दबाव बनाने लगे। पति ने 12 अप्रैल 2024 को पहले मारापीटा, फिर उसे समझाकर बाइक से प्रयागराज में अरैल घाट की ओर पुल पर ले गया और उसे नदी में पुल से फेंकने की कोशिश की। पति की मदद के लिए उसकी प्रेमिका भी वहां पर मौजूद थी। किसी तरह जान बचाकर वह मायके पहुंची। औंग पुलिस से शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर उसने एएसपी से शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एएसपी के आदेश पर पति समेत पांच ससुराली व प्रेमिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट

**फतेहपुर।** दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर मारपीट शुरू हो गई। एक पक्ष से कुछ युवकों ने दूसरे पक्ष के एक युवक की पकड़कर जमकर पिटाई कर दिया। मारपीट का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के तुराबअली का पुरवा मोहल्ले में मामूली विवाद में दो पक्ष के बीच मारपीट हो गई। एक पक्ष से कुछ युवकों ने दूसरे पक्ष के एक युवक को पकड़कर जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान किसी ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि एक युवक को कुछ युवक मिलकर बेरहमी से पिटाई कर रहे हैं और आसपास खड़े लोग तमाशबीन बने हुए हैं। काफी देर तक मारपीट होने के बाद जब कुछ महिलाओं ने हस्तक्षेप किया तो युवक अलग हुए। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दिया। वहीं पीड़ित युवक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि दो पक्ष के बीच मारपीट का मामला सामने आने पर चौकी प्रभारी मौके पर गए थे। दोनों पक्ष से चार लोगों पर कार्रवाई की गई है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए किसी ने माहौल खराब करने का प्रयास किया तो सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# सड़क हादसे में युवती की मौत, युवक गंभीर

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- कॉलेज से लौटते समय बजरंगापुर के पास हुआ हादसा
- जिला अस्पताल में घायल युवक का हो रहा उपचार

**अमृत विचार।** हुसेनगंज क्षेत्र में कालेज से बाइक से लौट रहे एक युवक व एक युवती हादसे का शिकार हो गए। बाइक सवार जैसे ही बजरंगापुर के पास पहुंचे तभी ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टर ने युवती को मृत घोषित कर दिया जबकि युवक का इलाज जारी है।

हथगाम थाना क्षेत्र के गौसपुर गांव निवासी रामदास की बेटी अंसू (18) गांव के ही रामकृपाल के बेटे अमित (20) के साथ एडमिशन कराने हुसेनगंज स्थित एक कालेज सोमवार को गई थी। बताया जा रहा है कि एडमिशन कराने के बाद बाइक से दोनों वापस लौट रहे थे, तभी वह बजरंगापुर के पास पहुंचे ही थे कि तभी तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार युवक व युवती रोड पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने अंसू को मृत घोषित कर दिया और अमित को भर्ती कर उसका उपचार शुरू कर दिया। हादसे की जानकारी पर अस्पताल पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# वोट की चोट को तैयार है आधी आबादी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- अपने मताधिकार का प्रयोग करने को उत्सुक हैं महिलाएं
- खुद के साथ-साथ दूसरों को भी मतदान के लिए कर रहीं प्रेरित

**अमृत विचार।** लोकतंत्र के महापर्व में इस बार आधी आबादी ने भी हर किसी को पीछे छोड़ने का मन बना लिया है। मतदान प्रक्रिया में ज्यादा से ज्यादा सहभागिता के लिए सभी महिलाएं जोश व उत्साह से लबरेज हैं।

जिले में पांचवें चरण के तहत 20 मई को वोट की चोट के लिए सभी ने पूरी तैयारी कर ली है। एक बेहतर सरकार के चयन के लिए सारे काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करने का दम भर रही हैं। खुद के साथ दूसरों को भी इस अहम जिम्मेदारी को भलीभांति निभाने के लिए तैयार कर रही हैं। महिलाओं ने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को मतदान के लिए आगे आना चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक एक मत अहम व बहुमूल्य है। इसलिए पूरी जिम्मेदारी के साथ महिला हो या पुरुष सबको अपने मताधिकार का प्रयोग करने से पीछे नहीं रहना चाहिए।

### जागरुकता की अलख

समाज को शिक्षित कर भविष्य संवारने वाले शिक्षक भी देश के लोकतंत्र को भी मजबूती देने में पीछे नहीं हटते। इन दिनों लोकतंत्र के महापर्व की गूंज है। शिक्षक खुद तो मतदान करने के लिए तैयार ही हैं। साथ ही अपने आस पास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। चुनाव पर चर्चा के दौरान शिक्षकों ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए चुनाव में मतदान हम सबकी जिम्मेदारी है। अपना फर्ज निभाने से पीछे नहीं हटना चाहिए खुद भी वोट डालें और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। पांच साल बाद लोकतंत्र का पर्व आता है। अपने मिलने वालों के साथ ही बच्चों के अभिभावकों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिससे वोटिंग प्रतिशत बढ़ाया जा सके।

### बोलीं महिला मतदाता



इस बार के चुनाव में मतदान करने को लेकर मन में खासा उत्साह है। परिजनों को तो बता ही दिया है साथ ही अन्य लोगों को को भी मतदान के लिए प्रेरित कर रहीं हैं। मतदान करना सबकी जिम्मेदारी है इसे समझना बेहद जरूरी है

–सुरभि श्रीवास्तव



जिले में चहुंओर विकास कराने वाला सांसद चुनने के लिए मतदान जरुरी है। घर के सदस्यों के साथ वोटिंग वाले दिन मतदान अवश्य किया जाएगा। इसके लिए परिवार के सदस्यों के साथ चर्चा भी होती है।

–अन्नपूर्णा देवी



किसी भी देश के विकास को मतदान महत्वपूर्ण है। ऐसे में वह लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने को जागरूक कर रही हैं। 20 मई को सबसे पहला काम वोट डालने का ही होगा।

–मीना कश्यप



20 मई का बेसब्री से इंतजार है। मतदान करने के लिए अवश्य जाएंगे और अच्छे प्रत्याशी को ही वोट देंगे। वोट देना हमारा अधिकार है। इसके लिए मोहल्ले में भी वोट डालने के लिए महिलाओं को प्रेरित करते हैं।

–पूनम देवी

# सड़क हादसों में छह लोग हुए घायल

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में दंपति समेत छह लोग घायल हो गए।

राधानगर थाना क्षेत्र के केवई गांव निवासी शिव मोहन का पुत्र उदय पाल किसी काम से सैयद बाबा की मज़ार के पास पैदल जा रहा था। तभी रोड से गुज़रे बाइक सवार ने उसको टक्कर मार दिया। जिससे उदय पाल घायल हो गया हादसे की जानकारी परिजनों को हुई एंबुलेंस से घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी तरह बांदा जनपद के कमासिन थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी रामकेश का पुत्र राजेश कुमार अपनी गर्भवती पत्नी पूजा देवी को बाइक पर सवार कर किसी काम से फतेहपुर आ रहा था। जब उसकी बाइक बबेरू थाना क्षेत्र के औगासी घाट के पास पहुंची। तभी बोलेरो ने उसकी बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार पति-पत्नी दोनों घायल हो गए तो बोलेरो चालक ने दोनो को इलाज के लिए अपने वाहन से जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। इधर राधानगर थाना क्षेत्र के बसावनपुर गांव निवासी छेद्दू सिंह का पुत्र धर्मराज सिंह ई-रिक्शे पर सवार होकर किसी काम से जा रहा था। जब रिक्शा थाना क्षेत्र के रमवां चौराहे के पास पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे रिक्शे पर सवार धर्मराज घायल हो गया घटना की जानकारी पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। इसी तरह गाजीपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी मेवालाल का पुत्र राम सुन्दर अपनी पत्नी पूजा देवी को बाइक पर सवार कर किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव के बाहर पहुंचा तभी दूसरी बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई। जिसमें पति-पत्नी दोनों घायल हो गए। हादसे की जानकारी पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### हादसे में घायल शिक्षक की इलाज के दौरान मौत

**फतेहपुर।** औंग में हुए सड़क हादसे में घायल शिक्षक की छह दिन बाद कानपुर में रविवार रात को सांसें थम गईं। परिजन पीएम के बाद शव गांव लाने को गए हैं। औंग थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड पर बाइक सवार शिक्षक को लोडर ने 22 अप्रैल शाम टक्कर मार दी थी। टक्कर लगते ही शिक्षक गंभीर घायल होकर सड़क पर गिर पड़े थे। औंग थाने के खरौली गांव के सुरेश चंद रैदास के पुत्र नरेंद्र कुमार बायो के शिक्षक थे। प्रथम पाली पर चार घंटे करचलपुर के इंटर कॉलेज में पढ़ाते थे। दूसरी पाली में चार घंटे स्टेशन रोड औंग के एक इंटर कॉलेज में पढ़ाते थे। इंटर कॉलेज से पढ़ाकर बाइक से घर जा रहे थे। घर जाते समय कॉलेज से निकलते ही सड़क हादसे का शिकार हो गए थे। पुलिस ने चालक को वाहन सहित कब्जे में ले लिया था। मृतक शिक्षक के बड़े भाई वीरेन्द्र कुमार खरौली गांव में पंचायत मित्र हैं। मृतक की तीन बहने शादीशुदा हैं। शिक्षक के एक तीन वर्ष का बेटा रुद्रांश है।

# महिला की जमीन पर दबंगों ने किया कब्जा

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- पीड़ित महिला ने डीएम से लगाई गुहार

**अमृत विचार।** किशनपुर थाना क्षेत्र के नरैनी गांव की रहने वाली सरोज कुमारी ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम के नाम प्रार्थना पत्र दिया है।

उन्होंने बताया कि गांव में एक जमीन खरीदी थी। जिसे दाखिल खारिज कराकर अपने नाम करा लिया था। जमीन के चारों ओर ऊंची नींव भी भरवा दिया गया था। एक महीने के लिए परिवार के साथ गांव से बाहर चली गई। जब वापस गांव पहुंची तो उसकी जमीन पर गांव के कुछ लोगों ने नींव को हटवा कर चबूतरा बनाकर हनुमान जी की मूर्ति रख दिया। पुलिस में शिकायत करने के बाद चालान कर उसे छोड़ दिया गया। आरोप है कि जमीन पर मूर्ति रखकर गांजा बेचने का काम किया जा रहा है। थाना से लेकर एसडीएम और पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाने के बाद भी न्याय नहीं मिला है। जिलाधिकारी से जमीन से कब्जा हटवा कर दंबगों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने बताया कि मामला कोर्ट में है।

# संविदा स्टाफ के लिए करें आवेदन

**फतेहपुर।** प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रणंजय कुमार वर्मा के दिशा निर्देशन में कार्यालय स्थायी लोक अदालत में 02 वर्ष के लिये संविदा स्टाफ, पेशकार एवं आशुलिपिक के एक-एक पद पर नियुक्ति की जानी है। जिसके लिए दीवानी न्यायालय फतेहपुर व कलेक्ट्रेट फतेहपुर के सेवानिवृत्त कर्मचारियों, जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो, से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। बताया कि पेशकार एवं आशुलिपिक को 9000 प्रति माह नियत मानदेय प्राप्त होगा।

# जनसम्पर्क में नेताओं के छूट रहे पसीने

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- वोटर काट रहे गेहूं और घर में मिलते हैं केवल बच्चे
- प्रत्याशी और समर्थक लगा रहे मतदाताओं की परिक्रमा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव अपने चरम की ओर है। हालांकि भाजपा एवं बसपा को छोड़ कर अन्य प्रत्याशियों की घोषणा नहीं हो सकी है। वहीं जनसम्पर्क में प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं के पसीने छूट रहे हैं।

गेहूं की कटाई मड़ाई को किसान पूरे दिन खेत खलिहानों में डटे हैं। घर पर छोटे बच्चे या बुजुर्ग ही मिल रहे हैं। ऐसे में प्रत्याशी व उनके समर्थक खाक छानते फिर रहे हैं। लेकिन वोटर नजर नहीं आ रहा है। मजबूरी में बच्चों को पम्पलेट थमाकर लौट रहे हैं। फतेहपुर लोकसभा सीट के प्रत्याशी को सभी छह विधान सभाओं के मतदाता वोट देते हैं। सभी दलों के प्रत्याशी व उनके समर्थक वोटरों से मिलने को बेताब हैं। वह 42 के पार चल रहे पारा में भी गांव-गांव वोटरों से मिलने के लिए जा रहे हैं। लेकिन गांव में उनको कोई नजर नहीं आ रहा है। क्योंकि मतदाता इस समय अपनी गेहूं की फसल समेटने में लगा हुआ है। खेतों में गेहूं की कटाई के चलते अधिकतर ग्रामीण खेतों में काम में व्यस्त हैं। मतदाताओं का कहना है पहले गेहूं की कटाई कर घर में रख लें उसके बाद चुनाव देखेंगे। ऐसे में प्रत्याशियों का वोटरों से मिल पाना कठिन हो रहा है।

लोकसभा चुनाव में बहुत कम ही दिन प्रचार के लिए मिलने के कारण प्रत्याशियों को वोटरों से मिलना और उनसे आशीर्वाद मांगना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। पूरे दिन काम करके जब रात को आराम के समय पाटियों के कार्यकर्ता उन्हें वोट देने के लिए कहते हैं तो वोटर कोई अपने गेहूं कटवाने के लिए लेबर की मांग कर रहा है तो कोई भूसा घर पर डालने के लिए कह रहा है।

बढ़ता तापमान — सोमवार को भी गर्मी के तेवर रहे तीखे, आगे और तेज होने के आसार

# लोगों को छका रहीं गर्म हवाएं

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



- अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा



धूप से बचने के लिए मुंह ढककर निकलते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अप्रैल माह के अंत में गर्मी ने अपने तेवर और तीखे कर दिए हैं। भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। सोमवार को तो तापमान बढ़कर 42 डिग्री पर पहुंच गया। तापमान तो 42 डिग्री रहा लेकिन 43 डिग्री जैसी गर्मी महसूस की गई। दोपहर में गर्म हवाओं और तेज धूप के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। पिछले तीन दिनों से गर्मी खूब परेशान कर रही है और तापमान में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। आने वाले दिनों में गर्मी में और भी इजाफा होने की संभावना बनी हुई है।

अप्रैल की शुरुआत से ही गर्मी ने तीखे तेवर दिखाए हैं और महीना बीतते गर्मी के तीखे तेवर जारी हैं। सोमवार को तापमान 42 डिग्री पहुंच गया और खास बात यह है कि इस 42 डिग्री तापमान में 43 डिग्री जैसी गर्मी महसूस की गई। गर्मी के कारण लोगों को अपने अंगौछे और कैप निकालनी पड़ गई। दोपहर के समय शहर की सड़कों पर लोग कपड़ों से चेहरा ढककर जाते हुए दिखाई दिए। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में गर्मी और भी बढ़ेगी क्योकि अप्रैल में गर्मी के जो तेवर है उसके चलते आने वाले कुछ दिनों में पारा 44 डिग्री तक पहुंच सकता है।

हालांकि जिला प्रशासन की ओर से हीट वेव से बचाव के लिए बार कोड जारी किया गया है। इस बार कोड के माध्यम से हीट वेव की स्थिति में क्या करें क्या न करें एवं

उपचार की जानकारी मिल सकेगी। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जनअभियान चलाकर भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस बार कोड को किसी भी मोबाइल फोन से स्कैन करते ही हीट वेव से बचाव की जानकारी तत्काल मिल सकेगी।

# गेस्ट हाउस के बाहर पड़ा मिला युवक का शव

**हथगाम।** शादी समारोह में शामिल होने गए एक युवक का शव गेस्ट हाउस के बगल में पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

हथगाम थाना क्षेत्र के अहिरनगांव चकबबुल्लापुर मजरे गौसपुर गांव निवासी गुलाब सिंह यादव का पुत्र इन्द्रजीत गांव में खेती किसानी करता था। परिजनों ने बताया कि इन्द्रजीत चचेरे भाई सुरेश यादव की बेटी की शादी समारोह में शामिल होने पलिया बुजुर्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में गया था। जहां पर वह खाना खाकर रात भर रुका हुआ था। सुबह लोगों ने देखा तो गेस्ट हाउस के पास ही इन्द्रजीत का शव पड़ा हुआ था। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर छिवलहा पुलिस चौकी प्रभारी विनोद कुमार सिंह मौके पर पहुंचे।

# मामा-भांजी ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- 20 दिन पहले महाराष्ट्र से गांव लौटा था युवक
- शादी समारोह में दोनों के बीच हुई थी कहासुनी

**अमृत विचार।** एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद रिश्ते में मामा-भांजी ने चक्की नाका के पास ट्रेन के सामने कूदकर खुदकुशी कर ली। घटना की जनकारी होने पर पहुंची पुलिस से शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मलवां थाना क्षेत्र के नयापुरवा निवासी हिमांशु पासवान दो भाइयों में सबसे बड़ा था। हिमांशू महाराष्ट्र में किसी फैक्ट्री में काम करता था। वह करीब 20 दिन पहले गांव वापस आया था। पुलिस के मुताबिक हिमांशू की बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के जहानपुर निवासी घनश्याम की पुत्री रीतू पासवान जो कि रिश्ते में उसकी भांजी लगती थी और वह स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा थी उससे उसका तीन साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों बादलपुर गांव रिश्तेदार की शादी समारोह में पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार दोनों के बीच लोगों ने कहासुनी होते देखा। रिश्तेदारी होने की वजह से परिवार के लोग शादी के लिए तैयार नहीं थे। इसी वजह से दोनों ने खुदकुशी का रास्ता चुना। ग्रामीणों ने सुबह करीब आठ बजे ट्रैक पर शव पड़े होने की खबर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उनके पास से मिले आधार कार्ड से उनकी शिनाख्त करके परिजनों को खबर दी। युवती की मां ने बताया कि अक्सर हिमांशू घर आता-जाता था। वह दोनों मोबाइल पर बातचीत भी करते थे। उनके बीच प्रेम प्रसंग की जानकारी नहीं थी। युवक के पिता रामनरेश ने बताया कि प्रेम संबंध की जानकारी नहीं थी। जानकारी होने पर दोनों को समझाते। बेटा कुछ ही दिन पहले महाराष्ट्र से लौटा था। थानाध्यक्ष मुकेश सिंह ने बताया कि दोनों के मोबाइल पास में नहीं मिले हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# दूसरे दिन भी नामांकन कराने कोई नहीं पहुंचा

## सपा के सम्भावित प्रत्याशी समेत भाजपा प्रत्याशी ने खरीदे पर्चे, भाजपा ने खरीदे चार सेट पर्चे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के तहत चल रही नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन भी कोई पर्चा दाखिल नहीं हुआ। यह जरूर रहा कि सपा और भाजपा समेत निर्दलीय प्रत्याशियों के लिए पर्चे खरीदे गए। दूसरे दिन सोमवार को कुल 09 पर्चे खरीदे गए।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन भी नामांकन प्रक्रिया अपने निर्धारित समय ग्यारह बजे से तीन बजे तक चली। जिसमें फतेहपुर लोकसभा सीट के लिए किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं कराया। उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी के संभावित उम्मीदवार डॉ. अशोक कुमार पटेल निवासी 2/158 विपुल खंड गोमती नगर लखनऊ के लिए उदय भान पुत्र कालीचरन निवासी



कलेक्ट्रेट में नामाकंन पत्र लेते प्रत्याशी व उनके समर्थक। अमृत विचार

- दूसरे दिन सोमवार को कुल नौ पर्चे खरीदे गए

ग्राम सुल्तानपुर मजरे अयाह ने दो सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म खरीदा। निर्दलीय उम्मीदवार कमलेश देवी पत्नी दलजीत निषाद निवासी गांधीनगर के लिए एक सेट, निर्दलीय उम्मीदवार कुलदीप कुशवाहा पुत्र विजय कुमार निवासी नगवा कानपुर नगर ने स्वयं एक सेट भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार साध्वी निरंजन ज्योति निवासी रमेटी हमीरपुर जेल तालाब रोड के लिए चार सेट, भागीदारी पार्टी के उम्मीदवार मोतीलाल निवासी तुराबअली का पुरवा शीतलानगर ने स्वयं एक सेट, निर्दलीय उम्मीदवार जितेन्द्र कुमार मौर्या निवासी नई बस्ती नौबस्ता रोड खागा ने स्वयं एक सेट, विश्व कल्याण राष्ट्रीय मानव समाज पार्टी के उम्मीदवार जयचंद्र निवासी सरसई बुजुर्ग खागा ने स्वयं एक सेट, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के उम्मीदवार राजेश कुमार पटेल निवासी ग्राम नेवादा पोस्ट बहुटा थाना व तहसील पट्टी जिला प्रतापगढ़ के लिए एक सेट व निर्दलीय उम्मीदवार राम प्रवेश निवासी ग्राम धान पोस्ट रिठवा थाना चांदपुर ब्लॉक अमौली ने स्वयं एक सेट में नाम निर्देशन पत्र का फार्म प्राप्त किया। उधर समूची निर्वाचन प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा अलर्ट रखे गए। बाकी का काम वीडियोग्राफर्स करते नजर आए। कलेक्ट्रेट के कक्ष नंबर एक में नामांकन पत्र दाखिल करने की व्यवस्था रही। यह अलग बात रही कि आज भी किसी ने अपना नामांकन पर्चा नहीं दाखिल किया। पहले दिन 14 तो दूसरे दिन 09 नामांकन पत्रों के साथ कुल 23 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई।

### तीन मई तक होंगे नामांकन

जिला निर्वाचन अधिकारी सी. इंदुमती ने बताया कि तीन मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। छह मई का दिन नाम वापसी के लिए निर्धारित है। नामांकन स्थल कलेक्ट्रेट में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने नामांकन दाखिल करने वाले सभी उम्मीदवारों का आहवान किया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करें।

### एक को भाजपा व दो मई को बसपा प्रत्याशी का नामांकन

लोकसभा चुनाव में फतेहपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की घोषित प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति अपना नामांकन पत्र एक मई को दाखिल करेंगी। जिसकी सभी तैयारियां की जा रही हैं। उधर बहुजन समाज पार्टी के घोषित प्रत्याशी डॉ. मनीष सचान अगले दिन दो मई को नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। वह भी नामांकन दाखिल करने की सभी तैयारियां पूरी कर रहे हैं।

# आग से दो बीघा गेहूं की फसल जली

**बिंदकी।** अज्ञात कारणों से सोमवार को गेहूं के खेतों में आग लग गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों ने मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

कोतवाली क्षेत्र के जबरापुर गांव में सोमवार दोपहर अज्ञात कारण से गेहूं के खेतों में आग लग गई। आग लगने की घटना के बाद ग्रामीणों में हड़कंप मचा रहा। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने मिलकर कड़ी मशक्कत और प्रयास के बाद आग को पूरी तरह से बुझाया लेकिन तब तक अमित कुमार की दो बीघा गेहूं की फसल जल गई। मामले में ग्राम प्रधान जितेंद्र वर्मा उर्फ पिंटू ने बताया कि अज्ञात कारण से गेहूं की फसल में आग लगी है। सभी ने मिलकर आग पर काबू पाया। ग्रामीणों की सूचना पर राजस्व टीम मौके पर पहुंची, जिसमें लेखपाल विवेक पटेल पहुंचे और मौका मुआयना व लिखापढ़ी कर लौट गए।

# दबंगों ने अधेड़ को मारी गोली, गंभीर

संवाददाता खागा

**अमृत विचार।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र में रविवार शाम पुरानी रंजिश के चलते एक अधेड़ व्यक्ति को बीच सड़क दबंगो ने गोली मार दी और फरार हो गए। गोली लग जाने के बाद गंभीर रूप से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरदों लाया गया, जहां हालत गंभीर देख डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के घोषी का पुरवा निवासी बब्लू पुत्र लल्लू रविवार शाम गांव किनारे आटा चक्की से आटा लेकर घर जा रहा था तभी गांव के रहने वाले राजेश व उसकी पत्नी और साथ रहे प्रेम व साला सुरेश ने मिलकर पीड़ित बब्लू को बीच रास्ते रोक कर पहले गाली गलौज की। विरोध करने पर उस पर हमला कर दिया और गोली मार दी।



जिला अस्पताल में भर्ती घायल बबलू ।

- पुरानी रंजिश को लेकर हुई घटना
- दोनों आरोपी मौके से फरार जांच में जुटी पुलिस

गोली लग जाने से पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरदो लाया गया, जहां हालत गंभीर देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां उसे भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया गया है

# राहत : अग्निकांड पीड़ितों को एसडीएम ने पहुंचाया राशन

संवाददाता खागा फतेहपुर

**अमृत विचार।** खखरेरु थाना क्षेत्र के कोट गांव के मकसूदनपुर में रविवार दोपहर में आग लग जाने से एक ही परिवार के सात घर जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गए थे। जिसे लेकर सोमवार को एसडीएम खागा द्वारा पीड़ितों के लिए खाद्यान सामग्री पहुंचाई गई।

अग्निकांड से पीड़ित अमरनाथ, राम आसरे, भोला, राजेश, शिव भवन, नंद कुमार, देशराज, प्रेम लाल के घर का सारा सामान जलकर राख हो गया था। परिवार की मदद के लिए सोमवार को खागा एसीडीएम अतुल कुमार गंगवार फिर से गांव पहुंचे और पीड़ितों परिवारों को गेहूं, चावल, दाल, रिफाइन समेत अन्य खाद्य सामग्री वितरित करते हुए उन्हें राहत दी। मकसूदनपुर गांव में खाद्यान वितरण



खाद्य सामग्री वितरित करते कर्मचारी। अमृत विचार

के दौरान एसडीएम ने सप्लाई इंस्पेक्टर खागा, क्षेत्रीय लेखपाल गंगा सिंह, व गांव के तीनों कोटेदारों को निर्देशित करते हुए कहा की हर माह से पहले पीड़ित परिवार को राशन सामग्री समय से पहले पहुंचाई जाएगी। सरकार की तरफ से मिलने वाली मदद में कोई कमी नहीं होनी चाहिए।

इस मौके पर नायब तहसीलदार पीयूष कुमार, सप्लाई इंस्पेक्टर, क्षेत्रीय लेखपाल गंगा सिंह व कोटेदारों में हाफिज मोकीम, हाफिज शमीम, बलागत अली रहे।

# पहली पत्नी से तलाक लिए बिना दूसरी से रचाई शादी

संवाददाता किशनपुर फतेहपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में पहली पत्नी से तलाक लिए बिना पति द्वारा एक दूसरी पत्नी से शादी रचाने का मामला सामने आया है। पहली पत्नी ने नजदीकी थाने में तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र के सिलमी गढ़वा निवासी एक युवक ने अपनी पहली पत्नी को धोखा दे दिया और दूसरी शादी रचा ली। पीड़ित सीमा देवी ने बताया कि उसने वर्ष 2013 में किशनपुर क्षेत्र के सिलमी गढ़वा निवासी अभिषेक कुमार के साथ प्रेम विवाह किया था। दोनों एक साथ रहते थे। 2021 में कुछ विवाद के चलते दोनों एक दूसरे अलग रहने लगे। पीड़ित महिला ने बताया कि गर्भवती होने के बाद पति ने अपनी मां की तबीयत खराब होने का बहाना बना गांव जाने कि बात

- पहली पत्नी ने पुलिस से की शिकायत

कह मुझे कुछ दिन मायके में रहने की बात कही। जिसके बाद महिला उसके बहकावे में आकर अपने मायके चली आई। जिसके बाद से आज तक आरोपी पति महिला को लेने सके पास नहीं पहुंचा और यहां 21 अप्रैल को दूसरी शादी कर ली। कुछ दिन बाद महिला को पति के दूसरी शादी के बारे में पता चला तो वो अपने पति के गांव आ गई। लेकिन यहां उसके साथ मारपीट की गई। जिसके बाद महिला ने पुलिस से शिकायत की है।

मामले पर प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि महिला ने लिखित शिकायत नहीं की है फिर भी सिपाहियों को भेजकर दोनों पक्षों को बुलाया गया है। आगे विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# शिक्षा को बनाया जा रहा व्यवसायिक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- अप्रैल माह में ही स्कूल संचालक कर लेते हैं लाखों का व्यवसाय
- विभाग मान्यता देकर गाइड लाइनों के पालन कराने में गम्भीर नहीं

**अमृत विचार।** नया शिक्षा सत्र शुरू होते ही खासकर निजी विद्यालयों में व्यवसाय तेज हो गया है। बेसिक शिक्षा विभाग से मान्यता लेकर चल रहे निजी स्कूलों ने अप्रैल महीने में ही लाखों का कारोबार कर डाला। स्कूलों से कापी किताब, टाई बेल्ट की बिक्री के साथ ही यूनिफार्म की बिक्री तक की गई।

बेसिक शिक्षा परिषद से मान्यता लेने वाले स्कूलों के लिये पहली शर्त ही यही है कि स्कूल का संचालन व्यक्तिगत या समिति के लाभ के लिए नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद स्कूल संचालकों ने करोड़ों के वारे न्यारे कर दिए। अप्रैल का महीना सत्र का पहला महीना होने के कारण प्रवेश का था। इसके कारण यहां पर कारोबार चरम पर है।

बीएसए से लेकर सभी 13 ब्लॉकों में निगरानी के लिये बैठे बीईओ तक इन निजी स्कूलों में चल रहे कारोबार की जांच करने की जहमत नहीं जुटा सके। कारोबार से जुड़े सूत्रों की मानें तो इसका एक बड़ा हिस्सा जिम्मेदारों के पास भी जाता है, इसलिये अपने परिषदीय स्कूलों के इंतजाम दुरुस्त करने का दावा करके अफसर निजी स्कूलों की लूट रोकने के लिए नहीं निकलते हैं। जिले में तमाम स्कूल बिना मान्यता के भी चलने के बाद भी विभाग के अफसर इन पर हाथ डालने की जहमत नहीं उठा रहे हैं।

### प्ले-ग्रुप की कक्षाओं पर नियंत्रण नहीं

निजी स्कूलों की एक बड़ी कमाई का रास्ता प्ले ग्रुप व किंडर गार्टन कक्षायें भी हैं। जबकि विभाग की ओर से 2019 के बाद से ही इनकी मान्यता बंद कर दी गई। इसके बाद भी मान्यता देने के समय जिम्मेदार न तो संस्थान का स्थलीय निरीक्षण करने जाते और मान्यता देने के बाद तो अपनी जिम्मेदारी तक भूल जाते हैं। हालात यह हैं कि इन कक्षाओं के भी बच्चों का बैग कई बार बच्चे के वजन से भारी नजर आता है।

### नियम विरुद्ध पुस्तकें

बेसिक शिक्षा की मान्यता नियमों के अनुसार कोई भी निजी स्कूल मान्यता लेने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग से निर्धारित हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम के पाठ्यक्रम से इतर न तो पाठॅयक्रम का संचालन करेगा और न ही इससे इतर पाठ्य पुस्तकों का उपयोग करेगा। इसके बावजूद जिले के हर निजी स्कूल के पास अलग पाठ्यक्रम और पुस्तकों का भंडार है। हालत यह है कि पैकेज के आधार पुस्तके बेचने वाले स्कूलों पर इनका कोई नियंत्रण ही नहीं रह गया है।

## एक नजर

### कांग्रेस के संगठन प्रभारी बने राजन

**फतेहपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष बीरेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि वेद प्रकाश उर्फ राजन तिवारी को महासचिव के पद पर अनुमोदित किया गया था। एनएसयूआई और युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं। इनकी कर्मठताक को देखते हुए संगठन प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। नवमनोनीत राजन तिवारी ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है, उसका निर्वाहन ईमानदारी से किया जाएगा।

### बालिकाओं को किया गया जागरूक

**फतेहपुर।** एसपी उदय शंकर सिंह के निर्देश पर सोमवार को सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया।

### तमंचा के साथ गिरफ्तार

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली पुलिस ने रविवार की रात चेकिंग के दौरान सिल्मी नहर पुलिया के पास से एक संदिग्ध को एक तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी पहचान खागा कोतवाली क्षेत्र के वंशीपुर मजरे ईंटगांव निवासी जिलाजीत उर्फ प्रीतम सिंह पुत्र शिवबहादुर के रूप में बताई है।

### एक मामले में हुआ समझौता

**फतेहपुर।** पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों में काउंसलिंग की कार्यवाही में सोमवार को प्रभारी निरीक्षक संगीता सिंह व काउंसिलिंग सदस्य सुरेश चंद्र जायसवाल द्वारा काउंसिलिंग कराते हुए एक मामले में समझौता कराया गया।

### चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया

**जाफरगंज।** थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह हमराही उपनिरीक्षक विजय कुमार त्रिवेदी, कांस्टेबल हर्षित के साथ सोमवार को गश्त पर थे। अमौली खजुहा मार्ग पर पांडेयपुर के पास संदिग्ध एक युवक बाइक के साथ खड़ा था। पुलिस को देख युवक ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ में बाइक चोरी की निकली। वहीं तलाशी दौरान पुलिस ने एक तमंचा व कारतूस बरामद किया है।

# सूने घर का ताला तोड़कर नकदी सहित जेवरात चोरी

संवाददाता थरियांव

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र की एक महिला घर का ताला बंद कर खेतों में अरहर कूटने रविवार को चली गई थी। तभी मौका पाकर चोरों ने महिला के घर का ताला तोड़कर नकदी सहित जेवरात चोरी कर लिये। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी चोरों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। शाम को महिला जैसे ही घर वापस लौटी तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और नकदी सहित जेवरात गायब है।

थाना क्षेत्र के दिहुली गांव निवासी रीता देवी के पति की मौत सड़क हादसे में हो गई थी। तब से महिला गांव के सामने हाईवे पर खाद की दुकान चलाकर अपने जीवन का

- घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी किया क्षतिग्रस्त

गुजारा करती है। बताया कि रविवार सुबह वह अपने खेत में लगी अरहर को कूटने के लिए घर पर ताला लगा कर चली गई थी। तभी मौका पाकर चोरों ने घर का ताला तोड़कर गुल्लक में रखे खाद बिक्री के 1.25 लाख रुपये व एक लाख के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए।

महिला ने अपनी सुरक्षा के लिए अपने घर पर एक सीसीटीवी कैमरा भी लगा रखा था। चोरों ने कैमरे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। थाना अध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि घटना को लेकर तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

# ज्यादा मतदान करने की दिलाई शपथ

संवाददाता, बिंदकी फतेहपुर

- स्वयं मतदान करने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी मतदान के लिए करेंगे प्रेरित
- जिले में 20 मई को होना है मतदान, निर्वाचन आयोग चला रहा है जागरुकता अभियान

**अमृत विचार।** आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिकतम मतदान के लिए इंटर कॉलेज में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को अधिकतम मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। जिसमें कहा गया कि जो लोग 18 वर्ष या इससे अधिक के हो चुके हैं वह लोग स्वयं मतदान करेंगे और अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

सोमवार नगर के लंका रोड स्थित विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव मे अधिकतम मतदान के लिए छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई। अधिक से अधिक मतदान से लोकतंत्र मजबूत हो सके। यह भी कहा गया कि सभी लोग अपने



मतदान की शपथ दिलाते अतिथि। अमृत विचार

अभिभावकों पड़ोसियों तथा अन्य मतदाताओं से भी अधिक से अधिक मतदान करने को प्रेरित करेंगे। लोकसभा चुनाव में 19 लाख से अधिक मतदाता है। शपथ कार्यक्रम में बलराम सिंह, हर्षित त्यागी, देवेंद्र सिंह, अमित दीक्षित, प्रशांत कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# वाहनों की रफ्तार रोक रहे हाईवे किनारे खड़े ट्रक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- हाईवे पर अवैध कट और अन्ना मवेशी भी बन रहे बाधक

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे के वाहनों की रफ्तार में किनारे खड़े ट्रक और अन्ना मवेशी ब्रेक लगा रहे हैं। वहीं हादसों का कारण भी बन रहे हैं। एक तो अन्ना मवेशियों की भरमार है। उसके अलावा ढाबों के बाहर खड़े ट्रक सबसे बड़ी व पुरानी समस्या है। वहीं हाईवे के अवैध कट भी दुर्घटना का कारण बनते हैं।

नेशनल हाईवे पर बने अवैध कट अक्सर हादसे का कारण बनते हैं। नेशनल हाईवे के अल्लीपुर, मलवां, बिलंदा आदि स्थानों के पास बने कट से पूरे दिन दो पहिया वाहन हाईवे से आरपार होकर गलत दिशा में पहुंच जाते हैं। इस कारण अक्सर भारी वाहन या दो पहिया वाहन सवार हादसे का शिकार हो जाते हैं। कट से दिन क्या रात में भी गाड़ियां आर-पार होती हैं। इसकी वजह दूसरी साइड पर पड़ने वाले कस्बे व उनसे जुड़े रास्ते हैं। वहीं नेशनल हाईवे के चौडगरा के आसपास बहुतायत में ढाबे हैं, जिसमें चालक-परिचालक भोजन खाते हैं। सड़क में ही अपने ट्रकों को खड़ा कर देते हैं। इसके अलावा हाईवे खराब हुए ट्रक भी साइड में कई कई घंटों तक खड़े रहते हैं। जो दुर्घटना का कारण बनते हैं। वहीं नेशनल हाईवे के दोनों ओर खेत लगे होने के कारण दिन रात सड़क पर ही अन्ना मवेशियों का झुंड नजर आता है।

**मनमानी** — नान ब्रांडेड सामान की डेट, रेट और वेट सवालों के घेरे में, जिम्मेदार बन रहे अनजान

# मुफ्त राशन के साथ दे रहे घटिया सामान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** गरीबों को मुफ्त राशन देने की योजना कई महीनों से गरीबों के लिए दुखदाई साबित हो रही है। मुफ्त राशन के साथ कार्ड धारकों को 100 रुपये का नॉन ब्रांडेड नहाने व कपड़ा धोने का साबुन और मसाले राशन दुकानदारों द्वारा दिया जा रहा है। जिनके पास बाजार से राशन खरीदने के लिए जेब में फूटी कौड़ी नहीं है वह मुफ्त का राशन लेने के लिए सौ रुपये कहां से लाएगा। यह एक बड़ा सवाल है।

मुफ्त राशन योजना जिले में लूट योजना बन गई है। राशन की दुकानों से वितरण किए जाने वाले सामान की क्वालिटी इतनी घटिया है कि लोगों को यह सामान खरीदना रास नहीं आ रहा। कार्डधारकों का आरोप है कि मुफ्त राशन के नाम पर खाद्य एवं रसद विभाग अपना व्यापार करने में तुला है। मुफ्त में राशन के नाम पर घटिया ब्रांड के मसाले, साबुन व डिटर्जेंट पाउडर का जहां व्यापार कर गरीबों के साथ अन्याय किया जा रहा है। वहीं राशन में दिया जा रहा गेहूं इतना घटिया दिया जा रहा है कि जिसमें आटा से ज्यादा चोकर निकलता है। चावल की क्वालिटी भी खाने योग्य नहीं है। इनका आरोप रहा कि मुफ्त के नाम पर घटिया राशन वो भी तौल में कम मिल रहा है, वहीं राशन के साथ सौ रुपये का अलग से सामान लेना पड़ता है। जो मुफ्त में राशन के नाम पर गरीबों के साथ छलावा है।

### क्या कहते हैं कोटेदार

कोटेदारों का कहना है कि विभाग द्वारा नहाने व कपड़ा धोने का साबुन, डिटर्जेंट पाउडर व सब्जी मसाले आदि सामान मुफ्त राशन के साथ एक सौ रुपये में देने को कहा गया है तो उनकी मजबूरी है। उनका कहना है यदि सामान ब्रांडेड कम्पनियों का होता तो दूकानदारों को ही कुछ घाटे में बेच कर पूर्ति कर लेते। मुफ्त राशन के साथ अन्य सामान की बिक्री किए जाने के सम्बन्ध में पूर्ति विभाग का कहना है कि अन्य सामान खरीदना लाभार्थियों के लिए आवश्यक नहीं है। पूर्ति विभाग की यह बात किसी के भी गले से नहीं उतरती है कि जब लाभार्थियों की बाध्यता नहीं है तो यह घटिया कम्पनियों का साबुन डिटर्जेंट पाउडर व मसाले किसके आदेश पर पूर्ति विभाग कोटेदारों को मुहैया करा रहा है और इन नान ब्रांडेड सामान की कीमत का निर्धारण किसने किया है और कोटेदारों के माध्यम से क्यों बेचा जा रहा है।

### गरीबों के साथ छलावा

गरीबों के साथ अच्छा खासा छलावा खाद्य एवं रसद विभाग कर रहा है। क्या गरीबों को मुफ्त राशन के नाम पर ठगा नहीं जा रहा है? एक बड़ा सवाल है। अब मुफ्त राशन के साथ एक सौ रुपये का सामान दिया जान से मुफ्त राशन के आसरे जीवन चलाने वाला गरीब तबका के लिए अभिशाप से कम नहीं है।

### खाद्य विभाग ने नहीं जांची क्वालिटी

खाद्य विभाग को चाहिए की जिस खाने की सामग्री को कोटेदार के माध्यम से लोगों को घर घर पहुंचाया जा रहा है। वह मानक के अनरूप भी है की नहीं, इसका नमूना भर कर जांच हेतु प्रयोगशाला भी नहीं भेजा गया। जिससे गरीबों की रसोई में परोसे जाने वाले मसाले पर लोग सवाल खड़ा कर रहे हैं।

### सामग्री में डेट, वेट और रेट सवालों के घेरे में

योजना तो गरीबों को मुफ्त में राशन देने की है न कि मुफ्त राशन की कीमत घटिया नान ब्रांडेड कम्पनियों का सामान गरीबों को ही बेच कर निकाला जा रहा है। जिन नान ब्रांडेड कंम्पनियों का सामान कार्ड धारकों को कीमत लेकर जबरन दिया जा रहा उस सामग्री में डेट, रेट, वेट सवालों के घेरे में है।

# सेक्टर व बूथ पदाधिकारियों के साथ बसपाइयों ने किया मंथन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी भी बैठक में रहे मौजूद
- मायावती को प्रधानमंत्री बनाने का लिया संकल्प

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की रणभेरी के बीच प्रमुख दलों द्वारा बैठक एवं सम्मेलन करने का सिलसिला जारी है। सोमवार को बहुजन समाज पार्टी द्वारा पार्टी कार्यालय में सदर विधानसभा की कार्यकर्ता सेक्टर बूथ के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लोक सभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी डॉ. मनीष सिंह सचान उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. दीप गौतम ने की व संचालन संजय सचान ने किया। प्रत्याशी डॉ. मनीष सिंह सचान ने कहा कि हमें कैसे बूथ पर काम करना है चुनाव को जीतने के लिए एक एक साथी लग जाएं तथा बहन मायावती को देश का प्रधानमंत्री बनाने का काम करना है। बाबा साहेब ने जो वोट की ताकत दी है हमें उसका इस्तेमाल करके पार्टी को जिताना है।



बैठक में चुनाव को लेकर चर्चा करते बसपा नेता। अमृत विचार

इस मौके पर पूर्व विधायक मुरलीधर गौतम, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद आसिफ एडवोकेट, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अय्यूब अहमद, पूर्व जिला अध्यक्ष अभिषेक प्रताप सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष नीरज पासी, पूर्व जिला अध्यक्ष संदीप जडेजा, नगर अध्यक्ष गाज़ी अब्दुर रहमान गनी, सूर्य भवन गौतम, प्रवेश कुमार गौतम, ललित गौतम, संतोष मौर्य, मनीष पासी, नरेश पासी, सर्वेश गौतम, अंकित गौतम सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

# लगातार बढ़ रहा तापमान, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

## पिछले तीन दिन से पारा चल रहा था 40 डिग्री सेल्सियस पार, सोमवार को 42 पर पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दोपहर में तेज धूप ने बदन झुलसाया, सड़कों पर छाया रहा सन्नाटा



**अमृत विचार।** मौसम ने आंखें तरेर लीं और पारे का रौद्र रूप दिखाई देने लगा है। मौसम विभाग ने हीटवेब और लू चलने का अलर्ट जारी किया है। ऐसा मौसम रहने से आने वाले दिनों में तेज आंधी आ सकती है। पिछले तीन दिनों में पारा 40 डिग्री से अधिक ही रहता है। सोमवार को तापमान 42 डिग्री पर पहुंच गया। ऐसे में लोग तेज धूप से परेशान रहे और सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा।

सोमवार को सुबह से लेकर दोपहर बाद तक कड़ी धूप रही। इससे पारा 42 डिग्री के आंकड़े पर ठहर गया। लोगों को काफी समस्याएं हुईं। आठ किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से चली हवाओं ने खूब छकाया। जिले के मौसम विभाग ने 27 अप्रैल से पहले मौसम को लेकर अलर्ट जारी किया था लेकिन सोमवार शाम तक तापमान बढ़ता रहा। सुबह करीब नौ बजे कड़ी धूप के कारण पारा 39 डिग्री रिकार्ड किया गया। इसके बाद दोपहर में ढाई बजे तक 42 डिग्री पर पारा ठहरा रहा। कुछ देर के लिए पारा बढ़ा पर स्थिर ज्यादा होने से लोग बेहाल नजर आए। शहर से लेकर गांव तक लोग गर्मी से बिलबिलाते नजर आए। जीटी रोड, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, कन्नौज-तिर्वा रोड, बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, तिर्वा क्रासिंग, गैस एजेंसी रोड, मकरंदनगर इलाके में गर्मी के कारण सड़कों पर सन्नाटा दिखाई पड़ा। वहीं, मौसम में नमी का स्तर 19 फीसद रहा जबकि न्यूनतम पारा 21 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अभी भी मौसम में बदलाव की उम्मीद है। दिन का तापमान 44 डिग्री तक पहुंचने की उम्मीद है और हवा की गति अधिक होने से हीटवेब चलने की संभावना है।

### सोमवार का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 42 डिग्री |
| न्यूनतम तापमान | 21 डिग्री |
| हवा की गति | 8 किमी प्रतिघंटा |
| हवा की दिशा | दक्षिण पश्चिम |
| हवा में नमी | 39 प्रतिशत |



जिला अस्पताल में कतार में खड़े मरीज व तीमारदार। अमृत विचार

### हीट वेव से न किया बचाव तो हो सकते हैं बीमार

**कन्नौज।** हीट वेव में उल्टी दस्त, बुखार, सांस, डायरिया के मरीज बढ़ गए हैं। डॉक्टरों का कहना है कि लू से बचने के लिए खूब पानी पीयें, रखे हुए गन्ने के रस व कटे फल, बासी खाना खाने से बचें। जिला अस्पताल में उल्टी, दस्त, खांसी, जुकाम के मरीज उमड़ रहे हैं। सोमवार को करीब 700 मरीज इलाज के लिए पहुंचे। हीट वेव से बचाव न किया तो आप बीमार हो सकते हैं। इससे बचने के लिए खूब पानी पीते रहें। खानपान का पूरा ध्यान रखें। उल्टी दस्त होने पर तत्काल उपचार लें। अस्पताल पहुंचने से पहले ओआरएस घोल बना कर पीते रहें। जिला अस्पताल में अधिकतर मरीज बुखार से पीड़ित होकर पहुंच रहे हैं। सोमवार को करीब 700 मरीज जिला अस्पताल पहुंचे। ओपीडी में मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिली। मौसम गर्म होने से बुखार के अधिक मरीज आ रहे हैं। बच्चे डायरिया से पीड़ित हो रहे हैं। वृद्ध लोग सांस की समस्या से पीड़ित हो रहे हैं।



डॉ. भूपेश कुमार पपने।

### तेज धूप से करें बचाव

जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. भूपेश कुमार पपने ने बताया कि दोपहर के समय घर से न निकलें। जो काम हो उसे सुबह नौ बजे तक या शाम पांच बजे के बाद करें। यदि घर से बाहर निकलना जरूरी हो तो फुल अस्तीन के कपड़े पहनें। हो सके तो छाता का प्रयोग करें। ओआरएस घोल मिक्स पानी की बोतल साथ लेकर निकलें। प्यास लगने पर तत्काल पानी पीयें। शिकंजी, आम का पना गर्मी में पीने से हीट वेव से बचा जा सकता है। मक्खी से बचने के लिये मच्छरदानी का प्रयोग करें। गलत खानपान से पूरी तरह परहेज करें। बर्फ का सेवन न करें। खाना ताजा खायें। जिन खाद्य पदार्थों में अधिक मक्खी बैठी हो उसे किसी सूरत में न खायें।

## युवक की हत्या में पुलिस ने तीसरे आरोपी को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** महिला ने पहले प्रेमी के संग मिलकर षडयंत्र रचा और फिर पति की हत्या करा दी। मामले में आरोपी प्रेमी-प्रेमिका को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। फरार चल रहे तीसरे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाल जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि 07 अप्रैल की रात ग्राम रामकृष्ण नगर निवासी प्रियांशु पटेल की पत्थर से कूंचकर हत्या कर शव को सड़क किनारे फेंक दिया गया था। पत्नी प्रांची ने प्रेमी अनुज कुमार के साथ मिलकर पति की हत्या का षडयंत्र रचा था। इसके बाद अनुज ने अपने साथी अतुल कुमार के साथ मिलकर प्रियांशु पटेल की हत्या कर दी थी। मामले में आरोपित प्रेमी प्रेमिका को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। फरार चल रहे अमरोहा के थाना हसनपुर ग्राम बसीकला निवासी अतुल कुमार को भी पुलिस ने चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# गैर इरादतन हत्या में युवक को दो साल कठोर कारावास, जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी प्रथम) ने सुनाई सजा, आठ हजार रुपये अर्थदंड
- मोटरसाइकिल को लेकर हुए विवाद में कुल्हाड़ी मार कर दी थी युवक की हत्या



**अमृत विचार।** मोटरसाइकिल को लेकर हुए विवाद में युवक की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर देने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी प्रथम) ने दोषी युवक को दो साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उस पर आठ हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सजा सुनाए जाने के बाद दोष सिद्ध युवक को न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेज दिया गया।

शासकीय अधिवक्ता बृजेश शुक्ल ने बताया कि छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नौली निवासी नंदकिशोर दुबे ने 27 नवंबर 2021 को मुकदमा दर्ज कराया था कि गांव में अनूप तिवारी पुत्र चुन्नालाल तिवारी से मोटरसाइकिल को लेकर उनके भाई अंकित दुबे का विवाद हो गया था। इसी रंजिश में 19-20 नवंबर 2021 की रात दो बजे के करीब अनूप अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ घर की दीवार फांद कर अंदर घुस आया और सो रहे उनके भाई अंकित दुबे के साथ मारपीट कर दी। आरोपियों ने उसके ऊपर कुल्हाड़ी से प्रहार किए, जिससे वह मरणासन्न हो गया। छोटा भाई बृजकिशोर दुबे भी घायल हो गया था।

आरोपी जान से मारने की धमकी देकर घर से भाग गए। रात में ही घायल अंकित को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। इलाज के दौरान अंकित की एक प्राइवेट अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था, जिसमें कुल्हाड़ी के वार से मौत की पुष्टि हुई थी। विवेचक आलोक कुमार सिंह ने आरोपी अनूप तिवारी को गिरफ्तार कर 15 दिसंबर 2021 को खून से सनी कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली थी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सात गवाह पेश किए गए। सोमवार को अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी प्रथम) इंद्रजीत सिंह ने अनूप तिवारी को दोष सिद्ध करते हुए घर में घुसकर मारपीट करने पर दो साल के कठोर कारावास व पांच हजार रुपये तथा गैर इरादतन हत्या करने पर दो साल का कठोर कारावास व तीन हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। उन्होंने बताया कि दोनों सजाएं एक साथ चलेंगीं।

## लाइनमैन से मारपीट के मामले में समझौता

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली में सोमवार को उपजिलाधिकारी ने संविदा लाइनमैन से मारपीट के मामले में मंडी सचिव से समझौता कराकर बिजली बिल बकाया भी जमा करा दिया। निगम मंडी के फीडर पर रवि कुमार पुत्र प्रमोद कुमार संविदा लाइनमैन है। रविवार दोपहर दो बजे वह मंडी के बाहर रखे ट्रांसफार्मर का फ्यूज जोड़ रहा था। तभी उसकी नजर ट्रांसफार्मर से जोड़े गए अवैध कनेक्शन पर पड़ी जो मंडी सचिव के कार्यालय तक गया था। लाइनमैन ने अवैध कनेक्शन काट दिया। इस दौरान मंडी गार्ड रमेशचंद्र, नवीन चौहान व लाल सिंह ने देख लिया और इसकी जानकारी मंडी सचिव सचिन कुमार उर्फ श्रवण को दी। मंडी सचिव ने गार्डों के अलावा चार पांच अन्य साथियों के साथ मिलकर लाइनमैन को जमकर पीट दिया था। इससे उसके कपड़े फट गए और घायल हो गया। लाइनमैन ने मामले की शिकायत अधिकारियों के अलावा कोतवाली पुलिस से की थी। सोमवार को उपजिलाधिकारी उमाकांत तिवारी ने कोतवाली पहुंच कर बिजली विभाग के अवर अभियंता और लाइनमैन से बात कर समझौता कराकर मंडी पर बिजली बिल का बकाया 9 लाख रुपये भी जमा करा दिया।

## जागरुकता शिविर में दी बच्चों को यातायात की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सड़क पर चलते समय बरतें सावधानी

**अमृत विचार।** क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ प्रियंका वाजपेई के नेतृत्व में यातायात प्रभारी आफ़ाक खां ने शहर के एक पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी। प्रश्न पूछकर सही जवाब देने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया गया।

यातायात प्रभारी ने बताया कि सड़क को पैदल क्रॉस करते समय कभी भी रोड के किनारे खड़ी गाड़ियों के पास से नहीं निकलें। ग्रीन क्रॉस कोड में चार चीजें होती हैं, रुको, देखो, सुनो तब सोच समझ कर चलो। इनको हमेशा याद रखना चाहिए। बाइक चलाते समय हेलमेट धारण न करने से दुर्घटना पर लोगों की जान चली जाती है। आपातकालीन वाहनों को रास्ता न देने पर 10,000/रुपये जुर्माना होता है। गोल्डन आवर के बारे में और गुड सेमेरिटन के बारे में विस्तार से समझाया गया। यातायात प्रभारी ने छात्र एवं छात्राओं से यातायात संबंधी सवाल पूछे। तीन छात्रों ने जवाब दिए।

# अंडाशय से निकाली दो किलो की गांठ

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- डॉ. सपना सिंह के नेतृत्व में स्त्री रोग व प्रसूति विभाग मे हुआ ऑपरेशन

**अमृत विचार।** एक साल से पेट दर्द से परेशान युवती की जांच कारई गई तो अंडाशय में गांठ का पता चला। इस पर मेडिकल कालेज के स्त्री रोग एवं प्रसूति विभाग के डॉक्टरों की टीम ने भर्ती कर ऑपरेशन कर एक किलो की गांठ निकाल दी।

डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर मेडिकल कॉलेज में कोतवाली क्षेत्र की 19 साल की युवती तीन दिन पहले पेट दर्द से परेशान होकर पहुंची थी। स्त्री रोग एवं प्रसूति विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सपना सिंह ने उसका अल्ट्रासाउंड कराया तो अंडाशय में गांठ का पता चला। इस पर भर्ती होने की सलाह दी। भर्ती के बाद जांचें कराईं और परिजनों की सहमति से ऑपरेशन किया। सोमवार को डॉ. सपना के नेतृत्व में डॉ. ममता सिंह, डॉ. शशि शुक्ला , डॉ. मीनाक्षी शुक्ला ,एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. प्रमोद ,नर्स कंचन , ओटी टेक्निशियन मुनव्वर की टीम ने आपरेशन कर एक किलोग्राम की गांठ को निकाल कर बाहर कर दिया। डॉ. सपना सिंह ने बताया कि युवती के अंडाशय में लगभग 24*24 सेमी. की गांठ थी जिसे आपरेशन करके सफलता पूर्वक निकाल दिया4 गया।



महिला के ऑपरेशन के बाद डॉ. सपना सिंह व टीम। अमृत विचार

## साइबर फ्रॉड के शिकार व्यक्ति को वापस कराए रुपये

**छिबरामऊ, कन्नौज।** साइबर सेल ने फ्रॉड के शिकार हुए व्यक्ति के 20 हज़ार रुपये खाते में वापस कराए। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि नगर की मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी ऋषभ कुमार पुत्र रामसेवक ने आनलाइन से सूचना दी कि अज्ञात साइबर अपराधी ने डिजिटल पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से उसके बैंक खाते से ऑनलाइन 20 हजार रुपये उड़ा लिए। साइबर सेल थाना छिबरामऊ द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के बैंक खाता वॉलेट में रुपये वापस करा दिए।

## सार-संक्षेप

### ट्रेन से कट कर युवक की मौत, नहीं हुई शिनाख्त

**कन्नौज।** रविवार की रात किसी समय सदर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड कैलाश कोल्ड स्टोरेज के सामने अज्ञात युवक की ट्रेन से कट कर मौत हो गई। शव रेलवे ट्रैक से पुलिस ने बरामद किया है। शव के काफी दूर तक घिसटने के निशान मिले हैं। इससे उसके शरीर पर कपड़े नहीं रहे। काले जूते पटरियों के बीच सुरक्षित रखे हुए मिले। मृतक काला पैंट पहने था। मौके पर एक कीपैड मोबाइल टूटा हुआ मिला पर उसमें सिम नहीं था। पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। मकरंदनगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

### गृह कलह के चलते महिला ने पीया कीटनाशक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भानुपुर निवासी 35 वर्षीय दामिनी पत्नी अमन ने गृह कलह के चलते घर में रखा मच्छर लोशन पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत में के बाद परिजन घर ले गए।

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम लालपुर निवासी किसान राजवीर (40) रविवार की देर रात मक्का के खेत में पानी लगाने के लिए नलकूप पर गया था। नलकूप पर पंप चालू करते समय स्टार्टर में करंट आ गया। चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि राजवीर देर रात खेत में पानी लगाने गया था जहां करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। वह अपने पीछे पत्नी ज्योति देवी ऋषि (06), सनी (01), पुत्री परी (01) को छोड़ गया।

### मार्ग दुर्घटनाएं रोकने को किया एलसीडी से प्रचार

**कन्नौज।** जिले में हो रहे सड़क हादसों को रोकने के लिये परिवहन विभाग ने एलसीडी प्रचार प्रसार शुरू किया है। जिले में गलत सफर करने या गलत तरीके से वाहन चलाने से लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसको देखते हुए सोमवार को परिवहन विभाग की ओर से एलसीडी लगा एक वाहन जिला मुख्यालय भेजा गया। वाहन भीड़ वाले स्थानों पर खड़ा किया जाता है। दुर्घटना से बचाव संबंधी फिल्म दिखाई जाती है। बताया गया कि बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं। नशे में व रांग साइड में वाहन न चलाएं। निर्धारित गति से अधिक वाहन न चलाएं।



दुर्घटनाएं रोकने को किया जा रहा प्रचार।

### रजबहे में डूबने से बालक की मौत

**सौरिख, कन्नौज।** थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी शिवकुमार का मकान गांव के पास से निकले रजबहा के किनारे बना हुआ है। सोमवार सुबह उनका डेढ़ वर्षीय पुत्र नैतिक खेलते खेलते रजबहा में गिर गया। परिजनों ने उसे पानी से निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख ले गए। वहां, डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# किसानों के लिए निरंतर संघर्ष कर रही भाकियू किसान

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** संगठन की मजबूती व विस्तार के लिए भारतीय किसान यूनियन किसान की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन ठाकुर ने पदाधिकारियों से वार्ता कर रणनीति तय की। कहा कि सभी एकजुट होकर अवपने-अपने क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाएं और समाज के अच्छे लोगों को संगठन में जिम्मेदारी दें।

सोमवार को नगर के पावर हाउस स्थित दीक्षित नेत्र चिकित्सालय में भारतीय किसान यूनियन किसान की बैठक का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। कहा कि आचार संहिता हटने के बाद बिजली, पानी, सड़क, खाद, बीज, दवा, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए धरना प्रदर्शन कर आंदोलन किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन ठाकुर ने संगठन का विस्तार करते हुए नगर निवासी अभिषेक मिश्रा को युवा जिलाध्यक्ष व सोनू बघेल को युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव राजा खान, जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला, कलीम सिददीकी, मो. रजा, ब्रजराज सिंह, यासर खान, काशिफ खान, अकरम खान, सुरेश चंद्र यादव, शिवा ठाकुर, एजाज अहमद, महबूब खान, डॉ. मोहसिन, राशिद खान, आशीष, आफताब अहमद, मुस्लिम, राजीव कुमार, अमन मिश्रा, आशू मिश्रा, सिमरन शर्मा, सीमा खान, राशिद खान, मिनाज आलम, हाशिम खान, सचिन, पुनीत सविता, ध्रुव कुशवाहा, रामनिवास मिश्रा, शैलेश दुबे आदि मौजूद रहे।



अभिषेक मिश्रा को मनोनयन पत्र देते राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन ठाकुर। अमृत विचार

## जमीन से भूमाफियाओं का कब्जा हटवाने की मांग

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- एसडीएम को संबोधित ज्ञापन बाबू को सौंपा

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन बलराज के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा राहुल शाक्य के नेतृत्व में एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपकर डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम की जमीन को भूमाफियाओं के कब्जे से खाली कराने की गुहार लगाई।

भाकियू बलराज के प्रदेश अध्यक्ष चौ. अवधेश सिंह के निर्देश पर भाकियू युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राहुल शाक्य के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि तहसील के ग्राम लालकपुर में बाबा साहेब की जमीन पर कुछ दबंग भू माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। उपजिलाधिकारी उमाकांत तिवारी ने जमीन खाली कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर भारतीय किसान में बलराज के प्रदेश महामंत्री इंजीनियर सौरव यादव, मंडल सचिव आमिर खान, मंडल सचिव युवा अतुल सैनी रहे।

जताया आक्रोश — सिंचाई न हो पाने से दर्जनों गांवों की फसल सूखने की कगार पर

# बिजली की कटौती से परेशान किसानों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- बिजली आपूर्ति न होने से एक दर्जन ट्यूबवेल ठप पड़े
- अधिकारी बोले, ओवरलोड के कारण हो रही है कटौती

**अमृत विचार।** गांवों में बिजली कटौती से नलकूप नहीं चल पा रहे। सिंचाई न हो पाने से किसानों की फसलें सूखने की कगार पर पहुंच रही है। किसानों ने बिजली घर पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया है।

विकासखंड के पालपुर, जफराबाद, गंगे नगला, अतरौली, खरौली, तुलसीपुर, राजपुर समेत आधा दर्जन गांवों में पिछले दो माह से बिजली कटौती के कारण पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। इसके चलते लगभग एक दर्जन ट्यूबवेल ठप पड़े हुए हैं जिससे किसानों की सैकड़ो बीघा की मक्का, मूंगफली आदि की फसलें सूख रही हैं। गुस्साए किसान मोनू ठाकुर, सनी, राजा, अंकित, गोलू, महेंद्र, रोहित, सुधीर, अंकित, परम प्रकाश, कुलदीप, राजू, रणवीर सिंह, दयानंद सिंह, राकेश शर्मा, सुमित यादव, रवि राजपूत, अरुण राजपूत, समेत आधा सैकड़ा किसानों ने सोमवार को बिजली घर पहुंच कर विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और जल्द विद्युत व्यवस्था सही कराने की चेतावनी दी है। जेई सुनील कुमार वर्मा ने बताया भीषण गर्मी एवं ओवरलोड के कारण बिजली कटौती हो रही है। इन सभी गांवों की बिजली शेखपुर फीडर से जुड़ने की तैयारी चल रही है।



बिजली घर पर प्रदर्शन करते किसान। अमृत विचार

### जिला अस्पताल में लो वोल्टेज की शिकायत एमडी से होगी

**कन्नौज।** जिला अस्पताल में लो वोल्टेज की समस्या का समाधान न होने पर सीएमएस दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी से शिकायत करेंगे। जिले के बिजली विभाग को दो पत्र भेजने के बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं किया गया है। जिला अस्पताल में तैयार किया जा रहा स्वतंत्र विद्युत उपकेंद्र तीन वर्ष के बाद भी तैयार नहीं हो सका है। इससे उपकेंद्र से जिला अस्पताल को बिजली नहीं मिल रही है। जिला अस्पताल को अभी तक बहादुरपुर विद्युत उपकेंद्र से आपूर्ति दी जा रही है। इसी के चलते लो वोल्टेज की समस्या है। इसलिए एक माह से सीटी स्कैन मशीन नहीं चल रही थी।

### विद्युत समस्या पर उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पिछले पांच दिन से विद्युत समस्या से जूझ रहे निगम मंडी के आढ़तियों ने गल्ला आलू संघ के पदाधिकारियों के साथ विभाग पहुंचकर उपखंड अधिकारी रविंद्र कुमार को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि नवीन मंडी स्थल में पिछले पांच दिनों से पूरे परिसर में लाइट नहीं आ रही है, जबकि सभी कनेक्शन धारी हैं। बिल समय से जमा होते हैं। संगठन ने कनेक्शनधारकों की अलग लाइन की व्यवस्था किए जाने की मांग करते हुए कहा कि सीजन चल रहा है। दुकानदार बिना बिजली के कैसे काम कर सकेंगे। इस दौरान गल्ला आलू संघ के अध्यक्ष प्रीतू गुप्ता, विपिन गुप्ता, प्रमोद कुमार गुप्ता, अरशद अहमद, रामानंद दुबे, दिनेश चंद्र, प्रदीप कुमार गुप्ता, प्रहलाद नारायण, अनिल कुमार, धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, राजीव गुप्ता मौजूद रहे।



उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपते गल्ला आलू संघ के जिला अध्यक्ष प्रीतू गुप्ता।

## पांच दिन बाद लगी गांव में डीपी

खबर का असर

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के दौरान पांच दिन से डीपी खराब होने के कारण हो रही ठप हुई विद्युत आपूर्ति की खबर अमृत विचार में प्रमुखता से प्रकाशित हुई। इसके आठ घंटे बाद बिजली कर्मचारी नई डीपी लेकर गांव लगाने पहुंच गए।

कोतवाली क्षेत्र के बौरापुर गांव के लोगों को बिजली आपूर्ति के लिए गांव में तीन जगह पर डीपी लगाई गई जिससे लोगो को बिजली दी जा रही थी। पांच दिन पहले जिस डीपी से करीब आधे गांव की आपूर्ति होती थी वह जल गई। इसके बाद बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

लोगों की शिकायत पर बिजली विभाग के कर्मचारियो ने डीपी रखा दी पर आपूर्ति सही नहीं होने के कारण किसानो के सबमर्सिबल पंप बंद हो गए। चार दिन से फसल की सिंचाई बंद हो गई। समस्या की खबर अमृत विचार में प्रकाशित होते ही बिजली विभाग हरकत में आ गया। विभागीय अधिकारियों ने आठ घंटे के बाद नई डीपी लगवाकर आपूर्ति सुचारु करा दी।



ट्रांसफार्मर फुंका, चार दिन से बिजली आपूर्ति ठप पड़ी

सोमावार के अंक में प्रकाशित खबर।



गांव में डीपी लगाता कर्मचारी।

## कॉपियों की स्क्रूटनी के लिए 14 तक आवेदन

**कन्नौज।** यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों की स्क्रूटनी (सन्निरीक्षा) कराने के लिए 14 मई ऑनलाइन आवेदन करने की आखिरी तारीख है। प्रति प्रश्न पत्र 500 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। उसके बाद पंजीकृत डाक से प्रपत्र क्षेत्रीय कार्यालय भेजे जाएंगे। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की वर्ष 2024 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा से संबंधित कॉपियों की सन्निरीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जाएंगे। लिखित व प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए अलग-अलग शुल्क लगेगा। निर्धारित शुल्क चालान के जरिए राजकीय कोषागार में जमा कर परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किए जाएंगे। उसके बाद डाउनलोड कर उसके प्रिंट आउट के साथ मूल चालान पत्र उसके सत्यापन के लिए पंजीकृत डाक से क्षेत्रीय कार्यालय को 14 मई से पहले भेजा जाएगा।

# जो कन्नौज के विकास की बात करेगा वोट उसी को मिलेगा

इरा अवस्थी, कन्नौज

**अमृत विचार।** गर्मी का मौसम अपने पूरे उत्कर्ष पर पहुंच रहा है। लू के बढ़ते थपेड़ों के साथ ही सियासी पारा भी लगातार बढ़ रहा है। नेता सुबह से ही वोटरों को मनाने-पटाने निकल पड़ते हैं। उधर, जनता भी नंबर देने के लिए तैयार है। हर आम और खास व्यक्ति पिछले पांच सालों का काम का आकलन करने में जुटी है। कोई कहता है कि सांसद सुब्रत पाठक ने इतने काम किए कि गिनाना ही मुश्किल है तो बहुसंख्य का कहना है कि विकास नाम की कोई चीज ही इन पांच सालों में दिखाई नहीं दी है। बात करने पर एक-एक कर समस्याएं गिनाना प्रारंभ कर देते हैं। इस बार वोट किसको देंगे? इस सवाल पर कुछ तो गोल-गोल जवाब देते हैं तो कुछ सीधे ही फैसला सुना देते हैं। कुछ तो बहुत ही आक्रोशित हैं कि खेत में जो फसल की उसका एक दाना भी घर तक नहीं पहुंचा। चौधरीसराय निवासी धर्मेंद्र गुस्से से भरे थे। कहने लगे कि आप हमारी गली देख लीजिए चलकर, बारिश होते ही घुटनों तक पानी भर जाता है। जनप्रतिनिध पर गंभीर आरोप तक लगा दिए। एक राजपूत बहुल गांव के बारे में तो खबर है कि यहां भी भीषण नाराजगी है। इस संवाददाता ने सोमवार को शहर से जुड़े कुछ इलाकों का जायजा लिया और आम मतदाताओं से बातचीत की।



शहर की गैस एजेंसी क्रॉसिंग के पास अपने विचार रखते कुछ आम मतदाता।




● कोई बोला, नहीं हुआ विकास तो किसी ने गिनाए सांसद के काम

## मतदाता बोले



दोपहर के 12 बजे मोहल्ला नसरापुर में शिवकुमार कश्यप पेड़ की छांव में खड़े दिखे। इनसे बात की जाती है कि कैसा जनप्रतिनिधि चाहते हैं? इस सवाल पर साफ कहते हैं जो हमारी समस्याओं का समाधान करे, सड़क, पानी, घर आदि की समाधान करे। मौजूदा जनप्रतिनिधि से संतुष्टि के सवाल पर बस मुस्करा भर देते हैं। उल्टा सवाल दाग देते हैं कि कहां दिख रहा है विकास? हालांकि वे सवालों के जवाब देने में कुछ सकुचाते भी रहे।



नसरापुर में ही रहने वाली प्रीती वोट जरूर डालती हैं। कन्नौज में हुए काम से खुश हैं? इस सवाल पर बोलीं कि हम तो मेहनत मजदूरी करने वाले लोग हैं। इस सरकार में शौचालय तो मिला लेकिन पानी का निकास नहीं होने से शौच के लिए अब भी खेतों में जाना पड़ता है। हालत यह है कि पानी घर के गड्ढे में ही भरने पर उलीच कर निकालना पड़ता है। जो नाली बनवा देगा उसको ही वोट देंगी। फिर उन्होंने अपने घर में गड्ढे में भरा पानी भी दिखाया।



गैस एजेंसी क्रासिंग के पास खड़े कुछ लोग चुनावी चर्चा में मशगूल थे। इसी दौरान वहीं रहने वाले युवा श्याम दुबे आ गए। बोले किसी दल से तो नहीं जुड़े हैं लेकिन सांसद ने खूब विकास कराया है। बताने लगे कि झींझक रेलवे ओवरब्रिज उनकी ही पहल से बना है। फिर कहा कि पांच हजार से ज्यादा दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल, चार लंबी दूरी के ट्रेनों का स्टापेज कराया। सपा के कार्यकाल को लेकर बोले कि अखिलेश ने मुख्यमंत्रित्व काल में काम कराए।



नसरापुर के ही छोटेलाल चारपाई पर बैठे थे। उनके पास बैठकर मन लिया तो तंज भरे स्वर में बोले- भई बहुत काम हुआ है, इतना कि गिना ही नहीं सकते। फिर धाराप्रवाह शुरू हो गए कि तीन मौजा हैं, एकउ हैंडपंप नाहीं है। दस बीघा गेहूं करो हतो लेकिन एक दाना नाहीं घरै पहुंचो। कारण पूछने पर बोले कि सब सांड़ खाय गये। वोट की बात पर साफ कहा कि जो विकास करइये उसई को दीहें। मौजूदा जनप्रतिनिधि के सवाल पर बोले- वोट मांगने सब आते हैं लेकिन फिर कोई नहीं दिखता।



आशा कहतीं है कि वोट तो हमेशा डालन जातीं हैं। इस बार भी दिएं। कैसे को दियौ बोट? यह पूछने पर कहतीं हैं जहां सब लोग दिएं वहीं दै दीहैं। मेहनत मजदूरी करतीं हैं। सड़क, पानी, कालोनी आदि को लेकर बोलीं देखौ कहा भौ? एक कालौनी लौ तो नाहीं मिली। सांसद से कहने के सवाल पर बोलीं, बे आए तो हते वोट मांगन, झूठी काहे कहैं। उनसे समस्या नहीं रखी, इस पर बोलीं कि का कहैं। कोई नाहीं सुनत। वोट उसको ही दीहैं जा काम करहिये, कालोनी दी है।



वार्ता के दौरान मौजूद वैश्य समाज के पदाधिकारी एवं व्यापारी। अमृत विचार

# वैश्य समाज ने भाजपा को दिया अपना समर्थन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर की बैंक ऑफ़ इंडिया के पास स्थित धर्मशाला में प्रेस वार्ता कर वैश्य समाज ने भाजपा को समर्थन देते हुए सुब्रत पाठक को जिताने का संकल्प लिया है।

कहा गया कि 25 करोड़ वैश्यों को एक सूत्र में पिरोने के लिए प्रतिबद्ध एकमात्र संस्था अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन (इंटरनेशन वैश्यफेडरेशन) आई.वी एफ. ने 1 अप्रैल 2024 को कटरा जम्मूकश्मीर में आयोजित राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक में अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल एवं प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. नीरज बोरा विधायक के प्रस्ताव पर राष्ट्रहित भारतीय सस्कृति की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध भारतीय जनता पार्टी एवं उनके सहयोगी दलों को संपूर्ण राष्ट्र में एक मुश्त वोट करने का संकल्प लेकर प्रस्ताव पास किया है। इसी के संदर्भ में कन्नौज लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पूर्ण समर्थन देने का संकल्प लिया गया है।

# दो नाम वापस होने के बाद 15 प्रत्याशी मैदान में

## पूर्व सांसद और सांसद की पत्नी ने लिया नाम वापस, चुनाव चिह्न आवंटित, आज कलेक्ट्रेट सभागार में होगी प्रत्याशियों के साथ बैठक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से नामांकन करने वाले पूर्व सांसद प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा व भाजपा सांसद सुब्रत पाठक की पत्नी नेहा पाठक ने अपना नाम वापस ले लिया। इससे अब 15 प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं। इस कारण अब एक ही ईवीएम से चुनाव कराया जाएगा। रिटर्निंग ऑफिसर ने सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए। आज 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में सामान्य प्रेक्षक सभी प्रत्याशियों के साथ बैठक कर चुनाव आयोग की गाइड लाइन के बारे में जानकारी देंगे।

सोमवार को लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए नाम वापसी का दिन था। रिटर्निंग ऑफीसर शुभ्रांत कुमार शुक्ल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार के समक्ष पूर्व सांसद रामबख्श सिंह वर्मा व भाजपा सांसद की पत्नी नेहा पाठक ने अपना नाम निर्देशन पत्र वापस ले लिया। इससे पहले 17 प्रत्याशी मैदान में थे, अब दो नाम वापस होने से केवल 15 रह गए हैं। ईवीएम के बैलेट यूनिट में नोटा समेत 16 प्रत्याशियों की ही जगह होती है। अब एक ही ईवीएम से लोकसभा चुनाव होगा। शाम को तीन बजे रिटर्निंग आफीसर ने सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए। इनमें राष्ट्रीय व मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को चुनाव चिन्ह दिए गए तो निर्दलीयों को निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार चुनाव-चिन्ह प्रदान किए गए।




कलेक्ट्रेट में चुनाव चिह्न लेते अखिलेश यादव के प्रस्तावक गुड्डू सक्सेना। अमृत विचार

### दो प्रत्याशियों को लॉटरी से मिले चुनाव-चिह्न

राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी आलोक वर्मा व भारतीय कृषक दल के प्रत्याशी प्रमोद कुमार यादव को लॉटरी से चुनाव चिह्न दिए गए। दरअसल आलोक वर्मा व प्रमोद यादव ने एक ही चुनाव चिह्न गन्ना किसान की मांग की थी। इस पर रिटर्निंग ऑफीसर शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने उनके नाम की पर्चियां बनाकर लॉटरी पद्धति से आवंटन किया, जिसमें आलोक वर्मा को गन्ना किसान और प्रमोद यादव को चारपाई चुनाव चिह्न मिला।

**अब मैदान में यह प्रत्याशी**

| राजनीतिक दल | चुनाव चिन्ह | प्रत्याशी |
|---|---|---|
| समाजवादी पार्टी | साइकिल | अखिलेश यादव |
| बहुजन समाज पार्टी | हाथी | इमरान बिन जफर |
| भारतीय जनता पार्टी | कमल | सुब्रत पाठक |
| राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी | गन्ना किसान | आलोक वर्मा |
| भारतीय कृषक दल | चारपाई | प्रमोद कुमार यादव |
| भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी | केतली | शैलेंद्र कुमार |
| भारतीय शक्ति चेतना पार्टी | बांसुरी | सुनील कुमार |
| ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक | शेर | सुभाष चंद्र |
| निर्दलीय | एयर कंडीशनर | इरफान अली |
| निर्दलीय | अलमारी | पुरुषोत्तम तिवारीर |
| निर्दलीय | ऑटो रिक्शा | भानु प्रताप सिंह |
| निर्दलीय | सेब | यादवेंद्र किशोर |
| निर्दलीय | बेबी वॉकर | राज कठेरिया |
| निर्दलीय | स्टेथोस्कोप | ललित कुमारी |
| निर्दलीय | कैंची | सिनोद कुमार |

# ठीक से लें ट्रेनिंग, देनी होगी 'परीक्षा'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● पोलिंग पार्टियों को तीन से आठ मई तक दिया जाएगा दूसरा प्रशिक्षण

● चार सेट में तैयार होंगे पेपर 80 फीसदी से कम अंक आए तो दोबारा दिया जाएगा ज्ञान

**अमृत विचार।** जो मतदान कार्मिक लोकसभा क्षेत्र का चुनाव कराएंगे उनको दूसरे चरण का प्रशिक्षण तीन से आठ मई तक दिया जाएगा। उसी दिन पोलिंग पार्टियों को परीक्षा भी देनी होगी। मूल्यांकन में जिन कार्मिकों के अंक 80 फीसदी से कम होंगे, उनको फिर ट्रेनिंग दी जाएगी।

प्रभारी अधिकारी कार्मिक व सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने बताया कि चार सेट में पेपर तैयार हो रहे हैं। ईवीएम व प्रपत्रों के 30 प्रश्न आएंगे। पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय को पेपर हल करना होगा। सीडीओ ने बताया कि उसके बाद सभी 6,688 मतदानकार्मिकों की कॉपियों का मूल्यांकन किया जाएगा। सीडीओ का कहना है कि पहली बार ऐसा हो रहा है जब पोलिंग पार्टियों का मूल्यांकन किया जाएगा। इससे पहले मास्टर ट्रेनरों को ही 'इम्तिहान' से गुजरना पड़ा है। सीडीओ ने बताया कि सभी मतदानकार्मिक अच्छी तरह से प्रशिक्षण लें, जिससे परीक्षा में भी अंक बेहतर आएंगे और 13 मई को मतदान कराने में भी दिक्कतें नहीं आएंगी। अगर कोई समस्या आई तो निस्तारण भी अच्छी तरह से हो सकेगा।



ईवीएम के बारे में जानकारी करते मतदानकार्मिक। अमृत विचार



प्रशिक्षण लेने से पहले हस्ताक्षर करते हुए मतदानकार्मिक। अमृत विचार

# भीषण गर्मी में पानी के लिए भटक रहे राहगीर

संवाददाता, तेराजाकेट, कन्नौज

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में राहगीरों सहित स्थानीय लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। क्षेत्र पंचायत निधि से लगवाया गया वाटर कूलर भी प्यासों का मजाक उड़ा रहा है।

ग्राम तेराजाकेट स्थित जागेश्वर धाम के निकट क्षेत्र पंचायत निधि से लगवाया गया वाटर कूलर दिखावा बनकर रह गया है। यहां न तो वाटर कूलर की मशीन है और न ही टंकी ही रखी है। अनदेखी और लापरवाही के कारण वाटर कूलर का केवल ढांचा ही रह गया है। यहां लगी प्लेट पर अंकित नाम वाले जिम्मेदारों की भी इस पर नजर नहीं पड़ रही है। लोगों ने बताया कि लगभग एक वर्ष से वाटर कूलर खराब है। स्थानीय निवासी प्रवीन शर्मा, अक्षांश चतुर्वेदी, मुकेश सविता, गौरव शर्मा, वीरपाल, नन्हे बाथम, विजय कुमार, रामौतार आदि ने प्रशासन से वाटर कूलर को सुचारु कराए जाने की मांग की है।




तेराजाकेट में लगा वाटर कूलर का ढांचा।

# साल भर से बंद पड़ी टंकी, पानी का घोर संकट

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** ठठिया कस्बे में करीब 14 साल पहले बनी पानी की टंकी साल भर से ठप है। इससे पानी का घोर संकट है। लोगों को दूसरों के घरो में जाकर सबमर्सिबल पंप से पानी लेना पड़ता है। लोगों ने सोमवार को खाली बाल्टी व डिब्बे रखकर प्रदर्शन कर पानी की व्यवस्था किए जाने की मांग की।

ठठिया में करीब 2010 में जलनिगम के द्वारा पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। कस्बे समेत आस-पास के मजरों में घरों को कनेक्शन दिए गए। इससे घरो तक पानी पहुंचने लगा। करीब एक साल से तकनीकी खराबी कारण टंकी से पानी सप्लाई बंद हो गई। कई लोगों ने तो अपने घरों में सबमर्सिबल पंप लगवा ली तो कई लोग इनके यहां से पानी लेने लगे। लंबे समय से समस्या से परेशान होकर मोहल्ले की महिलाएं व पुरुषों ने खाली बाल्टी व डिब्बे लेकर प्रदर्शन किया। बताया कि पानी की समस्या अधिक है। काफी दूर तक पानी लेने जाना पडता है। इस मौके पर मुनीर खान, विजय गुप्ता, राम जी गुप्ता, खालिद, मुन्नी, कमर जहाँ, बिट्टन देवी, कमरून सहित दर्जनों महिला और पुरुष मौजूद रहे। जलनिगम जेई सुशांत वर्मा ने बताया कि टंकी पर काम चल रहा है। जल्द ही टंकी चालू हो जाएगी और लोगों को जलापूर्ति होने लगेगी।



खाली बाल्टी-डब्बे लेकर प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

● गांववासियों ने खाली बाल्टी-डिब्बे लेकर किया प्रदर्शन



रुकसाना कमर जहां ने बताया कि टंकी बंद होने से बहुत परेशानी हो रही है। गर्मी में घरों में प्रयोग करने के लिए पानी लेने काफी दूर तक जाना पड़ता है।



कस्बा निवासी विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि करीब एक साल से पानी टंकी बंद पडी है जिसके कारण पानी की समस्या हो रही है। घरों के लोगों को काफी दूरी तक पानी भरने जाना पड़ रहा है।

# पेड़ से टकराई अनियंत्रित बस, 15 यात्री घायल

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

● ब्रेक फेल होने से हुआ हादसा 9 को फतेहपुर चौरासी सीएचसी व बांगरमऊ में कराया गया भर्ती

**अमृत विचार।** उन्नाव-हरदोई हाइवे पर दूसरे दिन फिर से हादसा हो गया। इसमें ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित बस रोड किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। हादसे में 15 यात्री घायल हो गए। इनमें से 9 गंभीर लोगों को सीएचसी फतेहपुर चौरासी व बांगरमऊ में भर्ती कराया गया। जबकि, 6 लोगों को प्राथमिक इलाज देकर घर भेज दिया गया।

बीते रविवार दोपहर हुई ट्रक-बस की टक्कर में घायल हुए लोग अभी इलाज कराकर घर नहीं पहुंच पाए थे कि सोमवार सुबह फिर एक बस की ब्रेक फेल होने से पेड़ से टकरा गई। हादसे के बाद सवारियों में चीख-पुकार मच गई। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल मनीष (16) पुत्र राम सजीवन निवासी सदमपुर, हड़हा निवासी शबनम पत्नी चांद बाबू, सलीम पुत्र जमील, गंजमुरादाबाद में कार्यरत व मूलरूप से पश्चिम बंगाल निवासी शुभम (25) पुत्र रंजीत को फतेहपुर चौरासी सीएचसी में भर्ती कराया। इसके साथ ही गांव गढ़ा बेहटा मुजावर निवासी शिवकली, हरदोई निवासी ज्योति, आंचल (10), शिवा (5), दिव्यांशु (5 माह) को बांगरमऊ सीएचसी भेजा गया।

**चुनावी कसरत** | विकास भवन से विभागों को दी गईं मतदानकार्मिकों की ड्यूटियां

# चुनाव ड्यूटी कार्ड से पता लगेगा विधानसभा क्षेत्र का नाम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● तीन मई से 6,688 कार्मिक लेंगे प्रशिक्षण, आदेश पत्र में तारीख भी लिखी

**अमृत विचार।** रेंडमाइजेशन होने के बाद लोकसभा क्षेत्र के 13 मई को होने वाले चुनाव की जो दूसरी ड्यूटी जारी हुई है, उससे मतदानकार्मिकों को पता लग जाएगा कि उनको किस विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर मतदान कराना है। साथ ही प्रशिक्षण का स्थान, तारीख, समय भी लिखा है। कुल 6,688 कार्मिकों को तीन मई से ट्रेनिंग दी जाएगी।

प्रभारी अधिकारी कार्मिक राम कृपाल चौधरी ने बताया कि 1672 पोलिंग पार्टियों की ड्यूटी आ गई है। सोमवार से ड्यूटी का वितरण विकास भवन से शुरू हो गया। बताया कि 1519 बूथों के सापेक्ष 110 फीसदी मतदानकार्मिक लगाए गए हैं। एक बूथ पर पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय तैनात रहेंगे। प्रभारी अधिकारी का कहना है कि जिलास्तरीय विभागों के अलावा ब्लॉक, तहसील व नगर निकाय स्तर पर भी कर्मियों की ड्यूटी चुनाव में लगाई गई है।



विकास भवन में रखे मतदानकार्मिकों की ड्यूटी के बंडल। अमृत विचार

### विकास भवन में दिया गया प्रशिक्षण

विकास भवन सभागार में सोमवार को छूटे हुए मतदानकार्मिकों को ईवीएम व प्रपत्रों का प्रशिक्षण दिया गया। बीईओ सदर विपिन कुमार ने बताया कि करीब 50 कार्मिक बुलाए गए थे। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन को जोड़ने की बारीकियां व कागजों को भरने व सुरक्षित रखने के बारे में बताया गया।

### स्वास्थ्य की जांच कल

**कन्नौज।** प्रभारी अधिकारी कार्मिक राम कृपाल चौधरी ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में लगे मतदानकार्मिकों की ड्यूटी चिकित्सीय परीक्षण के बाद ही काटी जाएगी। पूर्व में पैनल बैठकर स्वास्थ्य की जांच कर चुका है। उसके बाद भी कुछ कार्मिकों ने ड्यूटी काटने के लिए आवेदन किए हैं। पहली मई को जिला अस्पताल में डॉक्टरों की टीम की ओर से चिकित्सीय परीक्षण किया जाए। इसको लेकर सीएमएस डॉ. शक्ति बसु के पास पत्र भेजा गया है।

### प्रशिक्षण स्थल पर बनेंगे आईडी कार्ड

मतदानकार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल पर ही पहचान पत्र बनाए जाएंगे। प्रभारी अधिकारी कार्मिक का कहना है कि सभी पीठासीन व मतदान अधिकारियों को दो-दो पासपोर्ट साइज फोटो लाने होंगे। तीन से आठ मई तक शहर के पुलिस लाइन मार्ग किनारे स्थित निजी विद्यालय परिसर में ही प्रशिक्षण के दौरान ही पहचान पत्र बनाकर दे दिए जाएंगे। अपनी-अपनी पोलिंग पार्टी के साथ ही कार्मिकों को प्रशिक्षण लेना होगा। इस ड्यूटी कार्ड में उस विधानसभा क्षेत्र का नाम भी लिखा है, जहां उनको 12 मई को पहुंचना होगा। ईडीसी की प्रक्रिया भी ट्रेनिंग स्थल पर रहेगी।




मतदान के लिए जागरूक करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# छात्र-छात्राओं को बताया मतदान का महत्व

**जसोदा, कन्नौज।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, फतेहपुर जसोदा में सोमवार को स्वीप योजना के तहत मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। ब्लाक जलालाबाद के कई विद्यालयों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने प्रार्थना, नृत्य, नाटक, भाषण, शपथ आदि कार्यक्रमों का मंचन कर मतदाताओं को जागरूक किया।

प्रधानाचार्य शिवमोहन सिंह कुशवाहा ने नवीन मतदाता से वोट डालने की अपील की। कहा कि मताधिकार का प्रयोग ही हमारे की देश की तस्वीर को बदल सकता है। कार्यक्रम में परशुराम पाल, डॉ. विष्णुकांत गुप्ता, नोडल संदीप कुमार शर्मा, सस्मित कुमार द्विवेदी, रचना वर्मा, राजकुमार, आकाश गुप्ता, वीना मुलजानी, दीपक कुमार, धीरेन्द्र यादव, अरविन्द अवस्थी, मनोज, कुलदीप आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मोबाइल लूटा

**फर्रुखाबाद।** सवारी बनकर टेंपो मे बैठे टप्पेबाजों ने चालक का मोबाइल फोन उड़ा दिया। मामले मे टेंपो चालक ने पुलिस को तहरीर दी। कोतवाली मोहम्मदाबाद के गांव गोसरपुर निवासी शिव सिंह पुत्र श्रीपाल टेंपो चलाने का कार्य करता है। उसने मोहम्मदाबाद से मसेनी चौराहे तक के लिए चार सवारियां बैठा लीं। चारों सवारियों ने लकूला में उतरने की बात कही। शिव सिंह ने बताया कि लकूला में उतरने पर एक टप्पेबाज मोबाइल लेकर भाग गया। शिव सिंह ने थाना कादरीगेट में तहरीर दी।

### तमंचा सहित गिरफ्तार

**कायमगंज।** मुखबिर की सूचना पर कस्बा चौकी प्रभारी विद्यासागर तिवारी ने अपने हमराह के साथ खान पेट्रोल पम्प के पास हैदर पुत्र तालिब निवासी मौहल्ला चिलाका को एक तमंचा के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### दुष्कर्म का प्रयास

**फर्रुखाबाद।** शहर कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने अपने देवर शिवम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें कहा कि उसका देवर शिवम शराब पीने का आदी है। शुक्रवार रात करीब साढ़े 11 बजे वह बच्चों के साथ घर में सो रही थी, उसी दौरान शिवम ने दुष्कर्म का प्रयास किया। चीख-पुकार पर उसे जख्मी कर दिया। पति और सास ने पहुंचकर बमुश्किल उसे बचाया। वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस में देवर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# रोडवेज बस स्टेशन प्रभारी को बस में बंधक बनाया, जमकर पीटा

## बस अड्डे के सामने सवारियां भर रही थी डग्गामार बस, प्रभारी ने किया था विरोध

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- प्रभारी को कॉलर पकड़ कर बस के अंदर खींच लिया
- आपाधापी में बस चालक ने बाइक सवार दो लोगों को रौंदा


घायल प्रभारी का चिकित्सीय परीक्षण कराती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रोडवेज बस स्टेशन के सामने सवारियां भर रही डग्गामार बस का विरोध करना स्टेशन प्रभारी को मंहगा पड़ गया। डग्गामार बस कर्मियों ने प्रभारी को बस के अंदर ही बंद करके बस दौड़ा दी और जमकर मारपीट कर दी। इसी आपाधापी में बस चालक ने थाना क्षेत्र के ग्राम चांदपुर के पास दो बाइक सवारों को भी रौंद दिया जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पंहुची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है ।

थाना कादरीगेट के लाल दरवाजा रोडवेज बस अड्डे पर जितेंद्र गौतम की प्रभारी के तौर पर तैनाती है । रविवार देर रात रोडवेज बस अड्डे के सामने एक डग्गामार बस में दिल्ली की सवारियों को भरा जा रहा था। उसी दौरान बस स्टेशन प्रभारी जितेंद्र गौतम मौके पर आ गए और डग्गामार बस में सवारियां भरने का विरोध किया। इस पर डग्गामार बस के कर्मियों ने उन्हे बस में अंदर खींचकर बंद कर लिया और चालक ने बस को पांचाल घाट की तरफ दौड़ा दिया। कर्मचारियों ने बस के अंदर ही रोडवेज बस स्टेशन प्रभारी के साथ जमकर मारपीट की। इससे बस के अंदर चीख पुकार मच गई। रोडवेज बस स्टेशन प्रभारी ने बताया कि उसने जान बचाने के लिए बस की स्टेयरिंग पकड़ ली, फिर भी बस के कर्मचारी उसके साथ मारपीट करते रहे। स्टेयरिंग न घूम पाने के कारण बस रांग साइड पर उतर गई। इस चक्कर में बस चालक ने चांदपुर के पास दो बाइक सवारों को कुचल दिया। दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें लोहिया अस्पताल मे भर्ती कराया गया है जबकि बस स्टेशन प्रभारी अंधेरे का फायदा उठाकर किसी तरह से वहां से निकल कर कादरी गेट थाने पहुंचे और घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने घायल बस स्टेशन प्रभारी जितेंद्र गौतम का देर रात ही लोहिया अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया। रोडवेज बस स्टेशन प्रभारी जितेंद्र गौतम ने बताया डग्गामार बस में दिल्ली की सवारियां भरने पर वह वीडियो बनाते हुए बस के पास पहुंचा, तो बस में मौजूद लोगों ने उसका कॉलर पकड़ कर बस के अंदर खींच लिया और बस का गेट बंद करके उसे मारापीटा। कर्मचारियों ने चालक से बस भगाकर ले चलने को भी कहा। स्टेशन प्रभारी ने बताया कि वे लोग उसे मार कर गंगा में फेंकने की बात भी कह रहे थे। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। एआरएम अरविंद मिश्रा ने बताया कि डग्गामार बस कर्मियों ने बस स्टेशन प्रभारी को बस के भीतर बंधक बनाकर मारपीट की है। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक को भी अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा है कि दोषी लोगों पर कार्रवाई की जाएगी ।

## गृहकलह से तंग महिला ने फांसी लगा जान दी

**फर्रुखाबाद।** गृहकलह से तंग आकर विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों नें शव को फंदे पर झूलता देखा तो कोहराम मच गया। पुलिस नें मौके पर जाकर जाँच पड़ताल की।

थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव सोना जानकीपुर निवासी शिवम की पत्नी प्रीति देवी (23) बीती रात एक ही कमरे में सो रहे थे। मिली जानकारी के मुताबिक प्रीति का शिवम से विवाद हुआ। उसके बाद प्रीति ने उसी कमरे में दुपट्टे से कुंडे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। रात भर जिस कमरे में प्रीति का शव फांसी पर झूलता रहा उसी कमरे में उसका पति शिवम गहरी नींद में सोता रहा। सोमवार को सुबह जब शिवम व प्रीति कमरे से बाहर नहीं निकले तो शिवम की बहन ने झांक कर देखा तो प्रीति फांसी पर लटक रही थी। यह देखकर लक्ष्मी की चीख निकल गयी। परिजनों नें प्रीति को नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शिवम दिल्ली में किसी फैक्ट्री में कार्य करता था। मृतका प्रीति के परिजनों के अनुसार, शिवम शराब पीने का आदी था और आए दिन मारपीट करता था। प्रीति का डेढ़ वर्ष पहले विवाह हुआ था।

## विभाग की उदासीनता से दम तोड़ रही योजना

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिला खेल विभाग के उदासीन रवैये के चलते जनपद में 'एकलव्य' क्रीड़ा कोष योजना दम तोड़ रही है। जानकारी के अभाव में एक साल में किसी भी खिलाड़ी ने इस योजना के तहत आवेदन ही नहीं किया है। यही वजह है कि आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों की प्रतिभा दम तोड़ जाती है।

वर्ष 2023-24 में खेल निदेशालय ने गरीब खिलाड़ियों को आर्थिक रूप से मदद करने के उद्देश्य से 'एकलव्य' क्रीड़ा कोष योजना प्रारंभ की थी। इस योजना के तहत गरीब खिलाड़ियों को तीन हजार से पांच लाख तक की धनराशि मुहैया कराई जाती है। इस योजना के तहत जिला स्तर पर खिलाड़ी को एकलव्य क्रीड़ा कोष के तहत रजिस्ट्रेशन कराना होता है। रजिस्ट्रेशन के लिए खिलाड़ी को संबंधित खेल के एसोसिएशन का प्रमाणपत्र भी लगाना होता है। जिला खेल कार्यालय के अध्यक्ष जिलाधिकारी के अनुमोदन पर खिलाड़ी का आवेदन खेल निदेशालय भेजा जाता है। फिर निर्धारित समिति जांच कर योजना के लिए खिलाड़ी का चयन करती है।

### एकलव्य क्रीड़ा कोष योजना

▶▶ जानकारी के अभाव में एक साल में किसी खिलाड़ी ने नहीं किया आवेदन

> एकलव्य क्रीड़ा कोष के तहत आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों को खेल निदेशालय धनराशि मुहैया कराता है। जनपद के जिला खेल संघों से संपर्क कर आवेदन कराने को कहा था, लेकिन संघों ने किसी भी खिलाड़ी का आवेदन नहीं कराया। खिलाड़ी भी आवेदन कराने नहीं आए। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ी आवेदन कर सकते हैं।
>
> – मनोज कुमार, बाबू, जिला खेल विभाग।

सरकार की इस महात्वाकांक्षी योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार न होने से एक साल में जनपद से एक भी खिलाड़ी का आवेदन खेल निदेशालय नहीं भेजा जा सका है। इसके चलते आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों की प्रतिभा बीच में दम तोड़ रही है।

## युवक को बेहोश कर पत्नी बच्चों को किया अगवा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- हाथ-पैर बांध कर कड़क्का बांध पर फेंका

**अमृत विचार।** थाना राजेपुर क्षेत्र में दिल्ली से बीबी-बच्चों के साथ घर जा रहे युवक को नशा सुंघाने के बाद बदमाशों ने हाथ-पैर बांधकर कार से फेंक दिया। वे लोग कार में सवार युवक की पत्नी व बच्चों को अगवा कर ले गए। सोमवार भोर में कड़क्का बांध पर ग्रामीणों ने युवक को बंधनमुक्त कराकर सीएचसी में भर्ती कराया है।

शाहजहांपुर जिले के थाना अल्हागंज के गांव मांझा पश्चिम निवासी कृष्णकुमार (35) दिल्ली में निजी कंपनी में काम करता है। वह रविवार को पत्नी रंजना, तीन बच्चों डेविड (11), रंगोली (5), नन्हू (छह माह) के साथ दिल्ली से रोडवेज बस पर सवार हुआ और सोमवार सुबह चार बजे बदायूं पहुंचा। पत्नी के कहने पर एक कार में बैठ गया। कार में दो महिलाएं, दो पुरुष सवार थे। कार सवार लोगों ने रास्ते में अंगौछे में रखकर कोई नशीला पदार्थ सुंघा दिया। इससे वह बेहोश हो गया। इसके बाद हाथ-पैर बांधकर कार चालक ने बिचपुरिया के पास कड़क्का बांध पर चलती गाड़ी से धक्का देकर गिरा दिया। कार सवार पत्नी और बच्चों को अगवा कर फरार हो गए। सुबह ग्रामीणों ने पड़ा देखा तो सीएचसी में भर्ती कराया। उसके शरीर पर काफी चोटें भी हैं। घायल यात्री ने बताया कि उसके पास 70 हजार रुपये थे जो उसने पत्नी को दे दिए थे। उसका मोबाइल भी छीन लिया गया है। उन लोगों ने उसके साथ मारपीट भी की।

## एचटी लाइन का तार टूटने से बंद रहे फीडर

**नवाबगंज।** नीबकरोरी रेलवे अंडरपास के पास 33 हजार केवी हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से नवाबगंज और हजियांपुर फीडर बंद हो गए। पांच घंटे की मशक्कत के बाद लाउन सही कर सायं करीब 5.40 बजे आपूर्ति शुरू की जा सकी।

नवाबगंज उपकेंद्र से हजियांपुर और नवाबगंज फीडर चलते हैं। इन दोनों फीडरों से लगभग 230 गांवों को बिजली आपूर्ति होती है। सोमवार दोपहर करीब 12.55 बजे नवाबगंज और हजियांपुर फीडर बंद हो गए। जानकारी मिलने पर एसडीओ मनीष वर्मा व अवर अभियंता अनिल गौतम ने पेट्रोलिंग शुरू कराई तो नीबकरोरी अंडरपास के पास 33 हजार लाइन का तार टूटा मिला। नवाबगंज नोडल अधिकारी अवध प्रताप सिंह ने शटडाउन लेकर लाइन पर काम शुरू कराया।

## युवक की मौत पर पत्नी समेत 5 पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- मां ने लगाया पुत्र को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप

**अमृत विचार।** घटना के दो साल बाद न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने ससुरालीजनों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना कादरीगेट क्षेत्र के मोहल्ला सिंहवाहिनी कॉलोनी निवासी रजनी राठौर ने पुत्रवधू गौतमबुद्ध नगर नोएडा निवासी दुर्गा उर्फ दुर्गेश, उसके भाई अमित सिंह, अंजू देवी, रंजना देवी, जीआरपी आगरा नगर निवासी पिंकी देवी के खिलाफ सोमवार को कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई। इसमें कहा गया है कि उनके पुत्र प्रशांत राठौर का 25 अप्रैल 2021 को दुर्गा के साथ विवाह हुआ था। दुर्गा उन लोगों से सही व्यवहार नहीं करती थी। मायके वाले उसे बरगलाते थे। वे लोग उसके पुत्र प्रशांत पर नोएडा में रहने का दबाव बना रहे थे। दुर्गा और ससुरालियों ने उसे काफी प्रताड़ित किया। 5 नवंबर 2022 को प्रशांत कानपुर जाने के लिए तैयार हुआ। पुत्रवधू और अन्य आरोपियों ने कहा कि रेल से कटकर मर जाना। इसी से परेशान हो वह बिना कुछ खाए पिए चला गया। वह श्यामनगर रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन से कट कर घायल अवस्था में मिला। उसे लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे रेफर कर दिया गया। 6 नवंबर 2022 को उसकी मृत्यु हो गई। पीड़ित पक्ष ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर पुत्रवधू सहित उसके मायके वालों पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


बैठक में भाग लेते डीएम वीके सिंह। अमृत विचार

## डीएम ने कसे चिकित्साधिकारियों के पेच

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- संचारी रोग नियंत्रण की बैठक में दिए दिशा निर्देश

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में अभियान के तहत अभी तक किये गए कार्यो की समीक्षा की गई। जिले मे एन्टी लार्वा ट्रीटमेंट कम पाए जाने पर डीएम ने चिकित्साधिकारियों के पेच कसे।

संचारी रोगों से बचाव की जानकारी आशाओ द्वारा सही से नहीं दी जा रही है। इसके लिये एमओआईसी बढ़पुर व कमालगंज को चेतावनी दी गई। नगर पंचायत संकिसा में नालियों की सफाई कम पाई गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी अस्पताल व सीएचसी व पीएचसी में साफ सफाई अच्छी होनी चाहिए व कोई भी उपकरण टूटा फूटा नही होना चाहिये।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जगह ओआरएस व दवाई की पर्याप्त व्यवस्था हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बाघ से दहशतजदा हैं गांव के लोग

संवाददाता, अमृतपुर फर्रुखाबाद

- वन विभाग के अधिकारी कर रहे टालमटोल

**अमृत विचार।** वनविभाग की लापरवाही से गड़ैया किराचन के लोग बाघ के खौफ से रात-रात भर जाग कर जीने को मजबूर हैं। वन विभाग के अधिकारी किसानों की समस्या को गम्भीरता से नहीं ले रहे है।

जानकारी के अनुसार, पिछले सोमवार को अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गड़ैया किराचन के खेतों में काम कर रहे किसानों ने झाड़ियों की तरफ एक जंगली जानवर को गोवंश का शिकार करते देखा था। किसानों के अनुसार जंगली जानवर बाघ था। किसानों की सूचना पर थाना अध्यक्ष मिनेश पचौरी ने तत्परता दिखाते हुए गांव पहुंचकर जानवर के पंजों के निशान तथा झाड़ियों की तरफ खून के निशान देखकर ग्रामीणों को झुंड बनाकर तथा लाठी डंडे लेकर खेतों में जाने की राय दी थी। तब से लेकर आज तक गडैया किराचन के लोग बाघ के खौफ मे जीने को मजबूर हैं। लोगों का कहना है कि आठ दिन बीत जाने के बावजूद वनविभाग की टीम के गांव न पहुंचने से लोग दहशत में हैं। ग्रामीणों का आरोप है वन विभाग की लापरवाही से वे लोग स्वतंत्र रूप से खेतों मे काम करने नहीं जा पा रहे हैं और न ही मवेशियों को चराने के लिए गंगा नदी के किनारे ले जा रहे हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से वन विभाग की टीम को गांव भेजकर जंगली जानवर की खोज करवाने की मांग की है जिससे गांव के लोग बेखौफ होकर अपने कार्य निपटा सकें। वनविभाग के रेंजर राजकुमार ने बताया टीम गड़ैया किराचन गांव गई थी, परंतु वहां पर किसी खूंखार जंगली जानवर के चिह्न नही मिले। हालांकि ग्रामीणों को वन विभाग की टीम के आने की जानकारी नहीं है।

## कब्रिस्तान की हरियाली उजाड़ी

**कायमगंज।** कायमगंज कोतवाली के गांव ललई में कब्रिस्तान की भूमि पर नीम व शीशम के हरे पेड़ खड़े थे। ग्राम प्रधान ने करीब 10 दिन पूर्व इन पेड़ों को वन विभाग की बिना अनुमति से कटवा दिया। जानकारी पर ग्राम सभा के मजरा ढमढेरा निवासी सुशील राजपूत ने जिलाधिकारी से लेकर स्थानीय अधिकारियों से शिकायत की। इस पर वन विभाग सक्रिय हुआ और कब्रिस्तान में कटे पेड़ों की जड़ें आदि देखकर जानकारी की। वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया सूचना मिली है।

## कांग्रेस के समर्थक हाथी की कर रहे परिक्रमा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव पूरे शबाब पर है। प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार भी अपनी-अपनी तैयारी के साथ चल रहा है। बसपा ने अपना प्रत्याशी को सबसे अंत में घोषित किया था। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य को चुनाव में उतारा गया है। इस गठबंधन में कांग्रेस भी शामिल हैं। सपा प्रत्याशी को टिकट मिलने से कांग्रेस में असंतोष छाया है। कांग्रेस के एक बड़े नेता के समर्थक हाथी की परिक्रमा करते दिख रहें है। दरअसल कांग्रेस के उक्त नेता की चुनाव में मन की नहीं हो सकी। इससे वह मायूस हो गए तो उनके समर्थक नाखुश नजर आए। कोई खुद की पार्टी से नाखुश तो कोई गठबंधन प्रत्याशी से नाखुश। कई कांग्रेस नेताओं ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि सपा प्रत्याशी ने आज तक उन्हें पूछा तक नहीं, तो हम चुनाव क्यों लड़ाएं। हाथी मेरा साथी का कार्य कर रहा है।


कार्यालय के उद्घाटन के दौरान खाली पड़ी कुर्सियां। अमृत विचार

### प्रत्याशी के कार्यालय के उद्घाटन में नही पहुंचे कांग्रेसी

**फर्रुखाबाद।** थाना व कस्बा कमालगंज में सपा कार्यालय के उद्घाटन में अव्यवस्थाओं का बोलबाला रहा। कुर्सियां खाली पड़ी रहीं। प्रत्याशियों को माइक नहीं मिला। बगैर माइक के ही वक्ताओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य से मीडिया से वार्ता की। उद्घाटन समारोह में कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद व अन्य के न आने के सवाल पर वह तिलमिलाते नजर आए। इस दौरान भोजपुर विधानसभा से सपा के पूर्व प्रत्याशी अरसद जमाल सिद्दकी, आप के जिलाध्यक्ष नीरज कुमार शाक्य मौजूद रहे।

## 'स्वयं' एप से घर बैठे कर सकते हैं पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- सभी छात्र-छात्राएं इस सुविधा का उठा सकेंगे लाभ

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने विद्यार्थियों को घर बैठे मनमाफिक कोर्स करने की सुविधा प्रदान की है। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग ने 'स्वयं' एप लांच किया है। इसके माध्यम से कक्षा 11 व 12 के छात्र-छात्राएं अपनी मर्जी से कोर्स की पढ़ाई ऑनलाइन कर सकते हैं। 21 सितंबर तक इस एप के जरिए विद्यार्थियों को संबंधित विषयों के विषय विशेषज्ञ शिक्षक ऑनलाइन पढ़ाएंगे।

स्कूल की पढ़ाई के अलावा कई छात्र-छात्राएं कोचिंग आदि भी लेते हैं, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी ट्यूशन लेने से वंचित रह जाते हैं। इसे देखते हुए विभाग ने घर बैठे हर विषय को पढ़ाए जाने के लिए 'स्वयं' एप लांच किया है। इस एप के जरिए कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थी हिंदी, गणित, भूगोल, संस्कृत, अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र, विज्ञान व सामाजिक विज्ञान समेत मनमाफिक कोर्स को ऑनलाइन पढ़ सकेंगे। इसके लिए विद्यार्थी को एप डाउनलोड कर उस पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। एप से जुड़ने के बाद विद्यार्थियों को संबंधित विषय के शिक्षक ऑनलाइन पढ़ाएंगे। इसके साथ ही विषय विशेषज्ञों के वीडियो भी पड़े होंगे, जिनसे उन्हें पढ़ाई करने में मदद मिलेगी।

> सचिव के निर्देशों से सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को अवगत करा दिया गया है। निर्देशित किया गया है कि वह 'स्वयं' एप के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन करवाएं।
>
> – नरेंद्र पाल सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक

## मार्ग दुर्घटना में सराफा व्यापारी के पुत्र की मौत

**फर्रुखाबाद।** थाना कादरी गेट के देवरामपुर रेलवे क्रासिंग के निकट ट्रक की टक्कर से दो चचेरे भाई घायल हो गए। दोनों को लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां डाक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया ।

शहर कोतवाली के तलैया मोहल्ला निवासी सरल कुमार वर्मा उर्फ नन्हे की लाल सराय पर सराफा की दुकान है। उनका 18 वर्षीय पुत्र अर्पित अपने चचेरे भाई नीरज को स्टेशन छोड़ने जा रहा था। उसी दौरान थाना कादरी गेट के देवरामपुर रेलवे क्रासिंग के निकट ट्रक नें बाइक सबार दोनों भाईयों के टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों को लोहिया अस्पताल लाया गया जहां अर्पित को मृत घोषित कर दिया गया। अर्पित ने इसी साल हाईस्कूल की परीक्षा पास की थी। वह दो भाइयों में दूसरे नम्बर का था। उसकी बहन व मां मंजू देवी का रो-रो कर बुरा हाल है।

चुनावी कसरत — नाटक का मंचन किया, दिया मतदान करने का संदेश, स्वीप कोऑर्डिनेटर ने दिलाई वोट देने की शपथ

## स्वीप के तहत कॉलेजों में चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद


शपथ लेती छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्वीप कार्यक्रम के तहत शहर के महाविद्यालयों व माध्यमिक विद्यालयों में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरुक किया गया। इसके साथ ही मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई।

मदन मोहन कानौडिया बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में माही, वर्षा, गौरी गौर, सोना मिश्रा और दीक्षा आदि छात्राओं ने नाटक के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया। स्वीप कोआर्डिनेटर सुधीर कुशवाह, भारती मिश्रा और वैभव सोमवंशी ने छात्राओं को मतदान अवश्य करने और दूसरों को जागरूक करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी, इंदिरा राठौर, कुसुमलता, अंजली यादव, अर्चना, राघव मिश्र, पारुल मिश्रा, नेहा सक्सेना, सुनीता पांडेय, अंजना दीक्षित, अजीता सिंह व दीप्ति वर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज में भी छात्रों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा, जगवीर यादव, अंकुर त्रिपाठी, रामचंद्र कुरील और दिलीप सिंह आदि रहे।

उधर, कृष्णा देवी बालिका महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. श्यामा शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। महिला मतदाता जागरुकता प्रभारी भारती मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व पर मतदान करना देश प्रेम दिखाने का सबसे अच्छा मौका है। 13 मई को बूथ पर स्वयं मतदान कर दूसरों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करें। पुष्पा सिंह, सीमा मिश्रा, संजय राजपूत, रघुनाथ यादव, सुलेखा कुशवाहा, आकांक्षा गंगवार, आरके यादव, गीता भारद्वाज, निवेदिता अवस्थी, सरोज यादव आदि मौजूद रहीं।


मतदान की शपथ लेते स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने को आगे आए डॉक्टर

**फर्रुखाबाद।** शहर के नुनिहाई मोहल्ला में स्थित राजकीय होमियोपैथिक चिकित्सालय आजाद भवन में चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह ने सोमवार को पोस्टरों और स्लोगन के माध्यम से अस्पताल में आने वाले सभी रोगियों और उनके परिजनो को मतदान के अधिकार और देश के विकास पर उनके मतदान से पड़ने वाले असर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सभी से अपील की कि आगामी 13 मई को अपने घर के समस्त बालिग परिजनो को भी मतदान के लिए अवश्य भेजें और एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें। आपके हर एक वोट से आपके संसदीय क्षेत्र और देश के विकास की बागडोर आपके मनमाफिक योग्य व्यक्ति के हाथ में होगा। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र सिंह ने चिकित्सालय के समस्त स्टाफ और रोगियों के साथ मतदान करने की शपथ ली।

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम् ।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नराः पण्डितबुद्धयः ॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते, नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं, डटकर उसका सामना करते हैं, वही ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# खनिजों की खोज

आर्थिक प्रभुत्व की दौड़ में शामिल भारत में एक नया खजाना खोज शुरू हो गई है। यह है महत्वपूर्ण खनिजों की खोज। 2017 के बाद से, ऊर्जा क्षेत्र की लिथियम की आवश्यकता तीन गुना हो गई है और कोबाल्ट और निकल की मांग में 70 प्रतिशत और 40 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। इंटरनेशनल एनर्जी एसोसिएशन (आईईए) ने 2030 तक मांग दोगुनी होने का अनुमान लगाया है। भारत के तीव्र आर्थिक विकास और महत्वाकांक्षी स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों की पृष्ठभूमि में सोमवार से आयोजित किया जा रहा खनिज शिखर सम्मेलन उद्योग जगत के अग्रणी प्रतिनिधियों, स्टार्टअप, सरकारी अधिकारियों, वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और नीति विशेषज्ञों समेत भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय हितधारकों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। शिखर सम्मेलन में आठ प्रमुख खनिजों ग्लूकोनाइट (पोटाश), लिथियम-दुर्लभ पृथ्वी तत्व (लैटेराइट), क्रोमियम, प्लैटिनम समूह, ग्रेफाइट, ग्रेफाइट से जुड़े टंगस्टन, दुर्लभ पृथ्वी तत्व (आरई) और ग्रेफाइट से जुड़े वैनेडियम पर तकनीकी सत्र शामिल हैं। कहा जा सकता है कि स्मार्ट-फोन से लेकर लड़ाकू विमानों तक हर चीज के लिए आवश्यक माने जाने वाले ये खनिज प्रगति के छिपे हुए चालक बन गए हैं। जैसे-जैसे दुनिया स्वच्छ ऊर्जा और डिजिटल चमत्कारों द्वारा संचालित भविष्य की ओर बढ़ रही है, महत्वपूर्ण खनिजों की मांग बढ़ती गई है। खनिजों के महत्व को पहचानते हुए भारत ने 24 महत्वपूर्ण खनिजों की पहचान की है और उन्हें अपनी सीमाओं के भीतर खनन के लिए एक ढांचा स्थापित किया है। लिथियम इसके केंद्र में है क्योंकि यह बैटरी-पावरहाउस खनिज इलेक्ट्रिक वाहन क्रांति को बढ़ावा दे रहा है, जो भारत के जलवायु परिवर्तन शमन एजेंडे का एक महत्वपूर्ण घटक है। तांबा लिथियम, निकल, कोबाल्ट जैसे महत्वपूर्ण खनिज की पवन टरबाइन और बिजली नेटवर्क से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक मांग बढ़ रही है। केंद्र ने अभी तक 38 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की नीलामी शुरू की है और उसकी 100 से अधिक महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी की तैयारी है। खान सचिव वीएल कांथा राव ने सोमवार को कहा कि जून के अंत तक नीलामी के चौथे दौर में करीब 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लाक की नीलामी होगी। महत्वपूर्ण खनिज आत्मनिर्भरता के लिए भारत की खोज को संसाधन निष्कर्षण की वैश्विक भू-राजनीति से अलग नहीं किया जा सकता है। यह भारत की आर्थिक रणनीति में बदलाव का प्रतीक है, जो भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण खनिजों की शक्ति को पहचानता है। भारत द्वारा हाल ही में 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी का आकलन अकेली घटना के रूप में नहीं, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति के रूप में किया जाना चाहिए।

# आखिर मतदान प्रतिशत गिर क्यों रहा है



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

एक और ध्यान दिलाना और भी जरुरी है कि विगत शती से अद्यावधि दशकों निर्वाचन प्रक्रिया के चलने के बाद भी आज तक भारत निर्वाचन आयोग के पास जिलों में अपना खुद का सेट अप नहीं है। और न ही पर्याप्त पूर्णकालिक स्टाफ। निर्वाचन की घोषणा होते ही सारी व्यवस्था जिलाधिकारी को जिला निर्वाचन अधिकारी बनाकर उन पर थोप दी जाती है। अब तुम जानो तुम्हारा काम जाने।

सामान्य निर्वाचन 2024 के अभी संपन्न दो चरणों में निरंतर गिर रहे मतदान प्रतिशत से अटकलबाजी का माहौल है। क्या भाजपा का उद्घोषित अबकी बार चार सौ पार नारा बेअसर होगा या फिर इंडिया गठबंधन की लुटिया डूबेगी? दोनों पक्षों के अपने अपने कयास हैं, तर्क और विवेचना है। किन्तु यहां चर्चा कयासबाजी से इतर इस पहलू को लेकर है कि आखिर मतदान प्रतिशत गिर क्यों रहा है?

राजनीतिक समझ के पुरोधाओं, समाचार मीडिया ने इस पर भी बहुत कुछ लिखा है। एक प्रमुख कारण बढ़ती भीषण गरमी बताई गई है। एक यह कारण भी इंगित हुआ है कि सत्ताधारी पार्टी के प्रत्याशियों और दीगर राजनैतिक पार्टी के प्रमुख दावेदार प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में पहले जैसी ताकत नहीं झोंकी।

सत्ता पक्ष पूरी तरह मुतमईन है, बेपरवाह है कि मोदी मैजिक चलेगा और आंकड़ा चार सौ पार जाना जब सुनिश्चित ही है तो फिर काहें की मगजमारी? दूसरा हताश विपक्ष की पूरी बेचारगी कि जब मोदी को फिर से, तिबारा आना ही है तो क्या मतदान करना? दोनों ही ओर गफलत के चलते मतदान प्रतिशत गिरा है।

वैसे यह सब कयास ही है मगर एकदम से उपेक्षित करने लायक भी नहीं। देखने में स्पष्ट आ रहा है कि भाजपा के कितने प्रत्याशी बस मोदी मैजिक पर आश्रित हैं। क्षेत्र में जा ही नहीं रहे हैं। सघन प्रचार नहीं कर रहे हैं। बल्कि मतदाता कहते फिर रहे हैं कि हमारे भाजपा के प्रत्याशी महानुभाव तो दर्शन दिए नहीं हम तो बस मोदी के नाम पर वोट डाल आए हैं। कोढ़ पर खाज यह कि इस बार जहां जहां भाजपा ने एलियन प्रत्याशी उतारे हैं, उन्हें क्षेत्र की समझ भी नहीं है और उनके स्थानीय भाजपा सहयोगी खुन्नस खाए बैठे हैं। दिखाने के लिये चेहरे पर रौनक और ठकुरसुहाती है। पीठ पीछे कुछ और। यह सब देख तो यही लगता है कि चार सौ पार का आंकड़ा पाना टेढ़ी खीर ही है। भाजपा समर्थकों को अब मोदी योगी मैजिक का ही आसरा है। राहत यह है कि अभी पांच चरण बाकी हैं। जब से और जितना जल्दी यह पार्टी कैडर चेत जाय उतना ही भला।

दूसरी ओर मजहबी बिरादरी पानी पी पीकर



एक बात जिस पर भारत निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों का बहुत जोर होता था – वह था मतदाता सूची अर्थात निर्वाचक नामावलियों की शुचिता। जिसे एक अधिकारी मतदाता सूचियों का स्वास्थ्य भी कहते थे। स्वास्थ्य खराब तो मतदान प्रक्रिया का दुष्प्रभावित होना तय। मतदाता सूचियों के खराब स्वास्थ्य का अर्थ था – मृतकों का नाम भी शामिल रह जाना, निर्वाचन क्षेत्र को छोड़कर दूसरे निर्वाचन क्षेत्र जिले या प्रदेश शहर में हमेशा के लिए चले गए मतदाता का नाम भी स्थानीय मतदाता सूची में शामिल रह जाना। दो जगहों पर मतदाताओं का नाम बने रहना।

मोदी योगी को कोसती हुई कांग्रेस के पक्ष में एकजाई हो गई है और पूरी सक्रियता और विपुलता से मतदान में हिस्सा ले रही है। बस उद्घोष करते फिर रहे राष्ट्रप्रेमी मतदाता वोट देने में उतने सक्रिय नहीं है। ये फैक्टर निश्चय ही सत्तादल के लिए अनुकूल नहीं है। सारा दमखम बस दिखावे के लिए हो, एक यूफोरिया ही तारी हो जो वोट में परिणत न हो सके तो संकेत शुभ कैसे कहा जाय?

न न करते आखिर मैंने एक राजनीतिक विश्लेषण कर ही दिया। मगर एक बात और जिस पर सयानों की नज़र नहीं जा रही है वह है मतदाता सूचियों की अशुद्धता, जिसकी वजह से भी मतदान प्रतिशत के गिरे होने की प्रतीति है। और इसकी जिम्मेदारी तो भारत निर्वाचन आयोग को ही लेनी है। हम जब राजकीय सेवा में थे निर्वाचन प्रक्रिया के लगभग सभी पहलुओं से गहरे जुड़े थे। उच्च स्तर के प्रशिक्षण भी प्राप्त किए थे और विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण देते भी थे।मतलब निर्वाचन मशीनरी से करीब से जुड़े थे। इसलिए व्यवस्था की अच्छाईयों और खामियों (लूपहोल) से भी खासे परिचित होते थे।

एक बात जिस पर भारत निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों का बहुत जोर होता था - वह था मतदाता सूची अर्थात निर्वाचक नामावलियों की शुचिता। जिसे एक अधिकारी मतदाता सूचियों का स्वास्थ्य भी कहते थे। स्वास्थ्य खराब तो मतदान प्रक्रिया का दुष्प्रभावित होना तय। मतदाता सूचियों के खराब स्वास्थ्य का अर्थ था - मृतकों का नाम भी शामिल रह जाना, निर्वाचन क्षेत्र को छोड़कर दूसरे निर्वाचन क्षेत्र जिले या प्रदेश शहर में हमेशा के लिए चले गए मतदाता का नाम भी स्थानीय मतदाता सूची में शामिल रह जाना। दो जगहों पर मतदाताओं का नाम बने रहना। एक ही मतदाता का नाम दुबारा उसी सूची में आना। सभी नए मतदाताओं का नाम न जुड़ पाना। और पूरक सूची में होने पर मतदान कार्मिकों की कहीं कही अक्षमता से ऐसे मतदाताओं का नाम न ढूंढ़ पाना आदि आदि। जब तक मतदाता सूचियां इन विसंगतियों से पूर्णतया मुक्त नहीं होंगी मतदान प्रतिशत कैसे बढ़ेगा?

एक और ध्यान दिलाना और भी जरुरी है कि विगत शती से अद्यावधि दशकों निर्वाचन प्रक्रिया के चलने के बाद भी आज तक भारत निर्वाचन आयोग के पास जिलों में अपना खुद का सेट अप नहीं है। और न ही पर्याप्त पूर्णकालिक स्टाफ। निर्वाचन की घोषणा होते ही सारी व्यवस्था जिलाधिकारी को जिला निर्वाचन अधिकारी बनाकर उन पर थोप दी जाती है।

अब तुम जानो तुम्हारा काम जाने। जिले के सारे अधिकारी कर्मचारी अल्पकालिक तौर पर भारत निर्वाचन आयोग के अधीन हो जाते हैं और ऊपर से आयोग का चाबुक। मरता क्या न करता। एक भारी दबाव का वातावरण सृजित होता है जिसमें गुणवत्ता तो कंप्रोमाईज होनी ही है। जबकि सामान्य समझ है कि मतदान प्रक्रिया अगर सौ फीसदी सही नहीं रही तो वह दूषित हो जाती है। आज राजनीतिक दलों से लेकर, सुप्रीम कोर्ट तक और स्वयं भारत निर्वाचन आयोग की ओर से भी चुनाव सुधारों की बड़ी चर्चा होती है मगर इस पर विमर्श क्यों नहीं होता कि हर जिले में पर्याप्त स्टाफ के साथ निर्वाचन का पृथक कार्यालय हो और वर्ष भर वहां प्रशिक्षण देने के कार्यक्रम आयोजित हों।

यह तो गनीमत रहती है कि जिला निर्वाचन अधिकारी प्रायः भारतीय प्रशासनिक सेवा का अधिकारी होने से सामान्यतः अपनी बुद्धि और कार्यक्षमता से निर्वाचन कार्य संभाल लेता है मगर जहां अधीनस्थ पर यथेष्ट नियंत्रण और संवाद की कमी होती है विकट परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं। और ज्यादातर नए उप जिलाधिकारी जो मतदाता सूचियों के उत्तरदायी अधिकारी होते हैं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पुस्तकों के पन्ने तक नहीं पलटते। और जब ऊपर की डांट फटकार से पलटने शुरु भी करते हैं चुनाव ठीक सिर पर होता है। इन बिन्दुओं को लिखने के पीछे चुनाव सुधार की ही कामना है और इसे इसी भावना से लिए जाने का अनुरोध है। ताकि लोकतंत्र का हमारा यह महापर्व पूरी शुचिता और निर्विघ्नता से संपन्न हो सके।

आशा है कि आगे के चरणों में मतदाताओं की भागेदारी बढ़ेगी। राजनीतिक दल इसे हल्के में न लें। कमर कस कर जुट जायें। अधिक से अधिक मतदाताओं को घरों से बाहर निकालें।

## प्रसंगवश

# तहजीब लखनऊ की



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लखनऊ की तहज़ीब औरनफ़ासत दुनिया भर में मशहूर है। 1964 के आसपास रहा होगा; इटावा की नुमाइश में एक कार्यक्रम में दिल्ली का कमेडियन लखनऊ के नवाबों पर एक चुटकुला सुना रहा था। एक नवाब के बच्चे को दूसरे नवाब के बच्चे ने खेल खेल में पीट दिया था। बस फिर क्या था! इज्जत का सवाल था। जिनका बच्चा हार गया था, वह पूरी नवाबी पोशाक पहन कर, छड़ी लेकर बग्घी पर सवार हुए और दूसरे नवाब के दरवाज़े पर पहुंच गए। वे ऊपर दूसरी मंजिल पर थे। पहले वाले नवाब,जो लड़ने गए थे,यूं बोले," अमां नवाब साहब! आपके साहबज़ादे ने मेरे बेटे को मारा है, जो मुझे हरगिज़ बर्दाश्त नहीं हैं। आप झगड़ा करने के वास्ते नीचे तशरीफ ला रहे हैं या मैं ऊपर आ कर हाज़िर होऊं"। अब एक सही किस्सा। 1920 में लखनऊ म्युनिसपलिटी के चुनाव हुए। चौक इलाके से कारपोरेटर सीट के लिए मशहूर तवायफ दिलरुबा जान खड़ी हुईं। वे बला की खूबसूरत थीं। अब उनकी महफिलें खचाखच भरने लगीं। कोई उनके खिलाफ लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। एक हकीम थे शमशुद्दीन। उनके कुछ दोस्तों ने उन्हें पानी पर चढ़ा कर पर्चा दाखिल करवा दिया। कनवेसिंग होने लगी। दिलरुबा जान की तरफ की भीड़ सरासर ज्यादा थी। हकीम साहब दोस्तों पर झल्लाए। कहा, हमें फिज़ूल में हारने के लिए खड़ा कर दिया। भला दिलरुबा को छोडकर हमें कौन वोट देगा; लेकिन हकीम साहब के दोस्तों ने हिम्मत नहीं हारी उन्होंने एक नारा दीवालों पर लिखवाया- हिदायत है ये चौक के वोटर-ए शौकीन को।/ दिल तो दिलरुबा दीजिए,वोट शमशुद्दीन को।।तवायफें भी कम होशियार नहीं थीं। जवाबी नारा दीवालों पर लिखवा दिया-' हिदायत है ये चौक के वोटर'-ए शौकीन को।/ वोट दिलरुबा को दीजिए, नब्ज़ शमशुद्दीन को।।

खैर! वोटिंग हुई शमशुद्दीन जीत गए। अब लखनवी तहज़ीब के हिसाब से दिलरुबा हकीम साहब के घर मुबारकबाद देने गईं। बातों बातों में कहा,"इसका मतलब है लखनऊ में आशिक कम मरीज़ ज्यादा हैं'।

# कहां बसाएंगे अपने सपनों की दुनिया



डा. मनोज कुमार
प्रवक्ता, मऊ

बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या के भरण-पोषण के लिए अधिक अनाज उत्पादन का दबाव बढ़ता जा रहा है।

आज से लगभग साढ़े चार अरब वर्ष पहले पृथ्वी भी अन्य ग्रहों की तरह आग का दहकता हुआ गोला थी। परन्तु पर्यावरण में कुछ रासायनिक क्रियाएं हुईं तदुपरांत पृथ्वी ठंडी हुई । बादल बने बारिश हुई तथा पृथ्वी पर जल भराव हुआ। इन्हीं जल भरावो में जीवन की संभावना बनी। इस तरह का कुदरती करिश्मा केवल पृथ्वी के साथ हुआ। इसलिए सौरमंडल के सभी नौ ग्रहों में केवल पृथ्वी पर जीवन और प्रचुर मात्रा में जैव विविधता पाई जाती हैं। इसलिए पृथ्वी को अद्भुत ग्रह कहा जाता हैं। पृथ्वी समस्त जीवों का पालन पोषण तो करती हैं मनुष्य के शौक श्रृंगार को भी पूरा करती हैं। मनुष्य सहित समस्त जीव जंतुओं को स्वस्थ जीवन प्रदान करने वाली पृथ्वी ही अगर अस्वस्थ, प्रदूषित और कुपोषित हो गई तो हमारी भावी पीढ़ियों का जीवन संकट में पड जाएगा।

विकास करने और खुशहाल जीवन जीने में प्राकृतिक संसाधन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परन्तु इन संसाधनों का मूर्खतापूर्ण उपभोग और उपयोग अनगिनत प्रकार की सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय समस्याएं पैदा कर सकता हैं। इसलिए भावी पीढ़ियों को ध्यान में रखते हुए विकास की योजनाएं निर्धारित करनी होगी तथा संसाधनों का संरक्षण आवश्यक है। इसलिए प्रायः अत्यंत प्राचीन काल से प्रत्येक समाज में चिंतक और विचारक संसाधनों के संरक्षण पर अपने विचार प्रकट करते रहे हैं। इस संबंध में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा है कि प्रकृति में प्रत्येक की आवश्यकता पूरी करने के लिए सब कुछ है। परन्तु किसी के लालच को पूरा करने के लिए नहीं। अर्थात हमारे पेट भरने के लिए बहुत है लेकिन पेटी भरने के लिए नहीं। महात्मा गांधी के अनुसार संसाधनों के ह्रास्व के लिए स्वार्थी व्यक्ति तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी की शोषणकारी प्रवृत्ति जिम्मेदार हैं। इसलिए वह व्यापक जन भागीदारी द्वारा लघु कुटीर उद्योग धंधों पर आधारित अर्थव्यवस्था के पक्षधर थे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यवस्थित तरीके से संसाधनों के विवेकपूर्ण इस्तेमाल और संसाधन संरक्षण की वकालत 1968 में क्लब ऑफ रोम ने की।

तीव्र औद्योगीकरण, नगरीकरण और आधुनिकीकरण की चाहत में पृथ्वी के प्राकृतिक भूगोल ,भूसंरचना भू-आकृति और भौगोलिक विन्यास को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया गया। इन चाहतों में पागल मानवीय महत्वाकांक्षाओं ने जल प्रबंधन के अधिकांश परंपरागत निर्मितियों कुऑ, तालाब पोखरे जोहड़ और बावडियो को बेरहमी से पाट दिया गया। इसका स्वाभाविक परिणाम यह देखने को मिलता है कि आज देश के मेगा शहर अत्यधिक जल भराव के शिकार हैं तो ग्रामीण क्षेत्रों में भौमिक जल स्तर काफी नीचे चला गया है। इसलिए भारत के लगभग छह लाख गांवो में जल संकट गहराता जा रहा हैं। जल संकट के अतिरिक्त औद्योगिक विकास शहरीकरण और नगरीकरण के कारण प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध शोषण हुआ है। इस अंधाधुंध शोषण के फलस्वरूप पारिस्थितिकीय असंतुलन, भूमंडलीय तापन, ओजोन परत का क्षरण पर्यावरण प्रदूषण और भूमि निम्मनीकरण जैसी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं।

बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या के भरण-पोषण के लिए अधिक अनाज उत्पादन का दबाव बढ़ता जा रहा हैं। अधिक अनाज उत्पादन के लिए अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों, प्रयोग, खरपतवारनाशी और कीटनाशक दवाओं के अत्यधिक प्रयोग के कारण हमारी धरती अत्यधिक प्रदूषित होती जा रही है और भूमि की गुणवत्ता में निरंतर गिरावट आती रही। जिसके फलस्वरूप अनगिनत बीमारियां पांव पसार रहीं हैं तथा हमारी समृद्ध जैव विविधता क्षीण होती जा रही हैं। अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों, खरपतवार नाशी और कीट नाशक दवाओं के प्रयोग के कारण अनगिनत जीव जंतु और अनगिनत वनस्पतियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। इसलिए जिस तरह हम अपने लिए अपने सपनों के घर की देखभाल करने के लिए चितिंत रहते हैं उसी तरह मनुष्य सहित समस्त जीव जंतुओं के प्राकृतिक आवास पृथ्वी के बारे में भी चिंतन मनन करना चाहिए। निश्चित रूप से हर इंसान को अपने सपनों का घर, घरौंदा, घोंसला या महल बनाना चाहिए परन्तु इतना ध्यान रखना चाहिए कि- हमारी धरती ही लहू-लुहान हो गई तो हम अपने सपनों का घर, घरौंदा, घोंसला या महल कहां और कैसे बनाएंगे।

## सोशल फोरम

# बिल्लू का इर्रफ़ान



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

मास्टर एक्टर इर्रफ़ान को गुज़रे चार बरस हो चुके हैं। मगर आज भी वो दिल के बहुत क़रीब हैं। एक एक्स्ट्रा 'र' की ध्वनि के कारण इरफ़ान को इर्रफ़ान ख़ान कहलाना अच्छा लगता था। वो बाकी ख़ानों से अलग ख़ान थे, बेजोड़ ख़ान। चीखने-चिल्लाने और जगमग रोशनी में नहाई सेल्फ प्रमोशन की फ़िल्म नगरी में चुपचाप और अकेले रहे। वो पर्दे पर भी इसी रूप में दिखे। इसी एक्सप्रेसिव चेहरे की बदौलत एक अलग और ऊंचा मुकाम हासिल किया। अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरुस्कारों से नवाज़े गए, पद्मश्री देकर सरकार भी गौरवांवित हुई। लेकिन इरफ़ान ने सफलता को सर पर नहीं चढ़ने दिया। बनने चले थे क्रिकेटर। सुना गया कि सीके नायडू अंडर-23 में सिलेक्शन भी हो गया था मगर नियति ने उन्हें नाटक और सिनेमा के लिए बनाया था। संयोग से नेशनल स्कूल ऑफ़ ड्रामा में दाख़िला मिल गया। क्रिकेट का मैदान छोड़ दिया।

मैंने उनकी कई फ़िल्में देखी हैं, मक़बूल और पान सिंह तोमर भी, जिसने उन्हें श्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरूस्कार दिलाया। मगर मुझे उनकी 'बिल्लू' बहुत पसंद आई। पूरी फ़िल्म में वो शायद ही कहीं बोले, उनका एक्सप्रेसिव फेस ही व्यथा, ख़ुशी और ग़म का अहसास करता रहा। इसमें वो एक ग़रीब नाई बिल्लू हैं, अथाह क़र्ज़ में डूबे हुए। पत्नी लारा दत्ता है और दो बच्चे। जैसे-तैसे गुज़र हो रही है। तभी कस्बे में एक फिल्म की शूटिंग शुरू होती है, हीरो हैं साहिल ख़ान (शाहरुख़ ख़ान)। बिल्लू पत्नी और बच्चों को बताता है साहिल से उसका बचपन का नाता है। मगर क़िस्मत ने उसे स्टार बना दिया और उसे नाई। जाने कैसे ये बात बाहर लीक हो जाती है और नतीजा ये होता है तमाम कस्बे की निगाह में बिल्लू हीरो बन जाता है। मगर स्वयं बिल्लू को बॉडी गाड्‌र्स ने साहिल से मिलने नहीं दिया।

तो सबको लगा साहिल झूठ बोल रहा था। सब एकाएक उसके दुश्मन बन गए। एक स्कूल के फंक्शन में उसने बिल्लू से अपनी नज़दीकियां बयान कीं। बिल्लू ये सब चुपचाप पीछे खड़ा सुन रहा है। वो चुपचाप घर लौट आता है और उसके पीछे-पीछे साहिल भी आ जाता है। और पीछे पीछे तमाम गांववाले भी जो बिल्लू को अब तक धिक्कार रहे थे।

**-फेसबुक वॉल से**

# ओरछा में मंदिर दर्शन



अनूप शुक्ल
कानपुर

मंदिर के प्रांगण में तमाम नवदंपति अपने परिजनों के साथ पूजा करने आए थे। यहां की परंपरा है नए दूल्हे-दुल्हन पूजा करते हैं। थापे लगाते हैं।

ओरछा में सभी पर्यटन स्थल आसपास ही हैं। एक दिन में पांव फिराते हुए सब देखे जा सकते हैं। वैसे भी लोग घूमते हुए इमारतों को 'मौका मुआयना' वाले अंदाज में देख लेते हैं। जिन इमारतों को बनने में वर्षों लगे उनको मिनटों में निपटा देते हैं।

हम भी कोई अलग थोड़ी हैं। सबसे पहले चतुर्भुज मंदिर देखा। मंदिर के निर्माण की शुरुआत बुंदेल राजा मधुकर शाह (1554 -1593 ई) ने अपनी रानी गणेश कुंवरि के आग्रह पर, रानी के आराध्य देव राजा राम की स्थापना के लिए शुरू की थी। पश्चिमी बुंदेलखंड पर मुगल आक्रमण और राजकुमार होरलदेव की मृत्यु के कारण यह पूरा नहीं हो सका। उस समय अकबर मुगलों का बादशाह था। रानी ने राजा राम की प्रतिमा अपने ही महल में स्थापित कर ली। मंदिर का निर्माण दूसरे चरण में महाराज वीरसिंह देव (1605-1627 ई) के शासन काल में हुआ।

मंदिर में भगवान विष्णु की प्रतिमा है। 105 मीटर ऊंचा मंदिर 4.5 मीटर नींव पर बना है। लगभग पांच सौ साल पुराने मंदिर की भव्यता देखकर अचरज और कौतूहल होता है कि कैसे इतने विशाल मंदिर बनाए गए होंगे।

मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति के पास बैठे पुजारी जी ने बताया कि छह पीढ़ियों से उनका परिवार यहां के पुजारी का काम देख रहा है। पीछे लगी एक महिला की फ़ोटो दिखाते हुए बताया इन्होंने (शायद पुजारी जी की मां) ने वर्षों पुजारी का काम किया। भगवान विष्णु की प्रतिमा के सामने ओरछा का राजमहल है। तकरीबन 200 मीटर की हवाई दूरी होगी। रानी ने प्रतिमा की स्थापना इस तरह कराई थी कि महल के अपने कक्ष से भगवान के दर्शन कर सकें। पूजारी जी इसे रानी के घमंड के रूप में देखते हैं कि अपने कमरे में बैठे-बैठे कोई भगवान के दर्शन करना चाहे।

बाद में महल में स्थित रानी के कक्ष के झरोखे से देखा तो वहां से मंदिर की प्रतिमा साफ दिख रही थी। पांच सौ वर्ष पहले के साधनों से इतनी उत्कृष्टता से निर्माण कार्य जिन लोगों ने किया होगा वे कितने कुशल कारीगर रहे होंगे। अफसोस उनके बारे में आज कोई जानकारी नहीं।

चतुर्भुज मंदिर से राजाराम मंदिर की तरफ आए। यह मंदिर रानी गणेश कुंवरि के आग्रह पर बनवाया गया। कहानी प्रचलित है कि रानी अपने आराध्य देव भगवान राम को लेने अयोध्या गई। उनको लाने के लिए वहां तपस्या की। भगवान प्रकट नहीं हुए तो सरयू में कूद गईं। इस पर भगवान राम प्रकट हुए और रानी के साथ ओरछा चलने को राजी हुए लेकिन शर्तो के साथः रानी उनको अपने साथ ले चलेंगी, वे ओरछा के राजा होंगे, एक बार जहां उनको रख दिया गया वे वहीं स्थापित हो जाएंगे।

रानी ने अपने आराध्य की तीनों शर्तें मान लीं। उनको अयोध्या से ओरछा लाईं। तब तक मंदिर पूरा नहीं बना था तो प्रतिमा को अपने महल में रख लिया कि जब मंदिर बनेगा तो वहां स्थापना होगी। लेकिन बाद में कहते हैं कि मूर्ति इतनी भारी हो गई कि यहां से हटी नहीं। मजबूरन महल को ही मंदिर बनाना पड़ा।

रानी ने अपने आराध्य की दूसरी शर्त के अनुसार भगवान राम को ओरछा का राजा घोषित करवाया होगा। यह राम जी का अकेला मंदिर है जहां वे भगवान और राजा के रुप मे माने जाते हैं। भगवान के रूप में पूजा होती है। राजा के रूप में रोज सलामी जी जाती है।

मंदिर के प्रांगण में तमाम नवदंपति अपने परिजनों के साथ पूजा करने आए थे। यहां की परंपरा है नए दूल्हे-दुल्हन पूजा करते हैं। थापे लगाते हैं। इसके बाद उनका दांपत्य जीवन आरंभ होता होगा। शायद भगवान के राजा स्वरूप के कारण इस प्रथा की शुरुआत हुई हो। हमारे देखते-देखते एक नवयुगल अपने परिवार के साथ पूजा करने आया वहां। परिवार के लोग डांस भी कर रहे थे। सबसे ज्यादा उत्साह से दुल्हन डांस कर रही थी। सर पर मुकुट और उसके नीचे लंबा घूंघट। घूंघट के अंदर होने के कारण चेहरा नहीं दिख रहा था दुल्हन का लेकिन उसका उल्लास और उत्साह उसके डांस से प्रकट हो रहा था। मंदिर में प्रांगण में भजन मंडली ढोलक की थाप पर अल्हैत वाले अंदाज में भजन गा रही थी। दूल्हा-दुल्हन उसके सामने ही डांस कर रहे थे। मंदिर परिसर में फोटोबाजी मना थी फिर भी नवयुगल और उनके परिवारी जन को डांस करते देखकर और लोगों की देखादेखी कुछ फोटो वीडियो बना लिए।

मंदिर से निकलकर राजमहल देखने के लिए आगे बढ़े। सामने एक पुरानी इमारत दिखी। उसमें लिखा था -टकसाल भवन। 17 वीं शताब्दी का टकसाल भवन आज बुजुर्ग और जर्जर हाल में है। कभी यहां कड़ा पहरा रहता होगा। आज कोई जाता नहीं।

टकसाल भवन के सामने ही तमाम तरह के सामान की भी कुछ दुकानें थी। एक में सामने नीचे तसलों में अलग-अलग आकार की चिलमें रखीं थी। पता चला कि सीकर में बनती हैं ये चिलम। पास बैठे कुछ लोग अलग-अलग अंदाज में चिलमों को टटोलते हुए मोलतोल कर रहे थे।

आगे एक जगह बोर्ड लगा था -"धीमे वाहन चलाओ, जानवरों की जान बचाओ।" हेल्प डाग सेंटर की तरफ से लगाया गया यह बोर्ड जिस सड़क के बीच लगा था वह इतनी कम चौड़ी थी कि वहां तेज गाड़ी चलाने की गुंजाइश कम ही थी। लेकिन कम से कम इसे पढ़कर ही लोग जानवरों के बारे में कुछ दयालु हो सकें।

## आपका पत्र

# हे भारत

भाजपाइयों को रहीम, रसखान, अशफाक, जाफरानी याद क्यों नहीं,/ वीर अब्दुल हमीद, शहीद उस्मान / के राष्ट्रप्रेम की कहानी याद क्यों नहीं, प्रधानमंत्री मोदीजी को इतिहास के नामों में सिर्फ औरंगजेब ही याद क्यों हैं ? हे भारत, बतलाओ, उन्हें ज्ञान नहीं है या राष्ट्र को आधे अधूरे एकांगी तथ्यों को अतिरंजना के साथ प्रस्तुत कर कोई हिडेन एजेंडा तो नहीं लागू कर रहे? उन्हें प्रभु राम और कृष्ण पर लिखने वाले रहीम व रसखान क्यों याद नहीं आते ? उन्हें पंडित रामप्रसाद बिस्मिल और चंद्रशेखर आजाद के साथ मिल कर देशभक्ति अमर कहानी के महानायक अशफाक उल्ला खान याद क्यों आते ? जिसे नेताजी बोस ने आजाद हिंद फौज का और पंडित जवाहर लाल ने भारतीय सेना व पुलिस का अभिवादन बनाया , उस जय हिंद का नारा देने वाले आबिद हसन सफरानी याद क्यों नहीं आते ? भगत सिंह का मुकदमा लड़ने वाले आसफ अली याद क्यों नहीं आते ? शाहिद उस्मान और वीर अब्दुल हमीद याद क्यों नहीं आते?

कहीं जमूद तो कहीं सिर्फ इंतसार/ सा है/ जहां को अपनी तबाही का इंतजार सा है/ कोई तो सूद चुकाए कोई तो जिम्मा ले/ उस इंकलाब का जो आज भी उधार सा है

- **दीपक मिश्रा**, समाजवादी चिंतक,लखनऊ।

# कपड़े के शोरूम में भीषण आग 40 लाख रुपये का नुकसान

## दो अन्य दुकानें भी आईं चपेट में, अग्निशमन दल ने पाया आग पर काबू

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** शहर में तिकोनिया के पास एक कपड़े के चार मंजिला शोरूम में शॉर्ट सर्किट के चलते भीषण आग लग गई। आग लगने से लाखों रुपये का माल जलकर राख हो गया। कपड़ा शोरूम के आसपास की दो दुकानें भी आग चपेट में आ गईं। शोरूम स्वामी ने शटर खोलकर माल बाहर निकालने का प्रयास किया लेकिन आग इतनी भीषण थी कि सारा कपड़ा जलकर राख हो गया। दमकल और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। करीब आधा दर्जन दमकल वाहनों की मदद से आग बुझाई जा सकी।

बता दें रविवार की देर रात थाना कोतवाली क्षेत्र के तिकोनियां बाजार में आसिफ के चार मंजिला लेडीज सूट के शोरूम में शॉर्ट सर्किट के चलते भीषण आग लग गई। घटना देख बड़ी तादात में भीड़ जमा हो गई। लोगों ने शोरूम स्वामी को इस घटना की सूचना दी। जब तक शोरूम खोलकर माल बाहर किया जाता तब तक आग दो मंजिलों में लग चुकी थी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण करते हुए शोरूम के तीन मंज़िल ऊपर और बेसमेंट में रखे कपड़े को अपनी चपेट में ले लिया और सारा माल जलकर राख हो गया। इस हादसे में करीब 40 लाख रुपये के नुकसान होने की बात सामने आई है।

मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने दमकल विभाग की सूचना दी। जिसके बाद दमकल के आधा दर्जन वाहनों और करीब एक दर्जन कर्मियों ने धधकती आग में घुसकर आग को बुझाने का काम शुरू किया। पास की एक ज्वैलरी के शोरूम और एक रेडिमेड कपड़े की दुकान को आग की चपेट में आने से बचाया। लेकिन लेडीज सूट का शोरूम पूरी तरह से जलकर राख हो गया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी तबारक हुसैन ने बताया है कि कंट्रोल पर आग लगने की सूचना प्राप्त हुई, वैसे ही टीम को रवाना किया गया। आग काफी भीषण थी। जिसको बुझाने में तीन घंटे की मशक्कत करनी पड़ी। काफी नुकसान हुआ है। ग्राउंड फ्लोर से लेकर तीनों मंजिल में आग फैल गई थी। उन्होने बताया कि ऐसा लग रहा है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है।

शोरूम मालिक आसिफ ने बताया कि शाम को आठ बजे दुकान में माल भरकर गए थे। और रात नौ बजे पड़ोसियों का फोन आया कि दुकान में आग लग रही है। जब तक वहां पहुंचे तब आग से सब जल चुका था। करीब 40 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।



कपड़े के शोरूम में तीसरी मंजिल पर उठतीं आग की लपटें। अमृत विचार

## महिला अधिवक्ता पर केस से वकीलों में रोष

**इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आनंद नगर निवासी महिला वकील पर घरेलू बंटबारे के विवाद में कोतवाली पुलिस द्वारा दूसरे पक्ष की तहरीर पर मामला दर्ज करने व महिला वकील का मामला दर्ज न करने से वकीलों में रोष है। सोमवार को वकीलों ने काम का बहिष्कार किया और एसएसपी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बताया गया है कि महिला वकील रजिया का अपने ही परिवार के लोगों से बंटबारे को लेकर विवाद चल रहा है। विवाद के चलते एक-दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए दोनों पक्षों ने कोतवाली में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर रजिया के खिलाफ मामला दर्ज लिया । लेकिन पुलिस ने रजिया की तहरीर पर कोई कार्रवाई नही की। जिला बार एसोशिएशन ने इस पर विरोध दर्ज कराते हुए सोमवार को हड़ताल की और एसएसपी को दूसरे पक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर तहरीर दी है। एसएसपी ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।


जीत की खुशी मनाती सन फ्लावर टीम। अमृत विचार

## सन फ्लावर ने लोटस को 27 रन से हराया

● सैफई विश्वविद्यालय में महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

संवाददाता सैफई, इटावा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतिम दिन फाइनल मुकाबलें मे सन फ्लावर टीम ने लोटस टीम को 27 रनों से हरा कर ट्रॉफी हासिल कर विजेता बनी।

लोटस टीम की कप्तान गीता कुमारी नें टॉस जीत कर सन फ्लावर टीम की कप्तान ऊषा सचाना को बैटिंग करने को कहा। टीम ने आठ ओवर मे पांच विकेट के नुकसान पर 62 रन बनाए। बीना मैसी एवं प्रियांशु नें बेहतर बल्लेबाजी कर मैन ऑफ द सीरीज प्राप्त की। वही लोटस टीम नें 8 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 35 रन बनाकर अपनी हार स्वीकार की। विजेता एवं उपविजेता टीम को विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने ट्रॉफी भेंट की। सीएनएस लवली जेम्स, नर्सिंग सुप्रीटेंडेंट रूपम दीक्षित, नमिता कुमारी, सुरेश चंद शर्मा, बीना मैसी, उषा सचान, समिधा, माया, नर्सिंग ऑफिसर अंजू, प्रियांशु और सीनियर नर्सिंग ऑफिसर नितिन मिश्रा, लक्की मेसी आदि मौजूद रहे।

## कॉलोनी के सामने कूड़े के ढेर में आग

**लखना, इटावा।** भरथना रोड पर कांशीराम कॉलोनी के सामने सोमवार दोपहर सड़क के किनारे पड़े कूड़े में अज्ञात कारणों से आग लग गई। किसान अशोक प्रजापति ने पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## एक नजर

### आग से 25 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**ताखा, इटावा।** थाना क्षेत्र में तिरखी गांव के पास सोमवार सुबह 10 बजे किसान अमर सिंह के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। जब तक गांव वाले कुछ समझ पाते आग ने बिकराल रुप धारण कर लिया। गांव वालों ने पांच बीघा खेत के गेहूं के गट्ठरों को आग से बचाया जबकि 25 बीघा खेत के गेहूं जलकर राख हो गए। घटना स्थल के आसपास बिजली के तार भी नहीं हैं जिससे आग लग सके, आग लगने का कोई सही कारण पता नहीं चल सका है। किसान को तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ। तहसीलदार मोहम्मद असलम ने बताया कि राजस्व टीम से नुकसान का आंकलन करवाकर किसान को आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की गई जान

**इटावा।** भरथना के पास किसी ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेजा हैह्द क्षेत्र के गांव पुठियां निवासी विमल कुमार (28) पुत्र जाहर सिंह भरथना के पास रेलवे लाइन पार कर रहा था। तभी ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### तमंचा के साथ गिरफ्तार

**इटावा।** कोतवाल विक्रम सिंह चौहान अपनी टीम के साथ गस्त पर थे। तभी उन्हें नीलकंठ मंदिर के पास संदिग्ध अवस्था में घूमते एक युवक दिखा। पुलिस ने जब उसे टोका तो वह भागने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे धर दबोचा। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में उसने अपना नाम सत्यम सिंह पुत्र नरेश सिंह निवासी ऊमरी भिंड बताया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

## इंटरमीडिएट के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

● पढ़ाई के तनाव के चलते उठाया आत्मघाती कदम

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** एकता कॉलोनी में यूनिवर्सिटी प्रवेश परीक्षा के तनाव के चलते इंटर के एक छात्र ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। छात्र को अगले महीने यूनिवर्सिटी प्रवेश परीक्षा में शामिल होना था। छात्र का शव घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में रस्सी से लटका मिला। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने चिकित्सीय परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना सोमवार दोपहर की है।

फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के एकता कॉलोनी के रहने वाले वीर सिंह राजावत गाड़ी चलाते हैं। उनके दो बेटे और एक बेटी है। वह गाड़ी लेकर ड्यूटी पर गए थे। घर पर पत्नी नीतू और बच्चे थे। सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे उनके 16 वर्षीय सबसे बड़े पुत्र प्रियांशु राजावत ने घर की दूसरी मंजिल पर बने अपने कमरे में गेट अंदर से बंद कर रस्सी से फांसी लगा ली। घटना की जानकारी परिजनों को तब हुई जब प्रियांशु की मां उसे बुलाने के लिए कमरे में गई तो उसने काफी देर तक दरवाजा नही खोला। इस पर गेट के नीचे से झांककर देखा तो बेटे को फंदे से लटका देखकर मां चीखपुकार करने लगी। इस पर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारकर निजी वाहन से जिला अस्पताल लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने प्रियांशु को चिकित्सीय परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।

बेटे की मौत से मां नीतू, बड़ी बहन मुस्कान और छोटे भाई मयंक रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की मां ने बताया बेटे ने पिछले वर्ष ही इंटर की परीक्षा पास की थी। जिसमें उसके 87 प्रतिशत नंबर आए थे और वह अब सरकारी यूनिवर्सिटी में दाखिले के लिए तैयारी कर रहा था। अगले माह 15 मई को उसकी परीक्षा भी थी, लेकिन इससे पहले उसने आज यह कदम उठा लिया। वही बहन मुस्कान रोते बिलखते हुए अपने पापा से बोल रही थी भाई ने परीक्षा के तनाव के चलते यह कदम उठाया है। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### दो लोगों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**इटावा।** जिले के अलग अलग स्थानों पर दो लोगों ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पहली घटना बिठौली थाना क्षेत्र के गांव बिठौली में हुई जहां घरेलू कारणों से परेशान होकर ज्वाला सिंह (37) पुत्र आशा राम ने अपने घर के कमरे में फांसी लगा ली। परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी घटना सैफई थाना क्षेत्र के गांव नगला सुमानी में हुई। जहां गृह कलह से परेशान शमी उर्फ इश्त्याक अली (35) ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## वाहन ने आटो में मारी टक्कर, एक की मौत तीन लोग घायल

**ताखा (इटावा)।** जसवंत नगर थाना क्षेत्र के गांव जौनई निवासी सगे भाई शिवम व दीपक अपने साथी अनुज व धीरज के साथ ऊसराहार क्षेत्र में भूसा खरीदने के लिए गए थे। रविवार की रात को वह आटो में सवार होकर वापस अपने घर आ रहे थे। इसी दौरान ऊसराहार-भरथना मार्ग पर भरतिया कोठी चौराहे के पास सामने से आए अज्ञात वाहन ने आटो में टक्कर मार दी। जिससे आटो में सवार सभी लोग घायल हो गये। ऊसराहार थाना पुलिस ने घायलों को सैफई पीजीआई भिजवाया जंहा गंभीर रूप से घायल दीपक (25) की इलाज के दौरान मौत हो गई। ऊसराहार थाना प्रभारी बेचन सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## सार-संक्षेप


एडी बेसिक राजेश कुमार को कैलेंडर भेंट करते शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी।

### समस्याओं के संबंध में एडी बेसिक से मिले शिक्षक नेता

**इटावा।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक कानपुर मंडल कानपुर राजेश कुमार वर्मा से भेंट कर वार्ता की। पदाधिकारियों ने नव संवत्सर का कैलेंडर भी भेंट किया। मंडलीय महामंत्री संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि संगठन के साथ वार्ता सार्थक रही। कुछ प्रकरणों पर संगठन ने विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेशीय मंत्री जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी, मंडली अध्यक्ष प्रताप कटियार, महामंत्री संजय त्रिपाठी, महामंत्री जितेन्द्र सिंह यादव, नवनीत कुमार पांडेय, कानपुर के कार्यकारी जिलाध्यक्ष जय कुमार सिंह चंदेल, महामंत्री सुयश शुक्ला व इटावा से संतोष कुमार दुबे सम्मिलित रहे।

### मतदान के लिए 3 से 9 मई तक स्कूलों का अधिग्रहण

**इटावा।** लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्र बनाए गए स्कूलों का अधिग्रहण मतदान के लिए कर लिया गया है। जिलाधिकरी ने जसवन्तनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 452 मतदेय स्थलों पर 7 मई को होने वाले मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित मतदेय स्थलों से संबंधित सभी प्राथमिक पाठशालाओं, हायर सेकेंडरी स्कूलों, जूनियर हाईस्कूलों, पंचायत घरों, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामुदायिक मिलन केंद्रों, इंटर कॉलेजों, संकुल भवनों एव सहकारी संघों के भवनों व उनके संपूर्ण परिसर, क्षेत्र का 3 मई से 9 मई तक की अवधि के लिए अधिग्रहीत कर लिया गया है।

### सफाई कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : चेयरमैन

**भरथना (इटावा)।** भरथना नगर की साफ-सफाई एवं जलनिकासी व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से नगर पालिका ने नगर में बहने वाले बड़े-बड़े नालों की सफाई के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया। नगर पालिका के सफाई प्रभारी मुकेश यादव ने बताया कि चेयरमैन अजय कुमार यादव गुल्लू के निर्देशानुसार मोहल्ला ब्रहमनगर, मोतीगंज, रेलवे फाटक के समीप स्थित सभी बड़े-बड़े नालों की सफाई करायी गई। सफाई कर्मचारियों की विशेष टीम ने नालों के अन्दर एकत्रित कूड़ा करकट, प्लास्टिक आदि गंदगी को निकाला गया। चेयरमैन अजय यादव ने साफ सफाई का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि भीषण गर्मी के चलते साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पेयजल व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त रहनी चाहिए। सफाई प्रभारी मुकेश यादव ने बताया कि छोटी-छोटी नालियों की प्रतिदिन सफाई होने के साथ ही समय-समय पर नगर में बहने वाले बडे-बडे नालों की सफाई कराई जाती है।


नाले की सफाई करते कर्मचारी। अमृत विचार

## बागपत के तेंदुआ का सफारी में इलाज

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** यूपी के बागपत में घायलावस्था में मिले एक तेंदुए को इलाज के लिए सफारी पार्क लाया गया है, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। इससे पहले भी तीन महीने पहले बागपत से ही घायल तेंदुए को इटावा सफारी पार्क लाया गया था यहां इलाज के बाद अब वह सेहतमंद हो रहा है।

बागपत वन प्रभाग के बड़ौत रेंज के अंतर्गत किशनपुर बिराल में दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे पर 14 अप्रैल को एक नर वयस्क तेंदुआ सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद सड़क पर पड़ा था, जिसे बागपत वन प्रभाग के वनकर्मियों ने रेस्क्यू किया। बागपत के पशु चिकित्सकों की सहायता से इस तेंदुए का इलाज किया जा रहा था लेकिन बागपत वन प्रभाग में पर्याप्त सुविधा उपलब्ध न होने के कारण प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव के निर्देश पर 28 अप्रैल को देर शाम इलाज के लिए तेंदुए को इटावा सफारी पार्क लाया गया।

सफारी के डिप्टी डायरेक्टर विनय सिंह ने बताया कि तेंदुए के अगले बाएं पैर में कुहनी का जोड़ पूरी तरह से टूटा हुआ है, जिससे वह खड़े होने में असमर्थ हैं। उन्होने बताया कि बागपत जिले से 3 माह पूर्व सफारी पार्क में लाए गए तेंदुआ राधे का इलाज गुजरात के डॉ. सीएन भुवा सलाहकार इटावा सफारी पार्क, के सहयोग से इटावा सफारी पार्क के डॉ. रोबिन सिंह यादव व डॉ. शैलेन्द्र सिंह द्वारा किया जा रहा है।


सफारी में आया घायल तेंदुआ।

## महिला के बैंक खाते से एक लाख रुपये किए पार

संवाददाता बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** औरैया जिले के अछल्दा थाना क्षेत्र के ग्राम चिमकुनी निवासी किरन देवी ने बताया कि वह बकेवर में एजेंसी से बाइक खरीदने आई थी। एटीएम से रुपये निकालने समय दो युवक एटीएम के अंदर घुस आए। युवकों को देखकर वह हड़बड़ा गई और उसके हाथ से एटीएम कार्ड छूटकर नीचे गिर गया। तभी एक युवक तेजी से नीचे झुका और एटीएम कार्ड बदलकर उसे दूसरा एटीएम कार्ड पकड़ा दिया।

दोनों युवक एटीएम से बगैर रुपये निकाले एटीएम के बहार निकल गए । महिला ने जब एटीएम कार्ड का प्रयोग किया तब उसे जानकारी हुई कि युवक उसे दूसरा एटीएम कार्ड बदल लिया है। एटीएम कार्ड ले जाने वाले युवकों ने कहीं जाकर दूसरे एटीएम मशीन से महिला के कार्ड से 25 हजार रुपये कार्ड से और 84 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए। टप्पेबाजी की शिकार महिला ने बकेवर थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

**लोकसभा चुनाव** — डॉ . मृदुला कठेरिया ने गांवों में जनता से किया संवाद, सरकार की गिनाईं उपलब्धियां

# घर-घर स्वच्छ पेयजल पहुंचा रही मोदी सरकार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में अब चुनाव प्रचार में प्रत्याशी पूरा जोर जनसंपर्क अभियान पर लगाए हुए हैं। प्रत्याशी के परिवारीजन भी सुबह से शाम तक चिलचिलाती धूप और गर्मी की परवाह न करते हुए घर-घर पहुंच रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया की पत्नी डॉ. मृदुला कठेरिया ने सोमवार को भरथना विधानसभा क्षेत्र के करीब सात गांवों में घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया। समूह में ग्रामवासियों को एकत्र कर केंद्र की मोदी और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की जनापयोगी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि केंद्र में पीएम मोदी की सरकार गांव-गांव स्वच्छ पेयजल पहुंचा रही है। हर घर जल योजना के तहत अब गांवों में दूषित पानी से ग्रामीणों को मुक्ति मिलेगी। बीमारियां भी नहीं पनपेगी। सरकार ने आयुष्मान योजना के तहत गरीबों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं का लाभ निःशुल्क उपलब्ध कराया है। देश में पहली बार ऐसी सरकार बनी है जिसने पूरी दुनियां में भारत का स्वाभिमान सम्मान बढ़ाया है।

उन्होंने ग्राम जगन्नाथपुर, मनियामऊ, जगमोहनपुर, सरायजलाल, कर्वाखेड़ा, बिजौली और ग्राम सराय मिठ्ठे में आम जनता से संवाद स्थापित कर भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। डॉ. अर्चना गुप्ता और महिला तथा स्थानीय इकाई के पदाधिकारी मौजूद रहे।


महिलाओं से पति रामशंकर कठेरिया के लिए वोट मांगतीं डॉ . मृदुला कठेरिया।

## डॉ. मृदुला कठेरिया ने वापस लिया नाम अब सात प्रत्याशियों में होगा मुकाबला

**इटावा।** इटावा लोकसभा क्षेत्र से नामांकन पत्रों की जांच के बाद 8 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए थे। नाम वापसी के अंतिम दिन सोमवार को डॉ. मृदुला कठेरिया ने अपना नाम वापस ले लिया। अब इटावा लोकसभा क्षेत्र में सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। इन्हीं के बीच अब चुनावी मुकाबला होगा। अब चुनाव मैदान में तीन प्रमुख दलों भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी तथा बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशियों के साथ ही कुछ छोटे दलों और निर्दलीय प्रत्याशी शामिल है।

जिनके बीच चुनावी मुकाबला होना तय है। हालांकि नामांकन पत्र भरे जाने के दौरान कुल 15 प्रत्याशियों ने नामांकन भरे थे। सात प्रत्याशियों की नामांकन पत्र खारिज कर दिए थे।

### अब यह प्रत्याशी हैं चुनाव मैदान में

- जितेंद्र कुमार दोहरे समाजवादी पार्टी
- डॉ . रामशंकर कठेरिया भारतीय जनता पार्टी
- सारिका सिंह बघेल बहुजन समाज पार्टी
- भुवनेश कुमारी सम्यक पार्टी
- विवेक राज जनता समाजवादी पार्टी
- मुलायम सिंह निर्दलीय
- सुनील शंखवार एडवोकेट निर्दलीय


पथवरिया मोहल्ले में वोट मांगते सपा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे। अमृत विचार

## झूठे वादे भाजपा का काम: जितेंद्र

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** सपा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे ने सोमवार को शहर के विभन्न मोहल्लों में जनसंपर्क कर लोगों से वोट मांगे। उन्होंने कहा कि इटावा का विकास समाजवादी पार्टी की सरकार की देन है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री रहते हुए इटावा में लायन सफारी देकर पूरे विश्व में पर्यटन के क्षेत्र में इटावा का नाम और मान बढ़ाया है। भाजपा सरकार सिर्फ झूठे वादे और खोखले नारे के सहारे चुनाव जीतना चाहती है। अब जनता उनके बहकावे में आने वाली नहीं है।

विधानसभा इटावा के पथवरिया, आलमपुरा, बेरुन टोला में जनसम्पर्क के दौरान सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, उदयभान सिंह यादव, फिरोज अंसारी, अनवर हुसैन, मीडिया प्रभारी विक्की गुप्ता, शहर अध्यक्ष अब्दुलअंसारी, टंटी यादव, जिलाध्यक्ष युवजन सभा आदित्य गोविंद, नफ़ीसुल हसन अंसारी, जिला सचिव प्रवीण कुशवाहा, मुस्तकीम, राकेश यादव, आप जिला महासचिव इक़रार अहमद, रामप्रकाश वर्मा, मो. दिलशाद, मो. इकबाल, मो. शाकिर, शहर अध्यक्ष कांग्रेस पल्लव दुबे, मनोज राणा बाल्मिक, आलोक दीक्षित, आशीष दीक्षित, मो. जावेद, मो. अख्तर, अनुराग दोहरे, धीरेन्द्र यादव, नन्हें पहलवान आदि मौजूद रहे।

# एआरटीओ में गबन की जांच रिपोर्ट उप परिवहन आयुक्त को सौंपी गई

## तीन लेखाकार व एक अधिकारी समेत सात-आठ पर लटक रही कार्रवाई की तलवार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** गत पांच जनवरी को भाऊपुर निवासी शिवकांत पाठक व उनकी पत्नी के आत्महत्या करने के बाद मिले सुसाइड नोट में एआरटीओ कार्यालय में चालान गबन का मामला सामने आया था। लगभग चार माह बाद कानपुर आरटीओ के अधिकारियों ने जांच पूरी कर उप परिवहन आयुक्त डॉ. विजय कुमार को रिपोर्ट सौंप दी है।

ककोर स्थित एआरटीओ कार्यालय में नकद जमा होने वाले चालान की धनराशि बैंक में जमा न करते हुए जेब में डाली गई। इसके लिए शहर के दिबियापुर रोड स्थित बैंक में भी एआरटीओ कार्यालय के कर्मचारियों ने साठगांठ की। यहां पर जब मामला बढ़ा तो कुछ लोगों ने भाऊपुर गांव निवासी शिवकांत पर गबन की धनराशि जमा करने का दबाव बनाया। शिवकांत बैंक में आउट सोर्सिंग पर तैनात थे।

दबाव के चलते शिवकांत व उनकी पत्नी के आत्महत्या के बाद परिजनों ने सुसाइड नोट के माध्यम से पूरा मामला पुलिस को बताते हुए एआरटीओ कार्यालय के लेखाकार ललितकांत व नेता मिश्रा पर दबाव बनाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ललितकांत को जेल भेज दिया था। वहीं गबन की तस्वीर धुंधली पड़ रही थी। चार माह कानपुर आरटीओ के अधिकारियों ने ककोर मुख्यालय के एआरटीओ कार्यालय की खाक छानी। दस्तावेज जुटाए। इसी बीच गबन की धनराशि चोरी छिपे किसी ने बैंक में जमा भी कर दी। इसे जांच टीम के अधिकारियों ने भी स्वीकारा है। आखिरकार वह कौन है जिसने यह धनराशि जमा कराई। कई पहलुओं पर तस्वीर अभी भी धुंधली है। इस कड़ी में एक कर्मचारी लगातार शंका के घेरे में है। चर्चा है कि अगस्त में सेवानिवृत्त होने जा रहे इस कर्मचारी ने मामला दबाने के लिए सभी पैतरें आजमाए हैं। हालांकि जांच रिपोर्ट उप परिवहन परिवहन आयुक्त को सौंप दी गई है। चालान की धनराशि जमा करना पाया गया है। तीन लेखाकार इस अनियमितता के दौरान बदले हैं। अब उच्चाधिकारी ही मामले में दोषी का निर्धारण व कार्रवाई करेंगे।


औरैया का एआरटीओ कार्यालय।

### किसने जमा की गबन की धनराशि

- रिपोर्ट अब आयुक्त के पास पहुंच चुकी है। अब कार्रवाई की तलवार लटक रही है। सूत्रों की माने तो इस रिपोर्ट में देर- सवेर गबन की धनराशि जमा हो जाने का भी जिक्र है। ऐसे में वह कौन था जिसने यह धनराशि जमा की। अभी तस्वीर स्पष्ट होना बाकी है।

" कानपुर आरटीओ की जांच टीम ने उप परिवहन आयुक्त को रिपोर्ट सौंप दी है। जांच में लगभग चार माह का लग गया है।
-प्रदीप कुमार, लेखाधिकारी आरटीओ कानपुर कार्यालय

## नशे में युवक ने खाई गेहूं में रखने की दवा, गई जान

**फफूंद-औरैया।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक शराब के नशे में घर आया और मां से झगड़ा करने के बाद गेंहू में रखने के लिए रखी दवा खा ली जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। स्वजन अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव आरुषी का पुरवा निवासी स्व पाती राम का 19 वर्षीय पुत्र नितिन कुमार खेती किसानी का कार्य करता था। सोमवार की दोपहर को वह दारू पीकर घर पर आया और अपनी मां विमला देवी से दारू के लिए रुपये मांगने लगा जब रुपये देने से मना किया तो उसने मां से झगड़ा करके घर के अंदर कमरे में रखी गेंहू में डालने वाली दवा खा ली। बड़े भाई अनिल कुमार उर्फ टिंकू उसे चिचौली अस्पताल ले गए जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिग के अपहरण में पांच दोषियों को पांच-पांच वर्ष कैद

संवाददाता अजीतमल, औरैया

- थाना दिबियापुर क्षेत्र का नौ वर्ष पुराना मामला
- झगड़ा करने की दोषी तीन महिलाओं को भी सजा सुनाई

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) मनराज सिंह ने थाना दिबियापुर क्षेत्र से नौ वर्ष पूर्व एक 14 वर्षीय नाबालिग के अपहरण के पांच दोषियों को पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। सभी पर 25-25 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। वहीं इसी घटना को लेकर झगड़ा करने के दोषी तीन महिलाओं को एक-एक वर्ष की कैद की सजा सुनाई गई है।

अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्रा, विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) जितेंद्र सिंह तोमर व मृदुल मिश्रा ने बताया कि उक्त मामला वादिनी द्वारा न्यायालय से सीआरपीसी 156 (3) के आदेश के द्वारा थाना दिबियापुर में पंजीकृत कराया गया है। जिसमें वादिनी के अनुसार उसकी 14 वर्षीय पुत्री पांच जनवरी 2015 की शाम आठ बजे शौच हेतु घर से बाहर गई थी। काफी देर जब वह वापस नहीं लौटी तो उसकी खोज की गई।



खोजबीन में पता चला कि पहले से घात लगाए बैठे जितेंद्र कुमार, उमेश कुमार, वेद प्रकाश निवासी पुर्वा सबसुख दिबियापुर मोटर साइकिल पर बिठाकर किशोरी को साथ ले गए। जानकारी मिलने पर वादिनी व उसके पति जब जितेंद्र के घर गए। तो वहां जितेंद्र का पिता वेद प्रकाश, उसका भाई सतीश चंद्र व पड़ोसी विनोद कुमार आ गए और कहने लगे कि उसका लड़का घर पर नहीं है। पूछने पर वेद प्रकाश व सतीश चंद्र मारपीट पर आमादा हो गए।

पुलिस ने विवेचना कर पांच आरोपी जितेंद्र कुमार, उमेश चंद्र, वेद प्रकाश, सतीश व विनोद के विरुद्ध मामला दर्ज किया। साथ ही सभी के विरुद्ध चार्जशीट कोर्ट में प्रस्तुत की। इसके अलावा सुमन, शर्मिला, गुड्डी देवी के विरुद्ध मारपीट की धारा में आरोप पत्र पेश किया। तीनों मामलों का निर्णय सोमवार को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) मनराज सिंह ने सुनाया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अदालत (पॉक्सो) जितेंद्र सिंह तोमर, मृदुल मिश्रा ने सभी दोषियों को कठोर सजा देने की बहस की। दोनों पक्षों को सुनने के बाद एडीजे मनराज सिंह ने पांच अभियुक्त सतीश, विनोद, जितेंद्र कुमार, उमेश कुमार, वेद प्रकाश निवासी पुर्वा सबसुख को पांच वर्ष कठोर कारावास व 25-25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं शर्मिला देवी, गुड्डी देवी, सुमन देवी को मारपीट करने पर एक-एक वर्ष की सजा सुनाई। कोर्ट ने प्रस्तुत मामले में जमा कराई गई। अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को अदा करने का भी आदेश दिया।

# नामांकन बढ़ाने के लिए शिक्षक करें विशेष प्रयास

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- सीडीओ की अध्यक्षता में हुई निपुण भारत अभियान की समीक्षा बैठक

**अमृत विचार।** सोमवार को निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति के दृष्टिगत विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अनिल कुमार की अध्यक्षता व बीएसए अनिल कुमार की उपस्थिति में बीईटो, डीसी, एसआरजी, एआरपी के साथ समीक्षा बैठक की गई। जहां सीडीओ ने नामांकन अभियान, , निपुण भारत अभियान सहित विभिन्न बिन्दुओ की समीक्षा की गई।

बैठक में एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी ने पीपीटी के माध्यम से निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित प्रयासों से सीडीओ को अवगत कराया। इस दौरान निपुण भारत मिशन से संबंधित सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की रिपोर्ट, शिक्षक उपस्थित, छात्र उपस्थिति आदि के बारे में डेटा शेयर किया गया।

सीडीओ विशेष अभियान चलाकर नामांकन बढ़ाने पर जोर दिया, वहीं बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभिभावकों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। बीएसए अनिल कुमार ने 10 पॉइंट टूल किट को विद्यालयों में लागू करने, समय से पाठ्क्रम पूर्ण करने, एक ही क्लास में सभी बच्चों को एक साथ न बैठाने पर जोर दिया। बीईओ जगदीश श्रीवास्तव, अजय विक्रम सिंह, दाताराम, प्रवीण कुमार, अल्केश सकलेचा, उपेंद्र विश्वकर्मा, एसआरजी सुनील दत्त राजपूत, अलका यादव, सुभाष रंजन दुबे, डीसी नमन पाण्डेय, मयंक उदेनिया आदि मौजूद रहे।

# यूपी को योगी ने बनाया उत्तम प्रदेश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी ने चिकित्सकों से संवाद करते हुए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में हुए बडे.परिवर्तन से सुदृढ़ हुई देश व प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की जानकारी को साझा किया। औरैया स्थित चुनाव कार्यालय में चिकित्सक/ कार्यकर्ता सम्मेलन को सहारनपुर मेयर डॉ. अजय कुमार सिंह, इटावा लोकसभा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, औरैया विधनसभा प्रभारी डॉ. शिववीर सिंह भदौरिया, विधानस्भा संयोजक श्रीराम मिश्रा, भाजपा जिला महामंत्री शिव सिंह भारतीय, भाजपा जिला महामंत्री कुलदीप दुबे आदि ने संबोधित किया।

सहारनपुर मेयर डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि देश का सबसे बड़ा प्रदेश उत्तर प्रदेश सपा, बसपा और कांग्रेस की सरकारों की स्वहित, भ्रष्टाचार, माफिया, आतंक और तुष्टिकरण की राजनीति के कारण बीमारू प्रदेश बन गया था। लेकिन मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र की सेहत को सुधारते हुए उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने सिर्फ अपनी और अपने परिवारों की जेबों की सेहत का ध्यान रखा जिसके चलते हमारे देश और प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था चरमार गई थी। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने आयुष्मान भारत के नाम से एक ऐसी योजना शुरू की, जिससे देश के हर गरीब का इलाज मिल रहा है। जिला प्रभारी आनंद सिंह,जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता,लोकसभा संयोजक रजनीश पांडेय,दिबियापुर विधानसभा प्रभारी महेन्द्र मिश्रा,संयोजक सरनाम शाक्य व अन्य मौजूद रहे।


सम्मेलन को संबोधित करते सांसद रामशंकर कठेरिया। अमृत विचार

- पार्टी कार्यालय में चिकित्सक/ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

## अग्निकांड रोकने के लिए एडवाइजरी जारी

**औरैया।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) महेंद्र पाल सिंह ने अवगत कराया है कि अग्निकांड को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की तरफ से एडवाइजरी जारी की गई है। एडवाइजरी में बढ़ते अग्निकांड की घटनाओं को रोकने के बारे में आम जन को सावधान किया गया है। कहा कि गर्मी में लगने वाली आग से गांव अत्यधिक प्रभावित होते हैं । ऐसे में रसोई घर यदि फूस का हो तो उसकी दीवार पर मिट्टी का लेप अवश्य लगा दें। रसोई घर की छत ऊंची रखने, आग बुझाने के लिए घर में बोरे में बालू रखने, बाल्टी में पानी रखने की सलाह दी। खेतों पर जहां कहीं भी ढीले तार दिखें उसकी सूचना तत्काल विद्युत विभाग के हेल्पलाइन टोल फ्री न0-1912 को दें । आग लगने पर फायर बिग्रेड न- 9454418417, 9454418418 या टोल फ्री न0 112 पर तुरंत सूचित करें।

# रंग-बिरंगे परिधानों में नजर आए बच्चे

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** गेल डीएवी मॉडल स्कूल में शनिवार को इंटर हाउस फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कराई गई। इसमें समस्त बच्चों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन तीन समूह में किया गया। जिसमें तीनों समूह के लिए अलग-अलग थीम रखी गई थी। समूह ए के लिए थीम थी- थिंग्स वीसी इन द स्काई, समूह बी के लिए थीम थी- पावरफुल एंपरर इन इंडियन हिस्ट्री तथा समूह सी के लिए इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की थीम थी।

समूह ए में रितिक राज (बोस हाउस) प्रथम, अदिति त्रिपाठी (तिलक हाउस) द्वितीय तथा अक्षिता वशिष्ठ (आजाद हाउस) तृतीय स्थान पर रही। समूह बी में आयशा (आजाद हाउस) प्रथम, सान्वी (बोस हाउस) द्वितीय तथा प्रन्वी (बोस हाउस) और प्रयाग (भगत हाउस) तृतीय स्थान पर रहे। समूह सी में उनाइजा (तिलक हाउस) तथा उन्नति दुबे (बोस हाउस) प्रथम प्रणिका पोरवाल (भगत हाउस) द्वितीय तथा आन्वी मिश्रा (आजाद हाउस) तृतीय स्थान पर रही।थीम के अनुसार सभी बच्चों ने अपना प्रदर्शन बहुत ही शानदार तरीके से किया। प्रधानाचार्य सौभाग्य सिंह तोमर ने प्रतियोगिता को अत्यंत ही सराहनीय एवं आकर्षक कदम प्राइमरी के समस्त प्रतिभागी छात्रों ने बहुत ही मनमोहक व सुंदर कपड़े पहनकर अनेक तरह की नाटकीय एवं आकर्षक प्रस्तुति दी। निर्णायक की भूमिका में शिक्षक डॉली खान एवं संध्या थपलियाल मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन प्रज्ञा तिवारी एवं अतिया मारूफ ने किया।


प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे। अमृत विचार

## बाइक चुराते नशेड़ी को लोगों ने पकड़ा

**अजीतमल, औरैया।** थानाक्षेत्र की अटसू चौकी के अंतर्गत अटसू कस्बे के मोहल्ला श्रीनगर में राजू सिंह के घर के बाहर बाइक खड़ी थी। जिसे एक व्यक्ति ले जाने लगा। नशे की हालत में होने के कारण बाइक समेत भागते समय महिलाओं ने देख लिया। शोर मचाने पर लोगों ने उसे पकड़ लिया। लोगों ने बताया कि एक माह पूर्व इसी मोहल्ले से दो साइकिल पहले भी चोरी हो चुकी हैं। चौकी प्रभारी सतीश चन्द्र ने बताया कि 112 नम्बर पुलिस मौके से लायी थो युवक स्मैक के नशे में था जिसकी हालत गंभीर होने पर सीएचसी भिजवाया जिसके बाद परिवार वालों को सूचना दी गरी।अभी तक कोई भी शिकायत नहीं दी गयी।

# खेत में जहरीला कीड़ा काटने से किसान की मौत

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किसान को खेतों पर मूंग फली की फसल में पानी लगाते समय किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिजन व अन्य उसे निजी अस्पताल ले गए जहां चिकत्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।


स्वदेश राजपूत।

फफूंद थाना क्षेत्र के गांव माखनपुर निवासी स्वदेश राजपूत (27) पुत्र गंगाराम खेती किसानी कर अपने परिवार का जीवन यापन करते थे। उसने गांव टीकमपुर निवासी कुंतू तिवारी का खेत बलकट पर लेकर उसमे मूंगफली की फसल की थी।

रविवार की शाम वह फसल में पानी लगा रहा था तभी खेत में छिपे किसी जहरीले कीड़े ने उसके काट लिया। वह अचेत होकर खेतों में गिर पड़ा। आसपास खेतो में काम कर रहे किसानों ने जब उसे खेत में पड़ा देखा तो आनन फानन घर ले गए जहां परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए लेकिन जब तक उसकी मौत हो गई थी। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्वदेश की तीन वर्ष पूर्व शादी हुई थी और उसका एक छः माह का पुत्र आर्यन है।


शील्ड के साथ छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र पाकर मेधावियों के खिल उठे चेहरे

संवाददाता, बिधूना औरैया

**अमृत विचार।** उमरैन पब्लिक इंटर कॉलेज उमरैन के हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय में शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रबंधक विजय कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्या खुशबू गुप्ता ने कक्षा 12 में दीप्ति यादव, ज्योति शाक्य, रचित गुप्ता को 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर, जबकि कथा 10 में अंजली गौतम, आनंद कुमार कमल को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया।

प्रबंधक व प्रधानाचार्या ने कहा कि उक्त छात्र -छात्राओं के अलावा लगभग दो दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं ने सम्मान जनक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रबंधक एवं प्रधानाचार्या के हाथों सम्मान पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अन्य कर्मी आदि मौजूद थे।

धर्म-कर्म

## अजीतमल क्षेत्र में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का दूसरा दिन

# भक्त प्रह्लाद की कथा का प्रसंग सुनाया

संवाददाता अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** अजीतमल क्षेत्र में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन आचार्य मदन व्यास जी ने सोमवार को भक्त प्रह्लाद की कथा का वर्णन किया। प्रह्लाद विष्णु के भक्त थे। उसके पिता हिरण्यकश्यप राजा थे और वे ईश्वर को नहीं मानते थे। जब उन्हें पता चला कि उनका प्रह्लाद विष्णु जी की बहुत पूजा करता है तो उन्हें यह बात पसंद नहीं आई।

उन्होंने बेटे को बहुत बार समझाया कि वह विष्णु की पूजा करना छोड़ दे लेकिन वे नहीं माने। जब सारी कोशिशों के बाद भी हिरण्यकश्यप प्रह्लाद को विष्णु की भक्ति करने से रोक नहीं पाए तो उन्होंने उसे मार देने की सोची। उन्होंने एक दिन प्रह्लाद को मारने के लिए अपनी बहन होलिका की मदद ली। होलिका को शंकर जी से वरदान में ऐसी चादर मिली थी जिसे ओढ़ने पर अग्नि उसे जला नहीं सकती थी। होलिका उस चादर को ओढ़कर और प्रह्लाद को अपनी गोद में लेकर अग्नि में बैठ गई। लेकिन वह चादर उड़कर प्रहलाद के ऊपर आ गई और प्रहलाद की जगह होलिका ही जल गई। इस तरह हिरण्यकश्यप और होलिका के गलत इरादे पूरे नहीं हो पाए।


श्रीमद्भागवत कथा सुनतीं महिलाएं। अमृत विचार


मदन व्यास जी। अमृत विचार

### भागवत कथा सुनने से होता है मन का शुद्धिकरण

- उधर, कस्बा अजीतमल के ब्लॉक रोड पर चल रही अन्य श्रीमद्भागवत कथा में महामंडलेश्वर व्यासाचार्य पं. मदन व्यासजी ने कहा कि भागवत कथा से मन का शुद्धिकरण होता है। इसलिए सद्गुरु की पहचान कर उनका अनुकरण एवं निरंतर हरि स्मरण, भागवत कथा सुनने की जरूरत है। श्रीमद भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। जहां अन्य युगों में धर्म लाभ एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए कड़े प्रयास करने पड़ते हैं, कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है।

## सार-संक्षेप

### परमहंस धाम में श्रीराम कथा आज से

**ककोर।** दिबियापुर नगर के भगवतीगंज में स्थित श्री बाबा परमहंस धाम में होने वाली महाआरती के बाद श्री बाबा परमहंस गुरु सेवा संस्थान की बैठक हुई। इस कमेटी के अध्यक्ष संजीव पोरवाल गट्टे ने बताया कि 30 अप्रैल से 03 मई तक श्रीराम कथा एवं श्रीकृष्ण कथा का आयोजन किया जायेगा। सुबह नौ बजे भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन शाम तीन बजे से आचार्य पुनीत महाराज श्रीकृष्ण कथा सुनाएंगे। जबकि शाम आठ बजे से पिलुआ हनुमान मंदिर के पीठाधीश्वर महंत हरभजन दास महाराज श्रीराम कथा सुनाएंगे। चार मई को पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन होगा। गुरु नारायण अग्रवाल, मीनू वर्मा, सपना गुप्ता, प्रीती पोरवाल, नंदनी सेंगर, कमलाकर दुबे, संतोष सोनी, संतोष मिश्रा, भानु पोरवाल बिल्लू, अजय पोरवाल, अशोक शर्मा आदि मौजूद रहे।

### अज्ञात कारणों से ट्रक चालक की मौत

**अजीतमल, औरैया।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एनएच-19 गढ़िया ओवरब्रिज के पास पीवी 04 एबी 9574 टाटा 407 ट्रक चालक अचेत अवस्था में मिला। कोतवाली अजीतमल पुलिस ने उसे सीएचसी अजीतमल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक हरजंट सिंह उर्फ हैप्पी पुत्र आत्मा सिंह (38) निवासी मकान नंबर 816, ढल्ले के जिला मोगा पंजाब 142001 कानपुर से चंडीगढ़ भाड़ा लेकर जा रहा था। उसके साथ सवारी बनकर बैठा विशाल पुत्र तिलक राज शर्मा निवासी चंडीगढ़ भी साथ में था।

### बालक-बालिकाओं ने ताईक्वांडो में दिखाई प्रतिभा

**बिधूना।** ताइक्वांडो संघ के तत्वावधान में कलर बेल्ट प्रमोशन का टेस्ट हरसुख क्लब हरसुख नगर बिधूना में संपन्न हुआ। बालिका वर्ग में व्हाइट बेल्ट में अनुभा श्रीवास्तव प्रथम, अनन्या शुक्ला द्वितीय, नेहा तृतीय स्थान पर रही। बालक वर्ग में अंश प्रथम, येलो बेल्ट सपना, श्रृष्टि गुप्ता, प्रियांशी प्रथम, आकांक्षा, डेजी, द्वितीय प्रतिज्ञा, तृतीय स्थान पर रहे। बालक वर्ग ग्रीन वन अलतमस प्रथम, देव सविता द्वितीय, बालिका वर्ग में रेड बेल्ट अनन्या पोरवाल प्रथम, अंशिका भारती द्वितीय, अनुष्का पाल तृतीय स्थान पर रहे। बालक वर्ग मे रेड माधव पोरवाल रेड वन बेल्ट में शाइस्ता प्रथम उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो संघ से नियुक्त शैलेंद्र कुमार( औरैया ताईक्वांडो महासचिव दितीय, डानब्लैक बेल्ट नेशनल रेफरी) के मार्ग दर्शन में इस टेस्ट को संपन्न कराया गया। विशाल रॉय गौतम,, रिशब सिंह, हेमंत सिंह, रितिक रोशन, अभय आनंद शर्मा रामभरत पाल, विवेक पाल, हर्ष पाल, गगनदीप मौजूद रहे।

### किशोरी ने लगाई फांसी, मौत

**बिधूना, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कटरा रुपपुर निवासी मकबूल की पुत्री शिवा (14) व उसकी बहन-बहनोई घर पर थे। जबकि उसके पिता मकबूल व अन्य स्वजन खेतों पर गेहूं की कटाई करने गए थे। इसी दौरान शिवा ने घर के कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी का फंदा डालकर कर आत्महत्या कर ली। जैसे ही स्वजनों को यह जानकारी हुई तो उनमें कोहराम मच गया। स्वजनों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्रीकेश भारती पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने कहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### पीएचसी से डॉ. आरके सिंह की विदाई

**कंचौसी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कंचौसी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर के सिंह सेवानिवृत्त हो गए। सोमवार को विदाई समारोह कराया गया। नगर पंचायत कंचौसी के वार्ड नंबर तीन मुखर्जी नगर से सभासद अनूप पोरवाल कुलदीप ने फूल माला पहनाकर उन्हें विदाई दी। विदाई समारोह में सभासद अनूप पोरवाल, डॉ. आर्दश गुप्ता, विनोद परमार, अभय चौहान, बऊआ पाल, बटी पोरवाल, संतोष पोरवाल, राकेश बाथम, राजेश बाथम, लल्लू शर्मा, लाला शर्मा, सतीश शर्मा, मनीष पोरवाल, सुनील पोरवाल, गगन आदि मौजूद रहे।


डॉ. आर के सिंह को माला पहनाते सभासद।

### आरके देवी महाविद्यालय में प्रतिभा अलंकरण समारोह आज

**फफूंद, औरैया।** अछल्दा-फफूंद मार्ग पर स्थित मां आरके देवी महाविद्यालय, टीकमपुर, फफूंद, औरैया के संस्थापक व प्रबंधक डॉ. जय गोपाल पांडेय एवं प्राचार्या कल्पना द्विवेदी ने संयुक्त वक्तव्य में बताया कि 5 नवंबर 2023 को महाविद्यालय में संपन्न हुए जिला स्तरीय साइंस ओलंपियाड एवं क्विज कॉन्टेस्ट की परीक्षा का परीक्षाफल बनकर तैयार हो गया है। परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पूर्व घोषित पुरस्कार प्रदान कर उनका सम्मान करते हुए उत्साहवर्धन करने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक औरैया के साथ डायट प्राचार्य एवं प्रधानाचार्य वैदिक इंटर कॉलेज, दिबियापुर तथा प्रधानाचार्या, जनता इंटर कॉलेज सल्हापुर के आतिथ्य में आज मंगलवार को प्रात: 10 :00 बजे से प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजनकिया जा रहा है।

### मेघावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**ककोर।** सोमवार को जिला मुख्यालय के निकट पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूढ़ादाना में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर सभी करा मन मोह लिया। बीएसए अनिल कुमार ने विद्यालय में कक्षा 6,7,8 में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं मेडल प्रदान किए। वहीं कक्षा 8 की छात्रा सिद्धि को राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा में चयनित होने पर पुरस्कृत किया गया। ग्राम प्रधान मोहित सिंह ने बीएसए को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। वरुण पंवार, सूर्यांश प्रताप सिंह, एएमसी अध्यक्ष प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार ने सभी अधिकारियों एवं उपस्थित अभिभावकों का आभार प्रकट किया।


बीएसए ने दिया सम्मान।

### न्यायालय सात से एक बजे तक कार्य करेंगे

**औरैया।** भीषण गर्मी को देखते हुए जनपद के सभी न्यायालयों का कार्य समय एक मई से 30 जून तक प्रात: सात बजे से दोपहर एक बजे तक निर्धारित किया गया है। भोजनावकाश सुबह 10 :30 बजे से 11 बजे तक रहेगा। जनपद न्यायाधीश ग्रीश कुमार वैश्य के अनुसार यह नई व्यवस्था एक मई से 30 जून तक (दो माह) तक लागू रहेगी। प्रधान न्यायाधीश (परिवार न्यायालय) ने भी यही कार्य समय फैमिली कोर्ट के लिए तय किया है। डीबीए मीडिया प्रभारी शिवम शर्मा ने बताया कि एमएसीटी कोर्ट का समय परिवर्तित नहीं हुआ है। इस कोर्ट में वर्तमान व्यवस्था की तरह सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक कार्य समय लागू रहेगा।

# शाक्य वोटर बनेंगे क्या यहां सपा का भाग्य

## जीत की हैट्रिक के लिए दो बार के सांसद पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर के सामने इस बार कठिन चुनौती

**एटा लोकसभा सीट**

मनोज त्रिपाठी

एटा लोकसभा के चुनाव में तापमान बढ़ने के साथ जातीय गर्मी भी बढ़ गई है। भाजपा राष्ट्रीय मुद्दों पर फोकस करने और मोदी की गारंटी का प्रचार करने का साथ जातीय गुणा-गणित का भी हिसाब किताब लगा रही है। ऐसा इस कारण है, क्योंकि इस बार सपा ने दो बार से चुनाव हार रहे कुं. देवेंद्र सिंह यादव की जगह शाक्य समाज के देवेश शाक्य को चुनाव मैदान में उतारकर भाजपा के परंपरागत वोटर माने जाने वाले शाक्य मतदाताओं को अपनी तरफ मोड़ने की कोशिश की है। देवेंद्र शाक्य वर्ष 2005 और 2010 में औरैया से जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं। हालांकि इस लड़ाई में बसपा भी कम नहीं है, उसने मुस्लिम प्रत्याशी मोहम्मद इरफान को सामने करके सपा के पीडीए फार्मूले की चुनौती बढ़ा दी है। भाजपा से एटा के मौजूदा सांसद पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह इस बार जीत की हैट्रिक लगाने का मंसूबा पाले हैं। पार्टी ने उनके लिए पूरी ताकत भी झोंक रखी है।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह की विरासत के पहरेदार उनके पुत्र दो बार के सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भइया इस बार एटा सीट पर फंसे नजर आ रहे हैं। 2019 के चुनाव में उन्होंने सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी कुं. देवेंद्र सिंह यादव को हराया था। साल 2014 में मोदी लहर में भी उन्होंने सपा के देवेंद्र सिंह यादव को ही करारी शिकस्त दी थी। देवेंद्र यादव अब भाजपा में शामिल हो चुके हैं। इसके चलते समाजवादी पार्टी ने इस बार एटा में देवेश शाक्य को चुनावी मैदान में उतारकर चुनौती कड़ी कर दी है।

ओबीसी में शाक्य उपजाति है। राजवीर सिंह लोध समुदाय से हैं। इस तरह ओबीसी की दो उपजातियां आमने-सामने हैं। अब ऐसे में ओबीसी की अन्य जातियों को अपने पाले में करने की जंग छिड़ी है। यही वजह है कि भाजपा ने पूरा ध्यान कासगंज जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर ज्यादा लगा रखा है।

रणनीति के तहत सोरों में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की जनसभा कराने के बाद शाक्य-मौर्य मतदाताओं को जोड़ने के लिए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आए। पार्टी के शाक्य नेता समाज से अपने जुड़ाव और रिश्ते की दुहाई दे रहे हैं। एक दिन पहले कासगंज में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गरज गए हैं। इसके मुकाबले एटा सदर और मारहरा विधानसभा क्षेत्र लोधी बाहुल्य होने से भाजपा बेफिक्र है। लोधी मतदाताओं की कल्याण सिंह में अटूट निष्ठा है, ऐसे में उनके पुत्र के कारण पार्टी यहां अपनी बढ़त मानकर चल रही है।

**मुस्लिम वोटों में सेंधमारी से खुल सकता कमल खिलने का रास्ता :** बसपा एटा लोकसभा सीट पर आज तक जीत भले न पाई हो लेकिन कई बार अन्य दलों के चुनावी समीकरण जरूर बिगाड़ चुकी है। बसपा ने इस बार कॉडर वोट के साथ मुस्लिम वोटरों के जोड़तोड़ का गणित बनाया है। मुस्लिम वोटरों के बिखरने का सबसे बड़ा और सीधा प्रभाव सपा प्रत्याशी पर पड़ेगा। यही वजह है कि जानकारों के मुताबिक अभी यहां भाजपा और सपा दोनों हाथी की चाल देख रहे हैं। अगर हाथी की चाल तेज होती है तो सपा का नुकसान करेगी, लेकिन हाथी की सुस्त रफ्तार भाजपा के लिए परेशानी का सबब बनेगी।

**हाथ का नहीं मजबूत साथ :** सपा और कांग्रेस में गठबंधन जरूर है, लेकिन एटा में सपा अकेले ही चुनाव लड़ते नजर आ रही है। कांग्रेस का संगठन मृतप्राय है। बसपा से उतरे मो. इरफान पहले कांग्रेस में ही थे। कांग्रेस की स्थिति यह है कि उसके जिलाध्यक्ष तक पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं।


देवेश शाक्य।


राजवीर सिंह।

■ सपा के देवेश शाक्य सजातीय मतों के सहारे मुकाबले में, बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी से भाजपा को राहत की सांस और मतों के बिखराव की आस

### 2019 आम चुनाव का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | राजवीर सिंह | 5,45,348 |
| सपा | देवेन्द्र सिंह यादव | 4,22,678 |

### 2014 आम चुनाव का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | राजवीर सिंह | 4,74,978 |
| सपा | देवेन्द्र सिंह यादव | 2,73,977 |
| बसपा | नूर मोहम्मद खान | 1,37,127 |

### 2019 में यह था वोट शेयर




### 2014 का वोट प्रतिशत

| 51.28% | 29.58% | 14.80% |
|---|---|---|
| भाजपा | सपा | बसपा |

### पांच बार जीत का रिकार्ड महादीपक शाक्य के नाम

एटा लोकसभा सीट पर 1952 में पहला लोकसभा चुनाव कांग्रेस के रोहन लाल चतुर्वेदी ने जीता था। 1957 में भी वही जीते। 1962 में हिंदू महासभा के बिशन चन्द्र सेठ को जीत मिली। 1967 में कांग्रेस ने वापसी की और रोहन लाल चतुर्वेदी तीसरी बार जीते। 1971 में भी उन्होंने ही जीत दर्ज की। जनता पार्टी की लहर में 1977 भारतीय लोकदल से महादीपक सिंह शाक्य विजयी रहे। लेकिन 1980 कांग्रेस के मुशीर अहमद खां और 1984 में लोकदल के मोहम्मद महफूज को जीत मिली। 1989 में भाजपा से महादीपक सिंह शाक्य ने जीत हासिल की, तो 1991, 1996, 1998 लगातार चार बार सांसद चुने गए। 1999 में सपा के देवेन्द्र सिंह यादव ने उनकी जीत का सिलसिला तोड़ा और 2004 में भी जीत हासिल की। 2009 में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह निर्दलीय लड़कर सपा के समर्थन से जीते। 2014 और 2019 के चुनाव में उनके पुत्र राजवीर सिंह भाजपा से दो बार जीत दर्ज कर चुके हैं।

### लोधी, यादव और शाक्य मतदाताओं का गढ़

■ एटा लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 16 लाख 72 हजार से अधिक है। एटा जिला को लोधी, शाक्य व यादव मतदाताओं का गढ़ माना जाता है। शाक्य मतदाताओं की संख्या यहां एक लाख 80 हजार के करीब मानी जाती है। हालांकि लोधी राजपूतों की संख्या सबसे ज्यादा 2 लाख 90 हजार के आसपास गिनी जाती है। इसके बाद यादव मतदाता लगभग ढाई लाख, ब्राह्मण 95 हजार, वैश्य 85 हजार और जाटव मतदाताओं का अनुमान लगभग दो लाख है। लोकसभा क्षेत्र की तीन विधानसभा सीटों कासगंज, अमांपुर, पटियाली में शाक्य मतदाता अधिक हैं।

### तीन मुख्यमंत्रियों को रास आया यह लोकसभा क्षेत्र

■ 1977 की जनता पार्टी सरकार में मुख्यमंत्री चुने गए रामनरेश यादव आजमगढ़ छोड़कर एटा की निधौलीकलां विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़े थे। उनके लिए निधौली कलां के विधायक रामसिंह यादव ने इस्तीफा देकर सीट छोड़ी थी। मुलायम सिंह यादव भी निधौली कलां से चुनाव जीतकर मुख्यमंत्री बने थे। कल्याण सिंह भी 1993 में लोध बाहुल्य कासगंज विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे थे।

# ...अबकी बार अखिलेश के सियासी रसूख का इम्तिहान

कानपुर

**अमृत विचारः** सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बिना समाजवादी पार्टी पहली बार लोकसभा चुनाव के समर में उतरी है। हालांकि मुलायम के निधन के बाद मैनपुरी में हुआ उप चुनाव डिंपल यादव ने जीता था, तब परिवार में एका हुआ था और चाचा-भतीजा, शिवपाल सिंह और अखिलेश यादव ने साथ आकर नेताजी की विरासत बचाने के लिए दिन-रात एक कर दिया था। लेकिन अब पार्टी के प्रदर्शन का पूरा दारोमदार अध्यक्ष अखिलेश यादव के कंधे पर है। ऐसे में यह चुनाव सपा के परंपरागत वोटरों को साथ रखने के साथ प्रदेश में 'यादव लैंड' कही जाने वाली लोकसभा की 10 सीटों पर तेज रफ्तार में साइकिल दौड़ाने का भी है।

उत्तर प्रदेश में मैनपुरी, फिरोजाबाद, बदायूं, एटा, कन्नौज, जौनपुर, फैजाबाद, आजमगढ़, गाजीपुर, बलिया लोकसभा सीटें यादव बहुल मानी जाती हैं। इसलिए इन्हें यादव लैंड कहकर भी पुकार जाता है। अब इन सीटों के चुनावी परिणाम ही प्रदेश और देश में अखिलेश यादव का सियासी रसूख और भविष्य तय करेंगे। यह भी साफ हो जाएगा कि मुलायम के बाद यादव समाज कितनी बड़े संख्या बल के साथ अखिलेश की नुमाइंदगी कुबूल करता है, क्योंकि भाजपा ने यादव बहुल सीटों पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को उतारकर अखिलेश के यादव वोट बैंक में दरार डालने का पूरा जाल बिछा रखा है।

वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव में सपा ने 26 सीटें जीती थीं। इनमें यादव लैंड की मैनपुरी, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, बदायूं और आजमगढ़ की सीटें शामिल थीं। जौनपुर भाजपा के हिस्से में आई थी। 2004 में सपा के 37 सांसद चुने गए थे। मैनपुरी, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, बदायूं, जौनपुर लोकसभा सीटों पर सपा ने विरोधियों को पछाड़ दिया था। इस चुनाव में फैजाबाद और आजमगढ़ से बसपा जीती थी। हालांकि 2009 के चुनाव से सपा का जनाधार खिसकने लगा। इस चुनाव में सपा ने 21 सीटें जीतीं। लेकिन इनमें यादव लैंड की केवल तीन मैनपुरी, इटावा, फिरोजाबाद लोकसभा सीटें शामिल थीं। हालांकि एटा से सपा समर्थित उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह जीते थे। फिरोजाबाद सीट पर अखिलेश यादव के इस्तीफा देने से उपचुनाव हुआ तो कांग्रेस के राज बब्बर ने जीत दर्ज कर ली थी। उन्होंने अखिलेशकी पत्नी डिपंल यादव को हरा दिया था। वर्ष 2009 में बलिया सीट सपा ने जीती, फैजाबाद से कांग्रेस, जौनपुर से बसपा, संतकबीर नगर से बसपा और आजमगढ़ से भाजपा ने जीत हासिल की थी।



■ मुलायम सिंह के बिना पहला आम चुनाव तय करेगा यादव समाज का सपा को कितना समर्थन

■ 2009 से जनाधार में गिरावट, सपा की जीती 21 सीटों में यादव बहुल केवल मैनपुरी, इटावा, फिरोजाबाद थीं

### बीते चुनाव में सपा का सबसे खराब प्रदर्शन

■ वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा का यादव लैंड में अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। इस चुनाव में मैनपुरी से मुलायम सिंह यादव और आजमगढ़ से अखिलेश यादव ही चुनाव जीत पाए। वहीं वर्ष 2022 के लोकसभा उपचुनाव में आजमगढ़ सीट पर भाजपा ने जीतकर कमल खिला दिया।

### अन्य पिछड़ी जातियों के भाजपा की ओर मुड़ने के जवाब में आया पीडीए

■ वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद जिस तरह अन्य पिछड़ी जातियां भाजपा की ओर एकजुट हुईं उससे सपा को विजय दिलाने वाले मुस्लिम-यादव समीकरण का प्रभाव कम हो गया। इसीलिए इस बार के चुनाव में अखिलेश यादव ने जनाधार बढ़ाने के लिए 'पीडीए' यानी पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक फॉर्मूला तैयार किया है। अब इसकी परीक्षा होनी है।

# बसपा ने भाजपा के कथित समर्थन का दाग धोया, गठबंधन की राह में बिछाए कांटे

(चुनाव डेस्क)

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी जिसे लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में अकेले चुनाव लड़ने के कारण बड़ी चुनौती नहीं माना जा रहा था, जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ रहा है, दो दर्जन सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष में आकर कहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन तो कहीं भाजपा के लिए जीत की राह में कांटे बिछाती बनती नजर आ रही है। प्रत्याशी चयन में चतुराई दिखाते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी के ऊपर पिछले विधानसभा चुनाव में लगा भाजपा को कथित मौन समर्थन का दाग धोने के साथ ही अपने भतीजे और पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद के लिए एक ऐसी खुली जमीन तैयार कर दी है, जहां से बसपा एक बार फिर मजबूत वोट बैंक की नई उड़ान भर सकती है।

बीते चार दशक में अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही बसपा के अकेले लोकसभा चुनाव में उतरने के मायावती के फैसले का निहितार्थ अब धीरे-धीरे सामने आ रहा है। पार्टी ने पिछले लोकसभा चुनाव में सपा के साथ गठबंधन करके 10 लोकसभा सीटें जीती थीं, लेकिन इनमें से ज्यादातर साथ छोड़ गए हैं। विधान सभा चुनाव में पार्टी का वोट बैंक धड़ाम हो गया था। 2017 के विधान सभा चुनाव में जहां बसपा को 22.23 फीसदी वोट मिले थे, वहीं 2022 में यह आंकड़ा घटकर 12.88 पर आ गया था। वोट शेयर में लगभग 10 फीसदी वोटों की भारी गिरावट के साथ पार्टी सिर्फ एक सीट पर सिमट गई थी। यही वह वजह थी, जिसने बसपा सुप्रीमो को नए सिरे से रणनीति बनाने के लिए मजबूर किया। लोकसभा चुनाव में अभी तक बसपा ने ही सबसे ज्यादा मुस्लिम वर्ग को टिकट दिए हैं। पार्टी अब तक 20 से अधिक मुस्लिम प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। बसपा के इन मुस्लिम उम्मीदवारों ने सपा और कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशियों की मुश्किल बढ़ा दी है। माना जा रहा कि बसपा के इस कदम से मुस्लिम वोट बंटने पर भाजपा प्रत्याशी को फायदा हो सकता है। लेकिन बसपा की अपनी रणनीति है, वह अकेले दम पर चुनाव लड़ रही है, इसलिए अपने प्रत्याशी को जीत की संभावना के साथ टिकट दिए हैं। पार्टी का मानना है कि मुस्लिम प्रत्याशी चुनाव जीत नहीं पाए तो भी अच्छा प्रदर्शन करके वोट प्रतिशत बढ़ाने में सहायक होंगे। इसी रणनीति के चलते ही बसपा ने दलित समुदाय को प्रतिनिधित्व देने के साथ 18 सवर्ण और 16 ओबीसी प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। बसपा के मुस्लिम और सवर्ण प्रत्याशी पश्चिम उत्तर प्रदेश की कई सीटों पर सपा-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवारों की चुनौती कमजोर करते नजर आए, तो कहीं-कहीं भाजपा के लिए परेशानी का सबब बने।

जौनपुर, मेरठ, मैनपुरी, बस्ती, बंदायू, आजमगढ़ समेत जैसी सीटों पर बसपा ने सपा-कांग्रेस गठबंधन के साथ साथ भाजपा की राह भी मुश्किल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को आजमगढ़ से उतरकर बसपा ने भाजपा और सपा दोनों के लिए चुनौती खड़ी कर दी है। बस्ती में भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद हरीश द्विवेदी को फिर टिकट दिया है, तो यहां बसपा ने ब्राह्मण समाज के ही दयाशंकर मिश्र को टिकट देकर भाजपा की राह में कांटे बिछा दिए हैं। मैनपुरी में प्रत्याशी बदलकर यादव उम्मीदवार उतारकर डिंपल यादव की परेशानी बढ़ा दी है।





### पार्टी का प्रदर्शन

| | | |
|---|---|---|
| 2009 | 20 सीटें | 27.42% वोट |
| 2014 | 00 सीटें | 19.77% वोट |
| 2019 | 10 सीटें | 22.43% वोट |

■ पार्टी ने अपना गिरता वोट बैंक संभालने के लिए लिया था अकेले चुनाव लड़ने का फैसला

■ 20 मुस्लिम प्रत्याशी उतारकर सपा-कांग्रेस प्रत्याशियों की चुनौती कमजोर करने का प्रयास

■ सवर्ण और ओबीसी को कई सीटों पर टिकट देकर भाजपा के लिए भी खड़ी कर दी परेशानी

■ विधानसभा चुनाव में भाजपा के कथित मौन समर्थन का टैग हटाया, आकाश को दी नई जमीन

# फतेहपुर में सपा तय नहीं कर पा रही उम्मीदवार

**फतेहपुर।** फतेहपुर संसदीय सीट पर भाजपा चुनाव प्रचार में आगे चल रही है। यहां से पार्टी ने केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को पुनः मौका दिया है। जबकि बसपा ने कानपुर देहात के रहने वाले डॉ. मनीष सचान पर दांव खेला है। सपा अभी प्रतयाशी को लेकर असमंजस में है। पार्टी नेतृत्व अभी यह तय नहीं कर पा रहा है कि उसका चेहरा कौन होगा। कभी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के नाम पर चर्चा होती है तो कभी पूर्व सांसद डॉ. अशोक पटेल के नाम की। पार्टी कार्यकर्ता भी परेशान हैं क्योंकि भाजपा और बसपा के उम्मीदवार जनता से मिल रहे हैं और वोट मांग रहे हैं। निरंजन ज्योति लगातार दो बार से इस सीट पर जीत रही हैं। 2009 में सपा से राकेश सचान जीते थे। अब वे भाजपा में हैं और प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं।

## ओपी राजभर की प्रतिष्ठा फंसी

मऊ। प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के लिए घोसी सीट का चुनाव प्रतिष्ठा बन गया है। यहां उनके बेटे अरविंद राजभर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें घेरने के लिए सपा- कांग्रेस ने राजीव राय तो बसपा ने पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को उतारा है। राजीव राय जहां ओपी राजभर से नाराज भाजपा नेताओं को साधने में जुटे हैं तो दलित और मुस्लिम मतदाताओं को जोड़कर जीतने की कोशिश में बाल कृष्ण चौहान भी ताकत लगा रहे हैं। नेता भले ही बाहर से अरविंद राजभर के साथ नजर आ रहे हैं लेकिन पूर्व में दिए तीखे बयानों के कारण वे दिल से उनके साथ नहीं जुड़ पा रहे हैं।




**भरी हुंकार** आगरा में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पार्टी उम्मीदवार सुरेश चंद्र कर्दम के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्हें कार्यकर्ताओं ने गदा भेंट किया।

**चुनावी रंग**



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के रोड शो में तिलक नगर में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का मुखौटा लगाकर विराधी दलों के नेताओं को जवाब दिया।

# कालीन नगरी में हैट्रिक लगाने को भाजपा ने रचा चक्रव्यूह

**भदोही संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** कालीन उत्पादन के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध भदोही संसदीय सीट पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए भी प्रतिष्ठा का सवाल बन गई है। ममता ने कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी के वंशज ललितेश त्रिपाठी को यहां से उतारा है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उन्हें यहां से जीत दिलाने के लिए रात- दिन लगे हुए हैं। ललितेश के कंधे पर भाजपा की हैट्रिक रोकने की जिम्मेदारी है। भाजपा ने इस सीट से वर्तमान सांसद रमेश चंद बिंद का टिकट काटकर विनोद कुमार बिंद को दिया है। जीत की हैट्रिक लगाने को भाजपा ने यहां मजबूत चक्रव्यूह रचा है जिसे भेदने के लिए टीएमसी उम्मीदवार के साथ ही बसपा के इरफान अहमद बब्लू भी जूझ रहे हैं। भदोही संसदीय सीट 2008 के परिसीमन में अस्तित्व में आई थी। पहले यह सीट भदोही- मिर्जापुर के नाम से जानी जाती थी। 2009 में जब पहला चुनाव हुआ तो बसपा ने जीत दर्ज की, लेकिन 2014 की मोदी लहर में भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त सांसद बने। उन्होंने बसपा के राकेश धर त्रिपाठी को हराया था। तब सपा तीसरे, जदयू चौथे और कांग्रेस का उम्मीदवार पांचवें स्थान पर था। 2019 में पार्टी ने वीरेंद्र सिंह मस्त के स्थान पर रमेश चंद बिंद को उम्मीदवार बनाया तो वे भी जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। इस चुनाव में भी बसपा उम्मीदवार दूसरे नंबर पर थे। तब सपा से बसपा का गठबंधन था। कांग्रेस उम्मीदवार पूर्व सांसद रमाकांत यादव मात्र 25604 वोटों पर ही सिमट गए थे। भाजपा ने फिर टिकट बदला है और विनोद कुमार बिंद पर भरोसा जताया है। विनोद कुमार बिंद मिर्जापुर जिले की मझवां विस सीट से निषाद पार्टी के विधायक हैं। चंदौली निवासी डॉ. बिंद को 2022 के चुनाव में ज्ञानपुर विस सीट से सपा ने पहले उम्मीदवार बनाया था बाद में टिकट काट दिया था। इससे नाराज होकर वे निषाद पार्टी में शामिल हो गए थे मझवा सीट से मैदान में उतरे और जीते भी।


विनोद कुमार बिंद।


ललितेश त्रिपाठी।


इरफान अहमद बब्लू।

■ समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने इस सीट को तृणमूल कांग्रेस के लिए छोड़ा है

■ ममता बनर्जी ने ललितेश त्रिपाठी तो भाजपा ने विनोद कुमार बिंद को उतारा

### तीन विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा



■ भदोही लोकसभा क्षेत्र में 5 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से प्रतापपुर, हंडिया और भदोही सीट समाजवादी पार्टी के कब्जे में है जबकि ज्ञानपुर से निषाद पार्टी और औराई से भाजपा का विधायक है। विधानसभा चुनाव परिणाम को ध्यान में रखकर बात करें तो इस चुनाव में सपा का पलड़ा भारी दिखता है लेकिन भाजपा उम्मीदवार को मोदी की गारंटी का पूरा भरोसा है। वैसे भी तृणमूल कांग्रेस का इस क्षेत्र में कोई आधार नहीं है उसे सपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के दम पर ही चुनाव लड़ना है। ललितेश कांग्रेस से बगावत कर टीएमसी में शामिल हुए थे। इससे भी कांग्रेस कार्यकर्ता उनसे नाराज दिखते हैं। हालांकि बसपा भी यहां लड़ाई में दिख रही है। पार्टी के उम्मीदवार लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं और पार्टी के परंपरागत दलित मतदाताओं व मुस्लिम मतदाताओं के सहारे वे जीत का गणित लगा रहे हैं।

# उप चुनाव का परिणाम दोहराने को बेताब है सपा

## गोरखपुर लोकसभा सीट 10 बार गोरक्षपीठ के कब्जे में रही

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां से पांच बार रह चुके हैं सांसद

## 2018 का उप चुनाव जीत चुकी है समाजवादी पार्टी

इंद्रभूषण दुबे, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोरखपुर पूर्वांचल ही नहीं बल्कि देश में अपनी अलग पहचान रखता है। चाहे देश की राजनीति का मामला हो या अयोध्या राम मंदिर आंदोलन का। महंत अवेद्यनाथ ने राममंदिर आंदोलन की अगुवाई गोरक्षपीठ (गोरखनाथ मंदिर) से ही की थी। कांग्रेस और भाजपा की सरकार में इस सीट के सांसद की अपनी अलग धमक रही है। लोकसभा सीट पर पिछले 19 चुनाव में 10 बार गोरक्षपीठ के कब्जे में रही।

वहीं, योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद इस सीट के परिणाम पर देश-विदेश की निगाहें लगी हैं। हालांकि उपचुनाव 2018 में सपा के प्रवीण निषाद ने भाजपा के उपेंद्र दत्त शुक्ला को करीब 26 हजार मतों से हरा दिया। पर, इस जीत को सपा 2019 में कायम न रख सकी। भाजपा ने भोजपुरी कलाकार रवि किशन शुक्ला को प्रत्याशी बनाया। करीब तीन लाख मत से धमाकेदार तरीके से भाजपा ने सीट वापस हासिल कर ली। उपचुनाव का परिणाम दोहराने के लिए इस बार भी इंडिया गठबंधन (समाजवादी पार्टी) ने टीवी कलाकार काजल निषाद को उम्मीदवार बनाते हुए 2018 उपचुनाव के परिणाम को दोहराने को बेताब है तो वहीं, भाजपा ने वर्तमान सांसद रविकिशन को ही प्रत्याशी बनाया है।

2019 के संसदीय चुनाव में गोरखपुर से भाजपा ने रवि किशन शुक्ला को मैदान में उतारा था। इस चुनाव में बसपा और सपा गठबंधन के तहत सपा ने राम निषाद को टिकट दिया था। रवि किशन ने 7,17,122 वोट हासिल किए तो राम निषाद को 4,15,458 वोट मिले, तीसरे नंबर पर रहने वाली कांग्रेस को महज 22,972 वोट ही मिले थे। रवि किशन ने 3,01,664 मतों के अंतर से जीत हासिल की थी। जानकार कहते हैं के इस बार का चुनाव भी रोचक हो सकता है।



### सबसे अधिक निषाद वोटर

जातीय समीकरण की बात करें तो यहां पर पिछड़ा वर्ग के वोटरों का दबदबा है। गोरखपुर लोकसभा सीट पर सबसे अधिक निषाद जाति के वोटर हैं। यहां पर चार लाख वोटर निषाद समाज से आते हैं जबकि यादव और दलितों की संख्या भी दो-दो लाख है। गोरखपुर लोकसभा सीट पर डेढ़ लाख मुस्लिम वोटर भी हैं। इसके अलावा करीब 3 लाख ब्राह्मण और ठाकुर वोट हैं। भूमिहार और वैश्य वोटरों की संख्या भी करीब डेढ़ लाख है।

### भाजपा का है कब्जा

गोरखपुर सदर लोकसभा क्षेत्र में कुल पांच विधानसभा है, जिसमें गोरखपुर शहर, गोरखपुर ग्रामीण, सहजनवा, पिपराइच और कैंपियरगंज गोरखपुर आती है। सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा है। गोरखपुर शहरी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कैम्पियरगंज से फतेह बहादुर सिंह, पिपराइचसे महेंद्र पाल सिंह, गोरखपुर ग्रामीण से बिपिन सिंह और सहजनवा से प्रदीप शुक्ला विधायक हैं



रवि किशन



काजल निषाद



जावेद सिमनानी

### भाजपा ने रवि किशन पर फिर लगाया दांव

भाजपा ने एक बार फिर मौजूदा सांसद रवि किशन शुक्ला पर दांव लगाया है, रवि किशन राजनीति के साथ-साथ हिंदी और भोजपुरी फिल्मों में भी काफी सक्रिय हैं। 2019 में भाजपा से चुनाव लड़ने से पहले जौनपुर से 2009 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। जहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

### 2018 में भाजपा को लगा था झटका

इससे पहले 2018 में गोरखपुर सीट पर कराए गए उपचुनाव में भाजपा को जोर का झटका लगा था, क्योंकि यह सीट योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने की वजह से खाली हुई थी। उपचुनाव में सपा के प्रत्याशी प्रवीण कुमार निषाद ने भाजपा के उम्मीदवार उपेंद्र दत्त शुक्ला को 21,801 मतों के अंतर से हरा दिया था। जबकि 2014 के चुनाव में योगी आदित्यनाथ ने बीजेपी के टिकट पर गोरखपुर सीट से जीत हासिल की थी। तब योगी आदित्यनाथ को 3,12,783 मतों के अंतर से बड़ी जीत मिली थी।

### भाजपा ने आठ बार जीता है लोक सभा चुनाव

आजादी के बाद अब तक इस सीट पर कुल 19 बार चुनाव हो चुके हैं। 10 बार प्रत्यक्ष रूप से गोरक्षपीठ के कब्जे में रही। पहली बार गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ ने 1967 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज की। 1970 में उनके शिष्य महंत अवेद्यनाथ ने जीत दर्ज की। इसके बाद महंत अवेद्यनाथ ने 19 साल बाद हिंदू महासभा से इस सीट पर जीत दर्ज की तो यह सिलसिला 2014 तक जारी रहा। उनके बाद 1998 में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सीट पर जीत दर्ज की। हालांकि 22 साल बाद यह सीट योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद हुए उपचुनाव में पीठ के हाथ से निकल गई। सपा के प्रवीण निषाद ने भाजपा प्रत्याशी उपेंद्र शुक्ला को हरा दिया। अब तक 6 बार कांग्रेस, दो बार निर्दलीय, एक बार हिंदू महासभा, एक बार जनता पार्टी, भाजपा ने 8 और एक बार सपा ने जीत दर्ज की है।

### इंडी गठबंधन ने काजल को बनाया प्रत्याशी

इंडी गठबंधन की सपा प्रत्याशी व टीवी कलाकार काजल निषाद के राजनीतिक सफर की बात करें तो वह वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा तो 2022 में सपा के ही टिकट पर कैंपियरगंज से चुनाव लड़ चुकी है। पार्टी ने उन्हें पिछले साल हुए नगर निकाय के चुनाव में महापौर पद का भी प्रत्याशी बनाया था, मगर उन्हें वहां भी हार का सामना करना पड़ा। अभी हाल ही में उन्हें हार्ट अटैक आया था, जिसका उपचार चल रह है, फिलहाल इनके चुनाव लड़ने को लेकर असामंजस्य की स्थिति है।

### बसपा ने जावेद पर जताया भरोसा

बसपा सुप्रीमो मायावती ने छात्र राजनीति से बसपा का झंडा लेकर चलने वाले जावेद सिमनानी पर भरोसा जताया है। गोरखपुर के नखास चौक के रहने वाले प्रिंटिंग प्रेस व्यवसाय से जुड़े जावेद सिमनानी का पूरा परिवार बसपा से जुड़ा है। 45 वर्षीय जावेद सिमनानी 25 वर्षों से वे बसपा में हैं।

### गोरखपुर का तीन बार हुआ विभाजन

गोरखपुर का इतिहास बहुत पुराना है। गोरखपुर जिले को आर्य संस्कृति और सभ्यता का एक अहम केंद्र माना जाता रहा है। ब्रिटिश राज में साल 1865 में, गोरखपुर जिले से अलग करते हुए बस्ती को नया जिला बनाया गया। आजादी से पहले साल 1946 में एक बार फिर गोरखपुर का विभाजन किया गया और प्रदेश के नक्शे पर देवरिया के रूप में नया जिला बनकर आया। 1989 में गोरखपुर का तीसरी बार विभाजन किया गया और इस बार महराजगंज नया जिला बना। गोरखपुर को गोरखनाथ मंदिर और गीताप्रेस की वजह से भी दुनियाभर में विशेष पहचान है। इस सीट पर गोरखनाथ मंदिर का खासा प्रभाव माना जाता है। महंत दिग्विजय नाथ के बाद महंत अवैधनाथ चार बार सांसद चुने गए फिर योगी आदित्यनाथ पांच बार सांसद चुने गए।

### गोरखपुर: 2019 के चुनाव का लेखा जोखा






| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| रवि किशन शुक्ला | 7,17,122 |
| रामभुआल निषाद | 4,15,458 |
| मधुसूदन त्रिपाठी | 22,972 |

### उप चुनाव : 2018 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| सपा | प्रवीण कुमार निषाद | 4,56,589 |
| भाजपा | उपेन्द्र दत्त शुक्ल | 4,34,788 |
| कांग्रेस | डॉ. सुरहीता करीम | 18,872 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | सिंहासन सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | महादेव प्रसाद | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | सिंहासन सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 व 70 | महंत दिग्विजय/ अवेद्यनाथ | निर्दल |
| 1971 | नरसिंह नारायण पांडे | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | हरिकेश बहादुर | जनता पार्टी |
| 1980 | हरिकेश बहादुर | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | मदन पांडे | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | महंत अवेद्यनाथ | हिंदू महासभा |
| 1991 व 96 | महंत अवेद्यनाथ | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996,98,99,04,09 | योगी आदित्यनाथ | भारतीय जनता पार्टी |

| 2014 नोटा | 2018 नोटा | 2019 नोटा |
|---|---|---|
| 8,153 | 8,331 | 7,688 |

### 2014 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | योगी आदित्यनाथ | 5,39,127 |
| सपा | राजमती निषाद | 2,26,344 |
| बसपा | राम भुवाल निषाद | 1,76,412 |
| कांग्रेस | अष्टभुजा प्रसाद त्रिपाठी | 45,719 |




### 2024 - मतदाताओं की संख्या

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 20,74,745 |
| पुरुष | 11,12,023 |
| महिला | 9,62,531 |
| अन्य | 191 |

### इलेक्शन बायस्कोप



मौका विजय के लिए उत्साह भरने का हो तो वहां महिलाओं की मौजूदगी शुभ संदेश की तरह होती हैं। सोमवार को हजरतगंज में रक्षामंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के नामांकन के दौरान चिलचिलाती धूप और गर्मी में भी भाजपा समर्थित महिलाएं मुस्कुराते हुए कमल का फूल लेकर रोड-शो के स्वागत में मुस्तैद दिखीं। अमृत विचार

### चौथे चरण की सीटों पर 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

अमृत विचार, लखनऊ। प्रदेश में चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों पर 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। सोमवार को आठ प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया। इनमें ज्यादातर निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं, जबकि ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इस सीट पर किसी प्रत्याशी ने नामांकन वापस नहीं लिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीटों में धौरहरा, मिश्रिख, फर्रूखाबाद, अकबरपुर, इटावा व हरदोई में एक-एक प्रत्याशी ने नाम वापस लिया, जबकि कन्नौज में दो प्रत्याशियों ने नाम वापस लिया। उन्होंने बताया कि इस चरण के लिए 13 मई को मतदान होगा।

## उज्जवल रमण समेत चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊः** छठे चरण में 14 लोकसभा सीटों के लिए सोमवार को चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें इलाहाबाद से कांग्रेस से उज्जवल रमण सिंह समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इलाहाबाद लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस से उज्ज्वल रमण सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। आजमगढ़ सीट के लिए जन राज्य पार्टी से पारस यादव ने नामांकन किया। जौनपुर लोकसभा सीट के लिए भाजपा से कृपा शंकर सिंह व मछलीशहर (अजा) सीट के लिए भाजपा से भोला नाथ सरोज (बीपी सरोज) ने नामांकन पत्र दाखिल किया। बाकी लोकसभा सीटों व गैंसड़ी विधानसभा चुनाव के लिए किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया।

# क्षत्रियों को लेकर धनंजय को क्यों घेर रहे अभय

## सबसे बड़ा डॉन बताते हुए क्षत्रियों की उपेक्षा करने का भी लगाया आरोप

## भाजपा एवं बसपा प्रत्याशी के बीच वोट न बटे, इसलिए शुरू हुई राजनीति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : विधायक अभय सिंह और पूर्व सांसद धनंजय सिंह के बीच लंबे समय से वर्चस्व की खबरें आती रही हैं। एक दूसरे के गुटों में झड़पों को लेकर भी सूचनाएं आती रही हैं। लेकिन इस बार यह वर्चस्व व्यक्तिगत न होकर राजनीतिक हो चुका है। धनंजय सिंह को जमानत मिलने के बाद उनकी पत्नी एवं बसपा प्रत्याशी श्रीकला रेड्डी को काफी बल मिला। सूचना यहां तक है कि क्षत्रियों में बड़ी संख्या में लोग धनंजय सिंह की वजह से मजबूती के साथ बसपा प्रत्याशी के साथ खड़ा हो गया है।

राजनीतिक विश्लेषकों की माने तो अभय सिंह इसीलिए लगातार धनंजय सिंह को ओबीसी और खासकर यादवों का हितैशी बताते हुए उन्हें क्षत्रिय विरोधी बता रहे हैं। अब इसका कितना असर होगा यह चुनावी नतीजे बताएंगे।

गौरतलब हो कि जौनपुर से भाजपा ने कृपाशंकर सिंह को टिकट दिया है। कृपाशंकर सिंह ने अपना नामांकन भी करा लिया है और जोर-शोर से प्रचार में जुट गए हैं। इसी बीच बसपा ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी को टिकट दे दिया। इस सीट पर क्षत्रिय वोटरों की संख्या काफी है, इसलिए अब भाजपा को क्षत्रियों का वोट बंटने का डर सताने लगा है। धनंजय सिंह को जमानत मिलने के बाद क्षत्रियों की गोलबंदी बसपा की तरफ अधिक प्रतीत हो रही है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है अभय सिंह इसीलिए धनंजय सिंह को क्षत्रिय विरोधी बता रहे हैं। वायरल हो रहे साक्षात्कार में अभय सिंह, धनंजय को डॉन कहने के साथ-साथ एक ही तरह का आरोप लगा रहे हैं। समस्त आरोप क्षत्रियों के इर्दगिर्द घूमता नजर आ रहा है। उन्होंने बयान दिया कि धनंजय सिंह ने हमेशा यादवों और ओबीसी जातियों को आगे बढ़ाया है, ठाकुरों को आगे बढ़ने ही नहीं दिया।

इस बयान को लेकर चुनावी विश्लेषक जौनपुर चुनाव से जोड़ रहे हैं। उनका कहना है कि इस साक्षात्कार के माध्यम से अभय सिंह बसपा प्रत्याशी के पक्ष में क्षत्रियों की लामबंदी रोकने का प्रयास कर रहे हैं।



अभय सिंह



धनंजय सिंह

● धनंजय की पत्नी श्रीकला हैं चुनावी मैदान में

### अपनी ढपली अपना राग



राहुल बाबा और अखिलेश बाबा विदेशों में पढ़कर आये हैं, इसलिए दोनों को देश के बारे में कम समझ है। - पुष्कर सिंह धामी



राशन, किसी की जेब से नहीं मिलता, इसलिए जब भाजपा और आरएसएस के लोग आएं और नमक का कर्ज याद दिलाएं बहकावे में न आएं। - मायावती



भाजपा के गारंटी की घंटी व 400 का झुनझुना अब गायब हो गया है। बीजेपी पुलिस में भी 3 साल के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। -अखिलेश यादव



राजनाथ सिंह एक तपस्वी नेता हैं, उन्होंने हमेशा दलितों-वंचितों, पिछड़े वर्गों पर ध्यान दिया है। लखनऊ के लोग एकतरफा उनका चुनाव करते हैं। - स्वतंत्र देव सिंह

# कैडर और ब्राह्मण वोट पर चोट करने को तैयार बसपा

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** चुनावी रंगोली में खाली जगह भरने को बसपा के संभावित दावेदार मैदान में कूद गए हैं। बीते दो माह से चल रहे कयास को हकीकत में बदलने को लेकर बसपा के नेशनल कोआर्डिनेर आकाश आनंद के संदेश पर गोंडा और कैसरगंज के दो ब्राह्मण चेहरे मैदान में उतरने को आतुर हैं। इसमें कैसरगंज से नरेंद्र पांडेय तो गोंडा से सौरभ मिश्र ने सोमवार को बसपा का संभावित उम्मीदवार बताकर पर्चा ले लिया है। दोनों ब्राह्मण चेहरे के साथ ही श्रावस्ती से मुस्लिम चेहरा तथा बहराइच सुरक्षित सीट से पढ़े लिखे संस्कृत के विद्वान प्रोफेसर बृजेश सोनकर पर बसपा दांव लगा सकती है। खासकर गोंडा और कैसरगंज में कैडर के साथ ब्राह्मण वोट पर चोट करने को बसपा तैयार दिख रही है।

गोंडा लोकसभा सीट से भाजपा ने पहले ही सांसद कीर्तिवर्धन सिंह पर दांव लगाया है। वह तीसरी बार भाजपा के टिकट पर मैदान में हैं, जबकि समाजवादी पार्टी से श्रेया वर्मा मैदान में हैं। इंडिया गठबंधन में होने के नाते कांग्रेस सपा उम्मीदवार का समर्थन कर रही है, जबकि बसपा किसी भी गठबंधन में नहीं है। मनकापुर क्षेत्र के ही अवध शरन मिश्र जो भाजपा सांसद के कभी खास रहे और उनके प्रबंधकीय इंटर कालेज में प्रधानाचार्य रहे। लेकिन अवध शरन मिश्र को कालेज से हटवा कर उनका स्थानांतरण करवा दिया गया।

इसके विरोध में अवध शरन मिश्र ने कुंवर आनंद सिंह व उनके बेटे कीर्तिवर्धन सिंह के खिलाफ बिगुल फूंक दिया था। उनके खिलाफ पूरे जिले में पर्चे तक बंटवाए थे। विरोध स्वरूप अवध शरन मिश्र के बेटे सौरभ मिश्र बसपा में शामिल हो गए और अब संभावित उम्मीदवार के रूप में सोमवार को पर्चा भी ले लिया है। इसी तरह कैसरगंज से पयागपुर के मल निवासी नरेंद्र पांडेय जो आकाश आनंद के करीबी बताए जा रहे हैं और मौजूदा समय लखनऊ में रहते हैं। उन्होंने भी बसपा से ताल ठोकने को तैयार दिख रहे हैं। इसी तरह भिनगा से 2022 में बसपा से विधानसभा चुनाव लड़ चुके दद्दन खां ने भी बसपा से पर्चा खरीद लिया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में दद्दन खां भले ही तीसरे स्थान पर रहे परंतु इस बार वह लोकसभा में अपना भाग्य आजमाने को तैयार हैं। बहराइच सुरक्षित सीट से भाजपा ने सांसद अछैबर लाल गौड़ के पुत्र आनंद गौड़ को मैदान में उतारा है, जबकि सपा ने रमेश गौतम को मैदान में उतारा है। बसपा ने अभी कोई अधिकृत सूची जारी नहीं की है लेकिन लखनऊ विश्वविद्यालय में संस्कृत के प्रोफेसर बृजेश सोनकर पर दांव लगाने पर मंथन कर रही है। माना जा रहा है कि एक दो दिनों में बसपा भी अपना पत्ता खोल सकती है। इसलिए सभी संभावित दावेदारों ने पर्चे खरीद लिए हैं और लड़ने को तैयार हैं। गोंडा और कैसरगंज में बसपा का कैडर वोट और ब्राह्मण वोट पर संगठन की नजर है। गोंडा और कैसरगंज से इन संभावितों के राजनीतिक सफर भले ही न के बराबर है परंतु बसपा के कैडर वोट और ब्राह्मण वोट पर नजर अवश्य है।




### देवीपाटन मंडल की चार सीटों पर 2009 से 2019 तक बसपा के वोट

| लोकसभा | वर्ष | उम्मीदवार | मिले वोट |
|---|---|---|---|
| बहराइच(सु) | 2009 | लालमनि प्रसाद | 1,21,052 |
| | 2014 | डॉ. विजय कुमार | 98,883 |
| कैसरगंज | 2009 | सुरेंद्र नाथ अवस्थी | 1,23,864 |
| | 2014 | कृष्ण कुमार ओझा | 1,46,542 |
| | 2019 | चंद्रदेव राम यादव | 3,19,418 |
| श्रावस्ती | 2009 | रिजवान जहीर | 1,59,527 |
| | 2014 | लालजी वर्मा | 1,94,827 |
| | 2019 | राम शिरोमणि वर्मा | 4,41,505 |
| गोंडा | 2009 | कीर्तिवर्धन सिंह | 1,31,995 |
| | 2014 | अकबर अहमद डंपी | 1,16,051 |

नोट : 2019 में सपा और बसपा के बीच गठबंधन था। गोंडा और बहराइच में सपा और कैसरंगज व श्रावस्ती से बसपा के उम्मीदवार लड़े थे। इसमें सपा को जीत तो नहीं मिली परंतु दो में एक पर बसपा को जीत मिली थी।

### 2009 में सपा और भाजपा का बिगड़ गया था गणित

बसपा ने 2009 के चुनाव में भाजपा और सपा दोनों का गणित बिगाड़ दिया था। कैसरगंज सीट को छोड़कर मंडल की तीन सीटों पर बसपा तो जीत नहीं पाई लेकिन उसे इतने वोट जरूर मिले जिससे भाजपा व सपा दोनों को हार का मुहं देखना पड़ा और कांग्रेस जीवंत हो उठी और तीन सीटों पर कांग्रेस की सरकार बन गई थी।

## चुनावी चक्कर

● फिर नयी 'पंचायत' तो नहीं कर रहे मंत्री जी?

योगी सरकार के एक मंत्री हैं ओम प्रकाश राजभर। विधानसभा हो या जनसभा, ऐसा कम ही होता है कि उनके मुख से निकली प्रतिक्रिया चर्चा का विषय न बनती हो। हाल ही में फिर मंत्री जी ने चुनाव प्रचार के दौरान मंच से कुछ ऐसा बयान दे दिया जिसपर चर्चा हो रही है। उनके इस बयान का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, मंत्री जी घोसी में अपने बेटे और एनडीए प्रत्याशी अरुण राजभर के लिए चुनाव प्रचार कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कहा कि, ओमप्रकाश राजभर पंचायती राज मंत्री है।'' आगे उन्होंने यह भी जोड़ा कि वो अल्पसंख्यक वाला विभाग भी तो है पास में, ''अकलमंदों के लिए इशारा काफी है। जान लो और कुछ नहीं कहूंगा। अब ओमप्रकाश का ताजे बयान का क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब ओपी राजभर ने ऐसा कोई शिगूफा छोड़ा हो। इससे पहले मंत्री बनने के बाद उनका एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें वह पीला गमछा लगाकर थाने जाने को लेकर बयान दे रहे थे। उन्होंने कहा था कि इस गमछे को लगाकर जब आप थाने पर जाओगे तो दरोजा जी को आपकी शक्ल में ओमप्रकाश राजभर नजर आएंगे। बहरहाल, मंथन उनके ताजा बयान पर हो रहा है कहीं भाजपा को फिर धौंस दिखाने की पंचायत तो नहीं कर रहे? इस पर सभी की निगाहे हैं।



# दिग्गज छत्रप-महारथी मजबूरी में बेटी के चुनावी रथ के सारथी

## राजनीति में जोड़-तोड़ के माहिर खिलाड़ी रहे शरद पवार को अपने ही गढ़ बारामती में वोट के लिए फैलाने पड़ रहे हाथ



**मुंबई।** कहते हैं, राजनीति जो न कराए कम है। दिग्गज राजनेता मराठा छत्रप शरद पवार की इन दिनों कुछ ऐसी ही दशा है। पवार अपने राजनीतिक जीवन में कभी कोई चुनाव नहीं हारे हैं। लेकिन 83 साल की उम्र में उन्हें बारामती में बेटी की सीट बचाने के लिए भीषण गर्मी में पसीना बहाना पड़ रहा है। छह बार लोकसभा सांसद और चार बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे शरद पवार ने बारामती से खुद पांच बार लोकसभा का चुनाव जीता है। लेकिन इस बार राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में हुई टूट के बाद भतीजे अजित पवार की चुनौती में ऐसा फंसे हैं कि लोगों को पुरानी बातें याद दिलाकर वोट के लिए झोली फैलानी पड़ रही है।

बारामती लोकसभा क्षेत्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की उम्मीदवार और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले का मुकाबला उनकी भाभी और उप मुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से हो रहा है, जो राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल राकांपा की उम्मीदवार हैं। शरद पवार के लिए चुनौती कठिन है क्योंकि जिस बारामती से वह स्वयं पांच बार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले तीन बार चुनाव जीत चुकी है, वहां अब उन्हें बेटी को चौथी जीत दिलाने के लिए अपने ही भतीजे की पत्नी की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। माना जा रहा है कि बारामती सीट से चुनाव हारने के साथ ही पवार की राजनीतिक धमक का भी अंत हो जाएगा। राकांपा का चुनाव चिह्न अजीत पवार के पास है। हालांकि इसका जिम्मेदार शरद पवार को ही माना जाता है, उन्होंने 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद उद्धव ठाकरे को राजग गठबंधन से तोड़कर भाजपा के हाथ में आई हुई सत्ता छीन ली थी और महाविकास आघाड़ी का गठन करके ठाकरे को महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बना दिया था। इसी के बाद उनकी पार्टी में बिखराव के बीज पनप गए थे।

### ‘मैं 2004 में महाराष्ट्र का सीएम बन जाता’

- 2004 के विधानसभा चुनाव में शरद पवार की रकांपा को 71 सीटें मिली थीं और कांग्रेस को 69 सीटें। इसके बावजूद उन्होंने महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद पर दावा करने के बजाय केंद्र में कृषि मंत्री बनने में ज्यादा रुचि दिखाई थी। भतीजे अजीत पवार को आज तक इस बात का अफसोस है कि शरद पवार ने उस समय उनसे मुख्यमंत्री बनने का अवसर छीन लिया। वह बारामती में चुनाव प्रचार के दौरान सभाओं में वह लोगों को बता रहे हैं कि उनके साथ पार्टी में उस समय नाइंसाफी हुई। शरद पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस के हिस्से में आया मुख्यमंत्री का पद कांग्रेस को दे दिया था। अगर मुख्यमंत्री पद शरद पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस के पास रखा होता तो वह या पार्टी का कोई और नेता मुख्यमंत्री बन सकता था। अगर उनके नसीब में होता तो वही मुख्यमंत्री बन जाते। शरद पवार राज्य में मुख्यमंत्री लेकर भी केंद्र में अपने लिए महत्वपूर्ण मंत्रालय ले सकते थे। लेकिन वह जोड़-तोड़ की राजनीति का हिस्सा बनकर प्रधानमंत्री बनने का स्वप्न देख रहे थे। इसके चलते ही पार्टी को मिला राष्ट्रीय दर्जा क्षेत्रीय पार्टी पर आ गया।

### ‘चार दिन सास के होते तो चार दिन बहू के भी आते हैं’

- शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के खिलाफ अपनी पत्नी को जिताने के लिए रकांपा प्रमुख अजित पवार बारामती में चुनावी सभाओं में लोगों से अपील कर रहे हैं कि इस बार बहू यानी सुनेत्रा पवार को चुनें ना कि बेटी सुप्रिया सुले को। चार दिन सास के होते हैं, तो चार दिन बहू के भी आते हैं, यही समय चक्र है। बारामती और राज्य के सामने तमाम समस्याएं हैं। केंद्र में जिसकी सत्ता आनी है, अगर उसका समर्थक सांसद चुनकर नहीं भेजा तो लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्य नहीं हो पाएगा। बीते 10 साल से क्षेत्र इसी कारण उपेक्षा झेल रहा है।

**मध्यप्रदेश में लोकसभा की कुल 29 सीटों में से दो चरणों में 12 लोकसभा सीटों पर वोट डाले जा चुके हैं। अब तीसरे चरण में राज्य की नौ लोकसभा सीटों पर सात मई को जनता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगी। तीसरे चरण में मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल और राजगढ़ के अलावा बैतूल लोकसभा सीट पर भी चुनाव होगा। पहले तीसरे चरण में केवल आठ सीटों पर मतदान होना था, लेकिन आदिवासी सुरक्षित सीट बैतूल में बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार के निधन के कारण दूसरे चरण में चुनाव स्थगित कर दिया गया था। अब बैतूल को मतदान के लिए तीसरे चरण में शामिल कर लिया गया है। तीसरे चरण के चुनाव में राज्य के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक केंद्रीय मंत्री की किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद हो जाएगा।**

# मैदान में मामा, महाराजा व राजा किसका बजेगा बाजा

## अंतिम चुनाव बताकर मतदाताओं को साधने की हो रही कोशिश

### राजगढ़ का किला बचाने में दिग्गी राजा का छूट रहा पसीना



प्रदेश की सबसे हॉट सीट राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र में सात मई को होने वाले मतदान पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। यहां से 10 वर्षों तक मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष रहे दिग्गज कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला भाजपा के मौजूदा सांसद रोडमल नागर कर रहे हैं। इस सीट से दोनों उम्मीदवार दो-दो बार सांसद रह चुके हैं। लेकिन दोनों के बीच आपस में यह पहला मुकाबला है। दिग्विजय सिंह 33 साल बाद चुनाव लड़ने के लिए राजगढ़ के मैदान में उतरे हैं। वह वादा निभाओ पद यात्राएं करके हर विधानसभा क्षेत्र को नाप रहे हैं। वह लोगों से भावनात्मक अपील कर अंतिम चुनाव की बात कह रहे हैं। भाजपा उन्हें घेरने के लिए पूरी ताकत के साथ लगी है। सूबे के सीएम के बाद प्रचार में आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तो दिग्विजय सिंह की हार तय बताकर जनसभा में चुटकी ले गए हैं कि आशिक का जनाजा है, बड़ा आदमी है, जरा धूमधाम से निकालना। जैसी दिग्गी राजा की शान है, वैसी ही बड़ी लीड से विदाई करना। लोकसभा क्षेत्र की आठ विधनासभाओं में छह पर भाजपा का कब्जा है, दो कांग्रेस के पास हैं।

| 2019 | | 2014 | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |
| 65% | 31% | 59% | 36% |

## ‘मैं नेता नहीं, मामा और भैया हूं, बहन-बेटियां मेरे लिए देवी की मूर्तियां’

### विदिशा में शिवराज का तिलक और भेंट किया नारियल



राज्य की दूसरी हॉट सीट विदिशा से सर्वाधिक समय प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान मैदान में है। उनका सीधा मुकाबला कांग्रेस के भानु प्रताप शर्मा से है। दोनों ही इस सीट से सांसद रह चुके हैं। बीते 15 चुनाव में इस सीट पर कांग्रेस दो बार जीती है और दोनों बार भानु प्रताप ही प्रत्याशी थे। 1991 में अपने पहले चुनाव में शिवराज सिंह भानु प्रताप को हरा चुके हैं। वर्ष 2004 शिवराज यहां से पांचवी बार लोकसभा का चुनाव जीते थे। इसके बाद वह मुख्यमंत्री बने। अब 20 साल बाद फिर यहां चुनाव लड़ने आए हैं। वह नुक्कड़ सभाओं, यात्रा और रोड शो करके अपने कराए विकास कार्य गिना रहे हैं। आशीर्वाद यात्रा में उनका फूलों से स्वागत कर बहनों ने कहीं तिलक लगाया, कहीं आरती उतारी और शिवराज के हाथ में नारियल और चुनाव लड़ने के लिए 10-10 रुपये भी थमा दिए। पीएम मोदी सभा में कह गए थे कि वह शिवराज सिंह को दिल्ली लेकर जा रहे हैं। इसके मुकाबले भानु प्रताप शर्मा पिछले दो दशक से महत्वपूर्ण पद पर नहीं रहे हैं। कोई चुनाव भी नहीं लड़े हैं। इस कारण उन्हें चुनाव खड़ा करने में दिक्कत आ रही है। 2019 में भाजपा के रमाकांत भार्गव और 2014 में सुषमा स्वराज जीती थीं।

| 2019 | | 2014 | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |
| 68% | 28% | 66% | 29% |

## सिंधिया के विरुद्ध कांग्रेस का जातीय दांव बताया महाभारत का युद्ध

### भाजपा नेताओं के दौरों के साथ पत्नी-पुत्र भी प्रचार में



गुना सीट पर भाजपा से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया उम्मीदवार हैं। उन्हें पार्टी ने मौजूदा सांसद केपी यादव की जगह चुनाव में उतारा है। 2019 में ज्योतिरादित्य कांग्रेस से चुनाव लड़े थे, जिसमें केपी यादव के हाथों हार मिली थी। इस बार सिंधिया गुना-शिवपुरी में जमकर मेहनत कर रहे हैं। जल्दी ही गुना से हवाई सेवाएं शुरू होने का वादा कर रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह सभा करने आए तो कई बार उन्हें राजा साहब और महाराज कहकर यह भी बता गए कि पीएम मोदी सिंधिया को बहुत पसंद करते हैं। ज्योतिरादित्य के नामांकन में सीएम मोहन यादव, पूर्व सीएम शिवराज सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा जुटे थे। मुख्यमंत्री समेत कई बड़े नेता प्रचार में आ चुके हैं। ज्योतिरादित्य की पत्नी प्रियदर्शनी और पुत्र ने भी प्रचार का काम संभाल रखा है। कांग्रेस ने जातीय समीकरण ध्यान में रखते हुए यादव वोट बैंक साधने के लिए मुंगावली से तीन बार के विधायक राव यादवेंद्र सिंह यादव को उतारा है। वह इस चुनाव को महाभारत का युद्ध बता रहे हैं और भाजपा द्वारा केपी यादव का टिकट काटने पर सवाल खड़े कर रहे हैं। बसपा ने शिवपुरी जिले के अध्यक्ष धनीराम चौधरी को उतार कर परेशानी बढ़ा दी है।

| 2019 | | 2014 | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |
| 52% | 41% | 40% | 53% |



भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम। अमृत विचार

# इंदौर में फुस्स हुआ कांग्रेसी बम भाजपा में शामिल हो गए अक्षय

**इंदौर।** मध्य प्रदेश की इंदौर लोकसभा सीट पर कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। यहां पार्टी प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने न सिर्फ नाम वापस लिया बल्कि भाजपा में शामिल हो गए। उनके इस कदम से कांग्रेस के रणनीतिकार परेशान हैं वहीं भाजपा इस बात से खुश है क्योंकि उसके सामने अब कोई मजबूत उम्मीदवार नहीं है जो टक्कर दे सके। अब इस सीट पर कांग्रेस किसी निर्दलीय या बसपा उम्मीदवार को समर्थन दे सकती है।

भाजपा ने इंदौर संसदीय सीट पर भाजपा ने वर्तमान सांसद शंकर लालवानी को मैदान में उतारा है। वैसे तो इंदौर भाजपा का मजबूत किला है। 1989 से 2014 तक लगातार आठ बार सुमित्रा महाजन इस सीट पर जीतीं। 2019 में पार्टी ने शंकर लालवानी को टिकट दिया तो वे भी जीतने में कामयाब रहे। इस क्षेत्र की सभी आठ विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है। भाजपा के रणनीतिकार एवं प्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने यहां चुनाव की कमान संभाल रखी है। माना जा रहा है कि कांग्रेस के उम्मीदवार की नाम वापसी में कैलाश विजयवर्गीय की भूमिका अहम है। इस सीट से नौ उम्मीदवारों ने नाम वापस लिया है। अब यहां मैदान में भाजपा के शंकर लालवानी समेत 14 उम्मीदवार मैदान में हैं।

## सागर में हो सकता तगड़ा मंथन, किसे मिलेगा जीत का कलश

### बीते सात चुनावों से लगातार यहां खिल रहा कमल



सागर लोकसभा सीट पर भाजपा बीते सात लोकसभा चुनावों से लगातार कमल खिलाती आ रही है। पार्टी ने इस बार यहां मौजूदा सांसद राजबहादुर सिंह के स्थान पर महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लता वानखेड़े को चुनाव मैदान में उतारा है। वह कुर्मी क्षत्रिय समाज की महिला शाखा की प्रदेश अध्यक्ष हैं। वहीं कांग्रेस ने उनके मुकाबले के लिए ललितपुर के चंद्र भूषण सिंह उर्फ गुड्डू राजा बुंदेला को प्रत्याशी बनाया है। वह पिछले वर्ष ही बसपा को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए थे। सागर की आठ विधानसभा सीटों में से सात पर भाजपा के विधायक हैं। भाजपा ने अपने सभी विधायकों को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में जुटा रखा है। शहर की सूरत तो पिछले कुछ सालों में बदली है, लेकिन बेरोजगारी, पलायन स्वास्थ्य सुविधाएं और पानी की समस्या का समाधान प्रमुख मुद्दे हैं। यहां जैन समाज के साथ ओबीसी मतदाता निर्णायक भूमिका में है। बसपा यहां तीसरे नंबर पर रहती है, इस बार पार्टी ने भगवती प्रसाद जाटव पर दांव लगाया है। जानकार मुकाबला टक्कर का मान रहे हैं।

| 2019 | | 2014 | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |
| 62% | 33% | 54% | 40% |

## भोपाल में चटख होता नजर आ रहा भगवा प्रचार

### कांग्रेस को धीमा चुनावी अभियान पड़ सकता भारी



मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पांच दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के बाद माहौल भगवामय नजर आता है। भाजपा ने यहां से मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह की जगह पूर्व महापौर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है। भोपाल लोकसभा सीट भाजपा वर्ष 1989 के चुनाव से लगातार जीतती चली आ रही है। 2019 के चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को साध्वी प्रज्ञा सिंह ने साढे तीन लाख वोटो से मात दी थी। कांग्रेस ने इस बार यहां पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष और अधिवक्ता अरुण श्रीवास्तव को मैदान में उतार कर भाजपा की चुनौती के सामना जातीय समीकरण के सहारे करने की रणनीति बनाई है। लेकिन भाजपा जिसके प्रचार में मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायक मोर्चा संभाले हैं, के मुकाबले कांग्रेस का प्रचार काफी सुस्त है। कोई बड़ा नेता वोट मांगने नहीं आया है। हालांकि कांग्रेस प्रत्याशी ग्रामीण क्षेत्र पर जरूर जोर देता नजर आ रहा है। लेकिन पलड़ा भाजपा का ही भारी नजर आता है। लोकसभा क्षेत्र की सात में पांच विधानसभाओं पर भाजपा का और दो पर कांग्रेस का कब्जा है।

| 2019 | | 2014 | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |
| 61% | 36% | 63% | 30% |

## मुरैना में उलझे जातीय समीकरणों ने बनाई त्रिकोणीय लड़ाई

### भाजपा-कांग्रेस के संघर्ष में बसपा ने टांग फंसाई



बीते तीन दशक में सात लोकसभा चुनाव से भाजपा मुरैना में अजेय है, लेकिन इस बार यहां उसके सामने कांग्रेस के साथ ही बसपा भी कड़ी चुनौती पेश कर रही है। ऐसे में त्रिकोणीय मुकाबला होता नजर आ रहा है। भाजपा प्रत्याशी पूर्व विधायक शिवमंगल सिंह तोमर के मुकाबले में कांग्रेस ने भाजपा के पूर्व विधायक और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यपाल सिंह सिकरवार को उतारा है। इन दो क्षत्रिय प्रत्याशियों की लड़ाई में बसपा ने रमेशचंद्र गर्ग पर दांव लगाया है। रमेश चंद्र गर्ग कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर बसपा में शामिल हो गए थे। मुरैना में ब्राह्मण प्रभावशाली वोटर माने जाते हैं, लेकिन ब्राह्मण नेता बलबीर दंडोतिया के बसपा छोड़कर भाजपा में जाने से ब्राह्मण समाज बंटा नजर आ रहा है, तो दूसरी जातियों में भी सेंधमारी चल रही है। इससे जातिगत समीकरण उलझ गए हैं। कुल मिलाकर मुकाबला रोचक माना जा रहा है। 2019 में यहां से भाजपा से केंद्र में कृषि मंत्री रहे नरेंद्र सिंह तोमर को जीत हासिल हुई थी।

| 2019 | | 2014 | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |
| 48% | 38% | 45% | 31% |

### मांगा समर्थन



गृह मंत्री अमित शाह ने गुवाहाटी में भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों पर हमला बोला।

## भिंड में दलित वोट बंटने से बदल सकता चुनाव का परिणाम



भिंड लोकसभा सीट पर भाजपा ने अपनी सांसद संध्या राय को दूसरी बार टिकट दिया है। मुकाबले में कांग्रेस ने बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे और भांडेर से अपने विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है। भाजपा यहां पिछले पांच चुनावों से लगातार जीत रही है। 2019 में चुनाव लड़ चुके देवाशीष जरारिया कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने के कारण हाथ का साथ छोड़कर बसपा से मैदान में उतर गए हैं। जानकार मान रहे हैं कि अब यहां दलित वोट तीन भागों में बंट सकता है। ऐसे में सवर्ण और ओबीसी वोट निर्णायक हो सकते हैं। कुल मिलाकर जातीय समीकरणों ने मुकाबला रोचक बना दिया है।

| 2019 | | 2014 | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |
| 54% | 34% | 45% | 31% |

## तानसेन की नगरी ग्वालियर में इस बार किसका सधेगा सुर-संगीत



ग्वालियर में भाजपा और कांग्रेस ने दोनों ने विधानसभा चुनाव हारे प्रत्याशियों पर दांव लगाया है। भाजपा ने जहां पूर्व मंत्री भारत सिंह कुशवाहा को मैदान में उतारा है, वहीं कांग्रेस ने पूर्व विधायक प्रवीण पाठक को टिकट देकर मुकाबला को जातीय आधार पर कर दिया है। इन दोनों के संघर्ष में कांग्रेस छोड़कर आए कारोबारी कल्याण सिंह कंसाना बसपा से मैदान आकर लड़ाई तिकोनी बनाने में लगे हैं। डबरा विधानसभा से कांग्रेस विधायक सुरेश राजे कुर्ते की झोली फैलाकर लोगों से हाथ के लिए वोट मांग रहे हैं। यहां प्रत्याशी चयन में देरी के कारण कांग्रेस प्रचार में पिछड़ी नजर आती है। क्षत्रिय और ब्राह्मण बाहुल्य कही जाने वाली इस सीट पर ओबीसी वोटर यहां सबसे अधिक हैं।

| 2019 | | 2014 | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |
| 52% | 40% | 44% | 41% |

# पहले सात फिर नौ की गिरावट अबकी पारा होगा 43 से ऊपर



**भोपाल।** प्रदेश में दोनों चरणों में कम मतदान और बढ़ते तापमान के साथ 7 मई को होने वाले तीसरे चरण के मतदान में वोट पर्याप्त संख्या में पड़ें, यह सुनिश्चित करना चुनाव आयोग के साथ-साथ राजनीतिक दलों के लिए भी बड़ी चुनौती है। 2019 के मुकाबले पहले चरण के मतदान में इस बार 7% की गिरावट आई थी, तो दूसरे चरण में यह गिरावट 9% पहुंच गई। दोनों चरणों में मतदान के दिन टीकमगढ़ और खजुराहो को छोड़कर अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे था। अब तीसरे चरण में जिन जगहों पर वोटिंग होनी है, वहां के बारे में मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 43 से 45 डिग्री तक तापमान रह सकता है। इसके साथ ही राज्य में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस अभी तक दोनों चरणों में कोई उत्साह नहीं दिखा पाई है। पार्टी के स्टार प्रचारक चुनावी अभियान से गायब जैसे रहे। कांग्रेस का कोई ऐसा बड़ा नेता प्रचार में नहीं आया जो मोदी सरकार और प्रदेश सरकार को घेर सकता। इसकी एक वजह कमलनाथ का छिंडवाड़ा और दिग्विजय का राजगढ़ में फंसना भी माना जा रहा है। इसी के चलते भाजपा की चुनावी मशीनरी ने भी सामने कड़ी चुनौती नहीं होने से ज्यादा सक्रियता नहीं दिखाई। यह भी गर्मी के साथ कम मतदान का एक कारण माना जा रहा है।

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 985 फ्लैग- 1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 860 **रामपुर :** शिवालिक-990 फ्लैग- 1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1165

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 53800-54000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 72,650 |
| सोना रवा | 72,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 82,600 |
| चांदी (999) | 82,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71000 |
| सिल्वर (पक्की) | 810 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,100 |
| चांदी आभूषण | 82,000 |

## कानपुर मंडी

गेहूं दड़ा 2350-2500, आर.आर.21 2550-2600, गेहूं फारम 2600-2700, जौ 2000 -2100, ज्वार 2000 -4000, बाजरा 2100-2150, मकाई 2200 -2400, चना 5800 -5900, अरहर 9000 -10000, मसूर 5500 -5600, मटर 3700 -4000, उड़द हरा 11000 -11800, उड़द काला 6000 -8000, मूंग 8500 -8800, अरहर फूल 15800-16000, अरहर स्पेशल 13800-14000, चना दाल 7400-7500, मटर दाल 4950-5050, मसूर मलका 7150-7200, मसूर दाल 7350-7400, उड़द दाल 9500- 13000, उड़द धोवा 10700-13250, मूंग दाल 9500 -10500, मूंग धोवा 10000-11500, अरवा 2000 - 2300, बासमती न01.8500 - 10000, सेला 2500 - 3000, बासमती न02.6500 - 7500, आटा 1380-1430, मैदा 1350-1400, सूजी 1410-1430

# तगड़ी खरीदारी से लौटी रौनक, सेंसेक्स 941 अंक उछला

## अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के बढ़िया नतीजों और बॉण्ड प्रतिफल में गिरावट से बाजारों में आई तेजी

मुंबई, एजेंसी



- आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में आई पांच प्रतिशत की तेजी
- एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर करीब छह प्रतिशत गिरावट

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच घरेलू स्तर पर बैंकों एवं ढांचागत कंपनियों के शेयरों में तगड़ी खरीदारी होने से सोमवार को बीएसई सेंसेक्स ने 941 अंक उछल गया जबकि निफ्टी 22,600 के स्तर से ऊपर पहुंच गया।

बीएसई का सेंसेक्स 941.12 अंक यानी 1.28 प्रतिशत उछलकर 74,671.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 990.99 अंक तक बढ़कर 74,721.15 पर पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी भी 223.45 अंक यानी एक प्रतिशत बढ़कर 22,643.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक में पांच प्रतिशत की तेजी ली। मार्च तिमाही में बैंक का समेकित लाभ 18.5% बढ़कर 11,672 करोड़ होने से शेयरों को रफ्तार मिली। इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी बढ़त में सफल रहे। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर करीब छह प्रतिशत गिर गए। आईटीसी, विप्रो और बजाज फिनसर्व में भी गिरावट रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के बढ़िया तिमाही नतीजों और बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट से घरेलू स्तर पर बाजारों में उछाल देखी गई। बैंक निफ्टी ने चौथी तिमाही में अपने मजबूत प्रदर्शन से बाकी को पीछे छोड़ दिया। पश्चिम एशिया का तनाव नरम पड़ने और कंपनियों के स्थिर तिमाही नतीजों से सकारात्मक धारणा को बल मिलने की उम्मीद है। बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.97% और स्मालकैप सूचकांक में 0.07% की बढ़त दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में बैंक खंड में 2.70% और वित्तीय सेवा खंड में 1.81% की तेजी रही जबकि रियल्टी एवं सेवा खंड में गिरावट दर्ज की गई। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि कारोबारी सप्ताह की शुरुआत मजबूती के साथ हुई और बाजार एक प्रतिशत चढ़ गया। अनुकूल वैश्विक संकेतों के साथ बैंकिंग शेयरों में खरीदारी आने से कारोबार को समर्थन मिला।

### नियामक शुल्क पर सेबी के निर्देश के बाद बीएसई का शेयर 19% टूटा

**नई दिल्ली।** सेबी ने प्रीमियम मूल्य के बजाय अपने विकल्प अनुबंधों के कुल मूल्य के आधार पर नियामक शुल्क का भुगतान करने का निर्देश दिया है। इससे बीएसई के शेयर में सोमवार को 19 फीसदी की गिरावट आई। इसका कारण उसे अब अधिक नियामक शुल्क का भुगतान करना पड़ सकता है। एनएसई पर शेयर 18.63 फीसदी गिरकर 2,612.10 रुपये पर आ गया। एनएसई पर 103.10 लाख शेयरों का कारोबार हुआ। बीएसई ने शुक्रवार को एनएसई को बताया कि बीएसई को विकल्प अनुबंध के मामले में कुल मूल्य पर विचार करते हुए सेबी को वार्षिक कारोबार के आधार पर नियामक शुल्क का भुगतान करने की सलाह दी गई है। साथ ही उसे पिछली अवधि के लिए अतिरिक्त विनियामक शुल्क का भुगतान ब्याज सहित करने को कहा गया है। शेयर बाजार को दी सूचना के मुताबिक पत्र मिलने के एक महीने में उक्त राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। बीएसई ने कहा था कि वह सेबी के पत्र के अनुसार दावे की वैधता का मूल्यांकन कर रहा है। सभी अनुबंधों के खरीद/बिक्री मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि प्रीमियम टर्नओवर सभी अनुबंधों पर भुगतान किए गए प्रीमियम का योग है।

# बैंकों पर लुकआउट आदेश का अध्ययन कर रहा वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी




- बंबई हाईकोर्ट ने कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट या एलओसी जारी करने से बैंक को रोका है

वित्त मंत्रालय बंबई हाईकोर्ट के हालिया आदेश का अध्ययन कर रहा है, जिसमें उसने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर या एलओसी जारी करने से रोक दिया है। हाईकोर्ट ने पिछले सप्ताह आदेश दिया था कि बैंकों के पास कर्ज नहीं चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है।

वित्त मंत्रालय 26 अप्रैल के फैसले से अवगत है और वह आदेश का मूल्यांकन करेगा। अध्ययन के बाद फैसला होगा। न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन के उस धारा को भी असंवैधानिक करार दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरपर्सन को कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ एलओसी जारी करने का अधिकार दिया गया था। अदालत ने कहा कि उसका फैसला किसी भी चूककर्ता के खिलाफ न्यायाधिकरण या आपराधिक अदालत के आदेशों को प्रभावित नहीं करेगा, जिसमें उन्हें विदेश यात्रा करने से रोका गया हो। केंद्र ने 2018 में कार्यालय ज्ञापन में संशोधन कर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को भारत के आर्थिक हित में एलओसी जारी करने का अधिकार दिया था।

# ब्लूपाइन एनर्जी ने सौर परियोजना के लिए 418 करोड़ का लिया ऋण

नई दिल्ली, एजेंसी



- परियोजना के पूरा होने के बाद संयंत्र से सालाना 3.23 लाख मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पन्न होने की उम्मीद

नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी ब्लूपाइन एनर्जी ने गुजरात के सडला में अपनी 120 मेगावाट की सौर परियोजना के लिए एचडीएफसी बैंक से 418 करोड़ रुपये का ऋण हासिल किया है। कंपनी के अनुसार, इस परियोजना के पूरा होने के बाद संयंत्र में सालाना करीब 3.23 लाख मेगावाट (मेगावाट प्रति घंटा) सौर ऊर्जा उत्पन्न होने की उम्मीद है।

परियोजना से सालाना करीब 2.96 लाख टन सीओ2 (कार्बन डाइ ऑक्साइड) की भरपाई होगी और सालाना करीब 2.7 लाख मकानों को बिजली मुहैया कराई जा सकेगी। ब्लूपाइन एनर्जी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) संजीव भाटिया ने बताया कि गुजरात के सदला में हमारी 120 मेगावाट की सौर परियोजना के लिए वित्तीय जरूरतें पूरी करना ब्लूपाइन एनर्जी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह एचडीएफसी बैंक के ऋण से संभव हुआ है। बयान में कहा गया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए कुल 418 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया है।

## टाटा मोटर्स का साउथ इंडियन बैंक से समझौता

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने अपने वाणिज्यिक वाहन ग्राहकों तथा डीलरशिप को वित्तपोषण समाधान प्रदान करने के लिए साउथ इंडियन बैंक से समझौता किया है।

टाटा मोटर्स ने कहा कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत साउथ इंडियन बैंक मोटर वाहन प्रमुख के संपूर्ण वाणिज्यिक वाहन खंड के लिए वित्तपोषण समाधान पेश करेगा। टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहन उपाध्यक्ष राजेश कौल ने कहा कि हमारे ग्राहकों को उनके वाणिज्यिक वाहनों के लिए वित्तपोषण समाधान तक आसान पहुंच उनके संचालन की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है।

# सेरेलैक को नस्लीय रूप से बनाने का आरोप दुर्भाग्यपूर्ण

गुरुग्राम, एजेंसी




- स्विट्जरलैंड की कंपनी नेस्ले पर कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेचने का लगाया था आरोप

दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली नेस्ले इंडिया ने सोमवार को कहा कि 18 महीने से कम उम्र के बच्चों के लिए कंपनी का शिशु आहार फॉर्मूला वैश्विक आधार पर तैयार किया जाता है और इसे नस्लीय रूप से बनाए जाने का आरोप दुर्भाग्यपूर्ण एवं असत्य है। महीने की शुरुआत में स्विट्जरलैंड की कंपनी नेस्ले पर कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेचने का आरोप लगाया गया था।

नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुरेश नारायणन ने इस मसले पर कहा कि शिशु आहार में चीनी की मात्रा एक विशेष आयु वर्ग के पोषण प्रोफाइल को पूरा करने की क्षमता से निर्धारित होती है और यह सार्वभौमिक है। सेरेलैक में चीनी की मात्रा खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई की तरफ से तय सीमा से काफी कम है। नारायणन ने कहा कि इस उत्पाद में ऐसा कुछ भी नहीं है जो इसे ऐसा उत्पाद बनाता हो जिसके सेवन से बच्चे को कोई खतरा हो या किसी तरह का नुकसान हो। इस उत्पाद में मौजूद अधिकांश चीनी प्राकृतिक शर्करा है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुताबिक, शिशु आहार में चीनी का स्वीकार्य स्तर प्रति 100 ग्राम पाउडर में 13.6 ग्राम का है। नारायणन ने कहा कि नेस्ले के उत्पाद में यह मात्रा 7.1 ग्राम है, जो तय मानकों और अधिकतम सीमा से काफी कम है।

स्विट्जरलैंड के गैर-सरकारी संगठन पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क ने कहा था कि नेस्ले ने यूरोपीय देशों की तुलना में भारत जैसे कम-विकसित देशों में अधिक चीनी वाले शिशु आहार की बिक्री की। इन आरोपों पर नेस्ले इंडिया के प्रमुख ने कहा कि 18 महीने से कम उम्र के बच्चों के भोजन के लिए हर उत्पाद वैश्विक आधार पर तैयार किया जाता है। उन्होंने कहा, "पोषण संबंधी पर्याप्तता का अध्ययन करने के लिए कोई स्थानीय दृष्टिकोण नहीं है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ रैकेट का भंडाफोड़ 48 किग्रा हेरोइन बरामद, तीन गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सोमवार को पांच देशों में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ रैकेट का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 48 किग्रा हेरोइन बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने तीनों आरोपियों के पास से 21 लाख रुपये भी बरामद किए हैं। डीजीपी ने कहा कि यह गिरोह सीमा पार और अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ की तस्करी में सक्रिय था। उनका नेटवर्क पांच देशों ईरान, अफगानिस्तान, तुर्की, पाकिस्तान और कनाडा में फैला था।, यह गिरोह जम्मू-कश्मीर और गुजरात में भी सक्रिय था। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से नकदी गिनने की मशीन और तीन आलीशान गाड़ियों के साथ कुल 21 लाख रुपये की अवैध धनराशि भी जब्त की गई है। यादव ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन :प्रभावी पदार्थ अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तक में मणिपुर के खेल को मिजोरम का बताया गया

**इंफाल।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पाठ्यपुस्तक में मणिपुर के लोकप्रिय खेल को मिज़ोरम का बताए जाने के कुछ दिनों बाद भाजपा विधायक ने तत्काल इसमें सुधार की मांग की है। मणिपुर से भाजपा विधायक आर के इमो सिंह ने एक्स पर कहा, मुकना-कांगजेई मणिपुर का पारंपरिक खेल है। यह हॉकी का एक प्रकार है और इसमें कुश्ती भी शामिल है, इसलिए इसे कुश्ती-हॉकी के नाम से जाना जाता है। एनसीईआरटी ने इस खेल का मिज़ोरम से संबंध प्रकाशित कर बड़ी गलती की है। एनसीईआरटी को इस गलती को तुरंत सुधारने की जरूरत है। शिक्षा विभाग शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ ने शिक्षा संबंधी सामग्रियों में सटीकता के महत्व पर जोर दिया, विशेष रूप से सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय खेलों के संबंध में। शिक्षक संघ ने अधिकारियों से त्रुटि को जल्दी से ठीक करने का आग्रह किया।

### नीट अभ्यर्थी ने कोटा में की आत्महत्या

**कोटा (राजस्थान)।** कोटा के कुन्हारी इलाके में राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे 20 वर्षीय अभ्यार्थी ने छात्रावास के कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक के माता-पिता को संदेह है कि उसकी हत्या की गयी है। पुलिस के अनुसार, कोटा में इस साल अब तक नीट या जेईई अभ्यर्थी द्वारा संदिग्ध आत्महत्या करने का यह सातवां मामला है। मृतक सुमित पांचाल हरियाणा के रोहतक का रहने वाला था, और एक साल से यहां कोचिंग संस्थान में एनईईटी की तैयारी कर रहा था। उसके माता-पिता ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### पुलिस नक्सली मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पुलिस मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर हो गया है। सुकमा एसपी एसपी किरन के अनुसार सुरक्षाबल को मुखबिर से किस्टाराम थाना क्षेत्र के पेसेलपाड़ और उसके आसपास के पहाड़ों और जंगल में नक्सलियों की सूचना मिली थी। डीआरजी, बस्तर फाइटर और सीआरपीएफ 208 कोबरा बटालियन की टीम को मौके के लिए रवाना हुई। सुरक्षाबल के जवान जैसे ही मौके पर पहुंचे तभी नक्सलियों ने उन पर फायरिंग करना शुरू कर दिया। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली वहां से भाग गए। सर्च ऑपरेशन में जवानों ने घटनास्थल से हथियार समेत एक नक्सली का शव बरामद किया है।

### मलबे की चपेट में आई जीप, दो लोगों की मौत्

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में जुब्बल उपमंडल के तहत सनेल में रविवार देर रात जीप के ऊपर भारी मलबा गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी। उपमंडल दंडाधिकारी जुब्बल राजीव संख्यान ने सोमवार यह जानकारी दी। सतीश मृतकों की पहचान रोहडू निवासी सतीश कुमार और बिशम्बर शर्मा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को फौरी राहत के रूप में क्रमश 15-15 हजार रुपये की राशि प्रदान की गयी है।

# सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने किया कई याचिकाओं को खारिज

## धन शोधन में निलंबित आईएएस पूजा और यौन उत्पीड़न में संत शरणारू की जमानत याचिका की रद

नई दिल्ली, एजेंसी



- असाधारण मामला बताकर झारखंड की निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की याचिका रद कर दी

उच्चतम न्यायालय ने झारखंड कैडर की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की धन शोधन के मामले में जमानत याचिका सोमवार को यह कहते हुए रद कर दी कि यह एक असाधारण मामला है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने निलंबित अधिकारी को जमानत देने से इनकार करने के झारखंड हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष के 17 गवाहों में से ईडी ने 12 से जिरह की है और उम्मीद है कि मामले में सुनवाई जल्द पूरी होगी। आप जमानत के लिए थोड़ा और इंतजार किए। यह कोई सामान्य नहीं बल्कि असाधारण मामला है। इस मामले में कुछ तो गलत है। हम याचिका पर सुनवाई के इच्छुक नहीं हैं। न्यायालय ने सिंघल को मुकदमा लंबा चलने या परिस्थितियों में कोई बदलाव होने पर फिर से जमानत याचिका दायर करने की छूट दे दी। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जमानत का विरोध किया और कहा कि हिरासत की कुल अवधि में से उन्होंने ज्यादातर वक्त रांची के अस्पताल में बिताया है। न्यायालय ने 10 फरवरी 2023 को सिंघल को दो महीने के लिए अंतरिम जमानत दे दी थी ताकि वह अपनी बीमार बेटी की देखभाल कर सकें।

### यौन उत्पीड़न के आरोपी संत शरणारू की नहीं मिली जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कई नाबालिग लड़कियों के यौन उत्पीड़न के आरोपी संत शिवमूर्ति मुरुघा शरणारू को कर्नाटक हाईकोर्ट से मिली जमानत रद करते हुए सोमवार को पुलिस को निर्देश दिया कि वह उसे एक सप्ताह में हिरासत में ले। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने पीड़ितों में से एक लड़की के पिता की याचिका पर यह आदेश दिया। पीठ ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत गिरफ्तार आरोपी शरणारू को जमानत देने के कर्नाटक उच्च न्यायालय के आठ नवंबर 2023 के आदेश को पलट दिया और पुलिस से कहा कि उसे (संत) एक सप्ताह के भीतर हिरासत में ले लिया जाए।

### सेंथिल बालाजी की जमानत पर सुनवाई छह मई तक स्थगित

कोर्ट ने धन शोधन मामले में पिछले साल ईडी द्वारा गिरफ्तार किए तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की जमानत पर सुनवाई सोमवार को छह मई तक के लिए स्थगित कर दी। निदेशालय के वकील ने इस आधार पर सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता उपलब्ध नहीं हैं। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने सुनवाई स्थगित कर दी। वकील ने बताया कि उन्होंने इस मामले में अपना जवाब दाखिल कर दिया है।

### अन्नामलाई के खिलाफ घृणा भाषण में सुनवाई पर रोक बढ़ाई

न्यायालय ने अक्टूबर 2022 में यूट्यूब चैनल पर साक्षात्कार में ईसाइयों के खिलाफ नफरती भाषण देने के आरोप में भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई के विरुद्ध दर्ज मामले की सुनवाई पर लगाई रोक सोमवार को बढ़ा दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने शिकायतकर्ता को छह सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा। पीठ ने कहा कि अंतरिम आदेश जारी रहेगा। नौ सितंबर से शुरू हो रहे सप्ताह में मामले को पुनः सूचीबद्ध करें। पीठ ने कहा कि यह एक निजी शिकायत है और मामले में राज्य को पक्षकार नहीं बनाया गया है।

# डॉ. कीर्ति काले को मिला निराला श्री सम्मान




नई दिल्ली के हिंदी भवन के सभागार में साहित्य प्रेमी मंडल के आयोजित समारोह में निराला श्री सम्मान लेतीं डॉ. कीर्ति काले।

नई दिल्ली

- पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा अल्हड़ बीकानेरी हास्य रत्न से किए गए सम्मानित

नई दिल्ली स्थित हिंदी भवन के भव्य सभागार में साहित्य प्रेमी मंडल के तत्वावधान में स्वर गंगा कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह हुआ। डॉ. कीर्ति काले को निराला श्री सम्मान और भोपाल के मदन मोहन समर को साहित्य भारतीय सम्मान दिया गया। पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा को अल्हड़ बीकानेरी हास्य रत्न से सम्मानित करते हुए प्रशस्ति-पत्र, सम्मान ट्रॉफी, 21 हजार नकद आदि दिया गया। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया रहे। जटिया ने कहा कि साहित्य प्रेमी मंडल एक ऐसी संस्था है जो साहित्य के साथ-साथ संस्कारों का भी बीजारोपण कर रही है।

डॉ प्रवीण शुक्ल के संचालन में डॉ सुरेश अवस्थी और संदीप शजर ने काव्य पाठ किया। कविवर ब्रज शुक्ल घायल द्वारा स्थापित साहित्य प्रेमी मंडल ने 39 वर्ष पूर्ण करते हुए अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। श्रोताओं में डॉ. सरिता शर्मा, श्रीमती अंजू जैन, डॉ. विमलेश कांति वर्मा, डॉ. सुभाष वशिष्ठ, अतुल प्रभाकर, राज कौशिक, महेश गर्ग बेधड़क, गुणवीर राणा, डॉ. रंजना अग्रवाल, आदिल रशीद, पूनम मटिया, तूलिका सेठ, वंदना कुंवर रायजादा, डॉ. शुभ्रा सिंह, विनोद पाराशर, सुनहरी लाल तुरंत, योगेंद्र सुंदरियाल, रजनीश राज, मुकेश शर्मा, सरिता सरोज, सरोज शर्मा, सरिता जैन, राकेश मेहरा, रमेश कुमार गंगेले, सुनीता पूनिया, एसएस डोगरा, बलजीत कौर तन्हा, विकास यश कीर्ति, शिव कुमार दाधीच (बीकानेर) डॉ. रंजना अग्रवाल, प्रेम बिहारी मिश्र, अतुल जैन और हरि प्रकाश आदि अनेक कवि और साहित्यकार उपस्थिति रहे।

मंडल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान संस्था के संरक्षक भाई अरविंद गुप्ता का जन्मदिवस भी मनाया गया। कोषाध्यक्ष निर्दोष शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# छत्तीसगढ़ : सड़क दुर्घटना में नौ लोगों की मौत, 22 घायल

बेमेतरा, एजेंसी



- कठिया गांव के पास पिकअप और मालवाहक की हई टक्कर, मृतकों में छह महिलाएं और तीन बच्चे शामिल

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में सड़क दुर्घटना में छह महिलाओं और तीन बच्चों की मौत हो गई तथा 22 घायल हो गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों को इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए।

पुलिस सोमवार को बताया कि जिले के कठिया गांव के पास पिकअप एक मालवाहक वाहन से टकरा गया, जिससे मौके पर ही पांच महिलाओं और तीन बच्चों की मौत हो गई। एक अन्य महिला ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। इस घटना में 22 लोग घायल हो गए। पथर्रा गांव के लोग पिकअप से पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने तिरैया गांव गए थे। जब वे लौट रहे थे तब पिकअप सड़क किनारे खड़े छोटे ट्रक से टकरा गया। इस हादसे में आठ लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जिनकी पहचान भूरी निषाद (50), नीरा साहू (55), गीता साहू (60), अग्निया साहू (60), खुशबू साहू (39), मधु साहू (पांच), रिकेश निषाद (छह) और ट्विंकल निषाद (छह) के रूप में की गई है। इस दुर्घटना में 23 अन्य लोग घायल हो गए। जानकारी के बाद घटनास्थल के लिए पुलिस दल रवाना किया गया तथा शवों एवं घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों को दो अस्पतालों-बेमेतरा जिला अस्पताल और सिमगा सीएचसी में भर्ती कराया गया। चार की हालत गंभीर होने पर रायपुर भेजा गया, उनमें से रत्ना साहू (50) ने रास्ते में दम तोड़ दिया।

## सेक्स स्कैंडल विवादः दोषी साबित होने पर राजग उम्मीदवार प्रज्वल पर होगी कार्रवाईः कुमारस्वामी

शिवमोग्गा, एजेंसी

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी ने हासन में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े सेक्स स्कैंडल विवाद पर टिप्पणी करते हुए जद (एस) की जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई।

कुमारस्वामी ने सोमवार को स्पष्ट किया कि यह मामला व्यक्तिगत है। उन्होंने कहा कि अगर प्रज्वल दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। एक कथित पेन ड्राइव साक्ष्य जारी करने के बारे में उन्होंने कहा कि इसका खुलासा उचित समय पर किया जाएगा। कुमारस्वामी ने पिछले जुलाई में यह मामला उठाया था, जिसमें सिद्दारमैया सरकार में एक कैबिनेट मंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ आरोप काफी बड़े हैं।

# रेवंत से शाह के फर्जी वीडियो मामले में जांच में शामिल होने के लिए दिल्ली पुलिस ने कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया पर फैलाए गए गृह मंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो के सिलसिले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को एक मई को जांच में शामिल होने को कहा है।

पुलिस ने रेड्डी समेत कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के पांच सदस्यों को नोटिस भेजा है। रेड्डी ने उक्त वीडियो 'एक्स' पर पोस्ट किया था। रेड्डी को पूछताछ के दौरान मोबाइल फोन साथ लाने को कहा गया है जिसका कथित इस्तेमाल फर्जी वीडियो साझा करने में किया गया था। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने सोशल मीडिया मंचों पर शाह का फर्जी वीडियो फैलाने के सिलसिले में केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शिकायत के बाद रविवार को प्राथमिकी दर्ज की थी। वीडियो में तेलंगाना में मुसलमानों के लिए आरक्षण समाप्त करने की प्रतिबद्धता जताने का संकेत देने संबंधी शाह के बयान को तोड़-मरोड़कर दिखाया गया है जैसे कि आरक्षण समाप्त करने की वकालत कर रहे हों।

## सारण : हत्या मामले में पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को उम्रकैद

**छपरा।** सारण व्यवहार न्यायालय के सांसद विधायक न्यायालय ने हत्या के मामले में मशरक के पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम- सह- सांसद, विधायक के मामलों के लिए गठित विशेष अदालत के न्यायाधीश सुधीर सिन्हा ने सुनवाई की। 1996 में पानापुर थाना क्षेत्र के तुर्की गांव के शत्रुघ्न गुप्ता की दुकान पर तारकेश्वर सिंह एवं संजीव सिंह और देवनाथ राय पहुंचे। तारकेश्वर ने शत्रुघ्न को गोली मार दी और उसे साथ ले गए। शत्रुघ्न का शव मोतिहारी के डुमरिया पुल के पास मिला था।

# मालदीव में भी एमडीएच मसाले प्रतिबंधित

- जांच में मिला एथिलीन ऑक्साइड भारत और अमेरिका में भी जांच कर रहीं एजेंसियां

माले, एजेंसी

हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर के बाद मालदीव ने भी अपने यहां एवरेस्ट और एमडीएच मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है। मालदीव की फूड एंड ड्रग अथॉरिटी (एमएफडीए) ने कहा कि भारत में बनने वाले मसालों के दो ब्रांड्स में एथिलीन ऑक्साइड पाया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मालदीव सरकार अभी तक इन मसालों से होने वाले जोखिम का मूल्यांकन कर रही थी।

एमएफडीए ने कहा कि ये मसाले मालदीव में बड़ी मात्रा में आयात किए जाते हैं। बता दें, इस महीने की शुरुआत में हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर की सरकारों ने एमडीएच और एवरेस्ट मसालों में 'कीटनाशक' बनाने वाले केमिकल होने का आरोप लगाकर मद्रास करी पाउडर, एवरेस्ट फिश करी मसाला, एमडीएच सांभर मसाला मिक्स और एमडीएच करी पाउडर मिक्स मसालों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था।

रिपोर्ट्स आने के बाद भारत सरकार ने भी इनके प्रोडक्ट्स की जांच शुरू कर दी है। वहीं, अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) भी कंपनी के मसालों की जांच कर रहा है। एफडीए के प्रवक्ता ने बताया, एफडीए को इन रिपोर्ट्स की जानकारी है और वह स्थिति के बारे में अतिरिक्त जानकारी जुटा रहा है। बता दें कंपनी ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया है।

### भारतीय कंपनी बोली-झूठे और निराधार आरोप




एमडीएच ने अपने प्रोडक्ट्स में कीटनाशक होने के आरोपों को खारिज किया करते हुए कहा कि ये दावे झूठे और निराधार हैं और इनके कोई ठोस सबूत नहीं है। एमडीएच ने कहा, 'हमारे प्रोडक्ट्स में एथिलीन ऑक्साइड होने के आरोप सही नहीं है। इसके अलावा, कंपनी को सिंगापुर या हॉन्गकॉन्ग के रेगुलेटरी अधिकारियों की ओर से कोई मैसेज नहीं मिला है।

## जयपुर, गोवा में हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी, जांच जारी

**नई दिल्ली।** देशभर में लोकसभा चुनाव का महापर्व चल रहा है, ऐसे में सोमवार को देश के दो बड़े हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सोमवार को एक ई-मेल के जरिए ये दावा किया गया कि जयपुर और गोवा हवाई अड्डे पर बम रखे गए हैं। ये खबर मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सोमवार को एक ई-मेल मिला, जिसमें यह दावा किया गया कि जयपुर और गोवा समेत कई हवाई अड्डे पर बम रखे गए हैं। जैसे ही इसकी जानकारी मिली तो प्रशासन में हड़कंप मच गया और सुरक्षाबलों को अलर्ट कर दिया गया। सभी हवाई अड्डों की गहन जांच की जा रही है। जयपुर और गोवा हावाई अड्डों पर अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

# देश में जीवन के आधार को चपेट में ले रही वनाग्नि

**575** आग लगने की घटनाएं हुईं नवंबर से अब तक उत्तराखंड में

**690** हेक्टेयर जंगल प्रभावित हुए इससे, 14 लाख से ज्यादा का नुकसान

*भारत में जंगलों में आग लगने की घटनाएं काफी आम है। अधिकतर जंगलों में आग लगने की घटनाएं नवंबर से जून के बीच अधिक सामने आती है। तापमान, वर्षा, वनस्पति और नमी जैसे कई कारक आग लगने की घटना के लिए जिम्मेदार हो सकते है। विशेषज्ञें के अनुसार, तीन कारक जंगल की आग के फैलने का कारण बनते हैं- ईंधन भार, ऑक्सीजन और तापमान। सूखी पत्तियां जंगल की आग का ईंधन होती हैं। भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई) की वेबसाइट बताती है कि भारत के लगभग 36 प्रतिशत जंगलों में अक्सर आग लगने का खतरा रहता है।*

- उत्तराखंड में प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नैनीताल के जंगल में लगी आग चौथे दिन रविवार को भी जारी रही। वायुसेना ने भीमताल झील से पानी लेकर आग बुझाई। इस अभियान में अब एनडीआरएफ भी मदद कर रही है। रविवार को कई इलाकों में आग बुझा दी गई। हालांकि नैनीताल में दो से तीन जगह और चंपावत, अल्मोड़ा, पिथौड़ागढ़ व बागेश्वर में एक-एक जगह आग धधक रही है। पिछले 24 घंटों में जंगल में आग की कुल 8 घटनाएं हुई हैं।



### क्यों भड़की आग

लंबे समय से बारिश नहीं होने और मौसम शुष्क रहने से जंगल की घासफूस और सूखी झाड़ियां आग के लिए ईंधन की तरह हैं। चीड़ के जंगल इसमें पेट्रोल का काम कर रहे हैं। यों तो नैनीताल में चार दिनों से जंगलों में आग लगी हुई थी, लेकिन हवाएं तेज चलने से ये और भड़क गई।

### कहां-कहां फैली

नैनीताल जिले के भूमियाधर, ज्योलिकोट, नारायण नगर, भवाली, रामगढ़ और मुक्तेश्वर इलाकों के जंगलों में आग बुरी तरह भड़की, जहां वायुसेना के हेलिकॉप्टर ने पानी की बौछारें छोड़ीं। पहले हेलिकॉप्टर को नैनी झील से पानी लेना था, इसके लिए थोड़ी देर के लिए इस झील में नौकायन रोकना पड़ा, लेकिन बाद में हेलिकॉप्टर ने भीम ताल से पानी लेने का फैसला किया।

## एक नजर

### केंद्र ने सूखा प्रबंधन को लेकर कर्नाटक को दिए 3 हजार करोड़

**नई दिल्ली।** केंद्र ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कर्नाटक में सूखा प्रबंधन के लिए राज्य सरकार को लगभग 3,400 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ कर्नाटक सरकार द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सूखा प्रबंधन के लिए राज्य को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) से वित्तीय सहायता जारी करने के लिए केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी से पूछा, कुछ राशि पहले ही जारी की जा चुकी है। इस पर अटॉर्नी जनरल ने कहा कि लगभग 3,400 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

### रूस के खिलाफ अब तेज होगी हथियारों की आपूर्तिः नाटो प्रमुख

**कीव।** नाटो प्रमुख जेंस स्टोलटेनबर्ग इस समय यूक्रेन यात्रा पर हैं। उन्होंने सोमवार को यूक्रेन से कहा कि हाल के महीनों में गठबंधन सदस्य सैन्य सहायता देने का अपना वादा पूरा करने में विफल रहे हैं, लेकिन अब हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति बढ़ेगी। इस दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अमेरिका से हथियारों की आपूर्ति तेज करने का अनुरोध किया है, जिससे रूस का मुकाबला किया जा सके। यूक्रेन की अघोषित यात्रा पर पहुंचे नाटो महासचिव स्टोलटेनबर्ग ने राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात कर युद्ध के हालात पर चर्चा की।

### स्कॉटलैंड के पहले मुस्लिम मंत्री हमजा यूसुफ का इस्तीफा

**स्कॉटलैंड।** मार्च 2023 में स्कॉटलैंड के पहले मुस्लिम मंत्री के रूप में पदभार संभालने वाले



पाकिस्तानी मूल के हमजा यूसुफ ने स्कॉटिश नेशनल पार्टी (एसएनपी) के नेतृत्व वाली सरकार से इस्तीफा दे दिया। बता दें कि पार्टी के अंदरखाने कई दिनों से उथल-पुथल चल रही थी। 39 वर्षीय यूसुफ ने बढ़ते नीतिगत मतभेदों के बीच पिछले सप्ताह स्कॉटिश ग्रीन पार्टी (एसजीपी) के साथ गठबंधन भी समाप्त कर दिया था। इस तरह से अल्पमत वाली एसएनपी सरकार पर संकट के बादल मंडराने लगे थे।

### केन्या में भारी बारिश के बीच बांध टूटा, 40 की मौत, कई लोग लापता

**नाकुरु (केन्या)** केन्या में भारी बारिश के बाद नैरोबी के पास एक बांध टूट गया, जिससे करीब 40 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य अभी भी लापता हैं। नाइवाशा पुलिस कमांडर स्टीफन किरुई ने कहा कि पुलिस ने सोमवार को मलबे से 40 शव बरामद किए। नैरोबी से लगभग 60 किलोमीटर उत्तर में माई माहिउ क्षेत्र में एक बड़ा खोज और बचाव अभियान जारी है। हताहतों की संख्या बढ़ सकती है, जो कई लोग अभी भी लापता हैं। किरुई ने कहा कि हादसे के बाद 100 से अधिक लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया।

## 26 हजार नियुक्ति रद करने पर हाईकोर्ट के फैसले को ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दी थी चुनौती

# शिक्षक भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

कलकत्ता हाईर्ट के एक फैसले पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सर्वोच्च अदालत ने उस फैसले पर रोक लगाई है, जिसमें उच्च न्यायालय ने शिक्षक भर्ती घोटाले में पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्तियों को रद करने के फैसले पर फिलहाल कोई रोक नहीं लगाई है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई की। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी, जिसमें उच्च न्यायालय ने राज्य संचालित और राज्य सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया था। पीठ अब इस मामले की सुनवाई छह मई को करेगी।

हालांकि, सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि हम कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगाते हैं, जिसमें सीबीआई को राज्य सरकार के अधिकारियों के खिलाफ जांच करने के आदेश दिए गए थे। हाईकोर्ट ने नियुक्तियां अमान्य करते हुए कहा था कि जिन लोगों को एसएससी पैनल की समाप्ति के बाद नौकरी मिली, उन्हें जनता के पैसे से भुगतान किया गया। सभी को चार सप्ताह के अंदर ब्याज सहित वेतन लौटाना होगा। सभी को 12 फीसदी सालाना ब्याज के साथ पैसा लौटाना होगा। नए लोगों को नौकरी मिलेगी। हाई कोर्ट ने 15 दिनों के अंदर अंदर प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। ममता बनर्जी ने हाल ही में हाईकोर्ट के फैसले को अवैध बताया। उन्होंने कहा कि हम उन लोगों के साथ खड़े हैं, जिनकी नौकरियां चली गईं हैं। बनर्जी ने भाजपा पर आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल द्वारा न्यायपालिका के निर्णयों को प्रभावित करने का काम किया जा रहा है।

### संदेशखालिः आरोपी का बचाव क्यो कर रही है सरकार



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल से जुड़े एक और मामले में सुनवाई की। इस दौरान अदालत ने बंगाल सरकार से पूछा कि संदेशखालि मामले में कुछ निजी व्यक्तियों के हितों की रक्षा के लिए राज्य सरकार को याचिकाकर्ता के रूप में सर्वोच्च अदालत क्यों आना पड़ा। सुनवाई के दौरान, अदालत ने पूछा कि उच्च न्यायालय के फैसले से आरोपी परेशान हो, ये समझ आता है लेकिन राज्य सरकार क्यों परेशान हो रही है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ बंगाल सरकार की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। राज्य सरकार ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के 10 अप्रैल वाले उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपों की सीबीआई जांच के निर्देश दिए गए थे। पीठ में न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता शामिल थे। पीठ के सवाल का जवाब देते हुए राज्य की ओर से पेश वकील ने कहा कि वे उच्च न्यायालय के आदेश में की गई कुछ टिप्पणियों से परेशान हैं। वकील ने बताया कि आदेश में राज्य सरकार के बारे में कुछ टिप्पणियां की गई हैं, जो अनुचित है। जबकि राज्य सरकार ने मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की है।

### पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर ईडी को सुप्रीम नोटिस

**नई दिल्ली।** हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ईडी (ईडी) को नोटिस जारी किया है। मामले में अगली सुनवाई 6 मई को होगी। हाई कोर्ट द्वारा ईडी गिरफ्तारी के खिलाफ दाखिल याचिका पर फैसला सुनाए जाने में देरी को लेकर हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। उन पर रांची के बड़गाई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के मामले में धन शोधन यानी मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। अपनी गिरफ्तारी के 75 दिनों बाद यानी कि 16 अप्रैल को हेमंत सोरेन ने जमानत याचिका दायर की थी। फिलहाल वह रांची के होटवार जेल में बंद हैं।

### सीए परीक्षाएं स्थगित करने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को लोकसभा चुनावों के कारण मई में होने वाली चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) परीक्षाओं के कुछ पेपर स्थगित करने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने चुनाव की तारीखों पर परीक्षा तय नहीं की है। इसमें कहा गया है कि लोकसभा के आम चुनाव 7 और 13 मई को होने हैं और 6 मई और 12 मई को कोई परीक्षा निर्धारित नहीं की गई है। इसमें कहा गया है कि परीक्षा की तारीख में बदलाव करने से परीक्षा के संचालन के लिए पहले से मौजूद व्यापक व्यवस्थाएं बाधित होंगी।

## रवांडा भेजने के लिए प्रवासियों को पकड़ने में लगी ब्रिटेन सरकार

- शरणार्थियों को हिरासत में लेकर डिटेंशन सेंटरों में ले जाया जा रहा

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में सोमवार से अवैध प्रवासियों को रवांडा भेजने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गृह मंत्रालय दो हफ्ते तक चलाए जाने वाले इस अभियान में अवैध शरणार्थियों को देशभर से हिरासत में लेकर डिटेंशन सेंटरों में ले जाया जा रहा है। देशभर में ऐसे सेंटरों की संख्या बढ़ाकर दो हजार से अधिक हो गई है।

एक रिपोर्ट के अनुसार कुछ शरणार्थी पहले से ही डिटेंशन सेंटर में हैं और उन्हें रवांडा भेजने के लिए चिह्नित भी किया जा चुका है। बता दें, इंग्लैंड में स्थानीय काउंसिल चुनाव के चलते ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने जल्दी में कार्रवाई की है। पिछले सप्ताह सुनक ने कहा था कि रवांडा के लिए पहली उड़ानें 10 से 12 हफ्ते में रवाना होंगी। ब्रिटेन से रवांडा भेजे जाने वाले लोगों में 5 हजार भारतीय भी शामिल हैं। ये लोग 1 जनवरी 2022 अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचे हैं। इंटरनेशनल रेस्क्यू कमेटी की निदेशक डेनिसा डेलिक ने कहा कि, रवांडा में शरणार्थियों को भेजना क्रूर और महंगा है।

### बाइडन ने प्यूर्टो रिको में पार्टी का प्राइमरी चुनाव जीता



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को प्यूअर्टो रिको में डेमोक्रेट पार्टी के आंतरिक चुनाव में जीत हासिल की। रविवार को प्यूअर्टो रिको के डेमोक्रेटिक ने 65 में से 36 प्रतिनिधियों का चयन किया, जिसे उन्हें (प्यूअर्टो रिको) अगस्त के अंत में शिकागो में होने वाले राष्ट्रीय लोकतांत्रिक सम्मेलन में भेजना है। बता दें कि प्यूअर्टो रिको के अमेरिकी नागरिकों को राष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने का अधिकार नहीं है। इस साल की शुरुआत में प्यूअर्टो रिको की डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष चार्ली रॉड्रिग्ज ने बताया था कि वह यहां के नागरिकों के लिए नवंबर में एक प्रतीकात्मक राष्ट्रपति चुनाव आयोजित करने की योजना बना रहे हैं।

### ऑस्ट्रेलिया में 28 व्हेलों की मौत



**कैनबरा:** ऑस्ट्रेलिया के डॉन्सबौरो शहर के समुद्र तट पर एक साथ 160 व्हेल फंस गई। उन्हें बचाने के लिए बचाव अभियान चलाया गया, लेकिन सिर्फ 130 को ही वापस गहरे पानी में पहुंचाया जा सका। ऑस्ट्रेलिया के डिपार्टमेंट ऑफ वाइल्डलाइफ सर्विस ने आधिकारिक बयान में कहा कि तट पर कम से कम 28 व्हेल मछलियों की मौत हो गई है। दरअसल, खराब मौसम और गंदे पानी की वजह से व्हेल रास्ता भटक जाती हैं और तटों पर आ जाती हैं। ● एजेंसी

## अरब सागर में नौका से 173 किलोग्राम ड्रग्स बरामद, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल ने ड्रग्स तस्करों के खिलाफ दो दिनों तक चले संयुक्त अभियान में रविवार को अरब सागर में एक मछली पकड़ने वाली नाव से 173 किलोग्राम ड्रग्स जब्त किया। रविवार को तटरक्षक बल का यह दूसरा अभियान था।

तटरक्षक बल ने गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) से विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए अपने जहाजों और विमानों को समुद्र में तैनात किया। संदिग्ध नौका की पहचान करने के बाद उसे तुरंत रोका गया। जांच में मछली पकड़ने वाली नाव लगभग 173 किलोग्राम ड्रग्स की तस्करी में शामिल पाई गई। नौका के चालक दल की जांच जारी है।

## खालसा दिवस पर ट्रूडो के सामने लगे खालिस्तानी नारे

टोरंटो, एजेंसी

कनाडा में खालसा दिवस मनाया गया, जिसमें काफी संख्या में सिख समुदाय के लोग एकत्र हुए। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने उनको संबोधित करते हुए कहा कि आपके अधिकारों की रक्षा के लिए हम मौजूद हैं। इस बीच उपस्थित लोगों ने खालिस्तान के नारे लगाना शुरू कर दिया। उन्होंने सिख समुदाय को आश्वासन देते हुए कहा कि कनाड़ा विविधता के कारण ही मजबूत है।

टोरंटो में रविवार को खालसा दिवस पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत के साथ समझौता करने सिख समुदाय के लोगों की रक्षा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कनाड़ा की सबसे बड़ी शक्ति यहां की विविधता है, लेकिन यही मतभेदों के कारण ही मजबूत भी हैं।

### नारेबाजी को लेकर भारत ने किया सख्त विरोध

आयोजन में खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी को जारी रखने की अनुमति दिए जाने पर भारत सरकार की तरफ से गहरी चिंता जताई गई और इसका कड़ा विरोध किया गया है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि यह दर्शाता है कि कनाडा में अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह भी कहा गया कि इस तरह की अभिव्यक्तियां एक तरफ भारत और कनाडा के बीच संबंधों को प्रभावित करती हैं, तो दूसरी तरफ कनाडा में हिंसा और अपराध के माहौल को भी बढ़ावा देती हैं।

## रूस में आतंकी हमला 2 पुलिसकर्मी समेत 5 हमलावरों की मौत

**मॉस्को।** रूस के उत्तरी काकेशस क्षेत्र में आतंकवादियों के एक समूह ने एक पुलिस चौकी पर हमला कर दिया। हमले में दो अधिकारियों की मौत हो गई, जबकि 5 हमलावर भी मारे गए हैं।

रूस के आंतरिक मंत्रालय की क्षेत्रीय शाखा के अनुसार, रविवार देर रात कराची-चर्केसिया क्षेत्र में हुई गोलीबारी में चार अन्य अधिकारी घायल हो गए और सभी पांच हमलावर मारे गए। देश की शीर्ष राज्य आपराधिक जांच एजेंसी और जांच समिति ने इस हमले को लेकर कहा कि इन बंदूकधारियों ने एक सप्ताह पहले भी क्षेत्र में एक अन्य पुलिस चौकी पर हमला किया था, जिसमें दो पुलिसकर्मी मारे गए थे और एक अन्य घायल हो गया था।

## लाल सागर में हूती विद्रोहियों ने फिर दागीं ताबड़तोड़ मिसाइल

सना, एजेंसी

गाजा में इजराइल के हमले पर बढ़ते तनाव के बीच यमन के हूती विद्रोहियों ने एक बार फिर से जहाज पर हमला किया है। इस मिसाइल हमले में एक तेल टैंकर और अमेरिका का एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यमन के सादा गवर्नरेट के हवाई क्षेत्र में शत्रुतापूर्ण मिशनों का संचालन करते समय हमला किया गया और अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया।

अल जजीरा के अनुसार, अमेरिकी सेना ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन यमन के अंदर एक एमक्यू-9 के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि की है। जिसकी जांच शुरू हो गई है। बता दें, गाजा में संघर्ष की शुरुआत के बाद से हूती द्वारा मार गिराया गया यह तीसरा अमेरिकी ड्रोन है, पिछली घटनाएं नवंबर और फरवरी में हुई थीं। इसके बावजूद, हूती पास के जलक्षेत्र में जहाजों के खिलाफ आगे के हमलों पर चुप्पी बनाए हुए हैं।

### बाइडन-नेतन्याहू के बीच फोन पर हुई बातचीत

**तेल अवीव।** व्हाइट हाउस ने रविवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ फिर से फोन पर बात की है, क्योंकि इजरायल और हमास पर एक समझौते पर पहुंचने का दबाव बढ़ रहा है, जो कुछ इजराइली बंधकों को मुक्त करेगा और गाजा में लगभग सात महीने से चल रहे युद्ध पर संघर्ष विराम लगाएगा। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन ने अपना साफ रुख दोहराया है, क्योंकि वैश्विक चिंता के बावजूद इजरायल ने गाजा के सबसे दक्षिणी शहर रफा पर वहां शरण लिए हुए 1 मिलियन से अधिक मौजूद होने पर भी आक्रमण करने की योजना बनाई है।

**विज्ञान** यूरोपीय इंटीग्रल अंतरिक्ष वेधशाला के वैज्ञानिकों ने घटना के एक साल बाद किया खुलासा

# पहली बार हुई दुर्लभ मैग्नेटार विस्फोट की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने दूर की आकाशगंगा में पहली बार दुर्लभ विशाल मैग्नेटार विस्फोट की खोज की है। इस तरह के महाविस्फोट हमारी आकाशगंगा में सिर्फ तीन बार ही देखे गए हैं। मैग्नेटार बहुत अधिक शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र वाले तारे होते हैं।

यूरोपीय इंटीग्रल अंतरिक्ष वेधशाला के वैज्ञानिकों ने की खोज में बताया है कि, इस महा विस्फोट को 15 मई 2023 को देखा गया था। करीब एक साल बाद इस घटना का खुलासा हो पाया है। यह मैग्नेटार विस्फोट आकाशगंगा एम 82 में हुआ है। जब पहली बार इस घटना को देखा तो वैज्ञानिकों के लिए इस विस्फोट का रहस्य समझ से परे था। वैज्ञानिक इतना संमझ पाए थे कि सुदूर की आकाशगंगा में उत्पन्न यह विस्फोट का प्रकाश दुर्लभ है। इससे पहले कभी इस तरह की घटना नही देखी गई थी। जिसे समझने के लिए खगोल वैज्ञानिकों को गहन शोध करना पड़ा। यह विशाल मैग्नेटर विस्फोट पृथ्वी से केवल 12 मिलियन प्रकाश वर्ष की दूरी पर हुआ था। इस विस्फोट की सच्चाई जानने के लिए यूरोपीय देशों के कई वैज्ञानिकों जुटे। तब पता चला कि यह मैग्नेटार का विस्फोट है। मैग्नेटार अत्यंत शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र वाले युवा न्यूट्रॉन तारे हैं। इनका चुंबकीय क्षेत्र सामान्य न्यूट्रॉन तारे से लगभग 10,000 गुना अधिक शक्तिशाली होता है और पृथ्वी से लगभग एक खरब गुना अधिक माना जाता है। पिछले 50 वर्षों में हमारी अपनी आकाशगंगा में केवल तीन ऐसी विशाल खगोलीय घटनाओं की पहचान की गई है और अब हमारे पास हमारी आकाशगंगा के बाहर से पुष्टि की गई ये पहली घटना है। इटली के नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स (आईएनएएफ-आईएएसएफ) के वैज्ञानिक सैंड्रो मेरेगेटी के नेतृत्व में यह खोज हुई।



मैग्नेटार तारे के चुम्बकीय क्षेत्र की प्रतीकात्मक तस्वीर।

### 2004 में देखा गया था मैग्नेटार विस्फोट

हमारी अपनी आकाशगंगा में 2004 में मैग्नेटार विस्फोट देखा गया था। यह विस्फोट पृथ्वी से 30 हजार प्रकाश वर्ष दूर हुआ था। यह इतना शक्तिशाली था कि इसका प्रभाव पृथ्वी के ऊपरी वायुमंडल पर भी पड़ा था। मैग्नेटार विस्फोट बेहद खतरनाक होते हैं, जो अपने नजदीकी तारों समेत ग्रहों को नष्ट करने की शक्ति रखते हैं।

## भारत के विभाजन से पूर्वोत्तर राज्यों का प्राकृतिक संपर्क टूटा

- जयशंकर बोले-राजनीतिक बाधाओं से विकास पर पड़ा असर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के विभाजन से पूर्वोत्तर राज्यों का प्राकृतिक संपर्क टूट गए हैं। इसके साथ ही राजनीतिक बाधाओं के साथ-साथ प्रशासनिक मुद्दों की वजह से इस क्षेत्र के विकास पर असर पड़ा। दिल्ली विवि में विदेश मंत्री एस. जयशंकर कहा कि, दक्षिण पूर्व एशिया और जापान के साथ पूर्वोत्तर भारत का एकीकरणः आर्थिक संबंधों और पारिस्थितिक संरक्षण को संतुलित करना बहुत जरूरी हो गया है।



जयशंकर ने विश्वविद्यालय के छात्रों से बात करते हुए कहा, भारत के विभाजन ने कई मायनों में उस प्राकृतिक संपर्क को तोड़ दिया जो पूर्वोत्तर के पास था या अभी होता। इसकी वजह से पूर्वोत्तर को जो विकास का स्तर देखना चाहिए था वह धीमा हो गया। इसके बाद पहले कुछ दशकों में विभाजन के बाद राजनीतिक बाधाओं और प्रशासनिक मुद्दों की वजह से पूर्वोत्तर को वह फायदा नहीं मिला जो देश के अन्य हिस्सों को मिला। केंद्रीय मंत्री ने इसके साथ ही कहा कि पूर्वोत्तर में मौजूदा आर्थिक स्थिरता मजबूत स्थिति की तरफ बढ़ रही है। उन्होंने कहा, हम अभी जो विकास देख रहे हैं, ईमानदारी से कहूं तो यह बहुत पहले ही आ जाना चाहिए था। जैसा कि मैं हमेशा कहता हूं भारत सरकार को पहले की पूर्व दिशा की ओर देखना चाहिए और फिर उत्तर-पूर्वी राज्यों को देखना चाहिए।